RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 133
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 मार्च, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





कंगना ने की अपने बचपन की याद
विविध-12


# प्रदेश में मुस्लिमों को मिल रहा है उनकी आबादी के प्रतिशत से कई गुना ज्यादा लाभ : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा, हमने कहीं किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को सही मायनों में जमीन पर उतारने का दावा करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य के मुसलमानों को सरकारी योजनाओं का उनकी आबादी के प्रतिशत के मुकाबले कई गुना ज्यादा फायदा मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा, आज प्रदेश में मुस्लिम आबादी 17 से 19 प्रतिशत है और मुस्लिम समुदाय को योजनाओं का लाभ 30 से 35 प्रतिशत तक प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, सौभाग्य योजना में निशुल्क विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराना हो, उज्ज्वला योजना, खाद्यान्न योजना, आयुष्मान भारत या किसी भी योजना में आप पाएंगे कि मुस्लिम समाज को उसकी संख्या के प्रतिशत से कई गुना ज्यादा लाभ मिल रहा है। योगी ने कहा, यह सरकार की ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से सबका साथ, सबका विकास के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प और भाव के अनुरूप है जो उन्होंने 2014 में सरकार बनाने से पहले देश को दिया था।

हमने कहीं किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने कहा, हमने तुष्टीकरण नहीं किया लेकिन विकास की योजनाओं को ईमानदारी से पात्र व्यक्ति के घर तक पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आजादी के समय देश की श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था थी। बाद में धीरे-धीरे करके उसमें गिरावट आई। इसके लिए सभी लोग जिम्मेदार हैं। चाहे समाजवादी पार्टी हो, बहुजन समाज पार्टी हो, कांग्रेस हो या सत्ता में आए अन्य दल हों।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट आती गई और 2016 आते-आते यह पांचवें और छठे स्थान पर पहुंच गई। मगर हाल की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश फिर से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा, हमने देश की उन अनेक राज्यों को पछाड़ा है जिन्हें विकास का मॉडल कहा जाता है। उत्तर प्रदेश अपनी बेहतर कार्य योजना से, बिना किसी भेदभाव के विकास की योजनाओं से, बजट में किए गए प्रावधानों को ईमानदारी से लागू करके और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देकर देश की दूसरी अर्थव्यवस्था के रूप में फिर से स्थापित हो गया है।

### 'हर अपराधी के साथ क्यों जुड़ जाता है समाजवादी शब्द'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- हाथरस की घटना पर योगी का सपा पर हमला, खड़े किए सवाल

**विधान** सभा में बुधवार को बजट पर बोलते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाथरस की घटना सपा पर जमकर हमला बोलते हुए योगी ने सवाल उठाते हुए कहा कि हाथरस में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई क्या समाजवादी पार्टी का उस अपराधी से कोई संबंध नहीं है?

हर अपराधी के साथ समाजवादी शब्द क्यों जुड़ जाता है? मैं यह पूछना चाहता हूं यह कौन सी स्थिति है? कौन सी मजबूरी है? इस पर नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने मुख्यमंत्री के बयान का विरोध किया और एक फोटो दिखाते हुए कहा कि हाथरस मामले का आरोपी भाजपा के सांसद के साथ बैठा है।

उन्होंने कहा कि हाथरस में हाल में हुई घटना ने इस टोपी को एक बार फिर कठघरे में खड़ा कर दिया है। दिनभर सोशल मीडिया पर यह चला कि टोपी वाला कौन था? हाथरस की घटना ने इस टोपी को फिर से (शेष पेज 9)

# दावा: कोवैक्सीन 81 प्रतिशत असरदार, नए स्ट्रेन से भी लड़ेगी

- भारत बायोटेक ने फेज-3 के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम घोषित किए, यूके वैरिएंट पर भी प्रभावी



प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हैदराबाद** स्थित भारत बायोटेक ने बुधवार को कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन के फेज-3 के क्लीनिकल ट्रायल के अंतरिम नतीजे जारी कर दिए। कंपनी का दावा है कि यह 81 फीसदी तक असरदार साबित हुई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी का विश्लेषण भी यह संकेत देता है कि वैक्सीन से बनी एंटीबॉडी यूके वैरिएंट स्ट्रेन तथा अन्य स्ट्रेनों पर भी प्रभावी है। कंपनी ने कहा कि उसके तीसरी चरण के परीक्षण में 25,800 व्यक्ति शामिल हुए।

भारत में इस तरह का यह अब तक का सबसे बड़ा परीक्षण है। इसे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से सम्पन्न किया गया। भारत बायोटेक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कृष्णा एल्ला ने कहा, कोरोना वायरस के खिलाफ हमारी लड़ाई और वैक्सीन (टीका) की खोज में विज्ञान के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन है। तीसरे चरण के चिकित्सीय परीक्षण के आज के परिणाम के साथ हमने अपने कोविड-19 टीके के पहले, दूसरे और तीसरी परीक्षण के आंकड़ों को जारी कर दिया है। इन परीक्षणों में करीब 27,000 व्यक्ति शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय परीक्षण में कोवैक्सीन ने न केवल कोविड-19 के खिलाफ उच्च क्षमता का रुझान दिखाई है बल्कि यह कोरोना के तेजी से उभरते नए स्वरूपों के खिलाफ भी बेहतर प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने सफल रही है। कोविड-19 से बचाव के लिए कोवैक्सीन टीके को भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर देश में ही विकसित किया है। देश में इन दिनों कोवैक्सीन के साथ साथ आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोवीशील्ड टीके को लोगों को लगाया जा रहा है। इस साल जनवरी में भारत के औषधि महानियंत्रक ने ऑक्सफोर्ड की कोविड-19 वैक्सीन कोवीशील्ड को अनुमति दी थी। भारत में इसका उत्पादन सीरम (शेष पेज 9)

### सप्ताह के किसी भी दिन लगवा सकते है टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोविड-19** वैक्सीन अब अपनी सुविधा के अनुसार सप्ताह में आप किसी भी दिन और कभी भी लगवा सकेंगे। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बुधवार को दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने कोरोना वायरस से शीघ्र निपटने के मकसद से टीकाकरण की गति तेज करने के लिए कोविड-19 टीका लगवाने संबंधी समय की बाध्यता हटा दी है। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वास्थ्य एवं देशवासियों के समय की अहमियत समझते हैं। केंद्र सरकार ने टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए समय की बाध्यता समाप्त कर दी है। देश के नागरिक अब अपनी सुविधानुसार सप्ताह के किसी भी दिन और किसी भी समय टीका लगवा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि लोगों को टीका लगाने (शेष पेज 9)

# प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश में तीन दर्जन से अधिक आईएएस के तबादले
- छह जिलों के डीएम व चार मंडलायुक्त बदले गए

**प्रदेश** सरकार ने पंचायत चुनाव से पहले देर रात तीन दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें छह जिलों के डीएम और चार मंडलों के कमिश्नर बदले गए हैं। मुख्यमंत्री के सचिव सुरेंद्र सिंह को मेरठ मंडल का कमिश्नर बनाया गया है तो उनके विशेष सचिव शुभ्रांत शुक्ला को चित्रकूट का डीएम बनाया गया है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां के खिलाफ कार्रवाई करने वाले रामपुर के डीएम अंजनेय कुमार सिंह को पदोन्नति के बाद मुरादाबाद का कमिश्नर बनाया गया है। महत्वपूर्ण बात यह कि नियुक्ति विभाग ने इन तबादलों को सार्वजनिक करने के बजाए जिस अधिकारी का तबादला किया गया, उसी को ही मेल के जरिए आदेश जारी कर दिया जबकि पहले विभाग की वेबसाइट पर तबादले अपलोड कर दिए जाते थे। फेरबदल के क्रम में सचिव राजस्व और बेसिक शिक्षा संजय गोयल को आयुक्त प्रयागराज मंडल, आर रमेश कुमार आयुक्त प्रयागराज मंडल को आयुक्त बरेली मंडल, सचिव मुख्यमंत्री सुरेंद्र सिंह को आयुक्त मेरठ मंडल, डीएम रामपुर आन्जनेय कुमार सिंह को प्रभारी आयुक्त मुरादाबाद मंडल, नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन रवि कुमार मंदर को डीएम रामपुर, अपर आवास आयुक्त दीपा रंजन को डीएम बदायूं, राज्य संपत्ति अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को डीएम चित्रकूट, आशुतोष निरंजन डीएम बस्ती को डीएम देवरिया, एमडी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सौम्या अग्रवाल को डीएम बस्ती और निदेशक मंडी जितेंद्र प्रताप सिंह को डीएम कानपुर के पद पर भेजा गया है।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य हेकाली झिमोमी को प्रमुख सचिव बाल विकास पुष्टाहार, कमिश्नर मेरठ अनीता मेश्राम को मुख्य स्टाफ अफसर मुख्य सचिव, रणवीर प्रसाद को सचिव राजस्व (शेष पेज 9)

### हाथरस कांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार, मुख्य आरोपी पर एक लाख का इनाम घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में हाथरस के सासनी इलाके के गांव नोजलपुर में किसान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी गौरव उर्फ रुद्राक्ष पंडित पर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। घटना में शामिल रहे दो अन्य आरोपियों रोहिताश व निखिल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिन पर पुलिस ने बुधवार की सुबह ही 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मालूम हो कि बीते सोमवार को खेत में आलू की खोदाई करवा रहे किसान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। करीब ढाई साल पहले किसान ने मुकदमा दर्ज कराया था कि गौरव ने उसके घर में घुसकर उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। अब गौरव इस मुकदमे को वापस लेने और उनकी छोटी बेटी से शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। मुकदमा वापस न लेने पर गोली मारकर किसान की हत्या कर दी गई। मृतक की पुत्री ने चार लोगों को नामजद करते हुए कुल छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके आधार पुलिस ने बीते (शेष पेज 9)

# तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे

- मुंबई सहित 30 स्थानों पर रेड, इनमें फैंटम फिल्म्स जैसी टैलेंट एजेंसी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने बुधवार को बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यम के साथ ही उनके साझेदारों के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच का एक हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि यह छापेमारी मुंबई और पुणे में 30 स्थानों पर की गई जिसमें रिलायंस एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीईओ शुभाशीष सरकार तथा सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनी केडब्ल्यूएएन के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। छापेमारी सुबह शुरू हुई और शाम तक जारी थी। छापेमारी की



मुंबई की इसी इमारत में रहती हैं तापसी पन्नू जहां आयकर विभाग ने की छापेमारी

कार्रवाई प्रोडक्शन हाउस और उसके प्रमोटर रहे कश्यप, निर्देशक-निर्माता विक्रमादित्य मोटवाने, निर्माता विकास बहल और (शेष पेज 9)

# एसएसबी की 12 नई बटालियनों को मंजूरी

- भूटान, तिब्बत और नेपाल की सीमा पर सुरक्षा होगी और चौकस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने पड़ोसी देश भूटान, तिब्बत और नेपाल की सीमाओं की सुरक्षा और मजबूत करने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 12 नई बटालियनों को मंजूरी दी है। इन बटालियनों में 13 हजार से अधिक जवान शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तरफ से आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा बल के लिए एक नए सीमांत क्षेत्र का निर्माण करने से इनकार किया है।

एसएसबी के महानिदेशक (डीजी) कुमार राजेश चंद्र ने बताया कि अगले चार वर्षों में 12 नई बटालियनों को चरणबद्ध ढंग से तीन-तीन इकाइयों में स्थापित किया जाएगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में लगभग 90,000 जवान हैं जो नेपाल (1,751 किलोमीटर) और भूटान (699 किलोमीटर) के साथ खुले भारतीय मोर्चों की रक्षा करते हैं। महानिदेशक ने कहा, एसएसबी के लिए नई बटालियनों और प्रतिष्ठानों के निर्माण की सरकार द्वारा स्वीकृति मिलना सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर है। नई बटालियन यह सुनिश्चित करेगी कि सीमा सुरक्षा मजबूत हो।

एसएसबी प्रमुख ने कहा कि सरकार ने नेपाल सीमा के साथ चार आईसीपी (एकीकृत जांच चौकियों) पर तैनाती के लिए बल में कुल 548 पद स्वीकृत किए हैं, जिनमें से दो पहले से ही जोगबनी और रक्सौल (दोनों बिहार) में संचालित हैं। चंद्र ने कहा, हम गृह मंत्रालय के आभारी हैं क्योंकि ये मंजूरी ऐसे समय में दी गई हैं जब कोई नया पद सृजित नहीं किया जा रहा है। हम नई मंजूरियों को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा मंजूर किए गए सीमा बल के एक आधिकारिक प्रस्ताव के (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 51,444 | ↑ 1147 | |
| निफ्टी | 15,245 | ↑ 326 | |
| सोना | 44,768 | ↓ 208 | /10g |
| चांदी | 68,194 | ↑ 602 | /kg |

### क्विक न्यूज

**शशिकला ने राजनीति में आने से किया इनकार**

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से कई सप्ताह पहले अन्नाद्रमुक की निष्कासित नेता और दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीब सहयोगी वीके शशिकला ने बुधवार को घोषणा की कि वह राजनीति से दूर रहेंगी लेकिन दिवंगत पार्टी सुप्रीमो के स्वर्णयुगीन शासन की प्रार्थना करेंगी। एक अप्रत्याशित एवं आकस्मिक एलान के तहत उन्होंने अम्मा के समर्थकों से भाई-बहन की तरह काम करने की अपील की और यह भी गुजारिश की कि वे यह सुनिश्चित करें कि जयललिता का स्वर्णयुगीन शासन जारी रहे। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं राजनीति से दूर रहूंगी और अपनी बहन पुराचि थलावी (जयलिलता), जिन्हे मै देवीतुल्य मानती हूं, और ईश्वर से अम्मा के स्वर्णयुगीन शासन की स्थापना के लिए प्रार्थना करती रहूंगी।

# सांसद पुत्र ने विरोधियों को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मड़ियांव के कमलाबाद-बढ़ौली की घटना, पुलिस ने साले को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा, पिस्टल बरामद

**मड़ियांव** इलाके के छठामील स्थित कमलाबाद-बढ़ौली में भाजपा सांसद कौशल किशोर के बेटे आयुष (30) को मंगलवार देर रात घर के बाहर टहलते समय गोली मार दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायल को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया। गोली बाएं बगल को छूते हुए निकली थी।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। इस केस का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि आयुष ने अपने दुश्मनों को झूठे केस में फंसाने के लिए अपने साले आदर्श सिंह से खुद को गोली मरवाई थी। पुलिस ने आदर्श को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। वहीं कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर मड़ियांव पुलिस ने बीट इंचार्ज राधेश्याम मौर्या की तहरीर पर आरोपी आयुष और आदर्श के विरुद्ध क्राइम नम्बर 120-21 धारा 120 बी, 420, 505 (1)(बी) के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस का दावा है कि आरोपी आयुष ने ही आदर्श को 32बोर का अवैध पिस्टल और कारतूस उपलब्ध कराया था। उधर कुछ ही घंटों में केस का खुलासा करने के बावजूद पुलिस ने आरोपी आयुष को पकड़ने की जहमत नहीं उठाई। जिसका फायदा उठाते हुए (शेष पेज 9)

# भाजपा ने आरएसएस पर बयान देने के लिए राहुल को लिया आड़े हाथ

- कहा, समझने में लगेगा बहुत समय

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशभक्ति के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी पाठशाला करार देते हुए इसकी तुलना पाकिस्तान के कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों से करने पर राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस नेता को आरएसएस को समझने में बहुत समय लगेगा।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आरएसएस देशभक्ति की दुनिया में सबसे बड़ी पाठशाला है। इसलिए दुनिया में उसका आदर है और भारत में इसकी भूमिका है। लोगों में अच्छा



परिवर्तन लाना, लोगों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करना, यही संघ करता है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु के साथ हुए एक संवाद के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि आरएसएस अपने द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों को इस्तेमाल विश्व के बारे में एक विशेष विचार को आगे बढ़ाती है जैसे पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामी मदरसा करते हैं। जावड़ेकर ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उनके उस बयान को हास्यास्पद करार दिया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि आपातकाल एक गलती थी लेकिन कांग्रेस ने कभी भी देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया।

संवाददाता सम्मेलन में जावड़ेकर से जब राहुल के आपालकाल संबंधी स्वीकारोक्ति के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह आज इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहते लेकिन उनका अगला वाक्य महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने कभी भी देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया। जावड़ेकर ने कहा, आपातकाल के दौरान सारे संस्थानों को बंद कर दिया। सारे संगठनों (शेष पेज 9)

# न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है मुख्तार अंसारी: उप्र ने कोर्ट से कहा

- अदालत में आरोप लगाया कि अंसारी और पंजाब पुलिस के बीच मिलीभगत, पंजाब सरकार ने इन दावों को पूरी तरह खारिज किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उत्तर** प्रदेश सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि अपराधी से नेता बना मुख्तार अंसारी न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है और पंजाब में रूपनगर जिला जेल से कथित तौर पर अवैध गतिविधियां चला रहा है।

उत्तर प्रदेश ने शीर्ष अदालत में आरोप लगाया कि अंसारी और पंजाब पुलिस के बीच मिलीभगत है। वहीं, पंजाब सरकार ने इन दावों को खारिज किया और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल याचिका के औचित्य पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी की पीठ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पंजाब सरकार और रूपनगर जेल प्रशासन को मऊ के विधायक अंसारी को तुरंत जिला जेल बांदा के हवाले करने का अनुरोध किया गया है।

उत्तर प्रदेश की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्य में अंसारी के खिलाफ कई मामले लंबित हैं और 2019 में उसके खिलाफ पंजाब में कथित उगाही के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज (शेष पेज 9)

# हमारी नीति और नीयत साफ इसीलिए जनता हमारे साथ

## बीमारू राज्य की छवि से उबरा है उत्तर प्रदेशः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है पिछले चार वर्षों में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का सृजन हुआ है। चार साल पहले जिस प्रदेश को देश और दुनिया में बीमारू कहा जाता था जो भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के बाद भी अर्थव्यवस्था के पैमाने पर 5 वें पायदान पर था। जहां युवा पलायन को मजबूर था। आज उसकी प्रगति और उसकी नीतियां अन्य राज्यों के लिए नजीर बन रही हैं। 2015-16 में 10.90 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी वाला राज्य समन्वित प्रयासों से आज 21.73 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ देश मे दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन कर उभरा है। राज्य वही है संसाधन वही हैं काम करने वाले वही हैं, बदली है तो बस कार्यसंस्कृति। पिछली सरकारों की तरह अब यहां परिवार केंद्रित योजनाएं नहीं बनतीं, बल्कि किसान, नौजवान, महिला और गरीब वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। सरकार की नीति और नीयत साफ है और यही वजह है कि जनता सरकार के साथ है।

सीएम योगी ने कहा इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश का बजट पिछली सरकारों के समय महज 2 लाख सरकारों के समय महज 2 लाख करोड़ का होता था यह ऊंट के मुंह मे जीरा जैसा था। जब बजट ही नहीं होगा तो काम कैसे आगे बढ़ेगा। कोई दूरदर्शिता नहीं थी, कोई विजन नहीं था। आज वही यूपी है जहां चार साल पहले प्रति व्यक्ति आय 45000 रुपये थी। आज 95000 रुपये है। यह है परिवर्तन। आज की सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर भी ध्यान देती है ताकि औद्योगिक निवेश आए और ईज ऑफ लिविंग के लिए भी संकल्प के साथ काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के 6 साल के कालखण्ड को छोड़ दें तो कभी ईज ऑफलिविंग के बारे में न केंद्र न प्रदेश ने कभी सोचा।

### राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा यूपी का बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सर्वविदित है कि कोरोना का समय देश और दुनिया के लिए असाधारण रहा। कोरोना से हर कोई प्रभावित रहा। हमारा राजस्व भी। बावजूद हमने बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया। वित्तीय अनुशासन को बनाते हुए लोक कल्याण के कार्यों को जारी रखा। इन्हीं असाधारण परिस्थितियों में पेश सर्वसमावेशी और हर तबके के कल्याण को ध्यान में रखकर बजट पेश किया। यह बजट भी खुद में असाधारण रहा। यह मैं और सत्ता पक्ष नहीं, लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं। हर तबके ने बजट को सराहा है। फिक्की जैसे औद्योगिक संगठनों ने भी प्रशंसा की। पूर्व मुख्य सचिव ने भी बजट की तारीफकी है तो चेयरमैन सीआईआई ने कहा कि यह प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। एसोचैम के प्रेसिडेंट ने कहा कि जो कुछ बेहतर हो सकता था सरकार ने किया है। यह सर्वोत्तम बजट है। फिक्की की पूर्व अध्यक्ष महिला चैप्टर ने महिला बाल विकास की योजनाओं को मील का पत्थर बताया। योगी ने कहा कि बजट पर प्रतिक्रिया देने वाले यह सभी लोग गैर-राजनीतिक हैं। इनके आकलन को यूहीं दरकिनार नहीं किया जा सकता। अभ्युदय योजना का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अब इस योजना में युवाओं को टैबलेट दिए जाएंगे। इस योजना की मांग अन्य राज्यों में खूब हो रही है।

### कोरोनाकाल में धैर्य के साथ लोककल्याण के पथ पर बढ़ते रहे

कोरोनाकाल की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सीएम ने राष्ट्रकवि दिनकर की पंक्तियां भी पढ़ीं। सच है विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है। सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, को पढ़ते हुए कहा कि कोविड काल में प्रदेश ने यह धैर्य और साहस बनाये रखा। दूसरे प्रदेशों से घर वापसी करने वाले हर प्रवासी श्रमिक को स्थानीय स्तर पर ही उसकी दक्षता के अनुसार रोजी-रोजगार मुहैया कराया।



## किसानों को गुमराह कर रहा है विपक्षः सीएम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में किसानों के हितों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री ने कृषि बिल पर विपक्षी दलों के हल्ला मचाने पर सवाल खड़े किये और कहा किसानों को गुमराह मत करें। किसानों का हित हमारी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। हमने औरों की तरह चीनी मिलें बन्द नहीं कीं बल्कि चलाई हैं। हमने गेहूं, धान और गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान किया है। वह भी समय से पूरी पारदर्शिता के साथ। इसके बाद भी हम किसान विरोधी, यह कहाँ का अर्थशास्त्र है? तथ्यों और तर्कों के साथ यह सीधा सवाल मुख्यमंत्री ने विपक्ष से पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्ट्रेक्ट खेती कोई नई नहीं है। बैद्यनाथ कम्पनी कब से यह कर रही है। यह तो किसानों की आय बढ़ाने का साधन है। आप किसानों को गुमराह मत कीजिये। यह किसानों के साथ अन्याय है। मण्डियों को ई.नाम से जोड़ा जा रहा है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। हमने कैबिनेट की पहली बैठक तब तक नहीं की जब तक कि किसानों का कर्जा माफ करने की पूरी नीति नहीं बना ली। यह दावा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। मंडिया भी चलेंगी और मुक्त बाजार में भी किसानों की उपज बिकेगी। एमएसपी से अधिक जहां मिले किसान बेचे।

**हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र बनाएः** मुख्यमंत्री ने राज्य में कृषि उपज बढ़ाने के लिए हर जिले में कम से कम एक कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित कराने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने किसान को तकनीक से जोड़ा। खेती के विविधीकरण का प्रयास किया। सिंचाई के लिए मुफ्त पानी की व्यवस्था भी की है। खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रावधान किये गए हैं। नाबार्ड से रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। यह सब बजटीय प्रावधान किसानों के लिए है। मुख्यमंत्री ने पीएम किसान सम्मान योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 42 लाख किसान इससे लाभान्वित हैं। कृषक दुर्घटना बीमा का दायरा बढ़ाया गया। बटाईदार और उसका परिवार भी इससे लाभान्वित हो सकेगा।

## संवैधानिक संस्थाओं के प्रति होनी चाहिए श्रद्धा व आस्थाः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बुधवार को कहा कि संवैधानिक पदों और उन पर बैठने वालों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में सम्मान होना चाहिए क्योंकि यह एक व्यक्ति नहीं होता है वह संस्था है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आयेंगे जायेंगे संस्थाओ को रहना है। उन संस्थाओ पर हमारे संसदीय लोकतंत्र की पूरी आधारशिला टिकी हुई है और उन्हीं के दम पर हम भारत की भव्यता की संकल्पना को आगे बढ़ा सकते है। इसलिए कोई भी दल हो, सत्तापक्ष हो या विपक्ष हो या किसी भी सदन का सदस्य हो, संविधान के प्रतिए संवैधानिक संस्थाओं के प्रतिए संवैधानिक प्रतीकों के प्रति श्रद्धा और आस्था होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री उच्च सदन में बजट पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के मन में चाहे जो भाव हो उसकी उपासना अलग हो सकती है, धर्म पद्धति अलग हो सकती है लेकिन जब उत्तर से दक्षिण तक पूरब से पश्चिम तक तक हम भारत के बारे में सोचते हैं तो हमारा एक ही राष्ट्रीय धर्म होना चाहिए कि यह देश हमारा है और देश की एकता, अखण्डता, अक्षुणता को बनाये रखने के लिए जब भी हमे अवसर मिलेगा तो हम पूरी ईमानदारी के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सभापति इस बात के लिए आभार प्रकट किया कि उन्होंने उच्च सदन में बजट पर सरकार का पक्ष रखने का उन्हें अवसर प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं अपने नेता विरोधी दल को जिन्होंने बड़ी सहजता और सरलता के साथ यहां पर अपने विचार रखे है। मेरी हार्दिक इच्छा थी कि मैं नेता विरोधी दल की पूरी बात को सुनूं और सरकार का पक्ष अपने वक्तव्य के माध्यम से रखूं लेकिन मैं विधान सभा में होने के कारण यहां पर समय से नहीं आ पाया। इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपराह्न 3 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। कार्य सूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया।

## गन्ना किसानों के मुद्दे पर सपा का वाकआउट

### विधान सभा प्रश्नकाल

**लखनऊ।** विधान सभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्यों ने गन्ना किसानों के सवाल पर सदन से वाकआउट किया। नेताप्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसान विरोधी है तभी तो उसने तीन बार से गन्ना समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया, यह कहते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सपा सदस्य किसान हित की बातों पर न तो चर्चा करना चाहते हैं और न ही सुनना चाहते हैं। इसलिए वह सदन से वाकआउट कर गए हैं। प्रश्नकाल में सपा सदस्य नरेंद्र सिंह वर्मा ने जानना चाहा कि प्रदेश में खाद, कीटनाशक, डीजल, कृषि यंत्रों, मजदूरी आदि के मूल्यों में बढ़ोत्तरी के कारण गन्ने के उत्पादन की लागत बढ़ गयी है? वित्तीय वर्ष 2020-21 में किसानों की बढ़ी हुई लागत के दृष्टिगत क्या सरकार गन्ना मूल्य को बढ़ाने पर विचार करेगी? गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गन्ना उत्पादन में आने वाली लागत, वैकल्पिक फसलों के समर्थन मूल्यों चीनी उत्पादन लागत, चीनी मिलों को सह उत्पादों से प्राप्त होने वाले लाभों चीनी एवं अन्य सह उत्पादों के बाजार मूल्य तथा हितबद्ध पक्षों को सुनते हुए सुसंगत पहलुओं पर विचार कर कृषकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत औचित्यपूर्ण निर्णय लेते हुए पेराई सत्र के लिए गन्ने का परामर्शित गन्ना मूल्य घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सम्यक विचारोपरान्त पेराई सत्र 2020-21 के लिए राज्य परामर्शित मूल्य घोषित कर दिया गया है।

## सपा ने उठाया अवैध कब्जों और बेरोजगारों के उत्पीड़न का मामला

### विधान परिषद की कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में बुधवार को सपा ने प्रदेश में हो रहे बेरोजगारों के उत्पीड़न और जमीनों व संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इन दोनों ही मुद्दों पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाक आउट किया। वहीं कांग्रेस ने बिजली विभाग में व्याप्त अनियमितता के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए विरोध स्वरूप सदन से वाकआउट किया। इससे पहले बुधवार को सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में से प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होने पर बसपा के सदस्य अतर सिंह राव ने जनपद मेरठ के अन्तर्गत मेरठ.दिल्ली मार्ग पर संचालित बसों के बस मालिकों की खराब आर्थिक स्थिति के कारण बसों के विक्रय के संबंध में परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया से प्रश्न किया। अनुपूरक प्रश्नों मेंसदस्य ने कुछ जानकारी चाही जिस पर सभापति ने मंत्री से इसे दिखवा लेने के निर्देश दिए। सपा के सदस्य बासुदेव यादव ने जनपद कौशाम्बी में धान क्रय केन्द्र खोले जाने तथा किसानों को क्रय किये गए धान का भुगतान किए जाने के संबंध में प्रश्न किया। अन्य सदस्यों ने भी अनुपूरक प्रश्न किए। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी ने यह चिन्ता व्यक्त की कि खरीद केन्द्रों में बोरो की कमी की बात बता कर अधिकारी धान की खरीद को लम्बित कर रहे हैं और किसानों को परेशान कर रहे हैं। जिस पर सभापति ने निर्देश दिए कि बोरे की कमी के करण खरीद प्रभावित न हो इसको मंत्री दिखवा लें।

शून्य काल में सपा के अहमद हसन, आषुतोष सिंन्हा, वासुदेव यादव एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश में बेरोजगारों का उत्पीड़न किए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर बासुदेव यादव, राजेश यादव एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किए। नेता सदन एवं श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव,ए सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने जनपद मैनपुरी के ग्राम सोनई के अनुसूचित जाति के पट्टेदारों की भूमि को भू.माफियाओं व राजस्व अधिकारियों द्वारा हड़पने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। कांग्रेस के दीपक सिंह ने विद्युत विभाग में व्याप्त अनियमितता के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दीपक सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण कांग्रेस के सदस्य ने सदन का त्याग किया।

शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के एकल स्थानान्तरण प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू किए जाने के संबंध में सूचना दी। सपा के नरेश चन्द्र उत्तम, जितेन्द्र यादव, संजय लाठर एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेव में अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर सपा के जितेन्द्र यादव, बलवन्त रामूवालिया, नरेश उत्तम, राकेश यादव एवं नेता विरोधी दल ने अपने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया।

## विस चुनाव में अब सपा अकेले मैदान में उतरेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सिद्धांततः भाजपा और कांग्रेस का रास्ता एक है। भाजपा कांग्रेस की ज्यादा नकल कर रही है। समाजवादी पार्टी का रास्ता दोनों से अलग है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की जनता को बहुत निराश किया है। लोग अब समाजवादी पार्टी की तरफ उम्मीदों भरी नज़रों से देख रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि समय में बहुत बदलाव आया है। बड़े दलों से काफी अनुभव हुए हैं। समाजवादी पार्टी सन्2022 के विधानसभा चुनाव में अब अकेले मैदान में उतरेगी। समाजवादी पार्टी छोटे दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ेगी। वह विकास, खुशहाली, रोजगार, न्याय और सम्मान को चुनावी मुद्दा बनाएगी। जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने ईमानदारी से काम किया था। समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गो के हितों की पूर्ति होगी। महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रदेश में पांच साल पूरे होने को है। इसके 5 बजट आ चुके हैं। भाजपा ने जो चुनावी संकल्प पत्र जारी किया था, उसमें किए गए वादे भी पूरे नहीं हुए है। चार साल में भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के कामों का नाम बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। । उन्होंने कहा कि वैश्विक बीमारी कोविड.19 के दौर में भी भाजपा सरकार का कामकाम असंतोष जनक रहा। भाजपा की आदत है कि वह जानबूझकर बुनियादी मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि संसद में भाषा मर्यादित और संयमित होनी चाहिए। लोकतंत्र में सत्तापक्ष के साथ विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन सत्ताधीशों को विपक्ष की परवाह नहीं है। सांसद मोहम्मद आजम खां पर दर्जनों फर्जी केस लगा दिए गए है। समाजवादी पार्टी उनके साथ है। अर्थव्यवस्था बुरी स्थिति में है। भाजपा सरकार कोई काम नहीं कर पाई है, जनता को 2022 का इंतजार है।

**तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में प्रचार अभियान चलाएगी सपा**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को भ्रमित कर रहे हैं। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल की कुनीतियों ने यूपी का सत्यानाश कर दिया है। श्री यादव ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं से अपील की है कि भाजपा के झांसे में न आयें। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। उससे सतर्क रहना लोकतंत्र के हित में है। भाजपा चुनाव के दौरान भ्रम और प्रोपेगंडा फैलाकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। समाजवादी पार्टी भाजपा की यह साजिश सफल नहीं होने देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी की जीत के लिए समाजवादी पार्टी की ओर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान चलायेंगे।

## कांग्रेस की तरह बीजेपी सरकार में भी दलित सुरक्षित नहींः मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाथरस कांड को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह बीजेपी सरकार में भी दलितों, शोषितों व महिलाओं आदि के जान-माल व आत्म-सम्मान कतई भी सुरक्षित नहीं हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए मायावती ने लिखा कि यूपी सरकार में वैसे तो हर प्रकार के अपराध चरम पर होने से अपराध नियंत्रण का काफी बुरा हाल है, किन्तु खासकर दलित व महिला उत्पीड़न-असुरक्षा की आए दिन होने वाली दर्दनाक व शर्मनाक घटनाओं से हर तरफ चिन्ता की लहर है। मायावती ने आगे लिखा कि यूपी के हाथरस में महिला उत्पीड़न व पिता की हत्या तथा गुजरात में दलित आरटीआई कार्यकर्ता की निर्मम हत्या यह साबित करती है कि कांग्रेस पार्टी की तरह बीजेपी सरकार में भी दलितों, शोषितों व महिलाओं आदि की जान-माल व आत्मसम्मान कतई भी सुरक्षित नहीं है।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम आशीष कुमार से बदलकर आशीष यादव रख लिया है। भविष्य में मुझे आशीष यादव के नाम से जाना पहचाना जाये। आशीष यादव पुत्र नरेन्द्र कुमार यादव 76/228 बादशाही नाका सब्जीमण्डी कानपुर नगर

**सूचना**

मैं अपने पुत्र राहुल सिंह व उसकी पत्नी प्रियंका उर्फ पूजा को उनके दुराचरणों से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा अपनी सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूँ उनके द्वारा किए कार्यों के जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। रमेश सिंह पुत्र स्व0 मंगल सिंह निवासी ग्राम सिंधौरा, बांगर, नारामऊ, कानपुर नगर।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम शैक्षिक दस्तावेजों में शौर्य निगम दर्ज है, जबकि घरेलू नाम अनमोल निगम है। गलती से जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अनमोल निगम दर्ज हो गया है, जो गलत है। उसे सुधार कर शौर्य निगम दर्ज किया जाए। साथ ही घर का पता सुधार कर 101/49 दक्षिणी गौतम नगर फतेहपुर दर्ज किया जाए। राम प्रकाश निगम पुत्र श्री बिंदा चरन निगम, निवासी 101/49 दक्षिणी गौतम नगर फतेहपुर।

**सूचना**

ए0एस0 इण्टर कालेज एण्ड के0 सी0बी0 एस0ए0एस0 हाईस्कूल फतेहपुर की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी व सदस्यों का चुनाव कार्यवाही दिनांक- 21.03.2021 को विद्यालय प्रांगण में सुनिश्चित किया गया है। उक्त बैठक में भाग लेने हेतु संचालक समिति के साधारण सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। उदय प्रताप सिंह (प्रबन्धक)

**REQUIRED**

**CITY ACADEMY DEGREE COLLEGE**
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow.
**VACANCY FOR M.A.**
**Assistant Professor for M.A. (History) : 04 Post**
Qualification, Experience & Percentage as per state govt. & lucknow university norms. Applicants must apply within 15 days to Manager, City Academy Degree College, Lucknow or Email at : info@cgclko.com | cgclko01@gmail.com

**सूचना**

एक विक्रय विलेख दिनांकित 25/03/2003 जो हरिकेश पुत्र रामनाथ, नि. मौजा-रसूलगढ़, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी द्वारा मीरा देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी रसूलगढ़, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी नं. 10, रकबा 1700 वर्गफीट, मौजा-रसूलगढ़, परगना-शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है जिसका पंजीयन उपनिबन्धन कार्यालय वाराणसी में पुस्तक सं. 1, खण्ड सं. 1622 के पृष्ठ सं. 57/82 पर दस्तावेज नं. 1195 दिनांकित 25/03/2003 के रूप में पंजीकृत है जो खो गया है इस विक्रय विलेख के संदर्भ में किसी व्यक्ति/संस्था के पास कोई सूचना या आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट, वाराणसी पर सूचित करें। 9451525826



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (वि०/यॉ०), उत्तर प्रदेश जल निगम, गोण्डा
एन०आई०टी० संख्या : 169/M-5/17
दिनांक - 25/02/2021
**अल्पकालीन निविदा-सूचना**

उ०प्र० जल निगम की ओर से जनपद -बलरामपुर में बरहवाँ जोन-प्रथम पेयजल योजना हेतु सोलर ऊर्जा आधारित 250 एल०पी०एम० 41 मी० हेड सबमर्सिबुल पम्पिंग प्लान्ट, सोलर पी०वी० पैनल, 80 एम०एम० व्यास की मेन पाइपिंग वाल्वस, इलेक्ट्रो-मकैनिकल क्लोरिनेटिंग प्लांट, पम्प हाउस वायरिंग इत्यादि के सप्लाई, अधिष्ठापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग के कार्य हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जो उ०प्र० जल निगम की आफिशियल वेबसाइट http://jn.upsdc.gov.in/ पर दिनांक 03.03.2021 से दिनांक 08.03.2021 तक उपलब्ध रहेंगी, एवं दिनांक 09.03.2021 को अपरान्ह 1:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (वि०/यॉ०), उत्तर प्रदेश जल निगम, गोण्डा में उपस्थित निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा का मूल्य रू० 1000.00+18% जी०एस०टी० है।

**कार्यालय उपनिबंधक बिसवा-सीतापुर**

**सूचना**

"सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निबंधक बिसवा में एक वसीयत मरणोपरान्त निबंधन हेतु श्री बनवारीलाल पुत्र मुल्लु नि0ग्रा0 कन्धेलिया पर0 व तह० लहरपुर हाल नि0 जफराबाद म0 बेनीपुर द्वारा निष्पादित है। यह वसीयत श्रीमती कुसुमा पत्नी रामपाल नि0 ग्राम कन्धेलिया उक्त के पक्ष में निष्पादित है। यदि इसके निष्पादन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन से एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है।"

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कार्यालय उप निबंधक
बिसवा-सीतापुर

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-1122/न0पा0 दिनांक-01.03.2021

**अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक 08.03.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 08.03.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ठ की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
खलीलाबाद, संतकबीरनगर

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-293/रीडर-2021 दिनांक-27.02.2021

**नोटिस**

1. श्री मोहम्मद सलाउद्दीन 206/2-307/002. दूसरी मंजिल, माही कॉम्प्लेक्स, सराय बीह गली, पारचा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003
2. श्री मोहम्मद रियाज 206/2-307/002. दूसरी मंजिल, माही कॉम्प्लेक्स, सराय बीह गली, पारचा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।

अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-299/रीडर-2021 दिनांक-27.02.2021

**नोटिस**

1. श्री मोहम्मद असीम सलीम, पताः 541-आर/809 कैम्पवेल रोड, न्यू हैदरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003
2. श्री मोहम्मद असीम सलीम, पताः दुकान नं0 1 एलजीएफ 'आलिमा प्लाजा' ख0 नं0 771 (न्यूनतम) पर झरियान तालाब में वार्ड गढ़ीपीर खां, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003
3. श्री कमल सलीम, पताः 541-आर/809 कैम्पवेल रोड, न्यू हैदरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003
2. श्री कमल सलीम, पताः दुकान नं0 1 एलजीएफ 'आलिमा प्लाजा' ख0 नं0 771 (न्यूनतम) पर झरियान तालाब में वार्ड गढ़ीपीर खां, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।

अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे। (गरिमा स्वरुप)

अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ सांसद पुत्र

## भाजपा सांसद कौशल किशोर के बेटे आयुष पर गोली चलाए जाने का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मड़ियांव इलाके के छठामील स्थित कमलाबाद-बढ़ौली में भाजपा सांसद कौशल किशोर के बेटे आयुष (30) को मंगलवार देर रात घर के बाहर टहलते समय गोली मारे जाने की घटना के मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। पुलिस ने कुछ ही घंटों में केस का खुलासा भी कर दिया था। इसके बावजूद आरोपी आयुष को पकड़ने की जहमत नहीं उठाई। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी भाग निकला। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। हालांकि पुलिस ने आरोपी आदर्श को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर मड़ियांव पुलिस ने बीट इंचार्ज राधेश्याम मौर्या की तहरीर पर आरोपी आयुष और आदर्श के विरुद्ध क्राइम नम्बर 120-21 धारा 120 बी, 420, 505 (1)(बी) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी आयुष ने ही आदर्श को 32बोर का अवैध पिस्टल और कारतूस उपलब्ध कराया था।

**सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा:** पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इस दौरान पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली इस पर आदर्श पिस्टल को कमर में लगाते हुए दिखा। लिहाजा पुलिस ने उससे पूछताछ की, पहले तो वह पुलिस कर्मियों को काफी देर तक इधर उधर की बातें कर गुमराह करने का प्रयास करता रहा लेकिन सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर उसने जुर्म स्वीकार कर लिया।

**दुश्मनों को फंसाने के लिए बनाई कहानी:** पुलिस की पूछताछ में आदर्श ने बताया कि आयुष कुछ लोगों के साथ मिलकर प्रॉपर्टी का काम करता है। रुपये के लेनदेन को लेकर उसका विवाद हो गया था। लिहाजा आयुष खुद को गोली मरवाकर अपने विरोधी चंदन गुप्ता, मनीष जायसवाल और प्रदीप कुमार सिंह समेत चार पांच लोगों को झूठे केस में फंसाना चाहता था। लिहाजा आयुष ने आदर्श को इस घटना में शामिल किया। आदर्श ने ही उसे गोली मारी थी। इस केस को लेकर पुलिस ने बहुत ही सतर्कता से जांच शुरू की और पुलिस की निष्पक्ष जांच से बेगुनाह जेल जाने से बच गए।

**सांसद ने भी साधी चुप्पी**

इस केस को लेकर सांसद कौशल किशोर ने भी कुछ खास नहीं बोल सके। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में मीडिया के सवाल पर सिर्फ इतना ही कहा कि प्रेम विवाह करने के बाद आयुष अलग रहता था। गोली कैसे लगी, इसकी पुलिस पड़ताल कर रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है।

# दफ्तर में फंदे से लटकता पाया गया मैनेजर का शव

**लखनऊ।** हसनगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की शाम निजी इंश्योरेंस कम्पनी में तैनात मैनेजर ने अपने दफ्तर में ही घर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हालांकि मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं होने से मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और आगे की कारर्वाई करने में लगी है। उपनिरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 6 बजे रवि प्रकाश मिश्रा उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र दिनेश चंद्र मिश्रा निवासी ग्राम चंदोखर थाना सोनहा बस्ती हालपता भवानी बाजार थाना मदेहगंज थाना हसनगंज में स्थित जानकीपुरम में किराए पर रहते था। मृतक पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस में मैनेजर पद पर पोस्ट था। इसका ऑफि स दीनदयालनगर खदरा मदेहगंज थाना हसनगंज में स्थित है। अपने ऑफि स में ही छत के पंखे में कपड़े के द्वारा फांसी लगा ली जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक विवाहित है एवं एक 7 वर्ष का बच्चा है। पत्नी व बच्चा साथ में ही रहते हैं। परिवार को सूचना दे दी गई है। सूत्रों का कहना है कि उस पर दफ्तर के कार्यों का प्रेशर था। जिस कारण उसे मौत को गले लगा लिया। वहीं पुलिस ने पीमए रिपोर्ट आने के बाद सही तथ्य बताने की बात कही है।

## प्रेमी युगल नशीला पदार्थ खाकर पहुंचा थाने, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**लखनऊ।** जानकीपुरम में प्रेमी युगल के नशीला पदार्थ खाकर बुधवार की सुबह जानकीपुरम थाने पहुंचने से थाना परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने प्रेमी युगल को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।इंस्पेक्टर जानकीपुरम ब्रजेश सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि जानकीपुरम निवासी दीप्ति वर्मा के पिता ने सेक्टर सी जानकीपुरम निवासी शाहरुख पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित की तलाश में उसके घर व अन्य ठिकानों पर दबिश देकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह नही मिला। बुधवार सुबह आरोपित के परिवारीजनों ने पुलिस को फोन किया कि वह प्रेमी युगल को लेकर थाने आ रहे है। थाने पहुंचने पर पूछताछ में दोनों ने अपने को बालिग होना बताते हुए एक दूसरे से शादी करने की बात कही। प्रेमी युगल की तलाशी लेने पर उनकी जेब से एक एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में परिजनों की रजामंदी न होने पर नशीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का जिक्र किया था। नशीला पदार्थ खाने की बात सुनते ही थाने में हड़कंप मच गया। प्रेमी युगल को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। इंस्पेक्टर का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## किसान और उसकी पत्नी को पीटने वाले सिपाही पर केस

**लखनऊ।** कृष्णानगर अलीनगर सुनहरा में खेत से रास्ता न देने पर दबंग जीआरपी सिपाही ने अपने साथियों के साथ किसान की पिटाई कर मुकदमा दर्ज करवाया था। किसान की पत्नी को भी पीटा गया था। इसके बाद उसे पीआरवी के मदद से थाने भिजवाया। फिर हवालात में उसके ऊपर कहर ढाया गया। ऐसे आरोप लगाये गये है। यहीं नहीं सिपाही की शह पर किसान के खिलाफमुकदमा दर्ज करा दिया। मुचलके पर छूटे किसान ने पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले की जांच एसीपी कृष्णानगर को सौंपी। जांच में सिपाही दोषी पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सिपाही के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अब गहनता से छानबीन करने में लगी है। अलीनगर सुनहरा निवासी पप्पू और उसका भाई मोनू किसान हैं। पप्पू के मुताबिक घर के पास में ही उनका खेत है। जहां वह कई दिनों से मंदिर का निर्माण करा रहे थे। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी की रात वह खेत के मंदिर पर थे। इसी बीच पड़ोसी दबंग जीआरपी सिपाही रंजन प्रताप सिंह अपने कई साथियों के साथ पहुंचा। रंजन का प्लाट भी खेत के ही बगल में है। आरोप है कि रंजन खेत की नपाई करने लगे और उन्होंने वहां से रास्ता निकालने के लिए कहा। विरोध करने पर रंजन जिद पर अड़ गया और कहा कि वह खेत के बीच से ही रास्ता निकालेगा। मना करने पर रंजन और उसके साथियों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया। इसके बाद सिपाही रंजन ने कंट्रोल रुम को सूचना दी। आरोप है कि सिपाही की शह पर पुलिस कर्मियों ने हवालात में बंद कर लात घूसों से बेरहमी से पीटा। मुकदमा दर्ज किया गया फिर उन्हें मुचलके छोड़ा गया।

## तीन डकैतों की हुई पहचान, पुलिस टीम रवाना

### कोरियर कंपनी में पड़ी डकैती मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग

**लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर इलाके में एक कोरियर कंपनी में हुई लाखों की डकैती के मामले में गठित की गई आधा दर्जन पुलिस की टीमों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कड़ी मेहनत के बाद कुछ सुराग हासिल किए हैं जो घटना के खुलासे और डकैतों तक पहुंचने में कारगर साबित होंगे। वहीं पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने तीन डकैतों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश में पुलिस एक टीम रवाना कर दी गई है। सूत्रों की माने तो स्थानीय स्तर पर काम कर रही पुलिस टीमों को सर्विलांस और जमीनी मुखबिर तंत्र से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस का दावा है कि उन्हें डकैतों तक बहुत जल्द पहुंच कर उन्हें गिरफ्तार करेंगे और सलाखों के पीछे भेजेंगे। अब देखना यह है कि पुलिस के यह सभी दावे मजबूत हैं या सब हवाहवाई ही साबित होंगे। गौरतलब है कि गाजीपुर हरवीन्द्रपल्ली स्थित पुणे की बिजी बीस लॉजिस्टिक सल्यूशन के नाम से कोरियर कंपनी है। कंपनी के सुपरवाइजर आलोक दीक्षित का कहना है कि सोमवार अपने सहयोगियों के साथ कंपनी में थे कि इसी दौरान असलहों से लैस करीब 6 डकैतों ने धावा बोलकर लाखों की नकदी लूट ली थी और विरोध पर पिटाई के बाद असलहे लहराते हुए मौके से फरार हो गए थे।

## हरिशंकर तिवारी के खिलाफ दाखिल परिवाद खारिज

**लखनऊ।** सूबे के पूर्व काबीना मंत्री पंण् हरिशंकर तिवारी के खिलाफदाखिल परिवाद को अदालत ने खारिज कर दिया है। इस परिवाद में देश.विदेश में होने वाली आतंकवादी गतिविधि व नक्सलवाद तथा माओवाद का संरक्षक होने का इल्जाम तिवारी पर लगाया गया था। अदालत में यह परिवाद राजेश अरोड़ा ने दाखिल किया था। सीजेएम सुशील कुमार ने परिवाद खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि इसके कथन विश्वसनीय नहीं है। परिवादी ने महज काल्पनिक आधार पर अपनी मनः स्थिति को परिवाद का रुप दिया है। परिवाद में विपक्षी के खिलाफकोई आपराधिक मामला बनना परिलक्षित नहीं है।

## बीमा कम्पनी के वरिष्ठ सहायक को चार साल की सजा

**लखनऊ।** बीमा क्लेम पास करने के लिए तीन हजार की रिश्वत लेने वाले नेशनल इन्श्योरेंस कम्पनी के तत्कालीन वरिष्ठ सहायक चेतराम सुमन को सीबीआई की विशेष अदालत ने चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज मीना श्रीवास्तव ने शाहजहांपुर में कम्पनी की डिवीजनल आफिस में तैनात रहे इस मुल्जिम पर 50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सीबीआई के लोक अभियोजक डाण् एलसी पाल के मुताबिक इसके खिलाफबिजेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता की पत्नी की एक भैस की मौत हो गई थी। उन्होंने कम्पनी में इसका बीमा दावा प्रस्तुत किया था। लेकिन मुल्जिम ने उनके बीमा दावे के प्रासेस के लिए तीन हजार की रिश्वत मांगी। चार अप्रैल 2012 को सीबीआई ने इस शिकायत पर मुल्जिम को रिश्वत की इस रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## नकली ब्रांड के कंडोम की बिक्री की शिकायत पर मारा छापा

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके में एक मेडिकल स्टोर पर बिक रहे नकली ब्रांड के कंडोम बिक्री की शिकायत पर बुधवार को औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापा मार कर 1.75 लाख की संदिग्ध मेडिकल डिवाइस को सीज किया है। साथ ही एक सैम्पल को परीक्षण के लिए लैब भेज दिया गया है।औषधि प्रशासन विभाग की टीम को आलमबाग स्थित प्रकाश इंटरप्राइजेज के यहां पर संदिग्ध व मिसब्राण्ड कंडोम बिक्री की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर टीम ने आज मानकनगर पुलिस के साथ आलमबाग चौराहा स्थित प्रकाश इंटरप्राइजेज के परिसर में छापा मारा। जहां भारी मात्रा में संदिग्ध मेडिकल डिवाइस पाई गई। टीम ने वहां से 1.75 लाख रुपये के मेडिकल डिवाइस को जब्त कर लिया गया है। साथ ही एक सैम्पल लेकर परीक्षण के लिए लैब भेज दिया है।

## एलयू ने 2354 बीएड कालेजों को आरटीजीएस से भेजा शुल्क

**लखनऊ।** सत्र 2020-22 के बीएड काउंसलिंग से एडमिशन के माध्यम से जमा छात्रों के शुल्क के एवज में 2354 बीएड कालेजों के खाते में लखनऊ विश्वविद्यालय ने आरटीजीएस के माध्यम से शुल्क भेज दिया है। कुछ दिनों पूर्व कोरोना के चलते आर्थिक संकट बताते हुए शुल्क की मांग उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन की तरफसे की गई थी। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 की काउसंलिंग प्रक्रिया 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त हुयी थी। काउसंलिंग के पश्चात् सभी महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों की सूची संबंधित महाविद्यालयों में प्रेषित की जा चुकी है। इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय ने रिकार्ड समय में समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों का शुल्क उनके खातों में हस्तांतरित करने का प्रयास किया है। साथ ही 2354 महाविद्यालयों का शुल्क आरटीजीएस हेतु बैंक भेजा जा चुका है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय व कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के बीच अनुबंध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के बीच बुधवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। यह अनुबंध विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत के प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक नेउविल के बीच प्रो रानू उनियाल, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग के विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षण, शिक्षा, परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्य वर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है जो अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग में कार्यात्मक है।

## शराब तस्करी के आरोप में सपा नेता सहित चार गिरफ्तार

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अवैध शराब की तस्करी कर अपमिश्रण करने वाले गिरोह के 25-25 हजार रुपये के दो इनामिया सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर भारी मात्रा में फर्जी रैपर, शराब शीशी के ढक्कन और खाली प्लास्टिक की शीशियां भी बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों में एक समाजवादी पार्टी का नेता भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक अवैध शराब की तस्करी कर उसे मिलावटी बनाकर बेचने के अपराध में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो तस्कर इलाके के ही शहीद पथ रोड पर मौजूद हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शहीद पथ सर्विस रोड पर प्राइमरी स्कूल के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम कृष्णा नगर थानान्तर्गत संजय गांधी मार्ग आजाद नगर निवासी अनिल वर्मा और दूसरे ने आलमबाग के ही रामनगर निवासी मंगलेश बताया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के आधार पर बंथरा बाजार निवासी पिंटू शुक्ला उर्फअरविंद शुक्ला और सरोजिनी नगर के ट्रांसपोर्टनगर निवासी ऋषि जायसवाल को थाना क्षेत्र के ही एसआईएल चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पिंटू शुक्ला और ऋषि जायसवाल की निशानदेही पर अवैध शराब से संबंधित 1320 फर्जी रैपर, 50 ढक्कन रेडियो खेतान लिमिटेड और एक प्लास्टिक की बोरी में 200 खाली प्लास्टिक की शीशी बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह गैर प्रांत हरियाणा व हिमाचल आदि राज्यों से शराब मंगाकर यहां मौजूद रैपर लगाते हुए अपने जानने वालों को देकर वहां से बिकवाते हैं।

# 64 अस्पतालों में कोविड वैक्सीनेशन आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कोरोना** वैक्सीनेशन के तीसरे चरण में गुरुवार को राजधानी लखनऊ में 64 अस्पतालों में वैक्सीन लगाने की तैयारी कर ली गई है। इनमें 51 केंद्र सरकारी तथा 13 प्राइवेट हॉस्पिटल हैं। इन केंद्रों पर 60 वर्ष से ऊपर के लोगों और 45 से 59 वर्ष की आयु के गंभीर बीमारी वाले लोगों को वैक्सीन लगेगी। जिन जिन सरकारी केंद्रों पर कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी उनमें केजीएमयू, पीजीआई, बलरामपुर हॉस्पिटल, भाउराव देवरस हॉस्पिटल, लोहिया संस्थान, राम सागर मिश्रा हॉस्पिटल, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी , सीएचसी ऐशबाग, अर्बन सीएचसी चंदननगर, अलीगंज अर्बन सीएचसी, अर्बन सीएचसी फैजाबाद रोड, अर्बन सीएचसी नवल किशोर रोड, अर्बन सीएचसी रेड क्रॉस, अर्बन सीएचसी सिल्वर जुबलीए अर्बन सीएचसी टूड़िया गंज, बख्शी का तालाब, सीएचसी चिनहट, सीएचसी माल, सीएचसी गोसाईगंज, गुडंबा सीएचसी, इटौंजा सीएचसी, काकोरी सीएचसी, मलिहाबाद सीएचसी, मोहनलालगंज सीएचसी, नगराम सीएचसी, सरोजनी नगर सीएचसी, सुपर स्पेशलिस्ट सेंटर कैंसर हॉस्पिटल, वीरांगना अवंती बाई महिला चिकित्सालय, वीरांगना झलकारी बाई महिला चिकित्सालय, एलबीआरएनए रानी लक्ष्मी बाई हॉस्पिटल, नॉर्दन रेलवे हॉस्पिटल, पीएचसी महोना, पीएचसी कठवारा, पीएचसी राजागढ़, पीएचसी कुम्हरावां, पीएचसी पूरब गांव, पीएचसी जुग्गौर, पीएचसी गंगागंज, पीएचसी कटरा बख्श, पीएचसी फतेहगंज, पीएचसी बड़ागांव, पीएचसी कसमंडी कला, पीएचसी रहीमाबाद, पीएचसी बजरगांव, पीएचसी ससपन, पीएचसी निगोहां, पीएचसी सिसेन्डी, पीएचसी हरौनी तथा पीएचसी नादर गंज शामिल हैं। इनके अलावा 13 प्राइवेट हॉस्पिटल में वैक्सीन लगाने की सुविधा है। बता दें कि निजी अस्पतालों में प्रति वैक्सीन 250 रुपये में लगेगी जबकि सरकारी केंद्रों पर वैक्सीन मुफ्त लगेगी। वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा कोविन ऐप और कोविन वेबसाइट के साथ ही आरोग्य सेतु ऐप पर भी उपलब्ध है।

## तेलगांना व झारखंड के मुल्जिम चार दिन के लिए एटीएस के हवाले

**लखनऊ।** फर्जी आईडी से भारतीय सिम प्रीएक्टिवेट कर चीन व अन्य देशों को भेजने के मामले में निरुद्ध तेलंगाना के प्रशांत कुमार पोटेल्ली का एटीएस की विशेष अदालत ने चार दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया है। कस्टडी रिमांड की यह अवधि चार मार्च की सुबह 10 बजे से शुरु होगी। एटीएस की प्रभारी विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सपना त्रिपाठी ने यह आदेश इस मामले के विवेचक पंकज अवस्थी की अर्जी पर दिया है। वहीं एक अन्य मामले में निरुद्ध मुल्जिम राज किशोर राय का भी चार दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया है।

# बंथरा में फिर तेंदुए की आहट!

**संवाददाता।** सरोजनीनगर। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार को खेतों में मृत पड़ी मिली नीलगाय और उसके शरीर का कुछ हिस्सा गायब होने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक घटनास्थल के पास तेंदुए के पग चिन्ह भी देखे गए। जिसकी वजह से करीब डेढ़ माह बाद फिर लोग तेंदुए की दहशत में आ गए हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना पाकर पहुंचे वन विभाग अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसी हिंसक जानवर ने यह घटना अंजाम दी है। फिलहाल मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ माह पहले बंथरा स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) जंगल में तेंदुआ होने की पुष्टि होने पर वन विभाग द्वारा उसको पकड़ने के लिए काफी मेहनत की गई। इस दौरान उसे पकड़ने के लिए वहां पिंजरा भी लगवाया गया, मगर कामयाबी नहीं मिली। बाद में तेंदुए का भी कोई लोकेशन नहीं पता चल सका। लेकिन बुधवार को औरावां गांव के लोग सुबह के समय अपने खेतों की तरफ गए तो वहां एक नील गाय मृत पड़ी मिली। उसके शरीर का काफी हिस्सा गायब होने के साथ ही वहां पर ताजा खून भी बिखरा पड़ा मिला। साथ ही किसी जानवर द्वारा नीलगाय को कुछ दूर तक घसीटने के निशान भी पाए गए। यह देख कर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही तमाम लोग वहां इकट्ठा हो गए। बाद में इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग अधिकारियों को दी गई। सूचना पाकर सरोजनीनगर वन रेंज के फॉरेस्टर अभिषेक सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। फॉरेस्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच पड़ताल में ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे कि तेंदुए की पुष्टि की जा सके।



**तेंदुए के पग चिन्ह व मृत मिली नीलगाय का आधा हिस्सा लापता होने से दहशत में हैं ग्रामीण**

# हाईकोर्ट ने मुल्जिमों के पैरोकारों के तर्क सुनकर दे दी जमानत

## वकीलों का न्यायिक कार्यो का बहिष्कार जारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने व नए बनने वाले सभी न्यायाधिकरणों को लखनऊ में स्थापित करने की मांग तेज करते हए अवध बार एसोसिएशन ने चार मार्च को भी न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है। बीते 24 फरवरी से वकील न्यायिक कार्यो का बहिष्कार कर रहें है। जिसके चलते न्यायिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।दूसरी तरफ जस्टिस मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने जेल में निरुद्ध मुल्जिमों की व्यथा के मद्देजनर बुधवार को जमानत के मामलों में उनके पैरोकारों को सुनना प्रारम्भ कर दिया। एकल पीठ ने गैंगस्टर से जुड़े तीन मामलों में पैरोकारों को सुना और जमानत मंजूर की। पैरोकारों का कहना था कि न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण उनके वकील अदालत में बहस करने के लिए हाजिर नहीं हो रहे हैं। ऐसे में उन्हीं को सुन लिया जाए। उनका तर्क था कि लंबे से समय से मुल्जिम जेल में है। जबकि जिस केस के आधार पर वो जेल में हैंए उनमे पहले ही जमानत हो चुकी है। जमानत पाए मुल्जिम विष्णु नारायण मिश्रा, सत्यपाल यादव व मोहम्मद शादाब उर्फ तूती हैं। इन सभी की ओर से अलग अलग जमानत याचिकाएं दाखिल की गई थी। उधर अवध बार के अध्यक्ष एचजीएस परिहार के नेतृत्व में वकीलों ने हाईकोर्ट से 1090 चैराहे तक वाहन रैली निकाली। इस रैली में भारी संख्या में वकील अपनी चैपहिया व दोपहिया वाहन लेकर शमिल हुए। इसके बाद प्रेस क्लब मे मीडिया को संबोधित किया गया। अध्यक्ष परिहार ने बताया बार एसोसिएशन आम वादकारियों की लड़ाई लड़ रही है।


न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

संख्या–300/रीडर–2021 **नोटिस** दिनांक–27.02.2021

1. श्री सिराज खान जरी आर्ट, पताः फ्लैट नं0 203, दूसरा तल 439/32, जीए तहरीनगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226003
2. श्री सिराज खान, पताः 460/69 गेंड खाना, पानी के पास की टंकी, रामगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226003
3. श्री सिराज खान जरी आर्ट, पताः फ्लैट नं0 203, और 205ए, दूसरी मंजिल प्लॉट, भूखंड निगम नामबारी 439/32 जीएएचए हुसैनाबाद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226003
4. श्रीमती रेहाना वरसी, पताः 460/69 गेंड खाना, पानी के पास की टंकी, रामगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226003
5. श्रीमती रेहाना वरसी, पताः फ्लैट नं0 203, और 205ए, दूसरी मंजिल प्लॉट, भूखंड निगम नामबारी 439/32 जीएएचए हुसैनाबाद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226003

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।

अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे। (गरिमा स्वरुप)

अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ



न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

संख्या–301/रीडर–2021 **नोटिस** दिनांक–27.02.2021

1. श्रीमती संगीता श्रीवास्तव (पत्नी स्व0 श्री अशोक श्रीवास्तव), पताः सी–3/157 विश्वेष खण्ड गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
2. श्रीमती संगीता श्रीवास्तव पता खसरा नं0 128, एसए, रकबा 0.228एच, विल्ल धनवा, चिनुठ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
3. श्री गजल श्रीवास्तव, पताः सी–3/157 विश्वेष खण्ड गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
4. श्री गजल श्रीवास्तव, पता खसरा नं0 128, एसए, रकबा 0.228एच, विल्ल धनवा, चिनुठ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
5. श्री मयूरी श्रीवास्तव, पताः सी–3/157 विश्वेष खण्ड गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
6. श्री मयूरी श्रीवास्तव, पता खसरा नं0 128, एसए, रकबा 0.228एच, विल्ल धनवा, चिनुठ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
7. श्री लावण्या श्रीवास्तव, पताः सी–3/157 विश्वेष खण्ड गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
8. श्री लावण्या श्रीवास्तव, पता खसरा नं0 128, एसए, रकबा 0.228एच, विल्ल धनवा, चिनुठ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
9. लावण्या आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड, पताः टेल्को के पास, चिनाहट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।

अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे। (गरिमा स्वरुप)

अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ


# आरक्षण ने बिगाड़े सियासी समीकरण, दिग्गजों के अरमान धराशायी

नवनीत तिवारी। मोहनलालगंज

**पंचायत चुनाव**



**त्रिस्तरीय** पंचायतों की प्रस्तावित आरक्षण सूची ने मोहनलालगंज में दिग्गजों के सियासी समीकरण बिगाड़ कर रख दिए हैं। उम्मीदों के उलट आए अनन्तिम आरक्षण में ग्राम प्रधान से लेकर क्षेत्र पंचायत प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य के पदों पर इस बार कई नए चेहरों को मौका मिलने की राह खुलती नजर आ रही है। लिहाजा सियासत की बिसात पर भाग्य आजमाने के लिए संभावित उम्मीदवारों ने तैयारी शुरु कर दी है।

मोहनलालगंज विकासखण्ड की 78 ग्राम पंचायतों में से अचलीखेड़ा ,उदयपुर ,जबरौली ,दयालपुर ,देवती ,धनुवासांड़ ,निगोहां ,बरवलिया ,भदेसुवा ,भौंदरी ,मीरखनगर ,सल्सामऊ हिल्गी समेत 19 पंचायतों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। आरक्षण की यही सूची फाइनल हुई तो इन पंचायतों के कई नामचीन सियासी चेहरे इस बार सीधेतौर पर चुनावी समर में नहीं कूद सकेंगे। इसी तरह दहियर ,अघैया ,उतरावां ,कांटा-करौंदी ,खुजेहटा ,खुझौली ,डांड़ासिकन्दरपुर ,दखिनाशेषपुर ,परेहटा ,पुरहिया ,भगवानपुर ,भावाखेड़ा ,मस्तीपुर ,शेरपुरलवल और हुलासखेड़ा समेत 21 ग्राम पंचायतों में प्रधान पद पिछड़ी जाति और पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। आरक्षण की यही तस्वीर साफहुई तो इन पंचायतों में भी अधिकतर चर्चित सियासी चेहरे सुर्खियों से दूर रहेंगे। हालांकि इस सबके बीच लालपुर ,उत्तरगांव ,कनकहा ,करोरा ,कुढ़ा ,कुशमौरा ,गढ़ी मेंहदौली ,गोविन्दपुर ,डेबरिया भरोसवा ,दाउदनगर ,पतौना ,परसपुर थट्टा ,नंदौली ,भसण्डा ,रायभानखेड़ा ,समेसी ,सिसेण्डी समेत 38 ग्राम पंचायतों में प्रधान पद अनारक्षित और महिला आरक्षित रखे जाने से दिग्गज सियासतदारों को मौका मिल रहा है। जिससे इन पंचायतों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य की अधिकतर सीटें आरक्षित हो जाने से इस बार सियासत की बिसात पर नए चेहरों को भाग्य आजमाने का अवसर मिल रहा है।

**सोशल मीडिया पर प्रचार कैम्पेन थमा ,जिपंस आरक्षित:** मोहनलालगंज में जिला पंचायत सदस्य की वार्ड संख्या 18 ,19 और 21 अनन्तिम आरक्षण सूची में अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई हैं। जबकि वार्ड संख्या 20 पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित और 23 अनारक्षित की गई है। बुधवार को सूची जारी होने के बाद खुझौली ,निगोहां और सिसेण्डी इलाके में जिपंस पद के लिए महीनों से सोशल मीडिया पर चल रहे प्रचार कैम्पेन थम गए। हालांकि इसी के साथ सियासी जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे कुछ नौजवान जल्द ही अपनी दावेदारी पेश करने की जोड़तोड़ में जरुर जुट गए हैं।

**प्रमुख पद के लिए सियासी गुणाभाग शुरू:** अनन्तिम आरक्षण सूची में मोहनलालगंज क्षेत्र पंचायत प्रमुख का पद अनारक्षित रखा गया है। जिसे लेकर सभी वर्गों में सियासी गुणाभाग शुरु हो गई है। प्रमुख पद हासिल करने के लिए सियासी दिग्गजों ने पंचायतों में अधिक से अधिक बीडीसी लड़ाने की रणनीति बनानी भी शुरु कर दी है। तेजी पकड़ रहे सियासी दांव-पेंच से मोहनलालगंज में प्रमुख पद पर सियासी संग्राम बेहद दिलचस्प होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

**पंचायतों में बढ़ेगा महिलाओं का प्रतिनिधित्व:** मोहनलालगंज की ग्राम पंचायतों में इस बार प्रधान पद पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व पिछली बार की अपेक्षा बढ़ जाएगा। वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव में ब्लाक की 10 पंचायतों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया था। जबकि मिशन शक्ति पर तेजी से काम कर रही भाजपा सरकार ने इस बार 12 पंचायतों को महिलाओं के लिए आरक्षित कर उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने का साफ संदेश दिया है।

# कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल का निर्माण कार्य समय से पूरा करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उप्र सैनिक स्कूल लखनऊ के हीरक जयन्ती समारोह के समापन कार्यक्रमों को भव्य एवं गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए। समापन समारोह की सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने इस अवसर पर सैनिक स्कूल के निर्माण कार्यों का शिलान्यास, उद्घाटन किए जाने की बात कही। साथ ही ऑडिटोरियम, बाउण्ड्री वॉल, बालिका छात्रावास, क्षमता विस्तार सहित अन्य निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय सैनिक स्कूल लखनऊ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ सम्पूर्णानन्द इस सैनिक स्कूल के संस्थापक और शिल्पी रहे हैं। सम्पूर्णानन्द जी ने देश के प्रथम सैनिक स्कूल के रूप में एक मॉडल दिया जिससे देश के अन्य क्षेत्रों में भी सैनिक स्कूलों को स्थापित करने की प्रेरणा मिली। सैनिक स्कूल में उनकी प्रतिमा की स्थापना का कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरक जयन्ती वर्ष के समापन समारोह स बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन इस प्रकार से हो कि स्कूल के छात्र, छात्राएं देश के शौर्य तथा पराक्रम की संस्कृति एवं विरासत से भली भांति परिचित हो सकें। इन कार्यक्रमों में गौरव प्राप्त पूर्व छात्रों सहित अन्य विभूतियों को आमन्त्रित किया जाए। इससे छात्र–छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। उनमें राष्ट्र के प्रति समपर्ण एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की भावना में वृद्धि होगी।

## गुड़ महोत्सव छह मार्च से, सीएम करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** प्रदेश में गन्ना विकास विभाग द्वारा राज्य गुड़ महोत्सव 2021 का आयोजन 6 व 7 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव गन्ना संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुड़ उत्पादकों को उत्तम गुणवत्ता के गुड़ और उसके सह उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही गुड़ के सह उत्पादों व गुड़ के औषधीय लाभों के प्रति जन जागरूकता का प्रसार करना है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए भूसरेड्डी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत गुड़ विशेषज्ञ गुड़ उत्पादन की नवीन तकनीकी के बारे में गुड़ उत्पादकों के साथ चर्चा करेंगे। साथ ही गुड़ के लाभ और उसके औषधीय गुण तथा गुड़ व उसके सह.उत्पादों के निर्यात की सम्भावनाओं और गुणवत्ता में सुधार पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जायेगी।

# कुपोषण से निपटने को 71 जिलों में 77 पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित

● **स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्पूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का शुभारम्भ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बुधवार को लखनऊ के अनौराकलाँ स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पाँच साल से कम आयु के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण प्रबंधन हेतु सम्पूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का शुभारम्भ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की नवीन पहल के तहत इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाए जा रहे वजन दिवस में सैम और अल्पवजन के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अगले दिन अर्थात प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को नजदीकी उपकेंद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर में उपचार एवं संदर्भन के लिए आमंत्रित कर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जानी हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित इस अभियान में कुपोषण की समाप्ति के लिए कुल 71 जनपदों में 77 पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से प्रत्येक वर्ष लगभग 18,000 सैम से ग्रसित बच्चों का चिकित्सकीय उपचार किया जा रहा है। आज से प्रारम्भ किए जाने वाले इस विशेष दिवस के सम्बंध में विस्तार से बताते हुए डा वेदप्रकाश, महाप्रबंधक, बाल स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कहा कि फिक्स्ड डे –फिक्स्ड साइट रणनीति पर आधारित इस पहल में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार के इन विशेष सत्रों का क्रियान्वयन स्वास्थ्य विभाग की एएनएम–सीएचओ एवं आशा कार्यकत्री एवं आईसीडीएस विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्री के समन्वय से किया जाएगा।



राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु चलाए गए निधि समर्थन अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक के कल्याणपुर शाखा के शाखा प्रबंधक शशांक ने रुपए 101116 का चेक कन्हैया बस्ती के स्वयंसेवक अभियान प्रमुख और नगर निधि प्रमुख मनीष यादव को सौंपा।

## इंटरनेशनल गणितीय प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र चैम्पियन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-3 के छात्र मिहिर सिंह ने इंटरनेशनल ऑनलाइन एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2021 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई देशों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के इस मेधावी छात्र ने एबाकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## मड़ियांव में युवक ने लगाई फांसी

लखनऊ। मड़ियांव इलाके के समाधान पुरवा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि समाधान पुरवा निवासी मनोज यादव की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। मनोज के कोई संतान नही थी और वह मानसिक तनाव में चल रहा था। उसका काफी दिनों से इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि मनोज ने अपनी बाग में पेड़ से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जांच की जा रही है।

## एलयू ने कॉलेजों से मांगा शिक्षकों का ब्यौरा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध कालेजों से पीएचडी कराने के लिए योग्य शिक्षकों के बारे में जानकारी तलब की है। जिससे कालेजों के शिक्षकों को उनकी योग्यता अनुसार पीएचडी कराने का अवसर दिया जा सके। इस बार विवि में स्नातक कोर्सों के साथ ही पीएचडी दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। यह सभी दाखिले पीएचडी के नए आर्डिनेंस के अनुसार लिए जाएंगे। पहली बार विश्वविद्यालय रेगुलर के साथ पार्ट टाइम पीएचडी का भी मौका देगा।

## खाद्य विभाग के कैंप में हुए 82 पंजीकरण



**लखनऊ।** व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए एल्डिको चिनहट गोमती नगर उद्योग व्यापार मंडल की अगुवाई व सहयोग से बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से एल्डिको चौराहे पर पंजीकरण कैंप आयोजित किया गया। जिसमें खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी विमलेश कुमार, डॉ अंकिता यादव एवं डॉ अजय मौर्या के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बताया कि कैंप लगाने का उद्देश्य व्यापारियों को बिना किसी असुविधा खाद्य विभाग द्वारा लाइसेंस जारी करना था। उन्होंने बताया कि आज के कैंपस में 82 व्यापारियों ने अपना पंजीकरण कराया है। जिन्हें खाद्य विभाग की ओर से लाइसेंस जारी किया जाएगा। यदि इसके बाद भी कुछ लोग रह गए हैं जिन्हें पंजीकरण कराना है तो उनके लिए पुनः कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## एलडीए बोर्ड के नवनिर्वाचित सदस्यों ने वीसी से की मुलाकात



लखनऊ। एलडीए बोर्ड में सदस्य नवनिर्वाचित नगर निगम भाजपा पार्षदों ने एलडीए वीसी से मुलाकात की। नवनिर्वाचित पार्षदों ने वीसी से शहर के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। वहीं एलडीए वीसी ने सदस्यों को हर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन भी दिया है। बुधवार को एलडीए बोर्ड के नवनिर्वाचित सदस्यों राम कृष्ण यादव, राघव राम तिवारी, संजय सिंह राठौर ,उपनेता भाजपा पार्षद दल कौशलेंद्र द्विवेदी और नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति रजनीश कुमार गुप्ता ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश से भेंट की। भेंट के दौरान लखनऊ के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई, जिसमें शहर की जाम की समस्या के समाधान, अवैध निर्माण, ग्रीन बेल्ट के संरक्षण व विकास प्राधिकरण की कालोनी व् लैट में नागरिकों की समस्याओं सहित विभिन्न योजनाओं के प्रभावित किसानों व उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। उपाध्यक्ष ने सभी समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## इंजीनियरिंग व एमबीए छोड़ अन्य में दाखिले के आवेदन 18 से

**लखनऊ।** इंजीनियरिंग एवं एमबीए छोड़ अन्य पाठ्यक्रमो में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 18 मार्च से आवेदन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। आवेदन पत्र डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के बीफार्म, बीटेक लेटरल, बीफार्म लेटरल, बीएचएमसीटी, बीएफए, बीएफएडी, बीडेस, बीवाक, एमसीए, एमबीए इंट्रीग्रेटेड एवं एमसीए इंट्रीग्रेटेड पाठ्यकर्मो में प्रवेश के लिए मान्य होंगे।

# मोदी–योगी के राज में बह रही विकास की गंगाः स्वाति

**संवाददाता।** सरोजनीनगर



**क्षेत्रीय** विधायिका एवं प्रदेष की महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने अगर ईमानदारी से काम किया होता उत्तर प्रदेष पहले ही उत्तम प्रदेश बन चुका होता। लेकिन अब मोदी व योगी के राज में देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। मंत्री बुधवार को सरोजनीनगर विकासखंड कार्यालय में नवनिर्मित सभा कक्ष के उद्घाटन के दौरान बोल रही थी। ब्लाक प्रमुख निषा यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में खंड विकास अधिकारी निषांत राय द्वारा क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यो की जानकारी दी। इससे पहले मंत्री श्रीमती सिंह ने प्रदेश की मंत्री स्वाति सिंह ने ब्लॉक कार्यालय परिसर में नवनिर्मित सभाकक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर हुए लोकार्पण कार्यों में चतुर्थ राज्य वित्त एवं पंचम वित्त और 15वां वित्त आयोग द्वारा कराए गए लोनहा में प्राथमिक स्कूल के पीछे से रेलवे लाइन के पीछे तक सीसी रोड का निर्माण, ब्लाक कार्यालय परिसर में अभिलेखागार कक्ष का निर्माण, साधन सहकारी समिति नारायणपुर की मरम्मत व जीर्णोद्वार, मखदुमपुर कैथी में सामुदायिक शौचालय का निर्माण, ब्लाक कार्यालय परिसर में सभा कक्ष, अनूप खेड़ा में श्यामलाल के मकान से हरि शंकर के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य, औरावां में छेदीलाल के घर से नौमी पाल के घर तक सीसी रोड का निर्माण, जैती खेड़ा में मोहनलालगंज–बनी मार्ग से भौदरी ग्राम पंचायत सीमा तक सीसी रोड आदि कार्य शामिल है।

## सूबे में 10 से 24 मार्च तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत योजना के चयनित लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में 10 से 24 मार्च तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस बावत अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। आयुष्मान पखवाड़े के संबंध में नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया जिले में सभी जन सुविधा केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में निशुल्क गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। पहले इसके लिए लाभार्थी को 30 रूपये देने पड़ते थे। एक मार्च से गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए जन सुविधा केंद्र द्वारा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इस पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के चिन्हित परिवारों का कार्ड निर्गत किया जाएगा।

## मोदी सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतरः प्रमोद

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि हम दो, हमारे दो के नारे को अमलीजामा पहनाते हुए कोविड– 19 की वैश्विक महामारी में मोदी द्वारा दिया गया संदेश कि आपदा को अवसर में बदलो, पूरी तरह चरितार्थ हुआ है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार जहां गुजराती गौतम अडाणी की सम्पत्ति वर्ष 2020 में 100 प्रतिशत बढ़ी वहीं दूसरे गुजराती मुकेश अंबानी की सम्पत्ति में वर्ष 2020 में 24 प्रतिशत का इजाफा हुआ और वे एशिया महाद्वीप के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। तिवारी ने कहा है कि एक तरफ स्विस समझौते का उल्लंघन करते हुए चीन ने क्रूरता पूर्वक हमारे निहत्थे 20 जांबांज जवानों को शहीद किया तब प्रधानमंत्री ने संदेश दिया था कि चीनी सामान का बहिष्कार करो। जनता से तो उन्होंने यह कहा, परन्तु उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार ठीक इसके उल्टा कर रही है और चीन से फरवरी माह तक आयात 7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि फरवरी माह में निर्यात 0.25 प्रतिशत नीचे गिरा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि मोदी सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है। उन्होंने कहा कि आखिर मोदी की कौन सी मजबूरी है कि वे चीन के राष्ट्राध्यक्ष को झूला भी झुलाते हैं, वीर जवानों के शहीद होने पर कठोर संदेश भी नहीं देते हैं।

# करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा

● **आबकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहा था खेल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**संगठित** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसटीएफ को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब आबकारी उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त सूचना को विकसित कर एवं अपर मुख्य सचिव एवं आबकारी आयुक्त से समन्वय स्थापित कर कॉपरेटिव कंपनी लि. टपरी, सहारनपुर एवं लोकल आबकारी डिस्ट्रीब्यूटरों एवं कोऑपरेटिव फैक्टरी टपरी सहारनपुर में नियुक्त आबकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से भारी मात्रा में टैक्स एवं एक्साइज ड्यूटी चोरी की सूचना पर कॉपरेटिव कंपनी टपरी सहारनपुर में रेड करके कम्पनी के एक दर्जन अधिकारियों कर्मचारियों एवं ट्रांसपोर्टरों, लोकल डिस्ट्रीब्यूटर जिनमें उपेंद्र गोविंद राव, हरि शरण तिवारी, अरविंद कुमार, प्रदीप राठी, जय भगवान शर्मा, गुलशेर, संजय शर्मा, मांगे राम त्यागी को हिरासत में लेकर गहन पूंछताछ की गई उनके द्वारा बताई गई सूचना के आधार पर आबकारी विभाग के कानपुर लखनऊ मार्ग पर स्थित आबकारी गोदाम पर भी छापेमारी की गई है यहां पर भारी अनियमितता प्रकाश में आई है, प्राथमिक जांच में प्रकाश में आया है कि एक टैक्स इनवॉइस या गेटपास पर एक ही गाड़ी से 2 बार शराब निकाल कर वेयर हाउसों पर पहुचायी जा रही थी इससे एक बार में लगभग 32 लाख रुपये की टैक्स राजस्व चोरी की जाती है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि टपरी सहारनपुर के यूनिट हेड व उनका स्टाफ बिभिन्न जनपदों के आबकारी डिस्ट्रीब्यूटरों व ट्रांसपोर्टरों के साथ मिलकर शराब फैक्टरी के अभिलेखों में हेराफेरी कर बड़े पैमाने पर टैक्स एक्साइज ड्यूटी की चोरी कर प्रति माह करोड़ो के राजस्व का नुकसान कर रहे है। इस बड़े घोटाले का संचालन कॉपरेटिव फैक्टरी के प्रोडक्शन यूनिट हेड उपेंद्र गोविंद राव द्वारा किया जा रहा था।

# गर्भवतियों के लिए वरदान साबित हुई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

● **अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के दौरान सौ फीसद से अधिक रही उपलब्धि**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जच्चा**–बच्चा के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती धात्री महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के बीच सौ फीसद से भी अधिक उपलब्धि दर्ज की गई है। इस दौरान योजना के तहत 931854 गर्भवती को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया था जिसके सापेक्ष उपलब्धि 936294 रही है। योजना के राज्य नोडल अधिकारी राजेश बांगिया का कहना है कि योजना के शुरुआत से अब तक (जनवरी 2017 से फरवरी 2021) प्रदेश का कुल लक्ष्य 3926370 निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष 3748657 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 95.47 फीसद है। उनका कहना है कि कोरोना के चलते जब देश में कई योजनाओं पर विराम लग गया था उस दौरान भी इस योजना से गर्भवती को लाभान्वित किया जाता रहा। यह जरूर था कि बहुत सारी बंदिशों और प्रोटोकाल के चलते लक्ष्य और उपलब्धि में फर्क देखने को मिला किन्तु जब स्थितियां नियंत्रण में आयीं तो उस लक्ष्य को पाने के लिए सौ फीसद से बहुत ज्यादा की उपलब्धि हासिल कर उस अंतर को ख़त्म कर दिया गया। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 तक की स्थिति के बारे में उन्होंने बताया कि इस दौरान हर महीने 84714 गर्भवती को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष अप्रैल में 37.87 फीसद, मई में 48.60 फीसद, जून में 83.06 फीसद, जुलाई में 89.95 फीसद, अगस्त में 96.04 फीसद, सितम्बर में 127.57 फीसद, अक्टूबर में 113300 गर्भवती को लाभान्वित कर 133.74 फीसद तक उपलब्धि हासिल की गयी।

# दुनिया में लगभग 4.7 करोड़ लोग बधिरता से पीड़ित



● **वर्ल्ड हिअरिंग डे पर केजीएमयू में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के नाक–कान एवं गला विभाग द्वारा बुधवार को वर्ल्ड हिअरिंग डे पर सेल्बी हाल में जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डा बिपिन पुरी रहे। अपने सम्बोधन में कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डा बिपिन पुरी ने कहा मुझे खुशी है कि हेड एंड सर्जरी विभाग डब्ल्यूएचओ के साथ मिलकर इस दिन की मेजबानी कर रहा है। हमारा उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर कान और सुनने की देखभाल के बारे में आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रो ईशा त्यागी न्यूरो सर्जन एएसजीपीजीआई ने बहरेपन और श्रवण हानि रोकने के लिए उससे सम्बंधित सावधानियों से अवगत कराया। डा अनुपम मिश्र विभागाध्यक्ष ईएनटी विभाग ने बताया विश्व में लगभग 4.7 करोड़ लोग बधिरता से पीड़ित हैं। जिसमे से 3.5 करोड़ बच्चे है और आगे आने वाले समय में यह संख्या वर्ष 2050 तक 90 करोड़ पहुँच सकती है। जिसमें यदि कान की समस्याओं को समय रहते निवारण किया जाये तो 60 प्रतिशत लोगों को इससे बचाया जा सकता है।


**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, सकरनं, जनपद –सीतापुर।**

पत्रांकः बी0आर0सी0/भोजन,चाय,स्नेक्स निविदा/445/2020–2021 दिनांक–03–03–2021

**अति अल्पकालिक ई. टेण्डर विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रॉक गुण0वि0/टी0टी0/88083–315/8808 2020–21 दिनांक 15 जनवरी 2021 के क्रम में वर्ष 2020–21 में विकासखण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण व पत्रॉक स०शै0/42405–555/2020–21 दिनांक 08/01/2021 के अन्तर्गत छः दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के भोजन एवं चाय नाश्ता की आपूर्ति हेतु अतिअल्पकानिक ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। भोजन एवं चाय नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 200/ तथा अर्नेस्ट मनी रू0 5000/ है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रित करने की तिथि | दि0 03.03.2021 |
| 2 | निविदा ऑनलाइन प्रारम्भ करने की तिथि व समय | दि0 03.03.2021 की सायं 06.00 बजे से |
| 3 | निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| 4 | ऑन लाईन निविदा के संलग्न प्रपत्रों को कार्यालय में जमा करने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 11.00 बजे तक |
| 5 | निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 12 बजे |

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 200/ का बैंक ड्राफ्ट ब्लाक संसाधन केन्द्र सकरनं के पक्ष में देय हो को मूल रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी व उससे सम्बन्धित प्रपत्र कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, सकरनं में अन्तिम तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य है।

उक्त प्रशिक्षणों में भोजन आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु बजट का प्राविधान/नियम व शर्ते पृथक–पृथक दी गई है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये ई–निविदा दाताओं द्वारा ई–निविदा में पृथक–पृथक प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य होगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासक्षेत्र–सकरनं
जनपद–सीतापुर।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, बिसवां, जनपद –सीतापुर।**

पत्रांकः बी0आर0सी0/भोजन,चाय,स्नेक्स निविदा/349/2020–2021 दिनांक–03–03–2021

**अति अल्पकालिक ई. टेण्डर विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रॉक गुण0वि0/टी0टी0/88083–315/8808 2020–21 दिनांक 15 जनवरी 2021 के क्रम में वर्ष 2020–21 में विकासखण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण व पत्रॉक स०शै0/42405–555/2020–21 दिनांक 08/01/2021 के अन्तर्गत छः दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के भोजन एवं चाय नाश्ता की आपूर्ति हेतु अतिअल्पकानिक ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। भोजन एवं चाय नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 200/ तथा अर्नेस्ट मनी रू0 5000/ है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रित करने की तिथि | दि0 03.03.2021 |
| 2 | निविदा ऑनलाइन प्रारम्भ करने की तिथि व समय | दि0 03.03.2021 की सायं 06.00 बजे से |
| 3 | निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| 4 | ऑन लाईन निविदा के संलग्न प्रपत्रों को कार्यालय में जमा करने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 11.00 बजे तक |
| 5 | निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दि0 08.03.2021 को अपराह्न 12 बजे |

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 200/ का बैंक ड्राफ्ट ब्लाक संसाधन केन्द्र बिसवां के पक्ष में देय हो को मूल रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी व उससे सम्बन्धित प्रपत्र कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, बिसवां में अन्तिम तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य है।

उक्त प्रशिक्षणों में भोजन आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु बजट का प्राविधान/नियम व शर्ते पृथक–पृथक दी गई है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये ई–निविदा दाताओं द्वारा ई–निविदा में पृथक–पृथक प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य होगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासक्षेत्र–बिसवां
जनपद–सीतापुर।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारो को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्टज एसी पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा। **1. खण्ड** : नन्दगंज (Excl) – गाजीपुर सिटी (Incl) तारीख 02.03.2021

मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण, गोरखपुर

मुजाधि/विद्युत = 106

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं. 09794845955 पर एसएमएस करें।

ट्रेनों में बीड़ी /सिगरेट न पियें

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–114–118–ई0टी0सी0 (प्र0)ए0/2020–2021 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । ई–निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अल्पकालिन ई–निविदा संख्या–114–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 : – 400 के0वी0 उपकेन्द्र पनकी पर 400 के0वी0 रीवा रोड "बे" को "बे" नम्बर–06 से "बे" नम्बर–07 पर स्थानान्तरित किये जाने के कार्य हेतु, (2) अल्पकालिन ई–निविदा संख्या–115–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 : – मुख्य अभियन्ता (पा0द0पू0), प्रयागराज एवं विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, प्रयागराज कार्यालय के वेतन आदि कार्यो को एक वर्ष हेतु कम्प्यूटर के माध्यम से निष्पादित किये जाने हेतु, (3) ई–निविदा संख्या–116–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 : – 220 के0वी0 उपकेन्द्र फूलपुर पर स्थापित 160 एम0वी0ए0 (अरेवा मेक) परिवर्तक की गैसर्किट बदलने एवं सम्बन्धित कार्य हेतु, (4) ई–निविदा संख्या–117–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र फूलपुर पर स्थापित मल्सीफायर, हाइड्रेन्ट एवं नाइट्रोजन इन्जेक्सन फायर प्रिवेन्सन सिस्टम की पाइप लाइनों की पेन्टिग के कार्य हेतु, (5) ई–निविदा संख्या–118–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र फूलपुर पर स्थापित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 पुरानी सी0टी0 एवं पी0टी0 को बदलने के कार्य हेतु, अल्पकालिन ई–निविदा सं0 114 से 115 दिनांक 20–03–2021 एवं ई–निविदा सं0 116 से 118 दिनांक 06–04–2021 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज।** पत्रांक–667 दिनांक :– 3.3.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"।

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या–298/रीडर–2021 दिनांक–27.02.2021

**नोटिस**

1. श्री कालू बृजेश, पताः 215/356 केए, सुभाष मार्ग, बशीरत गंज, राजेन्द्र नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226004
2. श्री कालू बृजेश, पताः संपत्ति नगर निगम नं0 215/357, खा/2, सुभाष मार्ग, वार्ड बशीरत गंज, राजेन्द्र नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226004
3. श्री बृजेश कुमार, पताः 215/356 केए, सुभाष मार्ग, बशीरत गंज, राजेन्द्र नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226004
4. श्री बृजेश कुमार, पताः संपत्ति नगर निगम नं0 215/357, खा/2, सुभाष मार्ग, वार्ड बशीरत गंज, राजेन्द्र नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226004

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।
अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या–297/रीडर–2021 दिनांक–27.02.2021

**नोटिस**

1. श्री गिरिजेश कुमार शर्मा, 565/179, पूरन नगर आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226005
2. श्री गिरिजेश कुमार शर्मा, प्लॉट नं0 38 खसरा नं0 120 (एम), गॉव, औरंगाबाद जगसीर, वार्ड राजा बिजली पासी, तहसील सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
3. श्रीमती शर्मा राजकुमारी जयंतीलाल, 565/179, पूरन नगर आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226005
4. श्रीमती शर्मा राजकुमारी जयंतीलाल, प्लॉट नं0 38 खसरा नं0 120 (एम), गॉव, औरंगाबाद जगसीर, वार्ड राजा बिजली पासी, तहसील सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।
अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

# स्वर्ण व्यवसाई से असलहा सटा कर 35 लाख की लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**राजघाट** थाना क्षेत्र के पांडेयहाता के पास ट्रांसपोर्ट नगर से पांडेय हाता होते हुए अमृतसर पंजाब के शैलेंद्र सिंह पुत्र दुर्गा सिंह झोले में जेवरात लेकर आ रहे थे कि स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पीछे से असलहा सटा कर व्यापारी का झोला लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना सोनार कारोबारियों को दिया और अपनी आपबीती बताया। बताया जाता है कि मंगलवार रात 9 बजे व्यापारी ने पुलिस को सूचना दिया तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर एडीजी अखिल कुमार, आईजी राजेश डी राव मोदक, डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने लगे। घटनास्थल के पास एक दुकानदार के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे बदमाशों की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस ने डीवीआर कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### ● एडीजी जोन, आईजी, डीआईजी/एसएसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

पीड़ित शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वह पिछले 10 सालों से गोरखपुर में सोने का कारोबार कर रहा है। वह राधेश्याम धर्मशाला हलसीगंज में ठहरता है। वह आज खलीलाबाद से चलकर गोरखपुर पहुंचा। नौसढ से वह पैदल ही आ रहा था कि पीछे से स्कूटी सवार आए दो बदमाश उसका जेवरात से भरा झोला लेकर फरार हो गए जिसकी कीमत लगभग 3500000 रुपए होगी। एसएसपी जोगिंदर कुमार ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सीओ कैंट सीओ कोतवाली क्राइम ब्रांच को लगाया गया है। जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के खुलासे के लिए खलीलाबाद पुलिस की भी मदद ली जाएगी।

## दहेज हत्या के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**क्षेत्र में** मामूर जनपद के विभिन्नि थानों की पुलिस टीम ने आज विभिन्न मामलों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना बड़हलगंज की टीम ने दहेज हत्या के आरोप में वांछित अभियुक्त शिवेन्द्र मिश्रा पुत्र लालमन मिश्रा निवासी निमुजौना थाना बड़हलगंज को गिरफ्तार किया। थाना गीडा की टीम ने हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के साथ अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र ऋक्षिपाल सिंह निवासी हरापुरा थाना रनिया जनपद सिरसा हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर 149 पेटी हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब (कीमत करीब 10 लाख रूपया) बरामद किया गया।

## अयोध्या में खुला श्रीहनुमद् जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय

**अयोध्या।** रामनगरी के रामकोट स्थित सीता राजमहल में बुधवार को श्रीहनुमद् जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का कार्यालय खोला गया। दीपप्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चारण और आरती-पूजन के साथ ट्रस्ट कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर पम्पापुर किष्किंधा से पधारे संत गोविंदानंद सरस्वती ने कहा कि हमारा लक्ष्य अयोध्या और किष्किंधा को जोड़ना है। जिस प्रकार त्रेतायुग में भगवान राम के समय किष्किंधा और अयोध्या के सम्बंध थे। ठीक उसी प्रकार फिर से स्थापित करना है। इससे दक्षिण और उत्तर का रिश्ता अधिक मजबूत होगा। किष्किंधा में बजरंगबली का भव्य मंदिर बनने जा रहा हैए जिसमें लगभग दो सौ पंद्रह फिट की मूर्ति स्थापित होगी।हमारा कार्य भक्तों को धार्मिक भावना से जोड़ना है। भक्ति का प्रचार करना और हनुमान की विशाल मंदिर बनवाना यही लक्ष्य है। राममंदिर निर्माण के साथ किष्किंधा में हनुमंत लला की जन्मस्थली पर मंदिर के लिए अभियान शुरू किया जायेगा। पम्पा क्षेत्र से महाशिवरात्रि पर रथयात्रा निकलेगी। जो 12 वर्षों तक यात्रा के जरिए सनातन धर्मियों को हनुमान मंदिर निर्माण के लिए जागरूक करेगा। यह रथयात्रा छरू महीने से लेकर एक वर्ष की अवधि तक भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में भ्रमण करेगी। उन्होंने कहा कि हनुमत जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए भगवान राम के आशीर्वाद स्वरुप चरण पादुका लेने किष्किंधा से अयोध्या आया हूं। श्री राम जन्मभूमि में पादुका के विधिवत पूजन और प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने मुझे पादुका सौंप दी है। संत गोविंदानंद सरस्वती ने कहा कि किष्किंधा से अयोध्या का अटूट संबंध। श्रीराम और हनुमान के मिलन स्थल पम्पा क्षेत्र में भगवान राम की चरण पादुका स्थापित की जायेगी। इस अवसर पर सीताराज महल के महंत श्याम बिहारी दासए रामलला पुजारी प्रदीप दास समेत अन्य साधु.संत उपस्थित रहे।

### ● 12 वर्षों तक यात्रा के जरिए सनातन धर्मियों को हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किया जाएगा जागरूक

## बारात घर को तहसील प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

**गोरखपुर।** सदर तहसील के चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत जंगल कौड़िया ब्लाक के ग्राम, पोस्ट मीरपुर के ग्राम सभा में 10 वर्ष पहले सांसद निधि द्वारा ग्रामीणों के मांगलिक कार्यक्रम हेतु बारात घर का निर्माण कराया गया था। विगत 5 वर्षों से वहां पर मौजूद ग्रामीण द्वारा बारात घर में भूसा रखकर कब्जा कर लिया गया। जिसके संदर्भ में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाए उच्च अधिकारियों व एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर बारात घर को खाली कराने के लिए अवगत कराया था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर तहसीलदार डॉक्टर संजीव दीक्षित को मौके मुआयना करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा था। तहसीलदार सदर डॉक्टर संजीव दीक्षित के रिपोर्ट पर अवैध तरीके से कब्जा किए हुए बारात घर को क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो व स्थानीय पुलिस की मदद से खाली कराया गया। इस दौरान बंदोबस्त कानूनगो अरुण कुमार श्रीवास्तव, राजेश कानूनगो, घनश्याम शुक्ला लेखपाल, जोहर सिंह लेखपाल, रेनू गुप्ता, स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश पांडेय, घनश्याम उपाध्याय, दीवान राघवेंद्र प्रताप सिंह, सिपाही संग्राम यादव मौजूद रहें।

## ले. शाही का आगमन आज

**गोरखपुर।** प्राप्त सूचना के अनुसार ले. जनरल रविन्द्र प्रताप शाही, ए.वी.एस.एम. (मुख्य सचिव स्तर) उपाध्यक्ष, उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का 4 मार्च को 18.30 बजे जनपद में आगमन होगा। वह 5 मार्च को शहीद बन्धु सिंह डिग्री कालेज करमहां में शहीद बन्धु सिंह डिग्री कालेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) के सप्त दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के उपरान्त 1.30 बजे से देवरिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अपमिश्रित शराब बेचा तो कार्रवाई तय

**गोरखपुर।** पंचायत चुनाव और आगामी होली पर्व के मद्देनजर डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार के निर्देश पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद बनाये रखने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह के पर्वेक्षण में थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने गोरखनाथ क्षेत्र के सभी अंग्रेजी व देशी शराब के दुकानदारों के साथ थाना परिसर पर मीटिंग किया। सभी को सख्त लहजे में चेतावनी भी दिया कि जो समय सीमा निर्धारित की गयी है उसी समय सीमा पर ही दुकान खोले और बन्द करें। अपमिश्रण शराब किसी भी कीमत पर बिकनी नहीं चाहिए।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बैठक

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर एवं खण्ड विकास अधिकारी सुश्री कविता अवस्थी के निर्देश के अनुपालन में एक अति आवश्यक बैठक ब्लाक मुख्यालय के सभा कक्ष एव ग्राम पंचायत टेल्हनापार के पंचायत भवन पर गांव की महिलाओं व सफाई कर्मचारियों को इकठ्ठा करके किया गया। सभी उपस्थित को निर्देशित किया गया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं मिशन शक्ति के तहद नारियों का सम्मान करना हम सभी का उत्तरदायित्व है। हम सभी लोग मिलकर महिलाओ को मजबूत व स्वावलम्बी बनाने का कार्य करें। सम्बन्धित लोग गांव की समस्त नालियों की विधिवत साफ-सफाई झाड़ियो की कटाई एन.टी.लार्वा का छिड़काव, फागिंग, सेनिटाइजेशन करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सहायक विकास अधिकारी (पं.) रामनगीना यादव खण्ड प्रेरक चेतई प्रसाद पटवा, उर्मिला यादव, प्रियंका यादव टीम लीडर भुल्लन पासवान, गांव की उपस्थित महिला निर्मला देवी, श्रीजावती, सुशीला देवी, कौशिल्या, मीरा देवी, बेचनी देवी, निर्मला देवी, भाना देवी, सन्ध्या देवी, माया देवी, कुन्ती देवी, ममता, सन्ध्या व सरिता देवी आदि के साथ सफाई कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### दस लाख के बकायेदार का प्रतिष्ठान सील

**गोरखपुर।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना ने राजस्व वसूली को लेकर राजस्व अमीनों का पेच कसा। राजस्व वसूली को गति लाने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना ने सख्त निर्देश दिया है कि राजस्व वसूली के दिए गए लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। आज अमीनों ने तत्परता दिखाते हुए तहसीलदार सदर डॉक्टर संजीव दीक्षित के निर्देशन में बरगदवा स्थित 894000 के बकायेदार वीरेंद्र कुमार जयसवाल के प्रतिष्ठान को सील करते हुए बकाया धनराशि को जल्द से जल्द जमा करने को कहा। कार्रवाई में योगेंद्र चौबे, वशिष्ठ सिंह, अजय ओझा, संग्रह अमीन व हिमांशु, संग्रह अनुसेवक शामिल रहें।

### शरीर और मस्तिष्क को शिक्षित करने का माध्यम है खेल: प्रो. विनोद

**गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रो. विनोद सिंह, रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्यन विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, ने कहा कि खेल, शरीर और मस्तिष्क को भावी जीवन के निर्माण के लिए शिक्षित करने के साथ ही साथ व्यक्तियों को प्रतिस्पर्धा हेतु तैयार करता है। खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करना कोई मायने नहीं रखता बल्कि मायने रखता है प्रतिभाग करना। इसलिए अपने रुचि के अनुसार खेल में प्रतिभाग अवश्य करें। यह व्यक्तियों में अनुशासन, स्वास्थ्य, साहस,उत्साह तथा सद्गुणों का विकास करते हुए उत्तम जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

### पीएम करेंगे परीक्षार्थियों से चर्चा

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा किये जाने के सम्बंध में शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा अभियान उ.प्र. द्वारा बताया गया है कि परीक्षा का चर्चा चौथा संस्करण प्रधानमंत्री द्वारा छात्रों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के साथ मार्च के तृतीय सप्ताह में ऑन लाइन मोड से सम्पादित होगा और परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु पूरे देश से 2 हजार प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा। प्रतिभागियो को चयन ऑन लाइन कंप्टीशन के माध्यम से किया जायेगा जो 14 मार्च के मध्य आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र, शिक्षक तथा उनके अभिभावक प्रतिभाग करेंगे, प्रत्येक प्रतिभागी को एनसीईआरटी की ओर प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या–294/रीडर–2021 **नोटिस** दिनांक–27.02.2021

1. श्री अतुल शर्मा, 117, अवधपुरी, खरगापुर, खण्ड–2, गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
2. श्री अतुल शर्मा, प्लाट नं0 117, खसरा नं0 135 पर, तहसील के खरगापुर परगना में एसए (एम) जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
3. श्री गोप शर्मा, 117, अवधपुरी, खरगापुर, खण्ड–2, गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010
4. श्री गोप शर्मा, प्लाट नं0 117, खसरा नं0 135 पर, तहसील के खरगापुर परगना में एसए (एम) जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।
अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

## सकारात्मक शब्द सेतु बनते हैं: आचार्य राधेश्याम शास्त्री



**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य प्रख्यात कथा व्यास आचार्य राधेश्याम शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद ओ द्वारा अशर्फी भवन चौराहे के पास एक सभागार में श्रीमद्भागवत के द्वितीय दिवस की कथा प्रसंग में बताया कि मनुष्य और सत्य के बीच भी शब्द की ही दीवार है। शब्द ही सत्य का परिचायक भी है। नकारात्मक शब्द दीवार बनता है और सकारात्मक शब्द सेतु बनते हैं। शब्दों का एक घेरा है और हम सब उसमें सम्मोहित है। शब्द हमारी निद्रा है और शब्द के सम्मोहक अनुसरण में हम अपने आपसे बहुत दूर निकल गए है। स्वयं से जो दूर और स्वयं से जो अपरिचित है। वह सत्य से निकट और सत्य से परिचित नहीं हो सकता है। इसलिए कि स्वयं का सत्य ही सबसे निकट का सत्य है, शेष सब दूर है। शब्द स्वयं को नहीं जानने देते है। उनकी तरंगों में वह सागर छिप ही जाता है। शब्दों का कोलाहल उस संगीत को अपने तक पहुंचने नही देता है। शब्द का धुआं सत्य की अग्नि प्रकट नहीं होने देता है और हम अपने वस्त्रों को ही जानते-जानते मिट जाते है और उसे नहीं मिल पाते जिसके वस्त्र थे और जो वस्त्रों में था, लेकिन केवल वस्त्र ही नहीं था।

व्यासपीठ से श्री शास्त्री जी ने कहा की विचार, स्मृतियाँ, कल्पनाएं और स्वप्न ये सब शब्द ही है, और मैं शब्द के पर्त-पर्त घेरों में बंधा हूं। क्या मैं इन विचारों पर ही समाप्त हूं, या कि इनसे भिन्न और अतीत भी मुझमें कुछ है।

## एनटीपीसी टांडा द्वारा विकसित एएनएम सेंटर का लोकार्पण

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**एनटीपीसी** टांडा ने मंगलवार को हकीमपुर ग्राम सभा में स्थित कुतुबपुर गाँव में सामुदायिक विकास योजना के तहत विकसित ऑक्सिलरी नर्सिंग मिडवाइफरी (एएनएम) केंद्र का लोकार्पण किया। यह केंद्र ग्रामीणों के प्राथमिक उपचार और मातृ एवं शिशु देखभाल के लिए सहयोग परक रहेगा। एस एन पाणिग्रही, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, एनटीपीसी टांडा ने केंद्र को सार्वजनिक उपयोग के लिए सौंप दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सैमुअल पॉल एन (आईएएस), जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर रहे।

इस आयोजन पर अधिकारीयों ने गाँव की महिलाओं से बात की और उन्हें आवश्यकता पड़ने पर नवनिर्मित एएनएम केंद्र का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। फिर उन्होंने एनटीपीसी टांडा द्वारा विकसित केंद्र परिसर का निरीक्षण भी किया। के. श्रीनिवास राव, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी टांडा ने कहा, स्वास्थ्य एनटीपीसी टांडा की सामाजिक नैगमिक दायित्व एवं सामुदायिक विकास की प्राथमिकताओं का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है एवं समस्त परियोजना प्रभावितों को चिकित्सा और स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है। ग्राम कुतुबपुर स्थित इस एएनएम केंद्र का निर्माण एनटीपीसी टांडा की सी एस आर-सी डी के अंतर्गत कराया गया है जिससे आस पास के लगभग 1300 ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्वक चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराई गयीं हैं। यह उद्घाटन आदरणीय के. श्रीनिवास राव, मुख्य महाप्रबंधक, (एनटीपीसी टांडा), आलोक प्रियदर्शी, पुलिस अधीक्षक, (अंबेडकरनगर), घनश्याम मीणा (आईएएस), मुख्य विकास अधिकारी, (अंबेडकरनगर), डॉ दिनेश कुमार वर्मा, अधीक्षक, (पीएचसी टांडा), अभिषेक कुमार पाठक, (उप जिलाधिकारी टांडा), जे एस अहलावत, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), एस एन पाणिग्रही, अपर महाप्रबंधक, (मानव संसाधन), एवं एनटीपीसी टांडा के वरिष्ठ अधिकारीयों की गरिमामयी उपस्तिथि में किया गया।

## रमाबाई में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**रमाबाई राजकीय** महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में रसायन विज्ञान परिषद, वनस्पति विज्ञान परिषद, जन्तु विज्ञान परिषद व एक भारत व श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रसायन विज्ञान विभाग में डॉ सीमा यादव के निर्देश में अपशिष्ट पदार्थों के सही प्रबंधन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आंचल चौरसिया, कीर्ति मौर्या व अंकिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वनस्पति विज्ञान प्रभारी डॉ विजय प्रकाश सिंह के निर्देशन में कोविड महामारी एक दृष्टिकोण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अपूर्वा , अंकिता व अंशि ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जन्तु विज्ञान विभाग में पर्यावरण संरक्षण विषय में हुई पोस्टर प्रतियोगिता में अंकिता, अपूर्वा व अनामिका ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में ज्योति, सुनिष्ठा व अदिति सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो शेफाली सिंह ने प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। डॉ अरुणकान्त गौतम, प्रो रवींद्र कुमार वर्मा , डॉ विजय लक्ष्मी व डॉ महेंद्र यादव ने निर्णायक का कार्य किया। इस अवसर पर डॉ अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ शाहिद परवेज, डॉ अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ राजेश कुमार यादव प्रो चन्द्रभान, डॉ राजेश कुमार व महाविद्यालय परिवार के अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## गला दबाकर की गई थी महिला की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**सिकरीगंज** के हरपुर गांव में महिला की हत्या गला दबाकर की गई थी। सिकरीगंज पुलिस ने बुधवार की सुबह पिपरी तिराहे से हत्यारोपित प्रेमी गुडडू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी दक्षिणी अरूण कुमार सिंह ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि सिकरीगंज के हरपुर गांव में मंगलवार की शाम को 24 वर्षीय लक्ष्मी की हत्या की सूचना मिली। उसका शव बिस्तर पर पड़ा था। शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की जांच में मालूम चला कि महिला का एक युवक से प्रेम संबंध चल रहा था। वह अक्सर उससे मिलने घर पर भी आता था। मृतका की मां जयंती देवी ने उसके खिलाफ तहरीर दी। हत्या का केस दर्ज करने के बाद पुलिस की जांच में घटना वाले दिन 2 मार्च की सुबह आरोपित के घर आने की पुष्टि हुई। सिकरीगंज थानेदार राजाराम द्विवेदी को मुखबिर से आरोपित के पिपरी तिराहे पर होने की सूचना मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर ली। पूछताछ में उसकी पहचान सिकरीगंज क्षेत्र के कुई बाजार निवासी गड्डू कसौधन के रूप में हुई। उसने पुलिस के सामने महिला की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। पूछताछ में आरोपित ने जानकारी दी कि मृतका सिकरीगंज कस्बे में स्थित एक हॉस्पिटल में काम करती थी। एक शिविर में उसकी मुलाकात महिला से हुई। वह धीरे-धीरे एक दूसरे के करीब आ गए। वह उसके घर भी जाने लगा। पुलिस के अनुसार सोमवार को मृतका की मां जयंती देवी और उसके पांच वर्षीय बेटे रीतिक को उरुवा क्षेत्र में उनके मायके छोड़ने भी गया था।

## जनपद स्तरीय किसान गोष्ठी संपन्न

**अंबेडकरनगर।** जनपद स्तरीय किसान गोष्ठी एवं महिला कृषकों को जागरूक करने के लिए तकनीकी ज्ञान वर्धन और उनकी कृषि समस्याओं के समाधान हेतु कृषि वैज्ञानिक द्वारा महिला कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत चना प्रदर्शन के फिल्ड डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में मधुबन यादव संयुक्त कृषि निदेशक मंडल अयोध्या उपस्थित रहे। इन्होंने मिशन शक्ति पर खास जोर देते हुए प्रकाश डाला और साथ ही साथ मिशन को चलाने में सबको शिक्षित करना तथा नशा मुक्त करना बहुत जरूरी होना बताया।

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या–295/रीडर–2021 **नोटिस** दिनांक–27.02.2021

1. श्री नरेश मंध्यान, पताः डी–3209, डी ब्लॉक, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
2. श्री नरेश मंध्यान, पता प्लॉट नं0 64 एच नं0 638/064, बाल विहार कालोनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
3. श्रीमती नीलू मंध्यान, पताः डी–3209, डी ब्लॉक, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016
4. श्रीमती नीलू मंध्यान, पता प्लॉट नं0 64 एच नं0 638/064, बाल विहार कालोनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226016

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।
अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

**न्यायलय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या–296/रीडर–2021 **नोटिस** दिनांक–27.02.2021

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार, हाउस नं0–23, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226031
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, प्लॉट नं0 34, खसरा नं0 117 का स्सिा एसए, गॉव तिवारीपुर में स्थित है बख्शी का तलाब, जिला–लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226021
3. श्रीमती विजय लक्ष्मी, हाउस नं0–23, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226031
4. श्रीमती विजय लक्ष्मी, प्लॉट नं0 34, खसरा नं0 117 का स्सिा एसए, गॉव तिवारीपुर में स्थित है बख्शी का तलाब, जिला–लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226021

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0डी0एफ0सी0 फर्स्ट बैंक लि0 के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।
अतः आप दिनांक 10.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेग कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

**कार्यालय–नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक 1133/न0पा0 दिनांक–03, मार्च, 2021

**आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के नगर क्षेत्र में निम्नलिखित भवनो पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र के विरूद्ध अगर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपना लिखित आवेदन/आपत्ति पत्र साक्ष्य के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय में उपलब्ध करा दे, अन्यथा वाद मियाद प्राप्त आवेदन एवं साक्ष्यो के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र0 सं0 | दर्ज होने वाले व्यक्ति का नाम | मकान संख्या | मोहल्ला/वार्ड नं0 | नामान्तरण का प्रकार | खारिज होने वाले व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खुशनुमा खातून पत्नी मो0 युसूफ | 207 | बंजरिया पूर्वी, वार्ड नं0–15 | वरासतन | मो0 युसूफ पुत्र अब्दुल रज्जाक |
| 2 | प्रमोद वर्मा पुत्र राधेश्याम | 249 | मोतीनगर, वार्ड नं0–17 | वरासतन | इसरावती देवी पत्नी राधेश्याम वर्मा |
| 3 | प्रमोद वर्मा पुत्र राधेश्याम | 216 | अंसारटोला, वार्ड नं0–19 | वरासतन | इसरावती देवी पत्नी राधेश्याम वर्मा |
| 4 | सोहरमा पत्नी हसन अली | 314 | बंजरिया पूर्वी, वार्ड नं0–15 | वरासतन | हसन अली पुत्र जमेदार |
| 5 | वहीदुन्निशा पत्नी मो0 रईस, नाबालिक मो0 कैफ पुत्र मो0 रईस | 89 | पठानटोला, वार्ड नं0–25 | रजिस्ट्री बैनामा | कुतबुन्निशा पत्नी मो0 सोहराब एवं मो0 रईश पुत्र सोहराब |
| 6 | श्यामसुन्दर, चौथी पुत्रगण चौथी | 145 | पठानटोला वार्ड नं0–10 | वरासतन | मोती पुत्र दुबरी |
| 7 | नवाब अली पुत्र इसिमदार | 121 | मोतीनगर वार्ड नं0–17 | रजिस्ट्री बैनामा | ऐहतेशाम अली पुत्र शेखावत |
| 8 | अजय कुमार पाण्डेय पुत्र चन्द्र प्रकाश | 13 | बंजरिया पूर्वी, वार्ड नं0–15 | वरासतन | विजय कुमार पाण्डेय पुत्र चन्द्र प्रकाश पाण्डेय |
| 9 | आशा देवी पत्नी नन्द किशोर | 154 | औद्योगिकनगर, वार्ड नं0–12 | वरासतन | शिवपूजन पुत्र मथुरा |
| 10 | शकीला खातून पत्नी जमीउल हसन | 120 | भिटवा टोला, वार्ड नं0–13 | रजिस्ट्री बैनामा | अयोध्या प्रसाद पुत्र हरिप्रसाद |
| 11 | वासमती देवी पत्नी स्व0 बहादुर | 150 | अचकवापुर, वार्ड नं0–3 | वरासतन | बहादुर पुत्र जगरूप |
| 12 | अतुल सिंह पत्नी राम अवध | 116 | शास्त्रीनगर, वार्ड नं0–21 | रजिस्ट्री बैनामा | रामदत्त वर्मा पुत्र जगदेव |
| 13 | कन्हैया लाल पुत्र दयाशंकर | 294 | बरदहिया बाजार वार्ड नं0–16 | रजिस्ट्री बैनामा | परवेज अख्तर पुत्र वकील |
| 14 | मुराती देवी पत्नी मिल्कू | 131 | मटिहना, वार्ड नं0–14 | वरासतन | मिल्कू पुत्र टेकई |
| 15 | अनरजीत, जगदीश पत्नी रामबली | 116 | पठानटोला, वार्ड नं0–10 | वरासतन | सरजू देई पत्नी रामबली |
| 16 | राजीव नयन पुत्र त्रिभुवन | 42 | गोलाबाजार वार्ड नं0–24 | वरासतन | त्रिभुवननाथ पुत्र कोदई |
| 17 | रेनू पत्नी मुनिरिका | 187 | अचकवापुर, वार्ड नं0–3 | वरासतन | मगरू पुत्र मुनेसर |
| 18 | रामनयन पुत्र झिनकू प्रसाद | 175,156 | गोरखल, वार्ड नं0–9 | वरासतन | झिनकू प्रसाद पुत्र शिवदास |
| 19 | महेश प्रसाद पुत्र कैलाश नाथ | 315 | मोतीनगर, वार्ड नं0–17 | वरासतन | कैलाशनाथ पुत्र जैकरन |
| 20 | कृष्ण कुमार पुत्र राजमन पाण्डेय | 342 | बंजरिया पश्चिमी, वार्ड नं0–11 | रजिस्ट्री बैनामा | प्रियंका राय पत्नी चन्द्र प्रकाश राय |
| 21 | विजय कुमार पुत्र मोहनलाल | 23 ए | मालीटोला, वार्ड नं0–20 | रजिस्ट्री बैनामा | जगरनाथ, भरतलाल, पुत्रगण राम किशुन |
| 22 | अविनाश, अभिषेक, अभय पुत्रगण योगेन्द्र | 78 | बंजरिया पश्चिमी, वार्ड नं0–11 | वरासतन | योगेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव पुत्र बलिकरन |
| 23 | मो0 हलीम पुत्र आशिक अली | 132 | बरईटोला, वार्ड नं0–5 | रजिस्ट्री बैनामा | अनीता वर्मा पत्नी सुरेश |
| 24 | अमरनाथ पुत्र रूदल | 142 | गोलाबाजार दक्षिणी, वार्ड नं0–23 | रजिस्ट्री बैनामा | हरिश्चन्द्र पुत्र हीरालाल |
| 25 | ठाकुर प्रसाद पुत्र स्व0 मेवालाल | 274 | अंसारटोला, वार्ड नं0–19 | रजिस्टर्ड वसीयत | कान्ती देवी पत्नी ठाकुर प्रसाद |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खलीलाबाद, संतकबीरनगर

# भीषण गर्मी की आहट

## जलवायु परिवर्तन का असर

**जलवायु** परिवर्तन का खतरा वास्तविक है और इसे स्वीकार न करना हमें अपरिहार्य समस्याओं से सुरक्षा नहीं देगा। यदि फरवरी के अंतिम कुछ दिनों में बढ़ते तापमान और असाधारण मार्च की आशंका आपको चिन्तित कर रही है तो इसका कारण यह है कि भारत के अधिकांश उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी भाग सामान्य रूप से दो-तीन सप्ताह पहले ही 30.0 सी मानक पर पहुंच गए हैं। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी के अनुसार इस साल देश को सामान्य की अपेक्षा ज्यादा गरम मौसम का सामना करना पड़ेगा। उसने पूर्वानुमान लगाया है कि दिन का तापमान भारत के उत्तरी, उत्तरपूर्वी व पश्चिमी भागों में मार्च से मई के बीच 0.860सी अधिक होने की संभावना है। इसका सबसे बुरा प्रभाव ओडिशा व छत्तीसगढ़ पर पड़ेगा जहां अधिकतम तामपान सामान्य तापमान से 0.860सी अधिक रह सकता है। पिछले सप्ताह भुवनेश्वर पहला क्षेत्र था जिसने देश में कहीं भी रिकार्ड 40.0सी मानक दर्ज कराया। आने वाले दिनों में दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सामान्य से 0.460सी से 0.710सी से अधिक तापमान का सामना कर सकते हैं। पिछले महीने आईएमडी ने कहा था कि जनवरी में देश में पिछले 62 साल में महीने का अधिकतम तापमान दर्ज किया और दक्षिण भारत खासतौर से बहुत गरम था। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि हम जाड़े का कम समय अनुभव करते हैं और भयानक गरमी की चेतावनी हमारे सामने है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन पर सरकारी रिपोर्ट में इस शताब्दी के अंत तक वर्तमान तथा भावी परिदृश्यों का अनुमान लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत को युद्धस्तर पर ग्रीनहाउस गैसों-जीएचजी उत्सर्जन पर रोक लगानी होगी। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मेटीरियोलोजी-आईआईटीम की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा करने में विफलता का परिणाम भयानक लू, सूखा, बादल फटने, बाढ़ तथा तटीय रेखा पर अस्थिरता के रूप में सामने आ सकता है। चिन्ताजनक रूप से भारत के औसत तापमान में 1901-2018 के बीच लगभग 0.70सी की वृद्धि हुई। यदि जीएचजी उत्सर्जन को 2070 व 2099 के स्तर पर रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए जाते हैं तो निकट अतीत, यानी 1976-2005 के औसत से तापमान में 4.40सी की वृद्धि हो सकती है। उच्च जीएचजी उतसर्जन से धरती के सतह की गरमी प्रति वर्ग मीटर 8.5 वाट बढ़ सकती है जिसे आरसीपी 8.5 कहा जाता है। दुनिया भर के जलवायु माडलों के अनुसार यह स्थिति सबसे खराब होगी। आरसीपी 4.5 कहे जाने वाले औसत जीएचजी उत्सर्जन परिदृश्य में भारत में शताब्दी के पिछले 30 वर्षों की तुलना में तापमान में 2.70सी की वृद्धि होगी। इसके पहले मझोले उत्सर्जन परिदृश्य में भारत के औसत तापमान में 2040-2069 में 2.0सी की वृद्धि होगी और यह उच्च उत्सर्जन परिदृश्य में 2.40सी हो सकती है। सभी देशों द्वारा 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत प्रतिज्ञा करने के बावजूद वर्तमान उत्सर्जन दुनिया को सबसे बुरे परिदृश्य की ओर ले जा रहे हैं, जबकि विकास के अन्य रास्ते न केवल उपलब्ध हैं बल्कि मझोले व दीर्घकालीन दृष्टिकोण से आर्थिक रूप से ज्यादा आकर्षक हैं। इसलिए हमारे सामने एकमात्र विकल्प पर्यावरण की रक्षा करना है। ऐसा न होने पर विनाश होगा जिसके प्रभाव पहले ही इस ग्रह पर दिख रहे हैं और वह टूटने के कगार पर पहुंच रहा है। इसका सबसे नजदीकी उदाहरण उत्तराखंड की चमोली त्रासदी तथा टेक्सास का 'बिग फ्रीज' है। यह इस ग्रह पर मौजूद जनता, हर बिजनेस व हर उद्योग की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वह जलवायु परिवर्तन से संघर्ष करे ताकि हम अपने बच्चों के लिए मरते ग्रह के बजाय ज्यादा हरित व स्वच्छ दुनिया छोड़ कर जाएं।



# किसान आंदोलन पर उठते सवाल

मीडिया के कुछ हिस्से कृषि मुद्दे का राजनीतीकरण कर रहे हैं, पर यह किसानों के लिए आजीविका व अस्तित्व का सवाल है।



**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक कृषि व पर्यावरण क्षेत्र में कार्यरत हैं)

**आम** के पेड़ों पर बौर आ रहे हैं, आसमान में पतंगे उड़ रही हैं, गुलाबी फूल खिल रहे हैं और नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कुछ किसान खामोशी से वसंत का स्वागत कर रहे हैं। गाजीपुर बार्डर से टीकरी बार्डर तक गर्म हवा पीले प्लास्टिक टेंटों से गुजर कर नए मौसम तथा किसान आंदोलन के नए चरण का संदेश दे रही है। किसान नेता राकेश टिकैत के आंसुओं से उत्तर प्रदेश व राजस्थान के किसानों में आंदोलन मजबूत हुआ तथा तब से बहुत कुछ हो चुका है। लाखों भक्त हरिद्वार व प्रयागराज में पवित्र गंगा में स्नान कर चुके हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बाबत कई बार आश्वासन दे चुके हैं कि तीन कृषि कानून किसानों व बिजनेस के लिए अच्छे हैं। लेकिन दुनिया के किसान उनकी बातों से सहमत नहीं हैं। हाल ही में अमेरिका के बड़े किसान समूह, जैसे, अग्रेरियन ट्रस्ट, नेशनल फार्मर्स यूनियन व 87 अन्य संगठनों ने किसान आंदोलन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने का अंतरराष्ट्रीय आंदोलन शुरू किया है। कनाडा के 50 से अधिक संगठनों ने आंदोलन का समर्थन किया है। वे अपने जन प्रतिनिधियों के माध्यम से भी यह 'अन्याय' समाप्त करवाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। उनकी आलोचना 1960 के दशक से अमेरिका में जारी बाजारोन्मुख कृषि नीतियों से पैदा परेशानियों के कारण है। यह अब 'रिहाना या ग्रेटा जैसी अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेलेब्रिटीज़' द्वारा प्रेरित 'देशद्रोह' या 'भारत की संप्रभुता पर हमले' या 'अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र' के बजाय सच्ची वैश्विक एकजुटता का मामला बन गया है जो नस्ल या धर्म से आगे जाता है।

बंदी और कर्ज ने लाखों अमेरिकी किसान परिवारों को नष्ट किया है। ग्रामीण अमेरिका में आत्महत्याओं और निर्भरता फैली है, जबकि बड़ी कृषि कंपनियां प्रगति कर रही हैं। यह स्थिति न केवल पुरानी पीढ़ी, बल्कि सिवरीन फ्लेमिंग जैसे युवा किसान नेताओं की भी है जिन्होंने किसान आंदोलन का समर्थन किया है। कार्पोरेट मीडिया को छोड़ कर ये सभी सुधारों के पीछे बड़े कृषि बिजनेसों का अदृश्य हाथ देख रहे हैं। भारत में बड़ी कृषि बिजनेस कंपनियां आने के लिए तैयार हैं और एग्री-डालरों के लिए भारतीय किसानों को बलिदान किया जा सकता है। भारत में किसान अमेरिका से मिलने वाले समर्थन से खुश हैं। फसल कटाई का मौसम आने के कारण उनमें से कुछ वापस लौट गए हैं और संघर्ष की अपनी कहानियों को गांवों व खेतों तक ले गए हैं, जबकि कुछ अन्य किसान दिल्ली की सीमाओं पर आ रहे हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार हरियाणा में सैकड़ों गांवों ने आंदोलन में शामिल होने के लिए हर घर से एक आदमी भेजने का वादा किया है। किसान आंदोलन भयानक गरमी के लिए तैयार हो रहा है। हालांकि, मीडिया विमर्श में केन्द्र सरकार का पक्ष पूरी तरह मौजूद है और सरकार किसानों को अपने पक्ष में लाने में सफल हो सकती है। लौटते हुए किसानों की सहायता से उनकी यूनियनों व नेताओं ने अपना आधार दिल्ली की सीमाओं से आगे तक फैलाया है। यूट्यूब वीडियो व स्वतंत्र नागरिक पत्रकारों ने देश भर में आंदोलन के अपडेट भेजे हैं। हरियाणवी किसानों का एक गाने की ट्यून लोकप्रिय हो रही है, 'मोदी जी हम दिल्ली आ गए'। इसका प्रचार बंगाल से राजस्थान के युवा किसानों में हो रहा है। गंगानगर से केरल तक किसान यूनियनों ने पिछले तीस दिनों में लाखों लोगों को संबोधित किया है। अब आंदोलन परिपक्व स्तर पर पहुंच गया है और इसका तेजी से विस्तार हो सकता है। अब सरकार इनको 'मुट्ठी भर किसान' नहीं कह सकती है, जैसा कि जनवरी में कहा जा रहा था। अब कहा जा रहा है कि 'भीड़ निर्धारित काम नहीं करती है।' यह आंदोलन अब न केवल किसानों, बल्कि जमीन पर काम करने वाले लोगों का भी प्रतिनिधित्व करता है जिनमें प्रवासी कामगार, श्रमिक, शहरी मंडियों के कामगार व व्यापारी शामिल हैं। यह एक प्रकार से एकीकृत ग्रामीण भारत है जो कार्पोरेट कार्रवाई का विरोध कर रहा है। इस बीच सरकार ने येल्तिसिन के रूस के बाद सार्वजनिक उद्यमों के निजीकरण का सबसे बड़ा दौर शुरू कर दिया है। कोई नहीं जानता कि तेल के दाम आसमान क्यों छू रहे हैं। टैक्सों और सेस का भार मध्यवर्ग पर क्यों डाला जा रहा है और दिल्ली की सड़कें इसके बावजूद गड्ढों से भरी हैं। बढ़ते तेल मूल्यों का सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है और इससे एमएसपी की गणित गड़बड़ा जाती है। भारत में खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़ रहे हैं। भारतीय कृषि उत्पादों ने अत्यधिक सब्सिडी वाले अमेरिका जैसे देशों से होने वाले आयात का मुकाबला करने के लिए संघर्ष किया है। लेकिन कृषि क्षेत्र में यह स्थिति जल्द ही बदल सकती है जिसका बोझ ग्रामीण भारत और लाखों लोगों के जीवन पर पड़ेगा। इतिहास स्वयं को दुहरा सकता है और इसकी राख से नए जमींदारों का एक ऐसा वर्ग पैदा हो सकता है जो हर दाने से मुनाफा कमाने का प्रयास करेगा। अमेरिका इसका बहुत अच्छा उदाहरण है जहां चार निगमों का 80 प्रतिशत खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण है और सभी उत्पादों का 50 प्रतिशत बेकार हो जाता है।

किसान आंदोलनकारियों की मांग है कि केन्द्र सरकार को कृषि कानून समाप्त कर तथा किसानों से वार्ता फिर शुरू कर रास्ता ठीक करने का प्रयास करना चाहिए। उनका आंदोलन अब केवल देश का आंतरिक मामला नहीं है और विदेश मंत्रालय इस राजनयिक मुद्दे से निपट रहा है। एक देश के रूप में हमें याद रखना चाहिए कि यदि भारत में लोकतंत्र कमजोर होगा तो दुनिया में हमारी छवि भी खराब होगी। मीडिया का एक हिस्सा इसे एक कृषि मुद्दे के रूप में प्रचारित करता है जिससे समाज में घृणा का माहौल बन सकता है। लेकिन देश विदेश के किसानों के लिए यह आजीविका और अस्तित्व का सवाल है। किसान आंदोलन को जनता के व्यापक समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि यह उनकी आत्मा और रोटी का मामला है।



**किसान आंदोलन भयानक गरमी के लिए तैयार हो रहा है। हालांकि, मीडिया विमर्श में केन्द्र सरकार का पक्ष पूरी तरह मौजूद है और सरकार किसानों को अपने पक्ष में लाने में सफल हो भी सकती है। लौटते हुए किसानों की सहायता से उनकी यूनियनों व नेताओं ने अपना आधार दिल्ली की सीमाओं से आगे तक फैलाया है। अब यह आंदोलन परिपक्व स्तर पर पहुंच गया है। इसका तेजी से विस्तार हो सकता है।**

# स्वास्थ्यरक्षा में स्थान बनाती एआई तकनीक




**केएम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथेरेसिक सर्जन हैं)

**आज** की दुनिया में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से घिरे हैं, जो विज्ञान कथा से लेकर स्थानीय अस्पतालों तक हर जगह अपना आवेदन पाता है। एआई चिकित्सा पेशेवरों को नियमित कार्यों से छुटकारा दिलाता है और रोगियों के लिए चिकित्सा प्रक्रियाओं को सुरक्षित और पॉकेट के अनुकूल बनाता है। इसके अलावा, एआई निर्देशित मशीनें सटीक सर्जरी करने में भी सक्षम हैं और पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती हैं, जो मनुष्यों के लिए असुरक्षित हैं। चिकित्सा प्रणालियों में, वेबसाइटों के लिए कॉल सेंटर के कर्मचारियों का स्थान चैटबॉट द्वारा बदल दिया गया है जो जानकारी के साथ कॉल करने और प्रश्नों का प्रबंधन करने के लिए प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) का उपयोग करते हैं।

विभिन्न अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में एआई प्रौद्योगिकियों जैसे फजी प्रणाली, बायेसियन नेटवर्क, कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क और स्मार्ट हाइब्रिड सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। चिकित्सा में एआई को दो उपप्रकारों में विभेदित किया जा सकता है - आभासी और वास्तविक। शारीरिक खंड रोबोटिक्स के साथ काम करता है जो प्रक्रियाओं में मदद करता है, उदाहरण के लिए विकलांग लोगों और बुजुर्गों के उपचार के लिए स्मार्ट प्रोस्थेटिक्स। इंटरएक्टिव घटक मरीजों के लिए देखभाल के फैसलों में इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम से लेकर न्यूरल नेटवर्क-आधारित गाइड तक के अनुप्रयोगों से लेकर हैं।

सर्जिकल वातावरण में एआई-पावर्ड रोबोट का उपयोग बढ़ रहा है। रोबोटिक्स तकनीक को कई क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है जो सीधे रोगी देखभाल को प्रभावित करते हैं। उनके कुछ अनुप्रयोगों में रोगी कमरे और ऑपरेटिंग सेट कीटाणुरहित करना और रोगियों और चिकित्सा कर्मियों के लिए जोखिम कम करना शामिल है।

उनका उपयोग प्रयोगशालाओं में नमूनों और परिवहन, विश्लेषण और उन्हें स्टोर करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, रोबोट लैब सहायक उस बर्तन का ठीक से पता लगा सकता है जिसमें से रक्त को ले जाने की आवश्यकता होती है और मरीजों को दर्द और चिंता किए बिना नमूना निकालता है, जो कई बार सुई चुभाने से बहुत परेशान होते हैं जो डॉक्टर या नस अच्छी नस खोजने के लिए करते हैं। एआई सॉफ्टवेयर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल डॉक्टरों को उन रोगियों की पहचान करने में भी मदद करता है जिन्हें अतिरिक्त उपचार की आवश्यकता होती है और विशिष्ट प्रोटोकॉल होते हैं। इसका उपयोग चिकित्सा के अंतर्गत चिकित्सकों द्वारा टिप्पणी करने, रोगी की बातचीत की समीक्षा करने आदि के लिए किया जाएगा।



कोविड-19 महामारी ने दुनिया को बदल दिया है और हमारे समाज की कई परतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। सीमावर्ती कार्यकर्ता और विशेष रूप से जो रोगियों के साथ सीधे संपर्क में रहे हैं वे प्रमुख जोखिम के संपर्क में हैं। कोरोनावायरस के प्रसार को कम करने और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और रोगियों की सुरक्षा के लिए, चिकित्सा सेवाओं को काफी हद तक प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिसमें ऐच्छिक सर्जरी को रद्द करना भी शामिल था। इससे रोगियों के लिए पर्याप्त बोझ और विभिन्न अस्पतालों के लिए आर्थिक नुकसान हुआ। यह इस तरह की स्थितियों में है कि एआई-रोबोट सर्जरी सर्जिकल संस्करणों को बनाए रखने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है, जबकि एक ही समय में शारीरिक संपर्क में आने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बिना रोगियों पर परिचालन प्रक्रियाओं द्वारा संक्रमण के डर को कम कर सकता है।

कोरोनावायरस के बारे में बात करते समय, यह उल्लेख करना अनिवार्य है कि एआई का उपयोग करके इसके पैटर्न का अनुमान लगाने में कुछ हद तक संकट को कम करने में मदद मिली। उदाहरण के लिए, ब्लूडॉट, एक कनाडाई संगठन जो संक्रामक रोग पूर्वानुमान में विशेषज्ञता रखता है, ने कई बिंदुओं से आंकड़े एकत्र करने के लिए एआई का उपयोग किया। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के ऐसा करने से पहले ही कोविड-19 के फैलने और आसपास के लोगों को सचेत करने में सक्षम था। इसी तरह, सिंगापुर में स्थित एक कृत्रिम बुद्धि युक्त चैटबॉट, जिसका नाम एसजीडोर्मबोट है, ने प्रवासी श्रमिकों के बीच लक्षणों की सामूहिक जांच में मदद की है।

महामारी ने उपचार मार्गों में सुधार और संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए रोगियों की तेजी से जांच और परीक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला है। नियमित रूप से ऑर्डर किए गए परीक्षणों और महत्वपूर्ण संकेतों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) तक पहुंचने के लिए यहां एआई का उपयोग, आपातकालीन विभागों और अस्पताल में प्रवेश इकाइयों में स्क्रीन रोगियों के लिए एक प्रभावी उपकरण का उत्पादन कर सकता है।

ईएचआर से एकत्र किए गए डेटा को पहनने योग्य तकनीक जैसे स्मार्ट घड़ियों या मोबाइल स्वास्थ्य ऐप और चिकित्सा उपकरणों से डेटा के साथ पूरक किया जा सकता है। स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली के भीतर कृत्रिम बुद्धि के संभावित अनुप्रयोग के साथ, यह सवाल बना हुआ है कि यह कार्यबल को कैसे प्रभावित करेगा। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार, 50 प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि स्वचालन से 2022 तक पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या में कमी आएगी और 2030 तक दुनिया भर में रोबोट 800 मिलियन श्रमिकों की जगह ले लेंगे।

इसके अलावा, लिपिक प्रक्रियाओं के स्वचालन से स्वास्थ्य प्रणाली के गैर-नैदानिक कार्यबल पर प्रभाव पड़ सकता है। रेडियोलॉजी जैसे विशेषता जहां इमेजिंग रिपोर्ट को स्वचालित किया जा सकता है और एआई एल्गोरिदम द्वारा उत्पादित किया जा सकता है।

बेशक, रोगियों और उनके बीमाकर्ताओं के लिए डेटा साझा करने और गोपनीयता के निहितार्थ की नैतिकता बहस योग्य है। जैसे ही हम् ढ्व के साथ एक बहादुर नई दुनिया में प्रवेश करते हैं, यह कुछ लाभों और सीमाओं को पूरा करता है।

## आप की बात

### कमजोर कर वसूली व्यवस्था

**मध्य** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में टैक्स वसूली सिस्टम बहुत ही कमजोर है। यहां तक कि सक्षम लोग भी समय पर टैक्स अदा नहीं करते है। ग्राम पंचायतों में नियुक्त कर्मचारियों पर कार्यभार अधिक होने से वे चाहते हुए भी टैक्स वसूली पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। शासन को ग्रामीण क्षेत्र में करों की वसूली हेतु कोई पुख्ता मॉडल विकसित करना चाहिए। ग्रामीण जनता को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। शासन द्वारा प्राप्त विभिन्न मदों में प्राप्त अनुदान राशि से गांवो में समुचित रूप से व्यवस्था करना संभव नहीं हो पाता है। ग्रामीणों को यह अहसास कराना होगा कि करो से प्राप्त आय द्वारा ही स्ट्रीट लाइट, नल जल योजना, सार्वजनिक सुविधा घरों का रखरखाव एवं साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता से टैक्स वसूली हेतु कमीशन बेसिस पर ग्राम के युवाओं को नियुक्त कर सार्थक पहल की जा सकती है। इन युवकों द्वारा घर घर दस्तक देकर टैक्स वसूली के साथ-साथ करो कि नियमित अदायगी हेतु लोगों के बीच जन जागरूकता के द्वारा वातावरण का निर्माण भी किया जावे। ग्राम स्वराज्य की अवधारणा तभी सार्थक हो सकती है जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वाह जिम्मेदारी पूर्वक करें।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### बढ़ती कीमतें, बेबस लोग

**सरकार** को चुनाव प्रचार की चिंता है व इलेक्शन में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा देंगे लेकिन महंगाई पर, बढ़ते पेट्रोल के दामों पर ध्यान नहीं देते। अब महंगाई का झटका तो यकीनन ही लोगों की परेशानी और बढ़ा रहा है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बीते एक महीने के दौरान चौथी बार इजाफ़ा हुआ है, हाल ही में इसकी कीमत 25 रुपये बढ़ाई गई है। इसके साथ ही 4 फ़रवरी से 1 मार्च तक रसोई गैस सिलेंडर 125 रुपये महंगा हो चुका है। वहीं कुल मिलाकर अकेले फ़रवरी के महीने में ही एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये का इजाफ़ा देखा गया था। इस वर्ष जनवरी में एलपीजी की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई परन्तु दिसंबर के महीने में इसमें 50 रुपये की वृद्धि की गई थी। जिसके बाद से अब तक कुल मिलाकर दामों में 175 रुपये का इजाफ़ा किया गया है। एलपीजी की कीमतों में ताज़ा हुई वृद्धि सब्सिडी और गैर सब्सिडी, दोनों उपभोक्ताओं पर लागू होंगी। लिहाजा सभी ग्राहकों को एक एलपीजी सिलेंडर के लिए बाज़ार मूल्य यानी ताज़ा कीमत के अनुसार 819 रुपये का ही भुगतान करना पड़ता है। चिंतापूर्ण विषय यह है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के बाद अब सीएनजी और पीएनजी की कीमतें भी आसमान छू रही हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### तीसरी लहर की चेतावनी

**कोरोना** की सहमी वापसी के बीच सीएसआईआर ने तीसरी लहर को लेकर जो चिंता प्रकट की है उसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। सामुदायिक प्रतिरोध की क्षमता का विकास ताजा हालातों में जरूरी है। दिशा निर्देशों को अमल में नहीं आदत में लाना होगा अन्यथा समूची मानवता संकटपूर्ण स्थिति से घिर जाएगी। देश में पिछले साल 1 सप्ताह में कोरोना वायरस के संक्रमण में तेजी आई है। कई राज्यों में तेजी से आंकड़े बढ़ रहे हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद की चेतावनी को समझने के प्रयास होना चाहिए।परिषद ने आगाह किया है कि कोविड-19 अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर इसकी तीसरी लहर आती है तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। वैक्सीन की खोज और लगते टीको के बावजूद परिषद ने सामुदायिक प्रतिरोधक क्षमता हासिल करने के साथ ही सामाजिक दूरी का पालन और मास्क की अनिवार्यता पर फोकस किया है। नए संक्रमण के बावजूद आज के हालात हमारी सतर्कता नहीं जताते। बदकिस्मती से अगर तीसरी आती है तो इसकी मुख्य वजह हमारी लापरवाही ही होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मंगलवार** की सुबह तक लगभग 40 लाख लोगों ने कोविड-19 वैक्सीन के लिए कोविन पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत कराया है।

– **डॉ हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**आईएसएफ** के साथ गठजोड़ मूल वैचारिकता व उस गांधीवादी पंथनिरपेक्षतावाद के विरुद्ध है, जो कांग्रेस की आत्मा का निर्माणकर्ता है।

– **आनंद शर्मा**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता



**हमारे** पास एक प्रदेश का प्रभार है, और हम कोई भी निर्णय अनुमति के बगैर अपनी इच्छा से नहीं लेते हैं।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 मार्च, 2021



# राज्यपाल ने शहंशाहपुर के आंगनबाड़ी में पहुंचकर बच्चों को दुलारा और अन्नप्राशन कराया

- गांव में महिलाओं का बड़ा सम्मेलन कराने का दिया निर्देश
- गांव में तीन आंगनबाड़ी और खोला जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल बुधवार को शाहंशाह पुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से मिलकर उनको दुलारा और उनसे बात किया। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों को फल मंगाकर उनके हाथ से बांटकर खिलाया। इसके बाद वहां उपस्थित दो महिलाएं नीतू और नरगिस की गोद भराई के बाद 6 माह के दो बच्चे रिया और अर्पित का अन्नप्राशन कराया। इसके बाद वहीं लगी प्रदर्शनी देखी। परिसर में उपस्थित कार्यक्रम के मंच पर राज्यपाल आनंदी बेन ने कहा कि ऊपर वाले ने दो वर्ग बनाया है जिसमें एक वर्ग के पास सबकुछ है लेकिन एक वर्ग सबसे अछूता है। इसी को जोड़ने के लिए एक सेतु का काम कर रही हूं। जिससे गरीब वर्ग जिनके पास कुछ नहीं है उन्हें सुविधाएं मिल जाएं। बच्चों को खिलौने से इंट्रेस्ट बढ़ेगा। प्रदेश के कॉलेजों से अनुरोध किया गया है कि एक.एक आंगनबाड़ी को गोद लेकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम करें। उन्होंने बताया कि लखनऊ में 80 आंगनबाड़ी को 55 हजार के खिलौने और सामग्री बांटी गई है। राज्यपाल ने लोगों को स्वच्छता की भी सलाह दी। अपने साथ लायी हेल्थ किट भी प्रदान की जो हर आंगनबाड़ी या स्कूलों को देती हैं।

इसके बाद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल शाहंशाहपुर स्थित गीर गाय वितरण कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में भारत माता की जय और जय श्री राम का नारा लगवाया। बनासकांठा से बनारस गीर आ रही हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा गुजरात और यूपी को जोड़ा गया। जहां से अच्छा काम होता है उसको दूसरे जगह फायदा होता है। बनासकांठा सबसे पिछड़ा जिला था जहां 20 प्रतिशत महिलाएं पढ़ती थी। पानी खारा होता है और बारिश आयी या नहीं लेकिन भाजपा की सरकार की वजह से सबसे सर्वश्रेष्ठ जिला बना है। नर्मदा का पानी पीने और खेत तक पहुंचाने का काम किया। आज महिलाएं बेटियां आगे आ रहीं हैं। किसानों के लिए कई नई योजनाएं बनी। इसी कारण 84 लाख लीटर दूध प्रतिदिन बनास डेयरी आता है। इसमें घी, पनीर का उत्पादन हो रहा हैं। हमारे बच्चे कुपोषित हैं। हर 55 सेकेंड में एक बच्चा मर जाता है। इसी वजह से प्रधानमंत्री ने ये शुरु किया ताकि सबको खाना मिल सके। आज ये कार्यक्रम जो हो रहा है देखेंगे तो गीर गाय को अच्छे से रखेंगे तो अच्छा होगा। गाय की भी बात करती है। समय के बाद आप पहचान जाएंगे। घर में झगड़ा होने पर बच्चे रोने लगते हैं इससे ज्यादा असर गीर पर होगा कि मालिक दु:खी है। खाना खिलाओ तो प्रेम से रखो बोल कर रखो उसका असर रहेगा। इसका असर दूध पर पड़ेगा। झगड़ा का असर से दूध की कमी होगी। ये सामान्य गाय नहींए कृष्ण जी की गाय है। जब काशी में आ रही है तो गंगा और ऋषियों की भूमि है। गाय के कारण घरों में झगड़ा बन्द हो जाएगा। यूपी में जो झगड़े हो रहे हैं मुझे लगा है घर मे शांति रखो ।किसानी करो ।बेटियां को मत मारो। जेल में कितनी महिलाएं सड़ रही हैं बहू को मारने के बाद ।इसमे सुधार होगा गीर की गाय संदेश लेकर आ रही है ।परिवार को आगे बढ़ाने का सतत प्रयास करें ।हमने स्टेज पर महिलाओं की शक्ति को बढ़ाया है मोदी जी ने इसे आगे बढ़ाया है ।काम महिला ही करती है तो पत्नियों को तो ले आइये ।अब जब आपलोग वितरण करें तो पति पत्नी के साथ करें। हर हर पार्वती बोलिये हर हर महादेव तो बोलते हैं। हर काम पालन का महिला कर रही है ।मैं महिलाओं के पक्ष में ज्यादा रहती हूं ।बड़े सम्मेंलन करिये महिलाओं के ।एक गांव में कालेज वालों को तीन आंगनबाड़ी गोंद लेनें को बोलकर आयी।

## महानगर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल ने एडीएम वित को ज्ञापन सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आगामी** 11 मार्च शिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर महानगर कांग्रेस जनो का प्रतिनिधि मंडल महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे की अगुवाई में कचहरी स्थित रायफल क्लब जा जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में सुनवाई सुन रहे एडीएम फाइनेंस को ज्ञापन सौंप निम्नलिखित मांग की गयी। काशी विश्वनाथ मन्दिर को जोड़ने वाले मार्गो को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त कराया जाएएजिसमे गोदौलिया से ज्ञानवापी तक विशेष रुप से। मंदिर से संबंधित गलियों का भी निर्माण भी युद्ध स्तर से अविलंब कराए जाएंए पंचकोशी मार्गो को दुरुस्त करा उसपे सफाईएसुविधा व सुरक्षा भी मुहैया कराया जाएए अर्दली बाजार से महावीर मंदिर तक के मार्ग का निर्माण जो कि वर्षो से विलम्बित हैं उसे शिवरात्रि के पहले पूर्ण कराया जाए।।

इस अवसर पर राघवेन्द्र चौबे, फसाहत हुसैन बाबू, मनीष मोर्लिया, आंनद सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता, अशोक सिंह, विनय शजेदा, मनीष शर्मा, आंनद पाठक, बहमदत्त त्रिपाठी, आशिष पाठक, अनीश खां, अनुपम राय, रोहित दुबे, किशन यादव, प्रिन्स चौबे, दीपक यादव समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसंख्या वृद्धि को लेकर संस्था ने महिलाओं को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



- संगम स्थित झोपड़पट्टी में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सफाई के प्रति किया सचेत

**अलकौसर** सोसाइटी की ओर से संगम स्थित झोपड़पट्टी में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को हाइजीन एवं साफ सफाई का ध्यान न देने के कारण होने वाली बीमारियों और उसके बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाने के साथ ही उनके साथ परिवार नियोजन पर भी चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्ष नाजिया नफीस ने बस्ती वालों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बस्ती की महिलाओं को समझाया कि कोरोना फिर से पैर पसार रहा है। इसलिए वह साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। फैमिली प्लानिंग करें दो से अधिक बच्चे न करें। देश की जनसंख्या अत्यधिक बढ़ रही है। जिसके कारण देश पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। डा अनिल ने महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में जागरूक किया।

स्टाफ नर्स सुनीता ने गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया।अलकौसर सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को जिन महिलाओं की नसबंदी होनी है उसकी सूची उपलब्ध कराने के साथ ही महिलाओं एवं किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किया गया ।बस्ती की महिलाओं ने अलकौसर सोसाइटी के सदस्यों से दिक्कतों को साझा किया।

संस्था की अध्यक्ष नाजिया नफीस ने बस्ती वालों को आश्वासन दिया कि उनकी संस्था के सदस्य बस्ती में जाकर उनसे मिलेंगे और उनकी समस्याओं को उन तक पहुंचाएंगे। जिसका उनको अति शीघ्र समाधान दिया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य अभिषेक वर्मा पलक त्रिपाठी मीनाक्षी गंगवार स्टाफ नर्स सुनीता मल्होत्रा रत्नेश मिश्रा आशा बेबी रेनू अनीता आदि रहे।

## महिला की जान बचाने में हेड कॉन्स्टेबल की मौत



- डीआईजी आरएसपी सिंह ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** महिला की जान बचाने में बुधवार को रेल सुरक्षा बल के जवान की जान चली गयी। बता दें कि मंगलवार को हेड कॉन्स्टेबल रेल सुरक्षा बल प्रयागराज मण्डल ज्ञानचंद्र रात में दस बजे से आउट पोस्ट भरवारी में रोजनामचा ड्यूटी में तैनात थे। हेड कॉन्स्टेबल रेल सुरक्षा बल ज्ञानचंद्र ने चौकी कार्यालय के सामने प्लेटफार्म नम्बर दो पर एक महिला जो कि आत्महत्या करने के इरादे से अप मेन लाइन के बीचो बीच खड़ी थी। ज्ञानचन्द्र ने महिला को देखा तभी प्रयागराज की और से गाड़ी को आते हुए देखते ही ज्ञानचन्द्र ने महिला को ट्रैक से हटने के लिये कई बार आवाज लगाई। महिला की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया न मिलने की स्थिति में ज्ञानचन्द्र ने दौड़ कर महिला को रेलवे लाइन से प्लेटफार्म की और धकेल दिया। जिससे महिला तो दूसरी ओर जा गिरी और उसे सिर्फ मामूली चोट आई लेकिन महिला की जान बचाने में हेड कांस्टेबल ज्ञानचन्द्र खुद गाड़ी की चपेट में आ गए। जिससे दुर्घटना का शिकार होने के कारण उनकी ड्यूटी के दौरान मौत हो गयी। घायल महिला को 108 एम्बुलेंस पर काल करके उपचार हेतु सिविल हॉस्पिटल मंझनपुर भर्ती कराया गया। हेड कॉन्स्टेबल ज्ञानचन्द्र के बलिदान को याद करते हुये डीआईजी मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल आर एस पी सिंह वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल मनोज कुमार सिंह सहित रेल अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजकीय सम्मान देते हुए नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद ज्ञानचन्द्र के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव देवरिया भेज दिया गया।

## आर्य महिला पीजी कालेज के वेबिनॉर कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आर्य महिला** पीजी कॉलेज, चेतगंज, वाराणसी के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्रीय साक्षरता के लिए विश्रीय जागरूकता विषय पर बुधवार को ऑनलाइन वेबिनार का सफल आयोजन किया गया।

रघुनन्दन पटनायक ने इस विषय पर प्रतिभागियों को भी जागरूक कराया कि जीवन के हर आयु में कब, कैसे और कितना निवेश किया जाय तथा यह भी सुझाव दिया कि यदि हम सही समय पे सही प्रकार से निवेश करते हैं तो अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ0 विभा सिंह ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं द्वारा निवेश एवं बचत का जीवन में महत्व है व किसी भी देश का आर्थिक विकास उसके विश्रीय ढाँचे पर निर्भर करता है तथा विश्रीय बाजार बचतकर्ता के एवं निवेशक के बीच की एक कड़ी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो0 आशा शुक्ला (कुलपति, बीआर अम्बेडकर युनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइन्सेज) रहीं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मीना सिंह ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक डॉ0 शशिकान्त दीक्षित एवं कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 मंजू राय ने अपने आशीर्वचनों से सबको प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विभाग के अन्य शिक्षकगण डॉ0 पूजा, शुभम मिश्रा, डॉ0 अनुज, डॉ0 शिप्रा, डॉ0 यशबा,पीयूष एवं अनुकृति ने अपना अमुल्य योगदान दिया।

## होंडा 2व्हीलर्स इंडिया ने वाराणसी में किया बिगविंग का उदघाटन

**वाराणसी।** होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया प्रा. लिमिटेड ने सोमवार को वाराणसी में अपने प्रीमियम बिग बाईक बिज़नेस वर्टिकल. होण्डा बिगविंग के उद्घाटन काशी विद्यापीठ रोड (रूद्र प्रेस्टीज के पास), वाराणसी के साथ राइडिंग के उत्साह को चरम पर पहुचा दिया। वाराणसी में बिगविंग के उद्घाटन पर बात करते हुए श्री यदविंदर सिंह गुलेरिया, डायरेक्टर सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया प्रा. लिमिटेड ने कहा कि हम अपने उपभोक्ताओं को सही मायनों में बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए होण्डा बिगविंग (होण्डा के एक्सक्लुज़िव प्रीमियम मोटरसाइकल नेटवर्क) का विस्तार कर रहे हैं। आज हमें वाराणसी में बिगविंग का उद्घाटन करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। इस नए प्रीमियम आउटलेट के माध्यम से हम होण्डा की रोचक मोटरसाइकलों को वाराणसी के उपभोक्ताओं के करीब लाना चाहते हैं और उन्हें प्रीमियम मोटरसाइकलों की मिड.साइज़ रेंज के साथ लाभान्वित करना चाहते हैं।

## प्रसिद्ध आयुर्वेद ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

**वाराणसी।** प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ गुरु मनीष जी जो 1997 से ही आयुर्वेद के प्रचार.प्रसार में जुटे हैं ने एक अद्वितीय ऑनलाइन याचिका के वेब.पोर्टल राइट 2 हैल्थण् इन का अनावरण किया जो सभी भारतीयों और यहां तक कि विदेशों में भी लोगों को स्वास्थ्य का अधिकार दिलाने में मददगार साबित होगा। ऑनलाइन पिटीशन का वेब.पोर्टल आचार्य मनीष ने एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रदर्शित किया। राइट टू हेल्थ . अब आपके हाथ विश्व का स्वास्थ्य नामक एक अभिनव नाम वाली ऑनलाइन पिटीशन के लांच की घोषणा के साथ ही आचार्य मनीष ने शुद्धि आयुर्वेद द्वारा शुरू किये गये राइट टू हैल्थ अभियान के बारे में भी बात की।शुद्धि आयुर्वेद भारत में आयुर्वेद को चिकित्सा की सर्वप्रथम उपचार पद्धति के रूप में बढ़ावा देने के लिए गुरु मनीष जी द्वारा स्थापित एक संगठन है। शुद्धि आयुर्वेद का कॉर्पोरेट मुख्यालय चंडीगढ़ के निकट जीरकपुर में है। पूरे भारत में शुद्धि आयुर्वेद के 150 से अधिक सेंटर कार्यरत हैं।गुरु मनीष ने कहा संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार सभी व्यक्तियों को जीवन का अधिकार है और इस अधिकार को स्वास्थ्य के अधिकार के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता।

## नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता गोष्ठी आयोजित

**बांगरमऊ उन्नाव।** कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित साधन सहकारी समिति में आज नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम से संबंधित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि समय से ऋण की अदायगी करने पर मात्र 3 फीसदी ब्याज अदा करना पड़ता है। लेकिन जब समय से किसान अदायगी नहीं करते हैं। तब ब्याज की दर में भारी बढ़ोतरी हो जाती है और किसान पर कर्ज का और भी भार बढ़ जाता है। ब्याज का भार अधिक न बढ़े, इसलिए समय से ऋण की अदायगी कर देना ही किसानों के हित में है। जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक वी एन पांडेय ने किसानों को अपनी आमदनी बढ़ाने के उपाय बताए । उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा दिए गए कृषि ऋण का सदुपयोग करें और समय से अदा करके 3 प्रतिशत ब्याज का लाभ उठाएं । कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष वकील अहमद, सचिव कैलाश कुमार, रामसजीवन यादव, सरदार यादव, अनिल कटियार आदि समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## निवेदिता स्कूल में कुश्ती का किया गया ट्रायल

**वाराणसी।** जूनियर/सब जूनियर महिला राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 6 एवं 7 मार्च 2021 को नोएडा में हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए जिला कुश्ती संघ वाराणसी द्वारा 2 मार्च 2021 को निवेदिता इंटर कॉलेज महमूरगंज साई सेंटर मैं वाराणसी कुश्ती संघ ने जिले की टीम का ट्रायल कराया जिसमें मुख्य अतिथि आनंद प्रभात सिंह प्रधानाचार्य निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज महमूरगंज वाराणसी थी विशिष्ट अतिथि राम सुचित पांडे लोक कल्याण न्यास अध्यक्ष, रंगनाथ साहू निवेदिता कॉलेज के प्रबंधक, अर्जुन प्रसाद यादव पूर्व जिला क्रिडा अधिकारी छब्बू पाल राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बीएलडब्लू राजकुमार मिश्रा संयुक्त सचिव, रणवीर यादव संयुक्त सचिव निर्णायक गोविंद यादव , डॉक्टर हरिराम यादव, वीरेंद्र कुमार, विनोद चौधरी, सुरेंद्र यादव, जावेद पहलवान, उमेश कुमार,सुश्री सुप्रिया घोषाल आदि लोगों ने किया।

## केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में काव्य संध्या आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**केन्द्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन कोर में बुधवार को काव्य संध्या का भव्य आयोजन किया गया। काव्य संध्या की अध्यक्षता कोर के महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने की। उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर विभिन्न कवियों की रचनाओं पर आधारित काव्य संध्या की शुरुआत की। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने महाप्रबंधक यशपाल सिंह सभी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। इस मौके पर महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने कहा कि कविता किसी चीज की गहराई का एहसास कराती है। संवाद और संचार के माध्यम से एक एक कड़ी जोड़कर पूरे भारत को एक करने में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान है। आशा व्यक्त की है कि इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग के प्रति अभिरुचि और राजभाषा का प्रयोग प्रसार बढ़ेगा। कार्यक्रम में आशुतोष प्रमुख मुख्य इंजीनियर कौशल कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक वित्त सलाहकार प्रदीप तिवारी कार्यपालक सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर जया सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्रीमती रंजना कार्यालय अधीक्षक एवं डा बृजेश कुमार खरे राजभाषा अधीक्षक ने कैलाश गौतम सूर कबीर तुलसी रहीम अमीर खुसरो एवं मीरा की रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति की। इस मौके मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अरुण कुमार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष प्रमुख मुख्य इंजीनियर वी के गर्ग वरिष्ठ उप महाप्रबंधक हरीश गुप्ता प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी के गुप्ता प्रमुख वित्त सलाहकार चैतन्य मारंडी मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ शर्मा वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अनूप मिश्रा सहित भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक जौहरी उप मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सुनीला यादव ने किया।

## महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल आयोजित



**उन्नाव।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि जनपद उन्नाव की तहसील हसनगंज में ''मिशन शक्ति'' कार्यक्रम के अन्तर्गत मनोरमा शुक्ला, सदस्य राज्य महिला आयोग के नेतृत्व में महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल आयोजित की गयी। जनसुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं महिलाओं से सम्बन्धित अन्य योजनाओं के कैम्प लगाये गये तथा पम्पलेट एवं स्टीकर वितरित कर विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही मिशन शक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 10 नवजात बालिकाओं के माता-पिता को बेबी केयर किट व कन्या गौरव सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 11 महिलाओं द्वारा अपने उत्पीड़न/अन्य समस्याओं सम्बन्धी प्रार्थना पत्र मा0 पदाधिकारी राज्य महिला आयोग लखनऊ को सौंपे गये, जिस पर मा0 पदाधिकारी महोदया द्वारा तीन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया गया एवं अवशेष 08 प्रकरणों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। तदोपरान्त सदस्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसनगंज का निरीक्षण किया गया। महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल में मनोरमा शुक्ला सदस्य राज्य महिला आयोग लखनऊ, उपजिलाधिकारी हसनगंज, तहसीलदार हसनगंज, रेनू यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी उन्नाव, क्षेत्राधिकारी हसनगंज, खण्ड शिक्षा अधिकारी हसनगंज, महिला थानाध्यक्ष उन्नाव, बाल विकास परियोजनाधिकारी हसनगंज, प्रीती महिला कल्याण अधिकारी, कल्पना श्रीवास्तव एवं हरिवेन्द्र सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, आशीष कुमार मिश्र आंकड़ा विश्लेषक, तहसील हसनगंज के विभिन्नि विद्यालयों की शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं क्षेत्रीय महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

## कलाकारों की कलाकृतियाँ आस्था, धर्म एवं प्रकृति संरक्षण की प्रतीक: एपी शाही

- पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाही ने किया डॉ. आरके टंडन द्वारा लिखित पुस्तक बुंदेल आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर का विमोचन
- टैगोर पब्लिक स्कूल अतरसुइया में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**अतरसुइया** स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल के पाठशाला प्रेक्षागृह में डा आर के टण्डन द्वारा लिखित पुस्तक बुंदेल आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर का विमोचन बुधवार को पटना हाइकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाही इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति अरुण टण्डन तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो योगेश्वर तिवारी ने किया। पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति ए पी शाही ने कहा कि प्राचीन स्थापत्य कला की धरोहरों को अमूल्य बनाने वाले कलाकारों की कलाकृतियाँ हमारी आस्था धर्म एवं प्रकृति संरक्षण की प्रतीक हैं। स्थापत्य कला में परिलक्षित निर्जीव वस्तुओं को सजीव रूप प्रदान करने वाले प्राचीन कलाकारों को योगदान अतुलनीय है लेकिन उन कलाकारों के नाम का उल्लेख कम ही देखने को मिलता है जो अफसोसजनक है। चालीस वर्षों तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डिफेन्स स्टडीज विभाग में कार्य करने के बाद रिटायर हुए डा आर के टण्डन ने फोटोग्राफी के शौक को विस्तार देते हुए फटोग्राफी कीं नौ प्रदर्शनी आयोजित की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने देश और विदेशों में अपने कई शोध पत्र प्रस्तुत किए। उनकी पहली पुस्तक प्रयाग के प्राचीन मंदिर एक धरोहर पाठकों में काफी लोकप्रिय रही। बुंदेलखण्ड की वास्तु एवं स्थापत्य कला पर आधारित बुंदेल आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र के तत्वावधान में प्रकाशित पुस्तक में डा आर के टण्डन ने बताया कि बुंदेल शासकों के शासन काल में स्थापत्य कला का बहुत तेजी से विकास हुआ। जिसमें ओरछा वास्तुकला में बुंदेलखण्डी एवं मुगल प्रभाव का मिश्रण पाया जाता है। इन संरचनाओं की सराहना न केवल सुदंरता के लिए बल्कि कुशल वस्तु विद्या के लिए भी की जाती है। यह अपने चर्तुभुज मंदिर के लिए जाना जाता है। उन्होंने प्रचीन स्थलों की लगभग 2500 फोटो ली। पूर्व न्यायमूर्ति अरूण टण्डन ने पुस्तक की प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तक न केवल संकलन के लिए अमूल्य है अपितु हमारी संस्कृत धर्म एवं आस्था की प्रतीक है। विभागाध्यक्ष प्रो योगेश्वर तिवारी ने कहा कि यह समाज के लिए अपनी सार्थकता सिद्ध करने में सक्षम है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सुलभा पाण्डेय एवं सविता चैरसिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रीतू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राम नरेश त्रिपाठी प्रो. यूसी श्रीवास्तव प्रशांत अग्रवाल अजीत धवन मीना टण्डन संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली के विरोध में बार अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

- न्यायिक कार्यो से विरत है बीघापुर बार एसो. के अधिवक्ता, बैठक कर तय की रणनीति

**पाटन उन्नाव।** तहसील प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के विरोध में नए वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी से 26 जनवरी तक और फिर 19 फरवरी से अनिश्चितकाल के लिए न्यायिक कार्य से विरत चल रहे तहसील बीघापुर के अधिवक्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने पूरे तहसील भवन में घूम घूम कर प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद बार सभागार में बैठक कर अधिवक्ताओं ने आगे की रणनीति तय की।

दो माह के अंतराल में दूसरी बार स्थानीय तहसील के अधिवक्ता 19 फरवरी से न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। 27 जनवरी को तहसीलदार द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सशर्त समाप्त की गई हड़ताल के बाद भी कार्य प्रणाली में कोई परिवर्तन न आने व अन्य गंभीर मुद्दों पर अधिवक्ताओं ने फिर अनिश्चितकालीन समय तक न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की थी। कोई सुनवाई न होने पर आज बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसील भवन में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल रहे पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 24 और 116 की लंबित फाइलों का अंबार लगा है। महामंत्री शेर बहादुर ने बताया कि लेखपालों द्वारा रिपोर्ट न लगाने तथा बहस के बाद भी मुकदमों को निर्णीत न किये जाने से उनके मुवक्किलों में अविश्वास की भावना उपज रही है । पूर्व अध्यक्ष सर्वेश प्रताप सिंह ने कहा कि गैर विवादित फाइलों में न्यायालय को स्वयं लेखपालों से आख्या लेनी चाहिए परंतु यहाँ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिससे गैर विवादित फाइलें भी काफी संख्या में लंबित पड़ी है। अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रस्ताव होने के बाद भी उपजिलाधिकारी के यहां न्यायालय में लंबित वाद खारिज किए जाते हैं जो बहुत ही निंदनीय है। पूर्व अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि प्रस्ताव होने के बाद चकबंदी अधिकारी अपनी न्यायालय में न्यायिक कार्य करते हैं। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद अधिवक्ताओं ने बार सभागार में बैठक कर प्रशासन की कार्यप्रणाली का और मुखर होकर विरोध करने की रणनीति तय की। इस दौरान सुरेश पटेल, मोहनलाल, रणविजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अतुल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमनाथ वर्मा, उपाध्यक्ष देशराज यादव, कोषाध्यक्ष विजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिवक्ता प्रदर्शन में शामिल रहे।

## बालिकाओं को किया गया जागरूक

**बांगरमऊ उन्नाव।** ब्लॉक संसाधन केंद्र से संबद्ध शिक्षक शिक्षिकाओं की टीम द्वारा आज करीब आधा दर्जन प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक किया गया। शिक्षक दल द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत आज प्रधान शिक्षक रजनीश कटियार, नोडल शिक्षिका लक्ष्मी सिंह, सरोज कुमारी, गंगाराम त्रिवेदी, विनीता पांडेय व रुचि सिंह की टीम आज क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर, कुरसठ, मुस्तफाबाद, मदार नगर व पलिया सहित करीब आधा दर्जन गांवों में स्थित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में दस्तक दी। टीम ने यहां छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन पुलिस सहायता, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, वूमेन पावर हेल्पलाइन और आपातकालीन चिकित्सा सेवा आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। टीम ने छात्राओं को सभी हेल्पलाइन के डायल नंबर भी दिए।

# एमसीडी उपचुनावः आप को चार, कांग्रेस को एक सीट, भाजपा खाली हाथ

● आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 46.10, भाजपा को 27.29 और कांग्रेस को 21.84 फीसदी वोट मिले

**संजय राय**। नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम की पांच सीटों के उपचुनावों के नतीजे बुधवार को आ गए। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा कायम रहा और उसने 5 में से चार सीटें हथिया ली। कांग्रेस के लिए राहत की बात यह रही कि उसके खाते में भी एक सीट आ गई और बेहतर वोट शेयरिंग के साथ। दूसरी ओर भाजपा को इस चुनाव में मतदाताओं ने नकार दिया है और उसे एक भी सीट नहीं मिली।

कल्याणपुरी, रोहिणी-सी, त्रिलोकपुरी और शालीमार बाग सीटों पर आप प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया तो सीलमपुर विधानसभा की चौहान बांगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को जीत मिली है। नतीजों का ऐलान होने के साथ की मतगणना केंद्र के बाहर आप व कांग्रेस कार्यकर्ता जीत की खुशियां मनाने लगे और ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। सभी ने मिठाई खिलाकर विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया। निगम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत से गदगद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग दिल्ली के तीन नगर निगमों में आप को सत्ता में लाना चाहते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक उपचुनाव में आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 46.10 फीसदी, भाजपा को 27.29 फीसदी और कांग्रेस को 21.84 फीसदी मत मिले हैं। त्रिलोकपुरी वार्ड से आम आदमी पार्टी के विजय कुमार को 12845 वोट मिले जबकि भाजपा के ओमप्रकाश को 7859 वोट मिले जिसमें आम आदमी पार्टी ने 4986 वोट से जीत हासिल की। रोहिणी वार्ड से आम आदमी पार्टी के रामचंद्र को 14328 वोट मिले जबकि भाजपा के राकेश को 11343 वोट मिले इसमें आम आदमी पार्टी के रामचंद्र ने 2985 वोट से जीत हासिल की। शालीमार बाग वार्ड से आप की सुनीता मिश्रा के पक्ष में 9764 लोगों ने मतदान किया। जबकि भाजपा की सुरभि जाजू 7059 वोट मिले यहां भी आम आदमी पार्टी की सुनीता मिश्रा 2705 वोट से विजयी रहीं।

चौहान बांगड़ वार्ड से कांग्रेस के चौधरी जुबेर अहमद को 16203 वोट मिले जबकि आम आदमी पार्टी के मोहम्मद इशराक खान को 5561 वोट मिले।

## गुजरात में वडोदरा केंद्रीय जेल में कैदियों ने रेडियो स्टेशन शुरू किया

**अहमदाबाद**। वडोदरा केंद्रीय जेल के कैदियों ने बुधवार को अपना खुद का रेडियो स्टेशन शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य कैदियों का पुनर्वास तथा उनके रचनात्मक पक्ष को व्यक्त करने में मदद करना है। जेल में लगभग 1,500 कैदी हैं और उनमें से कुछ को इस आंतरिक रेडियो जेल सेवा के हिस्से के रूप में रेडियो जॉकी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह की रेडियो सेवा शुरू करने वाली यह गुजरात की चौथी जेल है। वडोदरा केंद्रीय जेल के कैदी कल्याण अधिकारी महेश राठौड़ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राधिकारियों ने जेल परिसर के भीतर एक स्टूडियो स्थापित किया है और 60 से अधिक स्पीकर विभिन्न बैरकों में स्थापित किए गए हैं ताकि कैदी रेडियो सेवा को सुन सकें। इस सेवा का मुख्य लाभ यह है कि हम कैदियों के बीच विभिन्न मुद्दों के बारे में उन्हें शिक्षित करने के साथ ही उनमें जागरूकता फैला सकें।


जम्मू में स्कूल खुलने के बाद घोड़ा गाड़ी से स्कूल जाते हुए बच्चे।

## तमिलनाडु विस चुनावः कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे पर द्रमुक से संतोषजनक समझौते की मांग की

**बेंगलुरु**। कांग्रेस ने तमिलनाडु में शुक्रवार को राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। यह बैठक द्रमुक के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई नतीजा नहीं निकलने के बीच होने वाली है। एआईसीसी के तमिलनाडु प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि पार्टी की मंगलवार को एक दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन सीटों के बंटवारे के मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राव ने कहा कि वह बुधवार को चेन्नई पहुंच रहे हैं और सीटों के बंटवारे के मामले में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को आगे की बैठकें होंगी। शुक्रवार को हमारी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक है और उम्मीद है कि तब तक हम उन सब पर किसी निर्णय पर पहुंच चुके होंगे राव ने हालांकि यह नहीं बताया कि कांग्रेस ने कितनी सीटें मांगी हैं, लेकिन कहा कि सीटों के बंटवारे पर समझौता संतोषजनक और आपसी सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

# विधायक के व्यवहार के लिए विधानसभा में भाजपा के उपनेता ने मांगी माफी

**भाषा**। जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा में भाजपा के उपनेता द्वारा पार्टी विधायक और पूर्व मंत्री के व्यवहार के लिए सदन में माफी मांगने के बाद भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। देवनानी सोमवार को जयपुर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं की धरने के दौरान कथित पिटाई के मुद्दे को उठाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के आसन के समक्ष पहुंच गए थे जिसके बाद अध्यक्ष सी पी जोशी ने एक प्रस्ताव पारित कर उन्हें सदन की कार्यवाही में हिस्सा से एक दिन के लिए प्रतिबंधित था और व्यवहार के प्रति माफी नहीं मांगने तक रोक जारी रहती ।बुधवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई भाजपा के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, हम अध्यक्ष से माफी मांगते है... हम चाहते हैं कि सदन की कार्यवाही चले। देवनानी गुस्से में अध्यक्ष के समक्ष चले गए थे, जो सही नहीं था।

यदि अध्यक्ष हमारी रक्षा नहीं करेंगे तो हम कहां जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि देवनानी का व्यवहार गलत था। वह मुद्दे को उस समय उठा रहे थे जब अध्यक्ष सदन में अपनी रख रहे थे। यह गलत परम्परा स्थापित करता है और वरिष्ठ विधायकों को इस तरह के व्यवहार पर आपत्ति जतानी चाहिए थी। इसके बाद, प्रश्नकाल शुरू हुआ। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा भाजपा विधायक देवनानी को सदन की कार्यवाही से बाहर करने के बाद भाजपा के सभी विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया था।

# कर्नाटक : यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद मंत्री रमेश जारकिहोली ने इस्तीफा दिया

**भाषा**। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के जल संसाधन मंत्री रमेश जारकिहोली ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को अपना त्यागपत्र भेज दिया। किसी अज्ञात महिला के साथ अंतरंग होने के कथित वीडियो क्लिप के सामने आने के एक दिन बाद जारकिहोली ने त्यागपत्र दिया है। कन्नड़ समाचार चैनलों ने इस क्लिप का प्रसारण किया था। मुख्यमंत्री को भेजे त्यागपत्र में जारकिहोली ने कहा है, मेरे खिलाफ लगे आरोपों में सच्चाई नहीं है। जल्द से जल्द इसकी जांच होनी चाहिए।

जारकिहोली ने कहा है, मुझे अपनी बेगुनाही पर भरोसा है लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं। आपसे अनुरोध है कि इसे स्वीकार लें। सूत्रों के मुताबिक जारकिहोली ने पार्टी आलाकमान के निर्देश के बाद अपना त्यागपत्र भेजा है। बताया जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरूण सिंह ने दूसरे राज्यों में विधानसभा चुनाव और राज्य में पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्रदेश नेतृत्व को पार्टी के फैसले से अवगत करा दिया।

राज्य विधानसभा के बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे बजट सत्र के पहले मंत्री के खिलाफ इस तरह के आरोप लगना बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के लिए शर्मिंदगी का कारण बना है। राज्य में विपक्षी कांग्रेस और जद (एस) भी मंत्री के तुरंत इस्तीफे की मांग कर रही थी। इससे पहले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने कहा था, अगर उस पार्टी (भाजपा) में जरा भी शर्म है और अगर वह मानवीय मूल्यों का सम्मान करती है तो उसे (मंत्री का) इस्तीफा लेना चाहिए। विपक्ष के नेता ने कहा, अगर सरकार को जरा भी शर्म है तो उसे तुरंत इस्तीफा लेना चाहिए और तत्काल प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को जारकिहोली के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए नौकरी मांगने वाली एक लड़की का उत्पीड़न करने और उसे तथा उसके परिवार को बुरा परिणाम भुगतने की चेतावनी देने का आरोप लगाया। जारकिहोली और उनके भाई तथा विधायक बालाचंद्र जारकिहोली ने आरोपों की जांच कराने की मांग की है। गोकक से विधायक रमेश जारकिहोली पहले कांग्रेस में थे। राज्य में कांग्रेस-जद(एस) सरकार को गिराने और भाजपा के सत्ता में आने में रमेश जारकिहोली की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

## क्विक न्यूज

### सीट बंटवाराः कांग्रेस, आईएसएफ ने विवाद दूर करने की कोशिश की, कुछ सीटों को लेकर बातचीत जारी

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आईएसएफ ने सीट बंटवारे के मामले पर मंगलवार को आपसी विवाद दूर करने की कोशिश की, लेकिन कुछ विधानसभा सीटों के लिए बातचीत अब भी जारी है। हाल में बनी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) पार्टी ने शुरू में कांग्रेस से 15 सीटों की मांग की थी, लेकिन पार्टी उसे सिर्फ पांच सीटें देने पर सहमत थी।उन्होंने बताया कि ताजा बातचीत में कांग्रेस, आईएसएफ को आठ सीटें देने पर राजी हो गई, लेकिन अब्बास सिद्दीकी के नेतृत्व वाली पार्टी दो-तीन और विधानसभा सीट चाहती है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा, बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और हम भाजपा एवं अलोकतांत्रिक तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर लड़ने पर सहमत हैं। दोनों पक्ष मत बंटने से बचने के लिए बातचीत को जरूरी समझते हैं। पार्टी के एक नेता ने कहा कि अंतिम सूची को सात और आठ मार्च को घोषित किए जाने की संभावना है और इसमें बड़ी संख्या में युवा माकपा नेताओं को जगह मिलेगी।आईएसएफ के अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने इससे पहले कहा था कि पार्टी इस बात को लेकर सकारात्मक है कि अनसुलझे मामलों को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने इससे पहले अब्बास सिद्दीकी को कांग्रेस के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर नही बोलने की हिदायत दी थी क्योंकि वे गठबंधन में है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने इससे पूर्व कहा था कि गठबंधन में आईएसएफ के शामिल होने के बाद सीट बंटवारा समीकरण बदल गया है। शुरू में गठबंधन में सिर्फ वाम मोर्चा और कांग्रेस थे और सीट बंटवारा भी उसी के अनुरूप किया गया था। पहले हमने 130 सीटें मांगी थी लेकिन अब हमारे संयुक्त मोर्चा में एक और पार्टी है। हमें 92 सीटें मिली है और कुछ को लेकर चर्चा चल रही है।

### आयकर विभाग का छापा कश्यप, पन्नू की आवाज दबाने की कोशिश

**मुंबई**। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने बुधवार को कहा कि फिल्मकार अनुराग कश्यप और अदाकारा तापसी पन्नू के परिसरों पर आयकर विभाग के छापे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ बोलने वालों की आवाज दबाने का प्रयास है। मंत्री ने दक्षिण मुंबई में विधान भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, सरकार के खिलाफ रुख अपनाने वालों और शासन की नीतियों के विरूद्ध बोलने वालों के खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा। अनुराग और पन्नू के परिसरों पर छापेमारी की गई। दोनों नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता मलिक ने कहा, यह कार्वाई उनकी आवाज को दबाने का प्रयास है। आयकर विभाग ने बुधवार को अनुराग कश्यप समेत कुछ फिल्मकारों से जुड़े परिसरों, रिलायंस एंटरटेनमेंट समूह के सीईओ शिभाशीष सरकार और अभिनेत्री तापसी पन्नू के परिसरों पर छापे मारे। मुंबई और पुणे में 30 से ज्यादा स्थानों की तलाशी ली गई।

### धान संग्रहण केंद्र के चौकीदार को हाथी ने कुचलकर मार डाला

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हाथी ने सरकारी धान संग्रहण केंद्र के चौकीदार को कुचलकर मार डाला है। गरियाबंद जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंडेल गांव के धान संग्रहण केंद्र में तैनात चौकीदार ज्ञानचंद को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला है।उन्होंने बताया कि कुंडेल के धान संग्रहण केंद्र में मंगलवार रात में 14 लोग सोए हुए थे। खाने की तलाश में एक जंगली हाथी वहां पहुंचा जिसे देख ग्रामीण भागने लगे। हाथी ने ज्ञानचंद को पकड़ लिया और उसे कुचलकर मार डाला।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी पर वन विभाग और पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृत चौकीदार के परिजनों को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों को सतर्क किया गया है।

### लाठी फायरिंग रेंज में बीच में फटा गोला, एक जवान की मौत

**जैसलमेर**। जैसलमेर के लाठी फायरिंग रेंज में मंगलवार रात को फायरिंग के दौरान सीमा सुरक्षा बल के एक जवान की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। देर रात लाठी फायरिंग रेंज में फायरिंग के दौरान गोला बीच में फटने से पांच जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन जवानों को उपचार के लिए पोकरण के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र भेजा गया जहां चिकित्सकों ने सतीश कुमार (32) को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मृत जवान के परिजनों को दे दी गई है।

### जम्मू कश्मीर में सैन्य अधिकारी ने गोली मारकर जान दी

**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर के खोनमोह इलाके में बुधवार को सैन्य डिपो में सेना के एक अधिकारी ने कथित तौर पर गोली मारकर जान दे दी। अधिकारियों ने इस बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि डिपो में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल सुदीप भगत ने खुद को गोली मार ली जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। फिलहाल यह पता नही चल पाया है कि अधिकारी ने यह कदम क्यों उठाया।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज लगवाई

## चीन ने भारत को धमकाने के लिए पारंपरिक और साइबर बलों को जुटायाः राहुल गांधी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि चीन ने भारत को धमकाने के लिए अपने पारंपरिक और साइबर बलों को जुटाया। साथ ही उन्होंने चेताया कि सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। उन्होंने एक खबर का हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि रात के समय ली गई उपग्रह तस्वीरों से पता चलता है कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट देपसांग क्षेत्र में चीन द्वारा निर्माण किया गया है। चीन ने भारत को धमकाने के लिए अपने पारंपरिक और साइबर बलों को जुटाया है। ये भारत सरकार (जीओआई) के लिए झटका है। मेरे शब्दों को नोट कर लीजिए, देपसांग में हमारी जमीन चली गई है और डीबीओ (दौलत बेग ओल्डी) खतरे में है। भारत सरकार की कायरता के भविष्य में दुखद परिणाम होंगे। पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक संघर्ष के बाद पिछले वर्ष मई के बाद से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच सीमा पर गतिरोध चल रहा है।

# शशिकला के बारे में अन्नाद्रमुक को निर्णय लेना हैः भाजपा

**भाषा**। चेन्नई

**भाजपा** ने बुधवार को कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी रहीं वी के शशिकला को छह अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ दल के अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल करना है या नहीं, इस पर अन्नाद्रमुक को निर्णय लेना है। इस पर अन्नाद्रमुक ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह न तो शशिकला को और न ही उनके रिश्तेदार टीटीवी दिनाकरण नीत अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम को पार्टी में और न ही चुनाव के लिए किए गए गठबंधन में शामिल करेगी।तमिलनाडु भाजपा प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि से पूछा गया था कि क्या उनकी पार्टी चाहती है कि शशिकला अन्नाद्रमुक नीत गठबंधन में शामिल हो जाएं और इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह के कथित तौर पर मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी से बात करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, केवल आप कयास लगा रहे हैं। उन्होंने संवाददताओं से कहा कि भाजपा अन्नाद्रमुक की अगुवाई वाले गठबंधन का हिस्सा है और शशिकला तथा दिनाकरण को इसमें शामिल करना है या नहीं इस पर तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी को निर्णय करना है। सीटों के बटवारे को ले कर अन्नाद्रमुक के साथ किसी प्रकार के मतभेद के बारे में पूछे जाने पर रवि ने कहा कोई मतभेद नहीं है और बातचीत चल रही है। रवि ने कहा, हम सभी 234 सीटों पर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर की क्या भाजपा शशिकला को गठबंधन में वापस लाने की सिफारिश कर रही है या पार्टी पर इसके लिए कोई दबाव है, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने कहा हम पर कोई दबाव नहीं बना सकता।

## पश्चिम बंगाल में मिठाई की दुकानों तक पहुंचा जय श्री राम, खेला होबे का नारा

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में कड़े चुनावी मुकाबले का असर मिठाई की दुकानों पर भी दिख रहा है। मौसम के मिजाज को देखते हुए राज्य की लोकप्रिय दुकानों में खेला होबे , जय श्री राम के नारे लिखी मिठाइयों की बिक्री की जा रही हैं। कोलकाता की चर्चित मिठाई दुकानों में शुमार बलराम मलिक राधारमण मलिक ने खास संदेश तैयार किया है जिस पर दोनों नारे लिखे हुए हैं। सफेद और हरे रंग की संदेश मिठाई पर खेला होबे लिखा है जबकि सफेद और नारंगी रंग की संदेश मिठाई पर जय श्री राम लिखा है। खेला होबे तृणमूल कांग्रेस का नारा है जबकि भाजपा अपने प्रचार अभियान के दौरान जय श्री राम का उद्घोष करती है। दुकान के मालिक सुदीप मलिक ने पीटीआई-भाषा को बताया, संबंधित दल अपने-अपने नारे के हिसाब से संदेश मिठाई की खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी संदेश और दीदी संदेश मिठाई पर दोनों नेताओं की छवि भी उकेरी गई है।

# मंत्री के भाई ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की, सीडी को बताया फर्जी

**बेंगलुरु**। विधायक बालचंद्र जारकीहोली ने अपने भाई एवं कर्नाटक के जलसंसाधन मंत्री रमेश जारकीहोली के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की सीबीआई जांच कराए जाने की बुधवार को मांग की और फर्जी सीडी जारी करने वाले के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर करने की धमकी भी दी। बालचंद्र ने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा से मुलाकात के बाद कहा कि यदि रमेश जारकीहोली ने कुछ गलत नहीं किया है, तो उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और आपत्तिजनक वीडियो वाली सीडी जारी करने के पीछे जो लोग हैं, उनका पता लगाने के लिए जांच की जानी चाहिए। इस कथित वीडियो क्लिप में रमेश किसी अज्ञात महिला के साथ अंतरंग होते दिख रहे हैं। इन क्लिप को कन्नड़ समाचार चैनलों में प्रसारित किया गया था। बालचंद्र ने कहा, जिस महिला के साथ अन्याय होने का दावा किया जा रहा है, उसकी पहचान नहीं पता है। किसी ने यह दावा करते हुए शिकायत की कि महिला के रिश्तेदारों ने ऐसा करने को कहा। इस शिकायत को दर्ज करना ही गलत है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति को शिकायत करनी चाहिए, न कि सड़क पर चल रहे किसी भी व्यक्ति को ऐसा करना चाहिए। एदियुरप्पा से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से सीबीआई या सीआईडी की जांच के आदेश देने का अनुरोध किया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस सीडी को जारी किसने किया है और कौन प्रभावशाली नेता उनके पीछे हैं। बालचंद्र ने कहा, यदि यह साबित होता है कि रमेश जारकीहोली गलत है, तो मैं उन्हें लोगों से माफी मांगने और राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दूंगा। यदि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है, तो इसके (सीडी और आरोपों के) पीछे जिन लोगों का हाथ है, उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। जांच होनी ही चाहिए और इसलिए मैंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। रमेश भी शहर में हैं और वह भी दिन में बाद में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को रमेश के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने नौकरी पाने की एक इच्छुक महिला का कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में कुछ भी बताने पर उसे एवं उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। रमेश ने मंगलवार रात को आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए संवाददाताओं से कहा था कि वह सकते में हैं और वीडियो शत प्रतिशत फर्जी है। उन्होंने मामले की जांच की मांग की। बालचंद्र ने कहा कि वह वकीलों से विचार-विमर्श कर रहे हैं और सीडी जारी करने वालों के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।


भारतीय सेना की पश्चिमी कमान द्वारा युद्धाभ्यास किया गया

# मोदी पर लोगों का भरोसा एवं प्यार कायम

## ● भाजपा ने गुजरात स्थानीय चुनाव में जीत पर कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी की शानदार जीत और कांग्रेस की हार का हवाला देते हुए कहा कि किसानों ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कृषि कानूनों में सुधारों के लिए मतदान किया है और इस मुद्दे पर एवं एलपीजी की कीमत को लेकर विपक्ष की मुहिम को नकार दिया है।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा कि चुनावों में भाजपा की जबरदस्त जीत इस बात को रेखांकित करती है कि मोदी पर लोगों का भरोसा और प्यार बना हुआ है और उन्होंने कांग्रेस की नकारात्मक मुहिम को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना राजनीति में दुर्लभ उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस का सफाया हो गया है। गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी 31 जिला पंचायतों के साथ ही 231 तालुका पंचायतों में से 196 में और 81 नगरपालिकाओं में से 74 में स्पष्ट बहुमत हासिल कर निकाय चुनावों में बड़ी जीत हासिल की। राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केवल एक नगरपालिका और 18 तालुका पंचायतों में स्पष्ट बहुमत हासिल किया।

इससे पहले गुजरात में पिछले महीने हुए निकाय चुनावों के पहले चरण में, भाजपा ने सभी छह नगर निगमों में जीत हासिल की थी। जावड़ेकर ने कहा कि इन परिणामों का अर्थ है कि लोगों ने विकास के लिए मतदान किया और किसान सुधारों के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी मुहिम में पेट्रोलियम की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए एलपीजी सिलेंडरों का अकसर जिक्र किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात को बदनाम करने की कोशिश की।

उन्होंने गांधी के असम में दिए उस भाषण का जिक्र करते हुए यह बात की, जिसमें उन्होंने पूर्वी राज्य में चाय कर्मियों के कम वेतन के लिए गुजराती व्यापारियों पर निशाना साधा था। भाजपा नेता ने कहा कि लोगों ने उनकी नकारात्मक मुहिम को नकार दिया है। जावड़ेकर ने कहा कि गुजरात में भाजपा की जीत से पहले उसने पिछले कुछ महीनों में देशभर में कई उपचुनावों एवं स्थानीय निकाय चुनावों और बिहार विधानसभा चुनाव समेत विभिन्न चुनावों में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के लिए लोगों के सहयोग को दर्शाता है। जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस के एक विधायक और विपक्षी पार्टी के कई विधायकों के संबंधी भी गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में हार गए हैं।

## वन्यजीवों के आवास, वनों की रक्षा की खातिर हर संभव प्रयास करने चाहिए: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए काम करने वाले लोगों की सराहना की और कहा कि वनों के संरक्षण तथा वन्यजीवों के आवास सुरक्षित बनाए रखने की खातिर हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर, उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि वन्यजीवों को बचाने तथा संरक्षित रखने के लिए और धरती पर एक स्वस्थ पारिस्थितिकीय संतुलन को कायम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित प्रयास करने की आवश्यकता है। मोदी ने ट्वीट किया, वन्यजीव संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों को मेरा सलाम। भारत में शेर, बाघ और तेंदुए समेत अनेक जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। हमारे वनों तथा पशुओं के सुरक्षित आवासों की रक्षा की खातिर हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए।

# ईडी ने मुख्य आरोपी ठाकुर के परिवार की संपत्ति कुर्क की

## ● आश्रय गृह यौन हिंसा कांड

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मुजफ्फरपुर के आश्रय गृह यौन हिंसा कांड के मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर और उसकी पत्नी के विरूद्ध धनशोधन मामले में दिल्ली में स्थित उनकी 1.45 करोड़ रूपए की संपत्ति एवं एक सावधि जमा जब्त है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल यह बहुमंजिली इमारत कुर्क की गई थी और इस अंतिरम आदेश पर इस साल जनवरी और फरवरी के बीच धनशोधन रोकथाम अधिनियम के निर्णय संबंधी प्राधिकार और अपीलीय न्यायाधिकरण ने मुहर लगाई। यह संपत्ति ठाकुर की पत्नी आशा के नाम से है और पालम कॉलोनी के राजनगर प्रथम इलाके है। ईडी ने मंगलवार को उसे अपने कब्जे में ले लिया। इसी मामले में एजेंसी 2.07 लाख रूपए की सावधि जमा भी जब्त कर ली जो आदर्श महिला शिल्प कला केंद्र के नाम से है। ईडी ने अक्टूबर, 2018 में ठाकुर, उसके परिवार के सदस्यों एवं अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। उससे पहले, बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में उसके एनजीओ सेवा संकल्प एवं विकास समिति द्वारा संचालित आश्रय गृह में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न की खबरें सामने आई थीं।

एजेंसी ने कहा था कि उसकी जांच में पाया गया कि आश्रय गृह बहुत ही संदेहास्पद तरीके से चलाया जा रहा था और कई लड़कियों ने हिंसा एवं यौन उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की। ईडी ने कहा, आरोपी ब्रजेश ठाकुर लड़कियों के साथ बलात्कार करता था और इन वंचित एवं बेसहारा लड़कियों के साथ यौन हिंसा एवं मारपीट करता था।

ठाकुर का बालिका गृह के अन्य सदस्यों के साथ इस आश्रय गृह पर पूर्ण नियंत्रण था, ईडी ने कहा, ठाकुर और अन्य ने बालिकाओं के कल्याणार्थ मिले (करीब 7.57 करोड़ रूपए) कोषासहायता अनुदान को अन्यत्र लगाया एवं उसका गबन किया। उन्होंने इस रकम से ठाकुर और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से बहुत सी चल एवं अचल संपत्ति खरीदी। ईडी ने इस मामले में पटना में पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

# पीएम की रैली में शामिल होने के बारे में फैसला गांगुली को करना है: भाजपा

**भाषा।** कोलकाता



**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली के सात मार्च को कोलकाता में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में हिस्सा लेने की अटकलों के बीच भाजपा ने मंगलवार को कहा कि इस बारे में पूर्व क्रिकेटर को फैसला करना है कि वह रैली में शामिल होना चाहते हैं या नहीं।

भाजपा के प्रवक्ता शामिक भट्टाचार्य ने कोलकाता में संवाददाताओं से कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अगर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहते हैं और उनका स्वास्थ्य तथा मौसम संबंधी परिस्थितियां इसकी इजाजत देते हैं तो उनका स्वागत है। गांगुली (48) को 31 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिली थी। इससे पहले ह्रदय तक जाने वाली धमनियों में अवरोध को दूर करने के लिए उनकी एक और एंजीयोप्लास्टी की गई थी। सर्जरी के दौरान उन्हें दो और स्टेंट लगाए गए थे। जनवरी के शुरू में गांगुली को दिल का हल्का दौरा पड़ा था और हृदय से संबंधित ट्रिपल वेसेल डिजीज का पता चला था। उस वक्त एक धमनी में स्टेंट लगाया गया था।


भट्टाचार्य ने कहा, हम जानते हैं कि सौरव फिलहाल आराम कर रहे हैं। अगर वह कार्यक्रम में आने की सोचते हैं और उनका स्वास्थ्य तथा मौसम अनुकूल रहता है तो उनका बहुत स्वागत है। अगर वह आते हैं तो हमें लगता है कि उन्हें यह पसंद आएगा। वहां मौजूद लोगों को भी अच्छा लगेगा। लेकिन इस बारे में (कार्यक्रम में शामिल होने के बारे में) हम नहीं जानते। यह फैसला उन्हें करना है।

## उर्वरकों के कुशलतापूर्वक इस्तेमाल के लिए विकसित की प्रौद्योगिकी

**कोलकाता।** आईआईटी खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने खेतों में उर्वरकों का कुशलता से इस्तेमाल करने के लिए एक मृदा-मानचित्रण प्रौद्योगिकी विकसित की है। संस्थान की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि देश का खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम मुख्य रूप से मिट्टी की सेहत पर निर्भर करता है और इसका लक्ष्य पैदावार बढ़ाना और अकार्बनिक तत्वों के इस्तेमाल पर लगाम लगाना है। बयान में कहा गया है कि जीपीएस सक्षम प्रौद्योगिकी किसानों को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) का कुशलता से इस्तेमाल करने में मदद करेगी, ताकि मिट्टी के पोषण का स्वत: प्रबंधन हो सके। आईआईटी खड़गपुर के निदेशक प्रोफेसर वी के तिवारी ने बताया कि इस प्रौद्योगिकी की मदद से पारंपरिक तरीके से उर्वरकों के इस्तेमाल की तुलना में 30 प्रतिशत की कमी आएगी।

# देश में संक्रमण के 14,989 नए मामले, 98 और की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 14,989 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर।,11,39,516 हो गई। वहीं, देश में एक महीने बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1.7 लाख से अधिक दर्ज की गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 98 और लोगों की मौत होने के कारण कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,57,346 हो गई। देश में संक्रमित 1,70,126 लोग उपचाराधीन हैं, जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.53 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार संक्रमित हुए।,08,12,044 लोग स्वस्थ हो गए है, यानी लोगों के स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 97.06 प्रतिशत है, जबकि संक्रमितों की मृत्यु दर 1.41 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में दो मार्च तक 21,84,03,277 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की जा चुकी है। इनमें से 7,85,220 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई थी। पिछले 24 घंटे में जिन 98 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 54, केरल में 16 और पंजाब में 10 लोगों की मौत हुई। संक्रमण के कारण अब तक कुल 1,57,346 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र में 52,238, तमिलनाडु में 12,502, कर्नाटक में 12,343, दिल्ली में 10,911, पश्चिम बंगाल में 10,270, उत्तर प्रदेश में 8,728 और आंध्र प्रदेश में 7,169 लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में 38115 उत्पाती बंदरों की नसबंदी की गई

**भाषा।** गैरसैंण



**उत्तराखंड** में 38115 उत्पाती बंदरों की नसबंदी करने के बाद उन्हें जंगलों में वापस छोड़ दिया गया है। यहां विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भाजपा सदस्य चंदन रामदास के एक सवाल के जवाब में वन एवं वन्यजीव मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि हरित प्राधिकरण और भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार नसबंदी के बाद बंदरों को उन्हीं क्षेत्रों में छोड़ा जा रहा है जहां से वे पकड़े गए थे।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में अनुमानित तौर एक लाख पचास हजार बंदर हैं। रावत ने कहा कि उत्पाती बंदरों को पकड़कर रखने के लिए प्रदेश में तीन स्थानों पर रेस्क्यू सेंटर बनाए गए हैं जिनके लिए पहली बार केंद्र से भी आर्थिक सहायता ली गई है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों के प्रयोगों से सबक लेते हुए ये रेस्क्यू सेंटर बनाए गए हैं और इनमें 48 हजार बंदरों को रखा जा सकता है। वन मंत्री ने हालांकि कहा कि सभी जिलों में बंदरों के लिए बंदरबाड़ा बनाए जाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में एक बंदरबाड़ा बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है जबकि वर्तमान में राज्य के तीन स्थानों में बंदरबाड़े बनाए गए है। इससे पहले रामदास ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में बंदर किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद कर रहे हैं जिससे उनमें रोष व्याप्त है।

## न्यायालय अपर्णा पुरोहित की अग्रिम जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अमेजन प्राइम वीडियो की भारत प्रमुख अपर्णा पुरोहित की अग्रिम जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। पुरोहित ने वेब सीरीज तांडव को लेकर दर्ज प्राथमिकी के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की पीठ के समक्ष बुधवार को पुरोहित की याचिका पर सुनवाई होनी थी। हालांकि, पीठ ने इसे बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध किया क्योंकि पीठ अपराह्न एक बजे तक ही बैठी। पुरोहित पर उत्तर प्रदेश पुलिस और हिंदू देवी-देवताओं की छवि खराब करने का आरोप है। साथ ही इस वेब सीरीज में प्रधानमंत्री के किरदार के प्रतिकूल चित्रण का आरोप है।

# कोरोना के विरुद्ध जागरूकता के लिए सामग्री विकसित करेंगे विशेषज्ञ

**लखनऊ।** कोरोना जागरूकता के लिए बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के शिक्षक व अन्य विशेषज्ञ सामग्री विकसित करेंगे। विवि और इंडियन साइंस कम्यूनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में स्क्रिप्ट राइटिंग एंड मटेरियल डेवेलपमेंट ऑन हेल्थ एंड रिस्क कम्युनिकेशन टू फाइट अगेंस्ट कोविड 19 विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान यह निष्कर्ष सामने आया।

कार्यशाला में कोरोना के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए किन संचार माध्यमों का किस प्रकार उपयोग हो सकता है, इस विषय पर चर्चा हुई। डॉ. कुंवर सुरेंद्र बहादुर ने बताया कि वे ऑडियो मैसेज के ज़रिए लोगों को जागरूक करेंगे। प्रो. गोविंद पांडेय ने बताया कि वे कोरोना वॉरियर्स पर कहानी लिख लोगों को कोरोना दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। विभाग के डॉ. महेंद्र कुमार पाढ़ी ने बेहतर रणनीति बनाने का सुझाव दिया। डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि लोक माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है। इसमें लोक गीत, नुक्कड़ नाटक और कहानियों का प्रयोग किया जा सकता है। विज्ञान संचारक पूजा विरमानी ने बताया कि कॉमिक्स जागरूकता फैलाने का बेहतर माध्यम बन सकता है। कानपुर विवि की शिक्षक डॉ. द्रोपती ने उम्र के आधार पर अलग-अलग जागरूकता सामग्री व लेख विकसित करने का सुझाव दिया। कार्यशाला के समापन सत्र के अतिथि लविवि के प्रो. विभूति राय ने बताया कि हम व्यक्तिगत स्तर पर भी लोगों को जागरुक करने का कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वी. पी. सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के डीन अकैडमिक अफेयर प्रो. राणा प्रताप सिंह द्वारा की गई।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारत सरकार के वैज्ञानिक डॉ. मनोज पटैरिया ने कोविड संकट से निपटने के भारत सरकार के प्रयासों और डॉक्टरों तथा आमजन की सहभागिता की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि एसजीपीजी के डॉ. राजेश कश्यप ने कोविड 19 से जुड़े अनुभव को सभी के साथ साझा किया। बीबीएयू के डीन स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन प्रोफेसर गोपाल सिंह ने कोविड19 से जुड़े दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का सुझाव दिया। प्रो. एपी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## पंजाब विधानसभा में भाजपा विधायक को बोलने से रोका गया

**चंडीगढ़।** सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी शिअद के सदस्यों ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा विधायक अरुण नारंग को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोक दिया और उन्हें पहले केंद्र के कृषि कानूनों पर अपना रुख साफ करने को कहा। नारंग पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग ले रहे थे कि इसी बीच कांग्रेस विधायक दलवीर सिंह गोल्डी ने उन्हें रोक दिया। गोल्डी के साथ कांग्रेस विधायकों नवतेज सिंह चीमा तथा गुरकीरत सिंह कोटली और अकाली दल के विधायकों ने नारंग के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इन विधायकों ने कहा कि भाजपा विधायकों को सदन में बोलने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि पिछले साल जब पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ संशोधन विधेयक पारित किए गए थे, तो उस समय उन्होंने इनसे दूरी बनाई थी।

# एनआईओएस ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित अध्ययन सामग्री तैयार की

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रमों से संबंधित 15 अध्ययन सामग्री तैयार की है जो वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषा विषयों पर आधारित हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को एनओआईएस की भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री को जारी किया। एनओआईएस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान देश में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्तर और व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में खुली और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्कूली शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय व अन्य राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्ययन पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालई शिक्षा संस्थान ने मुक्त बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम के तीनों स्तरों पर संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषा विषयों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा के 15 पाठ्यक्रम तैयार किए हैं। यह पाठ्यक्रम कक्षा 3, 5 और 8वीं कक्षा के समकक्ष हैं।

इन पाठ्यक्रमों के तहत वेदों के विषय में रामायण महाकाव्य आख्यान, भगवद्गीता की शिक्षाएं, पाणिनी प्रतिपादित महेश्वर सूत्र, समरस श्लोक संग्रह, एकात्मता स्तोत्र, अनेक वैदिक भजन, विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र, शिक्षावली, ब्रह्मवली, भृगुवली, ललिता शतनाम स्तोत्र जैसे विषयों को शामिल किया गया। योग विषय में पतंजलि कृतसूत्र, योगसूत्र व्यायाम, सूर्यनमस्कार, आसन और क्रियाएं, प्राणायाम, यम, नियम, हठयोग, विश्राम अभ्यास, क्रोध प्रबंधन अभ्यास, एकाग्रता और स्मृति वृद्धि अभ्यास के कुछ वर्गो कोरेखांकित किया गया है।

व्यावसायिक कौशल पाठ्यक्रमों में प्राचीन भारतीय संस्कृति के विभिन्न कुशल तरीकों जैसे पौधों को पानी देना, गौ पालन, गोशालाओं की सफाई और स्वच्छता, बगीचे की देखभाल, सिलाई और कटाई, सब्जी उगाने संबंधी कार्य, जैविक खेती, नवग्रह वन आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा दैनिक जीवन में आयुर्वेद का उपयोग, खाना पकाने और परोसने के तरीके शामिल किए गए हैं।

# पेज 1 का शेष

## हर अपराधी...

कटघरे में खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी की एक रैली है और रैली के पोस्टर उस अपराधी द्वारा लगाए गए हैं। वह भी समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ लगाए गए हैं। यह क्या साबित करता है? वह पीड़ित लड़की भी चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि उस अपराधी का संबंध किससे है? उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में मितव्ययिता का कोई विचार नहीं था। बस कर्ज लेना उनकी नीयत थी। भविष्य के उत्तर प्रदेश के प्रति उन सरकारों की कोई नीति नहीं थी। सारी योजनाएं बस तात्कालिक फायदे वाली थीं। उनके इस नजरिये से समाज का हर वर्ग आजिज था और आखिरकार समय आने पर जवाब भी दिया। हमने इस बात को समझा। लगातार प्रयास किया। नतीजतन जो वर्षों में न हो पाया 4 वर्ष में कर दिखाया।

## दावा: कोवैक्सीन...

इंस्टीट्यूट कर रहा है तथा भारत बायोटेक की स्वदेशी कोवैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी गई थी। इसके बाद देश में टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था। भारत बायोटेक ने कहा कि वैक्सीन के अंतरिम विश्लेषण में प्रारंभिक सुरक्षा आंकड़ों की भी समीक्षा की गई है।

## सप्ताह के...

की सुबह नौ से शाम पांच बजे तक की समय सीमा समाप्त कर दी गई है और अब अस्पतालों को यह फैसला करना है कि वे इस समय सीमा के बाद भी टीका लगाना जारी रखना चाहते हैं या नहीं। कोविड-19 का राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने के साथ शुरू हुआ था।

## एसएसबी की...

अनुसार, नई बटालियनों का उपयोग अंतर-सीमा चौकी दूरी को कम करने, नेपाल और भूटान के साथ व्यापार और पारगमन मार्गों को मजबूत करने और सिक्किम में त्रिकोणीय जंक्शन क्षेत्र में एसएसबी की ताकत को और बढ़ाने में किया जाएगा। एक बटालियन में एक हजार से अधिक कर्मी शामिल होंगे।

## तापसी पन्नू...

निर्माता-वितरक मधु मैंटेना के खिलाफ जांच का हिस्सा है। फैंटम फिल्म्स को 2018 में बंद कर दिया गया था। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि इन संस्थानों के बीच हुए कुछ लेन-देन विभाग की नजर में थे और कर चोरी के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए सबूत एकत्रित करने के लिए यह कार्रवाई की गई। सूत्रों ने कहा कि फैंटम फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्मों से हुई कमाई की भी जांच की जा रही है। मैंटेना के खिलाफ छापेमारी केडब्ल्यूएएन के साथ उनके संबंधों के संदर्भ में की जा रही है, जिनमें से वह सह-प्रवर्तक हैं।कश्यप और पन्नू दोनों विभिन्न मुद्दों पर मुखर विचारों के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने 2018 की फिल्म ‮‬"मनमर्जियों" में साथ काम किया था और अब वे आगामी फिल्म "दोबारो" में साथ काम कर रहे हैं। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि कश्यप और पन्नू के खिलाफ छापे उनकी टिप्पणियों से जुड़े हैं जो कई बार भाजपा के आलोचक रहे हैं। उन्होंने एक सवाल पर कहा, जांच एजेंसियां विश्वसनीय सूचना के आधार पर जांच करती हैं और मामला बाद में अदालतों में भी जाता है।

## प्रदेश में...

विभाग, शमीम अहमद को सचिव उच्च शिक्षा विभाग, वीरेंद्र कुमार सिंह को एमडी पीसीडीएफ, कुमार प्रशांत को विशेष सचिव गृह, शेषमणि पांडेय को विशेष सचिव हथकरघा, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव को एआईजी स्टाम्प विभाग, कृष्ण कुमार को विशेष सचिव एपीसी शाखा, देवेंद्र सिंह कुशवाहा को विशेष सचिव एपीसी शाखा, राजेंद्र पेंसिया को वीसी आगरा विकास प्राधिकरण, अरुणा मौली को सीडीओ फरुखाबाद, विपिन जैन को जेएमडी जल निगम, पूजा पांडेय को विशेष सचिव दिव्यांग कल्याण, राधेश्याम को विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण, केके गुप्ता को संयुक्त आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग, अमन देव दुली को एसीईओ नोएडा, रिया केजरीवाल को सीडीओ बलरामपुर, अनुज मलिक को सीडीओ कुशीनगर, राजा गणपति को निदेशक स्वास्थ्य विभाग, प्रेरणा सिंह को सीडीओ इटावा, प्रथमेश कुमार को विशेष सचिव मुख्यमंत्री, अनीता यादव को सीडीओ अयोध्या, आशीष कुमार को नगर आयुक्त गोरखपुर, अंजनी कुमार को निदेशक मंडी, राम सहाय यादव को विशेष सचिव एपीसी शाखा, पंकज कुमार को एमडी यूपीपीसीएल, अमित किशोर को एमडी दक्षिणांचल विद्युत निगम और अनुनय झा को नगर आयुक्त मथुरा के पद पर भेजा गया है।

## हाथरस कांड...

मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को किसान के नाराज परिजनों ने हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। अधिकारियों ने समझा बुझाकर किसी तरह उनको राजी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अभियुक्तों पर रासुका के तहत कार्रवाई का आदेश दिया था।

## सांसद पुत्र...

आरोपी भाग निकला। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। डीसीपी उत्तरी रईस अख्तर ने बताया कि मोहनलालगंज से भाजपा सांसद कौशल किशोर व मलिहाबाद से विधायक जयदेवी का बेटा आयुष (30) ने करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही वह पत्नी के साथ मड़ियांव के छठामील के कमलाबाद-बढ़ौली में किराए का मकान लेकर रहता है। मंगलवार रात करीब 2.30 बजे आयुष को संदिग्ध हालत में गोली लग गई। गोली बाएं बगल के पास लगने से वह लहूलुहान हो गया। घटना की सूचना उसके साले आदर्श ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आयुष को ट्रॉमा सेंटर लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद कौशल किशोर समेत पुलिस के कई अधिकारी ट्रॉमा सेंटर पहुंच कर पीड़ित और उसके साले से पूछताछ की।

## भाजपा ने...

की आजादी खत्म कर दी। सभी पार्टियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सारे सांसदों और विधायकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। लाखों लोगों को बंदी बनाया गया। साथ ही साथ अखबारों की आजादी खत्म कर दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, संस्थागत ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया, ए कहना हास्यास्पद है। कौशिक बसु के साथ हुई बातचीत के दौरान आपातकाल पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा था कि आपातकाल में जो भी हुआ वह गलत था तथा उसमें एवं आज की परिस्थिति में मूलभूत अंतर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने भारत के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास कभी नहीं किया और कांग्रेस के पास ऐसा करने की काबिलियत भी नहीं है। हम ऐसा करना चाहें तब भी हमारी संरचना ऐसी है कि हम नहीं कर पाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने असम में नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए) को समाप्त करने के कांग्रेस के वादे के लिए विपक्षी दल को आड़े हाथों लिया। जावड़ेकर ने एक ट्वीट में कहा, कांग्रेस ने 2015 में बांग्लादेश से आए बंगाली हिन्दुओं और बौद्ध के लिए नागरिकता की मांग की थी और वही कांग्रेस आज कह रही है कि वह सत्ता में आई तो सीएए को समाप्त कर देगी। उन्होंने इसे कांग्रेस की चुनावी मौकापरस्ती करार दिया। ज्ञात हो कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम में चुनाव प्रचार के दौरान सीएए को लेकर यह बयान दिया था। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप और अभिनेत्री तापसी पन्नू के खिलाफ आयकर विभाग के छापे का उनकी भाजपा विरोधी कथित टिप्पणियों से जोड़े जाने के आरोपों को खारिज करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि जांच एजेंसियां तथ्यों और ठोस सूचनाओं के आधार पर जांच करती है और मामला अदालतों में भी जाता है। भाजपा नेता ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिली जीत को बहुत बड़ी सफलता करार दिया और कहा कि राज्य में भाजपा ने 2017 का चुनाव जीता था और वहां पार्टी एक प्रकार से 38 साल से सरकार में हैं। उन्होंने कहा, इतने समय तक जनता का साथ मिलना और वो बढ़ते जाना, ये राजनीति में एक अद्भुत करिश्मा है।

## न्यायिक व्यवस्था...

की गई। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने मामले में अब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं किया और जांच जारी है। मेहता ने पीठ से कहा, वह (अंसारी) न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे रहा है। साथ ही जोड़ा कि उसने चिकित्सा प्रमाणपत्र का जुगाड़ किया जिसमें कहा गया कि यात्रा करने की अनुमति नहीं है लेकिन अंसारी दूसरी अदालतों की सुनवाई में शामिल हुआ। मेहता ने कहा, उसने समूची न्यायिक व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र का इस्तेमाल किया और उसका मजाक बनाया। पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने उत्तर प्रदेश द्वारा दाखिल याचिका के औचित्य पर सवाल उठाया। दवे ने कहा, मुख्तार अंसारी के साथ हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अगर वह अपराधी है तो अपराधी है। सवाल यह है कि क्या एक राज्य ऐसी परिस्थिति में इस अदालत में दूसरे राज्य के खिलाफ रिट याचिका दाखिल कर सकता है जैसा कि इस मामले में उत्तर प्रदेश ने किया। उन्होंने पत्रकार सिद्दीक कप्पन के मामले का हवाला दिया जिन्हें हाथरस जाते समय गिरफ्तार किया गया था।

# चौथा व निर्णायक टेस्ट आज से

## फाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को ड्रा की जरूरत

**भाषा** । अहमदाबाद


अंतिम टेस्ट के लिए तैयारी में जुटे मैदानकर्मी

**पिछले** दो मैचों में दबदबा बनाने में सफल रहा भारत गुरुवार से यहां शुरू हो रहे चौथे और अंतिम टेस्ट में एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ कोई रहम नहीं दिखाते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करके के लक्ष्य के साथ उतरेगा।

भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही और अगर विराट कोहली की टीम अंतिम टेस्ट ड्रा भी करा लेती है तो जून में लार्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह बना लेगी जहां उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा। इंग्लैंड की टीम फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है लेकिन अगर अंतिम टेस्ट में जीत दर्ज करती है तो फिर भारत को भी खिताबी मुकाबले से बाहर कर देगी और टिम पेन की अगुआई वाली आस्ट्रेलिया की टीम को इस मुकाबले में खेलने का मौका मिलेगा। इस तरह के मैच में ड्रा हमेशा सुरक्षित विकल्प होता है लेकिन आक्रामक रवैया अपनाने वाले कोहली और कोच रवि शास्त्री रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाना चाहेंगे क्योंकि ऐसा करना कभी कभी भारी भी पड़ जाता है। मोटेरा की नई पिच पर तीसरे टेस्ट के दौरान गुलाबी गेंद के सामने मेहमान टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और भारत ने सिर्फ दो दिन के अंदर 10 विकेट से जीत दर्ज की।

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की सीधी गेंदों का सामना करने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई क्योंकि वे शुरुआत से ही गेंद के टर्न होने की उम्मीद कर रहे थे। चेन्नई में दूसरे टेस्ट से ही यह रणनीति मेजबान टीम के लिए सफल रही है। भारतीय उप कप्तान अजिंक्य रहाणे और इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉले दोनों का मानना है कि चौथे टेस्ट की पिछले पिछले दो मैचों के समान लग रही है लेकिन गुलाबी गेंद की तुलना में लाल गेंद पिच पर गिरने के बाद उतनी अधिक तेजी से नहीं आती जिससे दोनों टीमों के बीच मुकाबला कड़ा देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड की टीम के लिए इस मैच में अधिक कुछ दांव पर नहीं लगा है। टीम इस मैच में जीत के साथ श्रृंखला ड्रॉ कराके अपनी प्रतिष्ठा बचाना चाहेगी लेकिन भारत के लिए काफी कुछ दांव पर लगा है।

आंकड़ों के हिसाब से भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान होने के बावजूद कोहली ने स्वीकार किया है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं के संदर्भ में अपने पूर्ववर्ती महेंद्र सिंह धोनी जैसी सफलता नहीं मिली है। अक्षर और रविचंद्रन अश्विन ने श्रृंखला में मिलकर अब तक 42 विकेट चटकाए हैं और कोहली उनके विकेटों के आंकड़ों में और इजाफा होता देखना चाहेंगे।

भारतीय स्पिनरों ने पहले तीन टेस्ट में इंग्लैंड के 60 में से 49 विकेट चटकाए हैं और लोगों को पता है कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अंतिम टेस्ट में वे क्या उम्मीद कर सकते हैं। कोहली को स्पिनरों के साथ कोई शिकायत नहीं है जिन्होंने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। उन्हें हालांकि बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय बल्लेबाज अब तक श्रृंखला में दबदबा बनाने में नाकाम रहे हैं और उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। रोहित शर्मा ने श्रृंखला में अब तक 296 रन बनाए हैं जो दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अश्विन के 176 रन के आंकड़े से 120 रन अधिक हैं। अश्विन ने चेपक की मुश्किल पिच पर शतक जड़ा था। रोहित के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज अब तक स्पिन की अनुकूल पिचों पर आत्मविश्वास के साथ नहीं खेल पाया है।

कोहली ने दो अर्धशतक जड़े हैं लेकिन अब तक गेंदबाजों पर दबदबा बनाने वाली पारी नहीं खेल पाए हैं जिसके लिए वह जाने जाते हैं। अजिंक्य रहाणे, चेतश्वर पुजारा और शुभमन गिल तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ एक-एक अच्छी पारी खेल पाए हैं। भारतीय टीम अंतिम मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी और ऐसे में उमेश यादव की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है। देखना होगा कि उनके जोड़ीदार इशांत शर्मा होंगे या मोहम्मद सिराज। इंग्लैंड की लचर बल्लेबाजी में खराब टीम चयन का भी हाथ रहा है। कप्तान जो रूट (333 रन) ने पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा लेकिन उनके और दूसरे सर्वोच्च स्कोर बने स्टोक्स (146) के बीच 187 रन का अंतर है। रूट ने तीसरे टेस्ट में गेंदबाजी में भी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ रन देकर पांच विकेट चटकाए थे। टीम अंतिम टेस्ट में दो विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ उतर सकती है। बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच (16 विकेट) ने प्रभावित किया है लेकिन उनकी अपनी सीमाएं हैं और वह अक्षर की तुलना में औसत 10 किमी प्रतिघंटा कम की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच की संभावना को देखते हुए उन्हें डॉम बेस का साथ मिल सकता है। बेस ने चेन्नई में पहले टेस्ट में प्रभावित किया था लेकिन इसके बाद उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला।

टीमें: भारत-विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, इशांत शर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज, रिद्धिमान साहा, मयंक अग्रवाल, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और लोकेश राहुल। इंग्लैंड-जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, डोमिनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रोरी बर्न्स, जैक क्रॉली, बेन फोक्स, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, डोम सिबली, बेन स्टोक्स, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

# हो-हल्ला से काम नहीं चलेगा, डिफेंस मजबूत करें और खेलें: कोहली

### हमने किसी भी पिच के बारे में शिकायत नहीं की

**भाषा** । अहमदाबाद



**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट से पहले देश में स्पिनरों के लिए मुफीद पिचों के बारे में लगातार सवालों के जवाब में कहा कि हो-हल्ला बंद करके डिफेंस को मजबूत कीजिए और मैच खेलिए। भारत ने मोटेरा में गुलाबी गेंद के टेस्ट में इंग्लैंड को दो दिन के अंदर पस्त कर दिया था और इससे कुछ दिन पहले ही उसने चेन्नई में दूसरे टेस्ट में स्पिनरों की मुफीद पिच पर मेहमान टीम को हराया था। कोहली ने गुरूवार से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि स्पिन होती पिचों के बारे में हमेशा ज्यादा हो-हल्ला और ज्यादा ही बातचीत होती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि अगर हमारी मीडिया उन विचारों का खंडन करने और ऐसे विचारों को पेश करने की स्थिति में है कि केवल स्पिन पिचों की ही आलोचना करना अनुचित है तो ही यह संतुलित बातचीत होगी। कोहली ने तीसरे टेस्ट मोटेरा की पिच पर अपनी टीम विफलता के लिए बल्लेबाजों की तकनीक को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण चीज यह है कि हर कोई स्पिन पिच के राग के साथ खेलता रहता है और जहां तक यह उपयोगी रहता है तब तक इसे खबर बनाए रखता है। फिर एक टेस्ट मैच होता है, अगर आप चौथे या पांचवें दिन जीत जाते हो तो कोई भी कुछ नहीं कहता लेकिन अगर यह दो दिन में खत्म हो जाता है तो हर कोई इसी मुद्दे को आलापता रहता है। जब उनसे पूछा गया कि इस तरह की चुनौतीपूर्ण स्पिन पिचों पर विकेट बचाए रखने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत होती है तो कोहली ने मजबूत डिफेंस पर जोर दिया लेकिन साथ ही वह मानते हैं कि छोटे प्रारूप की वजह से अब यह भी मजबूत नहीं है। कोहली ने कहा कि डिफेंस सबसे जरूरी है। लेकिन सफेद गेंद के क्रिकेट के असर की वजह से टेस्ट क्रिकेट में लगातार नतीजे मिल रहे हैं, लेकिन ऐसा इसलिए हो रहा है कि क्योंकि बल्लेबाजी के रक्षात्मक हिस्से से समझौता किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों चार-पांच सत्र तक खेलने पर ध्यान नहीं है, हर कोई बोर्ड पर तेजी से 300 से 350 रन जुटाना चाहता है। शायद लोग डिफेंस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, उन्हें अन्य प्रारूप में खेलने के लिए ढलना होता है इसलिए खेल में तेजी आ गई है। भारतीय कप्तान ने कहा कि इसलिए निश्चित रूप से कौशल की जरूरत होती है और यह सिर्फ स्वीप शॉट खेलना नहीं होता। मेरे लिए यह डिफेंस है। बल्लेबाजी का यह पहलू थोड़ा पीछे हो गया है। कोहली ने न्यूजीलैंड में भारत को मिली एक हार का जिक्र किया जिसमें टीम तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर जूझ रही थी। उन्होंने कहा कि किस तरह तब पिच की नहीं बल्कि बल्लेबाजों की तकनीक की आलोचना की गई थी।

उन्होंने कहा कि हम न्यूजीलैंड में 36 ओवर में तीसरे दिन ही हार गए थे। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे यहां किसी ने भी पिच के बारे में नहीं लिखा था। इसमें सिर्फ यही था कि भारत न्यूजीलैंड में कितना खराब खेला। कोहली ने कहा कि किसी भी पिच की आलोचना नहीं की गई थी, पिच कैसा बर्ताव कर रही थी, गेंद कितनी मूव कर रही थी, पिच पर कितनी घास थी, इसे देखने कोई नहीं आया। कोहली ने कहा कि उनकी टीम इनकी शिकायत करने के बजाय परिस्थितियों के हिसाब से ढलने की वजह से ही पिछले कुछ समय से सफलता हासिल कर रही है।

## पिछले टेस्ट जैसी लग रही है पिचः रूट

**अहमदाबाद**। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने बुधवार को कहा कि भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट के लिए पिच तीसरे टेस्ट मैच की पिच के समान दिख रही है जिसमें उनकी टीम को दो दिन के अंदर करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि मेहमान टीम ने पिछले मैचों से सबक सीख लिया है और वे गुरूवार से शुरू होने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत को जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने या ड्रा कराने की जरूरत है जबकि इंग्लैंड के लिए जीत थोड़ा खोया आत्मविश्वास हासिल करने में मदद करेगी। रूट से जब पिछले टेस्ट की पिच पर चल रही बहस के बारे में और चौथे टेस्ट के लिए पिच कैसी दिख रही है, इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पिच बिलकुल उसी पिच की तरह दिख रही है। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज यही है कि हम पिछले दो टेस्ट मैचों से सबक सीखें और सुनिश्चित करें कि हम इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने यहां चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह अहम है कि अगर हम पहली पारी में उसी स्थिति में पहुंच जाएं तो हम सचमुच इसका फायदा उठाएं। और फिर स्कोरबोर्ड पर रन बनाकर मैच में शुरू में दबदबा बनाएं। रूट ने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज साझेदारियां बनाना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज, अगर आप रन नहीं बनाते हो तो आपको हमेशा खुद को देखना होगा, आपको कोशिश करनी होगी और सुधार करने के तरीके ढूंढने होंगे और हमने निश्चित रूप से ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि अगर इस बार भी पिच वैसी ही होती है तो हम बड़ी साझेदारियां बनाने के तरीके ढूंढेंगे और कुछ अच्छा स्कोर बनाएंगें। रूट ने कहा कि टीम ने अभी अंतिम एकादश या द्वादश नहीं चुनी है लेकिन स्पष्ट किया कि ऑफ स्पिनर डॉम बेस निश्चित रूप से चुने जाएंगे उन्होंने कहा कि अभी हम एक दिन और देखेंगे कि यह विकेट आखिरकार कैसा दिखता है और टॉस पर ही टीम बताएंगे। डॉम बेस निश्चित रूप से चुने जाएंगे। वह अच्छी ट्रेनिंग कर रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि वह पिच से फायदा उठाने की कोशिश के लिए बेताब होगा

## टोक्यो ओलंपिक में नहीं होंगे विदेशी दर्शक

**टोक्यो**। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद हो रहे टोक्यो ओलंपिक में विदेशी प्रशंसकों को अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। जापान के अखबार मेनिची ने बुधवार को कहा कि इस बारे में फैसला ले लिया गया है। इसने चर्चा में शामिल सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने कहा कि अंतिम फैसला एक महीने के भीतर ले लिया जाएगा। एक अज्ञात सरकारी अधिकारी के हवाले से अखबार ने कहा कि मौजूदा हालात में विदेशी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देना संभव नहीं है। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक आयोजकों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति, टोक्यो मेट्रोपोलिटन प्रशासन और जापान सरकार के प्रतिनिधियों के साथ आनलाइन बैठक की।

## डेविड वार्नर ने गलती स्वीकारी

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेलने के लिए चोट से वापसी में जल्दबाजी करना संभवत: सही फैसला नहीं था जिसके कारण उनका रिहैबिलिटेशन का समय लंबा हो गया। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान ग्रोइन की चोट के कारण वार्नर पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे लेकिन सिडनी और ब्रिसबेन में हुए अंतिम दो टेस्ट खेले थे। 34 साल के वार्नर ने दो टेस्ट की चार पारियों में 5, 13,1 और 48 रन बनाए और साफ दिख रहा था कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं हैं। भारत ने गाबा में जीत के साथ टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की एतिहासिक जीत दर्ज की।

## मैनचेस्टर सिटी की लगातार 21वीं जीत

**मैनचेस्टर**। मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को वोल्वरहैम्प्टन को एकतरफा मुकाबले में 4-1 गोल से हराकर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने अंक तालिका में 15 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी ने लिएंडर डेनडोंकर के 15वें मिनट में आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई। वोल्वरहैम्पटन को 61वें मिनट में कोनोर कोडी ने बराबरी दिला दी। मैच ड्रा की ओर बढ़त दिख रहा था लेकिन गैब्रियल जीसस (80वें और 90 प्लस तीन मिनट) और रियाद मेहरेज (90वें मिनट) ने अंतिम 10 मिनट में तीन गोल दागकर टीम की 4-1 गोल से जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय हाकी टीम ने जर्मनी से ड्रा खेला

**क्रेफेल्ड ( जर्मनी )**। भारतीय पुरुष हाकी टीम ने यूरोप के चार मैच के दौरे के दूसरे मुकाबले में यहां जर्मनी से 1-1 से ड्रा खेला। जरमनप्रीत ने भारत के लिए चौथे मिनट में खाता खोला जबकि मार्टिन हैनर ने जर्मनी के लिए बराबरी गोल दागा। शुरूआती मैच में 6-1 से दबदबे वाली जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी चौथे नंबर की भारतीय टीम ने मेजबानों के खिलाफ आक्रामक शुरूआत की और चौथे ही मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल कर लिया जिसे डिफेंडर जरमनप्रीत ने शानदार स्लैप शॉट से गोल में बदल दिया, लेकिन दो मिनट के भीतर ही मेजबानों ने वापसी की और पेनल्टी कार्नर हासिल कर बराबरी करने का मौका प्राप्त किया, पर इसका फायदा नहीं उठा सके।

## पेले को कोविड-19 टीका लगा

**साओ पाउलो**। ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉलर पेले को कोविड-19 टीका लगा जिसके बाद उन्होंने इसे कभी नहीं भुलाया जाने वाला दिन करार दिया। ब्राजील के 80 साल के महान फुटबॉलर पेले ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर इस खबर को साझा करते हुए तस्वीर भी डाली जिसमें उनके दाएं हाथ में टीका लगाया जा रहा है। तीन बार विश्व कप जीतने वाली ब्राजील की टीम का हिस्सा रहे पेले ने यह खुलासा नहीं किया कि उन्हें यह टीका कहां लगाया गया। एक साल पहले ब्राजील में महामारी का प्रकोप शुरू होने के बाद से पेले साओ पाउलो के बाहर गुआरुजा में अपने घर में रह रहे हैं।

## एमसी मैरीकॉम अध्यक्ष चुनी गईं



**नई दिल्ली**। छह बार की विश्व चैम्पियन एम सी मैरीकॉम को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) की चैम्पियंस एंड वेटरंस समिति का अध्यक्ष चुना गया। विश्व संस्था ने पिछले साल इस पैनल का गठन किया था। 37 साल की 2012 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम को एआईबीए के निदेशकों के बोर्ड की वोटिंग के बाद इस पद के लिए चुना गया। यह स्टार मुक्केबाज कई मौकों पर विश्व संस्था की ब्रांड दूत रह चुकी हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग : राहुल दूसरे स्थान पर बरकरार, कोहली छठे स्थान पर पहुंचे

**दुबई**। भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने आईसीसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा जबकि कप्तान विराट कोहली एक पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। राहुल 816 अंक से इंग्लैंड के डेविड मलान (915) से पीछे हैं जो अपने शीर्ष स्थान पर डटे हुए हैं जबकि कोहली के 697 अंक हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (801) एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि आस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के कप्तान आरोन फिंच (788) चौथे स्थान पर खिसक गए। दक्षिण अफ्रीका के वान डर डुसेन (700) भी सूची में एक पायदान के लाभ से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के स्थानों में दोनों देशों के बीच चल रही श्रृंखला के पहले दो मैचों के बाद अपडेट हुई रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। न्यूजीलैंड के डेवन कोनवे ने शुरूआती मैच में नाबाद 99 रन बनाए थे जिससे वह 46 पायदान के फायदे से महज आठ मैचों के बाद ही 17वें स्थान पर जबकि सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल 97 रन की पारी के बूते तीन पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंचे। आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस 77 पायदान की छलांग से 110वें जबकि मैथ्यू वेड 118वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें अफगानिस्तान के राशिद खान (736) शीर्ष पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में कोई भारतीय शामिल नहीं है।

## आईपीएल की आलोचना के लिए स्टेन ने माफी मांगी

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आलोचना करने के लिए बुधवार को माफी मांगते हुए कहा कि उनका दुनिया के सबसे बड़े फ्रेंचाइजी आधारित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट को नीचा दिखाने या अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। स्टेन ने कहा कि उनके इस बयान को सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया कि आईपीएल में पैसों की बात के बीच कई बार क्रिकेट को भुला दिया जाता है। स्टेन ने ट्वीट किया कि मेरे करियर में आईपीएल शानदार रहा, अन्य खिलाड़ियों के लिए भी। मेरा इरादा कभी इसे नीचा दिखाने का नहीं था।

## स्विस ओपनः श्रीकांत जीते, सात्विक अश्विनी की जोड़ी ने किया उलटफेर

### समीर की चुनौती समाप्त

**भाषा** । बासेल

**शीर्ष** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां हमवतन समीर वर्मा की चुनौती समाप्त करते हुए स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपना अभियान जीत से शुरू किया। चौथे वरीय श्रीकांत ने 2015 में यह खिताब जीता था, उन्होंने पुरूष एकल के शुरूआती दौर के मैच में एक घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चले कड़े मुकाबले में 2018 के विजेता समीर को 18-21 21-18 21-11 से शिकस्त दी। अब दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी का सामना फ्रांस के थॉमस रूक्सेल और कनाडा के जियाडोंग शेंग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बीती रात सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शुरूआती दौर में इंडोनेशिया के हाफिज फैजल और ग्लोरिया इमैनुअल विदजाजा की दूसरी वरीय और विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर की जोड़ी को 21-18 21-10 से हराकर उलटफेर किया। पिछले एक महीने से नए विदेशी कोच माथियास बो के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही सात्विक और अश्विनी की जोड़ी की भिड़ंत अब एक अन्य इंडोनेशियाई जोड़ी - रिनोव रिवाल्डी और पिठा हैनिंगटायस मेंटारी -से होगी।

एक अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि इंग्लैंड के मार्कस एलिस और लॉरेन स्मिथ की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 39 मिनट में 18-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## एगर के छह विकेट से आस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

**भाषा** । वेलिंगटन

**ग्लेन** मैक्सवेल और आरोन फिंच के अर्धशतक के बाद एशटन एगर के छह विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड को 64 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीतने की उम्मीद बरकरार रखी है। मैक्सवेल ने 31 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 70 रन की पारी खेली जबकि फिंच ने 44 गेंद का सामना करते हुए आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन जोड़े जिससे आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 208 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जोश फिलिप ने भी 43 रन का योगदान दिया।मैक्सवेल ने सिर्फ 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और अपनी पारी के दौरान जिमी नीशाम के एक ओवर में दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 28 रन जुटाए। इसके जवाब में एगर (30 रन पर छह विकेट) और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे रिली मेरेडिथ (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड की टीम 17.1 ओवर में 144 रन पर ढेर हो गई। मेरेडिथ ने टिम सीफर्ट (04) और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (09) को जल्द पवेलियन भेजा जिसके बाद एगर ने लगातार छह विकेट चटकाए।

## मैरीकॉम स्पेनिश मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली**। पिछले साल ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद पहली बार रिंग में उतरी छह बार की विश्व चैम्पियन एम सी मैरीकॉम (51 किलो) ने स्पेन के कास्टेलानो में चल रहे बोक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। मैरीकॉम ने इटली की जियोर्डाना सोरेंतिनो को बंटे हुए फैसले पर हराया। अब वह अमेरिका की वर्जिनिया फुश से खेलेगी। इससे पहले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

## सेंसेक्स ने 1148 अंक की लगाई छलांग

### निफ्टी 15,200 अंक के पार

**भाषा** । मुंबई

**शेयर** बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और सेंसेक्स 1,148 अंक की लंबी छलांग के साथ 51,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी 15,200 अंक के ऊपर पहुंच गया। वित्तीय और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,147.76 अंक या 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,444.65 अंक पर बंद हुआ। यह दो फरवरी के बाद सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,243 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 326.50 अंक या 2.19 प्रतिशत के लाभ से 15,245.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 43 शेयर लाभ के साथ बंद हुए। इस तरह तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,344.66 अंक या 4.77 प्रतिशत और निफ्टी 716.45 अंक या 4.93 प्रतिशत चढ़ चुका है।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी तथा एक्सिस बैंक में अच्छा लाभ दर्ज हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 बढ़त में रहे। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 5.15 प्रतिशत चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 4.52 प्रतिशत के लाभ में रहा। मंगलवार को संपन्न हुई स्पेक्ट्रम नीलामी में रिलायंस जियो ने 57,122.65 करोड़ रुपए में 488.35 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। विश्लेषकों का कहना है कि जियो तथा भारती एयरटेल द्वारा स्पेक्ट्रम के अधिग्रहण से इन दोनों दूरसंचार कंपनियों को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारती एयरटेल ने 18,699 करोड़ रुपये में 355.45 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दुनियाभर के बाजारों में उत्साह है। अब बाजार का ध्यान ऊंचे मूल्यांकन से मजबूत आर्थिक पुनरुद्धार और आमदनी में वृद्धि की ओर स्थानांतरित हो चुका है। वैश्वक धारणा के अनुकूल भारतीय बाजार भी चढ़ रहे हैं।

## तेज गति से बढ़ा भारत का सेवा क्षेत्र

**नई दिल्ली**। भारत में सेवा संबंधी गतिविधियों में फरवरी महीने में एक साल की सबसे तेज गति की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि इस दौरान रोजगार में गिरावट जारी रही ओर कंपनियों के कुल व्यय में सबसे तेज गति से कमी आई। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह कहा गया। भारत सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक जनवरी के 52.8 से बढ़कर फरवरी में 55.3 पर पहुंच गया। इससे बेहतर होती मांग और अनुकूल होती बाजार परिस्थितियों के बीच पिछले एक साल के दौरान उत्पादन में सबसे तेज गति से वृद्धि के संकेत मिलते हैं। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए शुरू टीकाकरण अभियान से वृद्धि की संभावनाओं के प्रति कारोबारी भरोसे में सुधार हुआ है।

## एम. वेंकट राव ने सीबीआई के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया



**मुंबई**। मटम वेंकट राव ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यग्रहण किया है। वर्तमान पदभार से पूर्व श्री राव तीन वर्ष से भी अधिक समय तक केनरा बैंक में कार्यपालक निदेशक थे, जहां इन्होंने बैंक की प्रगति तथा सिंडिकेट बैंक के केनरा बैंक में विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मटम वेंकट राव आंध्र प्रदेश के श्रीवेंकटेश्वरा कृषि महाविद्यालय तिरुपति से कृषि स्नातकोत्तर है वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के सर्टिफाइड सोशिएट हैं। बृहत कार्यानुभव वाले अनुभवी बैंकर ने 1988 में इलाहाबाद बैंक में कृषि क्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया था और विभिन्न पदों पर देश के अनेक भौगोलिक क्षेत्रों में कार्य किया था। इलाहाबाद बैंक के महाप्रबंधक के रूप में वे बैंक के महत्वपूर्ण विभाग जैसे होलसेल एवं रिटेल बैंकिंग के प्रमुख रहे थे इन्होंने इलाहाबाद बैंक में आस्ति केन्द्रित बैंकिंग को फोकस में लाने के लिए ट्रान्सफोर्मेटिव प्रोजेक्ट को प्रारम्भ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 मार्च 2021



# भारतवंशी नीरा टंडन ने अपना नामांकन वापस लिया



● व्हाइट हाउस में अहम पद के लिए किया था नामांकन

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतवंशी नीति** विशेषज्ञ नीरा टंडन ने व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन मंगलवार को वापस ले लिया। टंडन द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पहले की कई विवादित पोस्ट के कारण डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक सीनेटरों की ओर से उन्हें कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

टंडन (50) के नामांकन की पुष्टि का रास्ता पहले ही कठिन था क्योंकि उन्हें कई सांसदों के खिलाफ ट्वीट करने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने अपनी ही पार्टी के कई सांसदों के खिलाफ भी ट्वीट किए थे।टंडन वाम रूझान वाले थिंक टैंक सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस की अध्यक्ष हैं। उनके नाम की पुष्टि यदि हो जाती तो वह राष्ट्रपति के एजेंडा के लिए प्रस्तावित बजट तैयार करने से जुड़े अहम आर्थिक पद पर आसीन होतीं।ओएमबी व्हाइट हाउस में बजट निर्माण प्रक्रिया का प्रभारी होता है तथा नए नियमों को जारी करने में भी उसकी बड़ी भूमिका होती है। नामांकन वापस लेने के टंडन के अनुरोध को बाइडन ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया और संकेत दिए हैं कि उन्हें किसी अन्य पद पर प्रशासन में लाया जा सकता है।

टंडन द्वारा नामांकन वापस लेना बाइडन के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि उनके द्वारा नामित व्यक्तियों में वह पहली हैं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा है। कैबिनेट के लिए नामित 23 में से 11 व्यक्तियों के नामों की पुष्टि हो चुकी है, ज्यादातर को दोनों दलों का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है।

बाइडन ने एक वक्तव्य में कहा, ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के निदेशक पद के लिए किए गए नामांकन को वापस लेने के नीरा टंडन के अनुरोध को मैंने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं उनके अनुभव, कौशल और विचारों का बहुत सम्मान करता हूं और चाहता हूं कि मेरे प्रशासन में उनकी कोई भूमिका हो। इससे पहले बाइडन को लिखे पत्र में टंडन ने कहा था, इस भूमिका के लिए मेरे नाम पर विचार होना, मुझमें इतना भरोसा दिखाना सम्मानजनक बात है। मैं यह पत्र ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन वापस लेने के लिए लिख रही हूं। उन्होंने लिखा, आपने और व्हाइट हाउस में आपकी टीम ने मेरे नाम की पुष्टि कराने के लिए बहुत मेहनत की जिसकी कि मैं सराहना करती हूं। दुर्भाग्य से यह स्पष्ट नजर आ रहा है कि मेरे नाम की पुष्टि के लिए अब आगे कोई रास्ता नहीं है और मैं नहीं चाहती कि मेरे नाम पर लगातार विचार होने से अन्य प्राथमिकताओं से आपका ध्यान भटके। टंडन के नामांकन पर संकट के बादल इसलिए मंडरा रहे थे क्योंकि उन्होंने कई रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सीनेटरों के खिलाफ सैकड़ों ट्वीट किए थे और जन प्रतिनिधियों ने इसके बदले सीनेट में उनकी पुष्टि की कार्वाई में उनके खिलाफ मतदान करने का संकल्प लिया था।

टंडन ने अपने नामांकन की पुष्टि की प्रक्रिया आरंभ होने से पहले कथित तौर पर अपने एक हजार से अधिक ट्वीट हटा दिए थे। पिछले महीने पुष्टि की सुनवाई के दौरान उन्होंने सीनेटरों से माफी भी मांगी थी। लेकिन सीनेटरों की नाराजगी दूर नहीं हुई।



बीटवीलिया में भारी बारिश के बाद ड्रोन द्वारा ली गई बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की फोटो

# चीन का जून तक 40 प्रतिशत लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य

**एपी।** ताइपे

**चीन के स्वास्थ्य** विशेषज्ञों ने कहा है कि उनका देश कोरोना वायरस टीकाकरण के मामले में सुस्त है, क्योंकि उसने बड़े स्तर पर महामारी पर काबू पा लिया है, लेकिन उसकी जून तक देश की 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण करने की योजना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग से जुड़े विशेषज्ञों के एक समूह का नेतृत्व कर रहे झोंग नानशान ने ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन और त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अमेरिकी एवं चीनी चिकित्सकीय विशेषज्ञों के ऑनलाइन कार्यक्रम में सोमवार को कहा कि देश में 28 फरवरी तक पांच करोड़ 252 लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका था।चीन ने दिसंबर मध्य से टीकाकरण शुरू किया था। इसके बाद से उसने सार्वजनिक तौर पर पहली बार टीकाकरण संबंधी कोई संख्या बताई है।झोंग ने कहा कि चीन अन्य देशों की तुलना में टीकाकरण में धीमा रहा है। उसने 1.4 अरब की जनसंख्या में अब तक प्रति 100 लोगों में 3.56 को टीके की खुराक दी हैं। इस मामले में सबसे आगे इजराइल है, जिसने प्रति 100 लोगों में से 94 लोगों को खुराक दे दी हैं। अमेरिका में प्रति 100 में से 22 लोगों को टीका लगाया गया है।चीनी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि देश के पास अपनी जनसंख्या के लिए टीकों की पर्याप्त आपूर्ति है और उसने करीब आधा अरब खुराक अन्य देशों में भेजने का संकल्प लिया है।संक्रामक रोग विशेषज्ञ झांग वेनहोंग ने कहा, चीन में संक्रमण को व्यापक स्तर पर काबू किए जाने के कारण टीकाकरण की मौजूदा गति बहुत धीमी है, लेकिन मुझे लगता है कि देश के पास पर्याप्त क्षमता है। चीन में स्वीकृत चार टीकों के निर्माताओं का कहना है कि वे इस साल के अंत तक 2.6 अरब खुराक तैयार कर सकते हैं। इसके बावजूद चीन की बड़ी आबादी का टीकाकरण मुश्किल काम होगा।झांग ने कहा कि यदि प्रतिदिन एक करोड़ लोगों का भी टीकाकरण किया जाए, तो भी 70 प्रतिशत आबादी के


# जातिगत भेदभाव के मामले में न्यायमित्र बनने के लिए एआईसी ने अदालत में दाखिल की याचिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**जातिगत भेदभाव** के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे अमेरिका के संगठन आम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एआईसी) ने कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के एक मामले में न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका कैलिफोर्निया सुप्रीम कोर्ट में दायर की है।न्यायमित्र वह संगठन या व्यक्ति होता है, जो मामले में कोई पक्षकार नहीं होता, लेकिन उसे अपना रुख रखने के लिए या मामले संबंधी कोई तथ्य रखने के लिए अदालत को सलाह देने की अनुमति दी जाती है।कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फेयर एम्प्लायमेंट एंड हाउसिंग (डीएफईएच) बनाम सिस्को सिस्टम्स इंक, सुंदर अय्यर एवं रमना कोम्पेला कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के मामले की सुनवाई नौ मार्च को होनी है। कैलिफोर्निया नियामकों ने पिछले साल सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए कहा था कि कंपनी के सिलिकॉन वैली स्थित मुख्यालय में एक इंजीनियर को एक दलित भारतीय होने के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा था।कैलिफोर्निया राज्य का आरोप है कि इस बड़ी आईटी कंपनी ने निचली समझी जाने वाली एक जाति के परिवार में जन्मे भारतीय मूल के कर्मी के नागरिक अधिकार कानूनों का उल्लंघन किया। एआईसी ने इस मामले में अपनी सलाह देने और जातिगत भेदभाव पर विस्तार से जानकारी देने के लिए न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध किया है।एआईसी ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उन लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। एआईसी ने कहा कि उसका दृढ़ विश्वास है कि दलितों के लिए न्याय की लड़ाई में कानूनी सुरक्षा सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

# इराक में अमेरिकी बलों की मौजूदगी वाले सैन्य हवाईअड्डे पर रॉकेट दागे गए: अमेरिकी बल

**बगदाद** । पश्चिमी इराक में अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की मौजूदगी वाले एक सैन्य हवाईअड्डे को निशाना बनाकर बुधवार को कम से कम 10 रॉकेट दागे गए।गठबंधन और इराकी बलों ने यह जानकारी दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल वायने मारोट्टो ने बताया कि अनबर प्रांत के ऐन अल-असद सैन्य हवाईअड्डे पर सुबह सात बजकर 20 मिनट पर रॉकेट दागे गए। मारोट्टो ने बताया कि इराकी सुरक्षा बल इस हमले की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। बाद में, इराकी सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और सुरक्षा बलों ने मिसाइलों के लिए इस्तेमाल किए गए लॉन्च पैड का पता लगा लिया है।यह रॉकेट हमला ऐसे समय में हुआ है, जब दो दिन बाद पोप फ्रांसिस इराक की यात्रा पर आने वाले हैं और इस दौरान उनका बगदाद, दक्षिणी इराक और इरबिल जाने का कार्यक्रम है।अमेरिका ने पिछले सप्ताह सीरिया-इराक की सीमा के पास ईरान-समर्थित मिलिशिया संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे, जिसके बाद यह पहला हमला है। इस हमले के बाद से आशंका जताई जा रही थी कि अमेरिका के हमले के जवाब में हमला हो सकता है। पिछले साल बगदाद हवाईअड्डे के बाहर अमेरिका के हमले में इराकी जनरल कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी।अमेरिका ने उसके बलों की मौजूदगी वाले स्थानों को निशाना बनाकर किए गए रॉकेट हमलों के जवाब में पिछले सप्ताह ईरान समर्थित मिलिशिया संगठनों पर हमला किया था।पेंटागन ने हमले के बाद कहा था कि ए हवाई हमले इस माह की शुरुआत में उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास किए गए रॉकेट हमले के जवाब में किए गए थे, जिसमें एक असैन्य कॉन्ट्रेक्टर की मौत हो गई थी और गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे।




नैरोबी के केनयत्ता अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची कोविड वैक्सीन की पहली खेप

## क्विक न्यूज

### भारत-अमेरिका संबंध गांधी-लूथर किंग की विरासत की गवाही देते हैं: भारतीय राजनयिक

**वाशिंगटन।** शिकागो मे भारत के महावाणिज्य दूत अमित कुमार ने कहा है कि वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत की गवाही देते है।अमेरिकी संसद के बहु परामर्श कार्यबल द्वारा 26 फरवरी को मेट्रोपॉलिटन एशियन फैमिली सर्विस के साथ आयोजित पहले गांधी किंग विरासत गोलमेज सम्मेलन में कुमार ने यह बात कही। शिकागो में पिछले सप्ताह आयोजित सम्मेलन में कुमार ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत और सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका के बीच मौजूदा संबंध गांधी-किंग विरासत की सबसे बड़ी गवाही देते हैं। उन्होने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए भारत में निर्मित टीकों की विभिन्न देशों को आपूर्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेतृत्व का एक शानदार उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद डेनी के डेविस ने अपने संबोधन में कहा, मार्टिन लूथर किंग जूनियर गांधी के अनुयाई थे। गांधी के कई सिद्धांतो को मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अपनाया। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे निर्वाचित नेता और समुदाय के नेता शिकागो और अन्य स्थानो पर अफ्रीकी और भारतीय समुदायो के बीच उसी भागीदारी को और मजबूत करें।

### नवलनी को जहर देने के आरोप में अमेरिका ने रूस के सात अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस में विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी को नर्व एजेंट देकर उनकी हत्या की कोशिश करने के बहुचर्चित मामले में रूस के सात अधिकारियो पर मंगलवार को प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगियो पर प्रतिबंध लगाने का यह पहला मामला है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि अमेरिका के खुफिया विभाग के लोगो का यह आकलन है कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने विपक्ष के नेता को 20अगस्त 2020 को नर्व एजेंट दिया था। उन्होने कहा, किसी भी तरह के रासायनिक हथियार का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं और सभ्य आचरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है और हमारी आज की कार्वाई कई श्रेणियों पर है,तथा सरकार की प्रतिक्रिया को दर्शाती है। हम रासायिक एवं जैविक हथियार अधिनियम को ईमानदारी के साथ लागू करने की दिशा में कांग्रेस के साथ मिल कर काम कर रहे है। साकी ने कहा कि अमेरिका रूसी सरकार के सात वरिष्ठ अधिकारियो पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा करता है। उन्होने कहा , हम नवलनी को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की हमारी मांग दोहराते है। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैसी पेलोसी ने कहा कि इस प्रकार का कदम उठा कर राष्ट्रपति बाइडन क्रेमलिन को और पूरी दुनिया को यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दे रहे है कि कानून के शासन पर हमले के मॉस्को के युग का अंत हो चुका है।

### भारतवंशी दवा कारोबारी को दवाइयों की काला बाजारी के जुर्म में जेल

**लंदन।** ब्रिटेन मे भारतीय मूल के एक दवा कारोबारी को चिकित्सक के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवाइयो की काला बाजारी करने के जुर्म मे 12 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।बलकीत सिंह खैरा वेस्ट ब्रोमविच में अपनी मां की खैरा फार्मेसी में काम करता था। उसे बर्मिंघम क्राउन अदालत ने मंगलवार को सजा सुनाई।अदालत को बताया गया कि 36 वर्षीय आरोपी ने सिर्फ चिकित्सक के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवाओ को 2016 और 2017 के दौरान बेचा और बड़ा मुनाफा कमाया।मामले का नेतृत्व करने वाले ब्रिटेन के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्पाद नियामक प्राधिकरण (एमएचआरए) के साथ कानून लागू करने वाली एजेंसी के अधिकारी ग्रांट पॉवेल ने कहा, नियंत्रित, गैरलाइसेंसीकृत या डॉक्टर के पर्चे के आधार पर ही दी जाने वाली दवा को इस तरीके से बेचना गंभीर अपराध है। इस सप्ताह खैरा के अपना गुनाह कबूल कर लिया था जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया। खैरा ने 2008 मे फार्मासिस्ट की डिग्री ली थी और वह पारिवारिक कारोबार खैरा केयर लिमिटेड मे काम करता था। हालांकि मामले मे उसकी मां आपराधिक गतिविधि मे लिप्त नही पाई गई।अंतरिम आदेश के तहत खैरा का नाम जनरल फार्मास्युटिकल काउंसिल के फार्मासिस्ट रजिस्टर से हटा दिया गया है। यानी अब वह अदालत के आदेश आने तक बतौर फार्मासिस्ट काम नही कर सकेगा।

# सीरिया में कोविड-19 टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संरा संग काम करने को भारत तत्पर

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**दुनियाभर के** देशों को कोविड-19 टीकों की अहम आपूर्ति करने वाले भारत ने कहा है कि वह महामारी के कारण पैदा हुए गंभीर हालात का सामना कर रहे सीरिया के लोगों को टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं उसकी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने को लेकर तत्पर है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के नागराज नायडू ने सीरिया में मानवाधिकार हालात पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय पैनल से कहा कि भारत इस जरूरत के समय में सीरिया के लोगों के साथ खड़ा है।नायडू ने कहा, 10 साल तक चले सीरियाई संघर्ष के कारण सीरिया के लोगों को बहुत कुछ सहना पड़ा है। देश कोविड-19, सर्दी के मौसम और खाद्य असुरक्षा के कारण मुश्किल हालात का सामना कर रहा है, जिसके कारण 62 लाख विस्थापितों समेत एक करोड़ 70 लाख सीरियाई लोगों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। भारत ने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय माध्यमों से एक करोड़ 20 लाख डॉलर की मानवीय सहायता दी है और पिछले साल जुलाई में वैश्विक महामारी से निपटने में सीरिया की मदद के लिए 10 मीट्रिक टन से अधिक चिकित्सकीय आपूर्ति की गई थी। इस महीने की शुरुआत में 2000 मीट्रिक टन भोजन की आपूर्ति की गई थी।

नायडू ने कहा, हम सीरिया के लोगों के लिए कोविड-19 टीकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने को लेकर तत्पर हैं। दुनियाभर को कोविड-19 टीकों की अहम आपूर्ति मुहैया कराने के कारण भारत की व्यापक स्तर पर प्रशंसा हो रही है।

नायडू ने कहा कि स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की ताजा रिपोर्ट और संघर्ष में शामिल पक्षों द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के मामले बताते हैं कि प्रभावशाली देशों की संलिप्तता के कारण इस संघर्ष का अंतरराष्ट्रीयकरण हो गया है।

उन्होंने कहा, हम संघर्ष के सभी पक्षों से अपील करते हैं कि वे राजनीतिक मार्ग पर मौजूदा गतिरोध को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाएं। उन्होंने कहा कि बाह्य तत्वों की संलिप्तता के कारण सीरिया और क्षेत्र में आतंकवाद बढ़ा है।

# मई के अंत तक अमेरिका में सभी वयस्कों के लिए होंगे पर्याप्त टीके : बाइडन

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि ऐसी उम्मीद है कि मई माह के अंत तक, अर्थात अनुमान से दो महीने पहले ही कोरोना वायरस रोधी इतने टीके मिल जाएंगे जो वयस्क आबादी के लिहाज से पर्याप्त होंगे।

बाइडन प्रशासन ने घोषणा की कि मेर्क एंड कंपनी एक अन्य कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन के हाल में मंजूर किए गए टीके के उत्पादन में मदद देगी।बाइडन ने घोषणा की कि वह संघीय सरकार को प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करके सभी राज्यों को निर्देश देंगे कि शिक्षकों के टीकाकरण को प्राथमिकता दी जाए, उन्होंने कहा कि संघीय सरकार टीकों की खुराकें अपने फार्मेसी कार्यक्रम के जरिए सीधे मुहैया करवाएगी।उन्होंने राज्यों से कहा कि वे मार्च माह के अंत तक सभी शिक्षकों को टीके की कम से कम एक-एक खुराक जरूर दें। दरअसल बाइडन प्रशासन देशभर में और स्कूलों को पुन: खोलने के प्रयास कर रहा है। बाइडन ने कहा, हमारी तैयारी है, और मई माह के अंत तक अमेरिका में हर वयस्क के लिए टीकों की पर्याप्त आपूर्ति होगी। महामारी के आने से पहले जैसा जीवन था, हालात कब वैसे ही सामान्य होंगे, इस बारे में पूछे जाने पर बाइडन ने कहा, मुझे आगाह किया गया है कि मैं इसका जवाब न दूं क्योंकि इस बारे में हमें कुछ भी निश्चित पता नहीं है। दरअसल अमेरिका में अनेक राज्य वायरस संबंधी पाबंदियों में ढील दे रहे हैं जबकि देश में संक्रामक रोगों के शीर्ष विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने वायरस के नए स्वरूपों के बारे में चेतावनी देते हुए कहा था कि जब तक देश की 80 फीसदी आबादी का टीकाकरण नहीं किया जाता, तब तक वायरस संबंधी नियमों में छूट नहीं दी जानी चाहिए।

# आईएस ने अफगानिस्तान में तीन महिला मीडियाकर्मियों की हत्या की जिम्मेदारी ली

**एपी।** काबुल



**आतंकवादी संगठन** इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने पूर्वी अफगानिस्तान में एक स्थानीय रेडियो एवं टीवी स्टेशन के लिए काम करने वाली तीन महिलाओं की हत्या की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने मंगलवार देर रात इन हमलों की जिम्मेदारी ली, जबकि अफगान सरकार ने इन हमलों के लिए तालिबान को जिम्मेदार ठहराया है। युद्धग्रस्त देश में लोगों को निशाना बनाकर हत्या किए जाने के मामले बढ़े हैं। तीनों मीडियाकर्मियों का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। निजी चैनल के समाचार संपादक और ननगरहर प्रांत के अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं को अलग-अलग स्थानों पर गोली मारी गई।

अफगान अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने तीनों की हत्या के संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान कारी बसर के रूप में की गई है। पुलिस ने कहा कि बसर तालिबानी आतंकवादी है, लेकिन तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने इस दावे को नकार दिया है।नंगरहार पुलिस प्रमुख जनरल जुमा गुल हेमत ने कहा कि बसर ने हमलों के लिए इस्तेमाल की गई पिस्तौल में साइलेंसर लगाया था। उसे पुलिस ने हमलों के कुछ ही देर बाद जलालाबाद से गिरफ्तार कर लिया था। आईएस ने कहा कि इन महिला पत्रकारों को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि वे धर्म का त्याग कर चुकी अफगान सरकार के वफादार मीडिया स्टेशनों में से एक में काम करती थीं।यह एनिकास रेडियो और टीवी में कार्यरत महिलाओं पर किया गया पहला हमला नहीं है। आईएस ने दिसंबर में भी इस स्टेशन में कार्यरत महिला कर्मी मलाला मैवांद की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने मंगलवार को हुए इन हमलों की निंदा की है। अफगानिस्तान में पिछले छह महीने में 15 मीडियाकर्मियों की हत्या की जा चुकी है।एनिकास रेडियो एवं टीवी के समाचार संपादक शोकरुल्ला पासून ने कहा कि उनके स्टेशन में काम करने वाली मरुसल वहीदी जब अपने घर जा रही थीं, तब उन पर बंदूकधारियों ने हमला किया। उन्होंने बताया कि दो अन्य मीडियाकर्मियों शहनाज और सादिया पर भी एक अन्य स्थान पर उस समय हमला हुआ, जब वे कार्यस्थल से घर जा रही थीं।

## सत्यवचनः विनय पाठक



'**मुझे** बर्लिनेल में अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग की आज भी याद है जिसमें उदिता और उसके माता-पिता को छोड़कर उस पूरे थियेटर में, जो हाउसफुल था, सभी लोग विदेशी थे। स्क्रीनिंग के बाद जिस प्रकार लोगों ने हमारी कहानी पर प्रतिक्रिया दी वो हमारे लिए एक सुखद अनुभूति थी। फिल्म 'डस्ट एक ऐसी भारतीय फिल्म है जिसकी अपील वैश्विक है और यही कारण था कि इसके लिए हमें लोगों की इतनी अधिक सराहना मिली।'

## सत्यवचनः अदा शर्मा



'**मैं मनुष्यों** की तुलना में पशुओं के आसपास होने पर अधिक सहज अनुभव करती हूं। मैं अनजान लोगों के बीच पार्टी करते हुए अत्यधिक असहज रहती हूं। लेकिन यदि आप मुझे जंगल में पशुओं के बीच छोड़ दें तो मैं बहुत सहज हो जाती हूं। पशु जटिल नहीं होते और वे सहज भी होते हैं। वे वर्तमान में जीते हैं। हाल ही में मैंने शूटिंग के दौरान एक चिड़िया को बचाया और उसका नाम ट्विटर रखा है।'

# 'अभिनय में चरित्र को सही ढंग से समझना ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण'



दंगल टीवी चैनल पर चलने वाले धारावाहिक 'रंजू की बेटियां' में **गुड्डू मिश्रा** का चरित्र कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने इस सीरीज़ में अपने रोल, अभिनय में आने तथा टीवी शो में आने के पीछे की बातों के बारे में विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश...

**■ धारावाहिक 'रंजू की बेटियां' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें गुड्डू मिश्रा बना हूं जो बिहार के मुज़फ्फर नगर का है और जो अपने पिता का बहुत सम्मान करता है और अपने पिता की एक विशिष्ट लड़की से विवाह करने की इच्छा का पालन करते हुए, उनके निर्णय से सहमत हुए बिना वो रंजू (रीना कपूर) नामक लड़की से विवाह कर लेता है। वो बहुत ही डरी हुई होती है और उसकी कोई आवाज नहीं होती। रंजू के चार बेटियां होती हैं लेकिन मेरा चरित्र पितृसत्तात्मक चरित्र की है। वो एक बेटा चाहता है जो उसका नाम आगे चला सके। वो अपने पिता का सम्मान करते हुए भी वो इस परंपरा को तोड़कर अपने जीवन में जो चाहता है, कर लेना चाहता है या जो करने का सपना देखा करता है। उसके पत्नी और पुत्रियां होती हैं लेकिन इसके बाद भी वो एक और विवाह करता है जिससे उसके दो बेटे होते हैं। उसकी स्थिति पारंपरिक नहीं होती जबकि उसका विवाह पारंपरिक ढंग से ही हुआ था। यहां ये एक विरोधाभास है।

**■ आपको इस प्रोजेक्ट में काम किस प्रकार से मिला था?**

मैंने पहले रश्मि शर्मा टेलीफिल्म्स के लिए एक शो 'शक्ति अस्तित्व के अहसास की' जो एक हिंजड़े बच्चे के बारे में था। वो रोल चुनौतीपूर्ण था। वो प्रगतिशील शो था और यही कारण था कि मैंने उसे करना स्वीकार किया था। मुझे इस सीरीज़ में अपना रोल सशक्त लगा था और मेरे कारणही उसमें कई रोचक मोड़ आए थे।

**■ आपने गुड्डू मिश्रा का चरित्र करना किस कारण के चलते स्वीकार किया था?**

जहां एक ओर मेरा चरित्र पारंपरिक विवाह करता है लेकिन उसकी परिस्थिति अपारंपरिक टाइप की है। दूसरी बात ये है कि शो एक सिंगल कार्यरत महिला पर केन्द्रित है जो अब हमारे समाज में स्वीकारी जाने लगी हैं। अब अधिक से अधिक लोग परिवार से टूटकर अपने लिए जीना पसंद करते हैं। इससे लोगों को अपने सपने में विश्वास करने और वैसी ही जीविका अर्जित करने के कार्य में आसानी होती है।

**■ क्या रंजू... को आपने इसलिये भी किया था क्योंकि ये आपके पूर्व के शो की कहानी से बिलकुल अलग कहानी वाला शो था?**

अपने चरित्र से भी अधिक मुझे शो की विचारधारा ने प्रभावित किया और मैंने इसे अंततः स्वीकार कर लिया। इसका विचार बहुत ही रोचक है। मुझे लगा कि ये शो अत्यंत प्रगतिशील था और इसमें एक संदेश भी था। मुझे जो चरित्र दिया गया है उसमें मुझे कुछ महत्वपूर्ण संवाद बोलने हैं। शो के कारण मेरी पहचान भी बनती है। मुझे लगा कि दर्शकों को ये कुछ अलग प्रतीत होगा।

**■ क्या आप भी मानते हैं कि कोई शो जो कहना चाहता है, उससे प्रभावित भी होता है?**

जी हां, ऐसा होता है। जब आप रंजू...जैसा विषय चुनते हैं और जब आप लोगों की मानसिकता पर प्रहार करना चाहते हैं तो ऐसा होता है। जब आप इस प्रकार की विचारधारा का कड़ाई से पालन करते हैं तो आपको नकारे जाने की संभावना भी पैदा हो जाती है। कई बार आप पिछड़ी मानसिकता का दिखावा करते हुए भी आप किसी विचार को आगे बढ़ाते हैं और एक नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। लेकिन आपको दर्शकों को न खोने और प्रगतिशील विचारों की ओर उन्मुख होने के बीच संतुलन स्थापित करना होता है।

**■ आपने फिल्मों से अपना कॅरियर प्रारंभ किया था लेकिन टीवी की ओर मुड़ने के पीछे आपके लिए क्या आकर्षण था?**

मृत्युदंड जैसी फिल्में करने के बाद मुझे कोई भी उत्साहजनक कार्य नहीं मिला। जो भूमिकाएं मुझे प्रस्तावित की जा रही थीं उनसे मुझे कोई लाभ नहीं होता दिख रहा था। मैंने दो साल तक काम मिलने की प्रतीक्षा की। इसके बाद मुझे काम चाहिये था ऐसे में मैं एक व्यक्ति से मिला जो एक शो बना रहा था। उसके विचार मुझे प्रगतिशील लगे। उसने मुस्कान नाम से 1999 में एक शो बनाया। जब मैंने टीवी पर काम करना प्रारंभ किया तब मुझे पता लगा कि टीवी पर आपको पूरे समय समर्पित रहना होता है, विशेष रूप से दैनिक धारावाहिक बनाते समय। यदि आप साप्ताहिक शो करते हैं तो आप फिल्मों में कुछ समय अवश्य दे सकते हैं लेकिन दैनिक धारावाहिक प्रारंभ होने के बाद आप फिल्म और टीवी दोनों नहीं कर सकते। यदि आपका चरित्र केन्द्रीय नहीं है तो आपके पास कुछ समय निकल सकता है लेकिन यदि वो केन्द्रीय भूमिका होने पर आप कोई दूसरा काम नहीं कर सकते। एक प्लेटफॉर्म पर समर्पित न होना उचित नहीं था।

**■ क्या आपके द्वारा निकट वर्तमान में फिल्में न करने का यही कारण था?**

मजे की बात ये है और ये विडंबना भी है कि जब भी मैंने फिल्मों में काम करने के लिए प्रतीक्षा की, और वो नहीं मिली तो मैंने कोई टीवी शो के लिए सहमति दे दी, और इसके अगले दिन इसकी शूटिंग के समय मुझे फिल्म का ऑफर मिला करता था। मुझे नहीं पता कि ये सौभाग्य कहा जाए या दुर्भाग्य। इसके अलावा यदि आप टीवी पर काम कर रहे हैं तो इसमें आपको अपना पूरा ध्यान लगाना पड़ता है और ऐसे में आप भविष्य की कोई योजना नहीं बना सकते।

**■ आपकी पृष्ठभूमि फिल्मों की है। क्या कभी आपने अभिनेता बनने के अलावा भी कुछ बनने के बारे में विचार किया है?**

जी हां, एक समय था जब मैं फाइटर पायलट बनना चाहता था जिसमें आपके पास काफी शक्ति आ जाती है। लेकिन मेरी मां ने मुझे डरा-धमका कर इससे दूर किया। मैं अपने भाई बहनों में सबसे छोटा हूं और वो उन्हें कुछ नहीं कह सकती थी, तो उसने वो सब मुझसे कहा। मैंने उससे न उड़ने का आश्वासन दिया। लेकिन इसका मुझे आज किसी प्रकार का खेद नहीं है।

**■ क्या किसी भी चरित्र को करते समय उससे किसी प्रकार को जुड़ाव होना महत्वपूर्ण होता है?**


देखिये एक अभिनेताको जीवन और समाज की विभिन्न आयामों की समझ होनी चाहिये। तभी आप विभिन्न विचार-प्रक्रियाओं को समझ पाएंगे। लोगों के चरित्र को समझने में यदि आप असमर्थ हैं तो आप केवल एक ऐसी भूमिका मात्र कर रहे होंगे जो लोगों को अच्छी लग सकती है और नहीं भी। हर व्यक्ति समाज और लोगों से बहुत कुछ सीखता है और अभिनेता को भी उनसे सीखना चाहिये।

**■ भविष्य की क्या योजना है?**

मैं किसी भी प्लेटफॉर्म पर काम करने के लिए तैयार हूं। बात केवल इतनी है कि जब ऐसा होगा, मुझे आशा है कि मैं उसे करने की परिस्थिति में रहूं। अब देखना है कि भविष्य में क्या होता है।

## बड़ी चोट के बावजूद अध्विक महाजन ने जारी रखी 'तेरी मेरी इक्क जिंदड़ी' की शूटिंग

**ज़ी टीवी** ने हाल ही में अमृतसर के प्राकृतिक नज़ारों के बीच विपरीत स्वभाव के दो लोगों की लव स्टोरी 'तेरी मेरी इक्क जिन्दड़ी' को लॉन्च किया। इस शो में टेलीविजन एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू, माही का किरदार निभा रही हैं, और उनके अपोज़िट पॉपुलर टेलीविजन एक्टर अध्विक महाजन, जोगी के रोल में नजर आ रहे हैं। इस शो में माही और जोगी की प्रेम कहानी दिखाई जा रही है, जिनके व्यक्तित्व और जिंदगी के प्रति नजरिया एक दूसरे-से बिल्कुल जुदा हैं, लेकिन फिर भी वो प्यार के एक ही रास्ते पर चल पड़ते हैं। जहां इस शो को सभी दर्शकों का बहुत प्यार मिल रहा है, वहीं इसके एक्टर्स भी अपने किरदारों को बखूबी निभाने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। जहां अमनदीप ने अपने



पहले लीड रोल में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, वहीं अध्विक भी अपने किरदार में खरे उतरने के लिए सभी हदों से बाहर जाकर प्रयास कर रहे हैं, चाहे उन्हें बड़ी चोट ही क्यों ना लगी हो! जी हां, हाल ही में एक आउटडोर सीक्वेंस की शूटिंग करते हुए अध्विक के घुटनों में बुरी तरह चोट लग गई थी और उन्हें तुरंत सेट से अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि इस चोट के बावजूद अपने रोल के प्रति इस एक्टर का समर्पण कम नहीं हुआ। चूंकि पूरे कलाकार एक खास सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे थे, इसलिए इस एक्टर ने अस्पताल से लौटकर तुरंत अपनी शूटिंग शुरू कर दी। हालांकि उनसे कहा गया कि वो छुट्टी लेकर थोड़ा आराम कर लें लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

## कंगना ने की अपने बचपन की याद

**हिंदी फिल्मों** की अभिनेत्री कंगना ने अपने बचपन को याद किया है क्योंकि इसी माह में उनका जन्मदिन पड़ता है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी बचपन की एक फोटो साझा की जिसमें वो शलवार-कुर्ता पहने हुए दिख रही हैं।

इस चित्र के साथ उन्होंने लिखा, 'मेरा जन्मदिन इसी माह में है। जब मैं छोटी थी तब नानियों से सुना करती थी कि एक लड़की के बाद दूसरी लड़की होने पर हर कोई निराश होता है...।'



## एली गोल्डिंग ने खोला अपना राज



**हॉलिवुड सिंगर** एली गोल्डिंग ने बताया कि उन्होंने पहले छः माह तक अपने गर्भ को छिपाने के लिए पति कैस्पर जॉप्लिंग के कोट का प्रयोग किया था। एक शो पर चैटिंग करते हुए जब एली से पूछा गया कि उनकी गर्भावस्था की स्थिति कैसी चल रही है और उन्होंने कैसे इसे अब तक छिपाए रखा? उन्होंने बताया, 'ये कुछ अलग बात है। मैंने अपने पति के एक कोट को छः माह तक चुराए रखा।'

## गायिका हर्षदीप कौर ने दिया बेटे को जन्म




**मुंबई।** गायिका हर्षदीप कौर और उनके पति मनकीत सिंह ने बुधवार को बेटे के जन्म की जानकारी दी। कतिया करूं, हीर, जालिमा और कबीरा जैसे गीतों के लिए लोकप्रिय कौर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया कि उनके बेटे का जन्म मंगलवार को हुआ। गायिका ने पति के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए बेटे के जन्म की खुशखबरी साझा की। उन्होंने लिखा, स्वर्ग से एक नन्हा फरिश्ता धरती पर उतरा है और उसने हमें मम्मी-डैडी बनाया है। हमारा जूनियर सिंह आ चुका है। हम बेहद खुश हैं। सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर को साझा किया और पत्नी के साथ तस्वीर पोस्ट की। कौर ने 2015 में अपने बचपन के दोस्त सिंह से पांरपरिक रीति रिवाज से शादी की थी।




## हंगामा प्ले ने नया ओरिजनल शो गुड बॉय लॉन्च किया

**हंगामा डिजिटल** मीडिया के स्वामित्व वाले प्रमुख ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने आज, मराठी और हिंदी में नए हंगामा ओरिजिनल, गुड बॉय को लॉन्च किया। यह शो एक युवा लड़के की रोमांटिक कॉमेडी है, जो कमिटमेंट से दूर भागता है और रिश्तों के झंझट से मुक्त, बेपरवाह ऐय्याशी भरी जिंदगी जीना चाहता है। ऐसा करने के क्रम में लड़कियों के करीब आने के लिए वह हर तरकीब आज़माता है, लेकिन जल्द ही वह खुद को झूठ के जाल में फँसा हुआ पाता है, और दर्शकों को गुदगुदाता है। गुड बॉय में ऋषि सक्सेना, खुशबू तावड़े, दुष्यंत वाघ, विनय येडेकर और रीना अग्रवाल जैसे लोकप्रिय कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कैफेमराठी द्वारा निर्मित इस शो का निर्देशन बद्रीश पाटिल ने किया है। शो अब हंगामा प्ले और पार्टनर नेटवर्क्स पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। शो के बारे में बताते हुए, हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, अपने ओरिजनल कार्यक्रमों के माध्यम से अपने उपयोगकर्ताओं को हम हर शैली, प्रारूप और भाषा में मनोरंजक सामग्री उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। गुड बॉय में एक दिलचस्प कहानी को मनोरंजक अंदाज में पिरोया गया है। इसको हर वर्ग के दर्शकों का प्यार मिलेगा, इस बात को लेकर हम आश्वस्त हैं।

आरक्षण ने बिगाड़ा खेल, गंवई सियासत में हुए फेल

# सीट आरक्षित होने से बिगड़ गए तमाम दावेदारों के समीकरण

- कई संभावित दावेदारों की सफलता की राह का रोड़ा बन गया आरक्षण
- सीट गंवाने वालों ने आई इंडिया से साझा किया दर्द

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-आरक्षण सूची देखते लोग

**सीतापुर में** पंचायत चुनाव के विभिन्न पदों की बुधवार को जारी आरक्षण सूची ने कई धुरंधरों का बना बनाया खेल बिगाड़ दिया है। गांव की सियासत की पहली परीक्षा में यह फेल हो गए हैं। यानी मजबूत दावेदार होने के बावजूद सीट आरक्षित होने से यह धुरंधर अब मैदान में ताल नहीं ठोंक सकेंगे। कोई पिछले चार साल तो कोई दो साल से अपने गांव अथवा जिला पंचायत सदस्य के वार्ड में चुनाव की तैयारियों में जी-जान से जुटा हुआ था। हर जरूरतमंद की हर तरह से मदद करना इनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। दिन-रात एक करके लगातार मेहनत किए जा रहे थे। अब चुनाव का मौका आया तो आरक्षण इनकी सफलता की राह का रोड़ा बन गया। तीन मार्च की सुबह 11 बजे विकास भवन के बाहर आरक्षण सूची चस्पा होते ही बड़े उत्साह के साथ संभावित दावेदार और उनके समर्थकों ने अपनी-अपनी सीट का आरक्षण तलाषना शुरू कर दिया। लेकिन जिनकी सीट आरक्षित हो गई और माफिक्र नहीं हुई वह खासे मायूस दिखाई दिए। आरक्षण में सीट के संग संभावित जीत गंवाने वाले कुछ लोगों से बातचीत की तो उनका दर्द झलक पड़ा।

- ब्लॉक ऐलिया की ग्राम पंचायत पीतपुर के शुभम त्रिपाठी बोले चार साल की मेहनत पर आरक्षण ने पानी फेर दिया लिहाजा वह बेहद मायूस हैं।
- वार्ड नंबर 23 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए तैयारी कर रहे मृदुल मिश्रा की बातों में दर्द दिखा।
- अब जरा मुस्तकीम अहमद की टीस से आपको रूबरू कराते हैं वार्ड नंबर 19 से जिला पंचायत सदस्य पद और अपनी ग्राम पंचायत से प्रधानी की तैयारी में जुटे थे लेकिन इनकी दोनों सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गईं।
- शहर से सटी ग्राम पंचायत नैपालापुर के रमेश कुमार गौतम की सीट इनके माफिक्र न होकर ओबीसी के खाते में चली गई। इनकी दलील है कि 15 साल से सीट सामान्य है तो अनुसूचित जाति होनी चाहिए थी।

आरक्षण आपत्तियों पर जिलाधिकारी ने कहा

## आरक्षण सूची चस्पा, आठ तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां

- आरक्षण को पारदर्शी बनाने को ये उठाए गए कदम

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** पंचायत के सभी पदों पर आरक्षण की अनंतिम सूची तीन मार्च को चस्पा हो गई। सीतापुर में एक जिला पंचायत अध्यक्ष, 19 ब्लॉक प्रमुख, 79 जिला पंचायत सदस्य, 1978 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 1599 ग्राम प्रधान के अलावा 20 हजार 202 पंच पदों के आरक्षण की जानकारी पाने के लिए भारी भीड़ विकास भवन से लेकर ब्लॉक मुख्यालयों पर जमा हो गई। पंचायत आरक्षण को लेकर हर एक खबर सबसे पहले सबसे विश्वविश्नीय ढंग से आप तक पहुंचाने वाले 'पायनियर' ने बुधवार को जारी हुई आरक्षण की अनंतिम सूची को लेकर अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह क्या करें, अपनी आपत्तियां कहां दर्ज कराएं, और कब तक आपत्तियां दर्ज हो सकती हैं, आरक्षण सूची को पारदर्शी बनाने के लिए क्या कुछ किया गया।

## किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


महोली-प्रदर्शन करते किसान यूनियन के पदाधिकारी

संवाददाता। महोली सीतापुर

**महोली तहसील** परिसर में भाकियू अवध राजू गुप्ता संगठन ने एक दिवसीय प्रदर्शन किया। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ल और प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह चौहान के नेतृत्व में तहसील प्रषासन को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, जिला अध्यक्ष कदीर पहलवान, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अरुण शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गुड़िया यादव, तहसील अध्यक्ष महोली हरिहर मास्टर, तहसील महासचिव अखिलेश पंजाबी, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष महोली विश्वपाल सिंह, तहसील उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, शिवा सिंह, दयाराम, राजपूत, अवधेश सिंह, तहसील अध्यक्ष मितौली अमित सिंह, युवा किसान नेता अतुल मिश्र, अनूप अवस्थी, प्रवीण सिंह, मोहम्मद असरफरजा, मो. सैफ हिमांशु दीक्षित, शोभित शुक्ला, मुशीर अहमद, तुफैल खान, इमरान कामिल, अभय सिंह आदि मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

संवाददाता। सीतापुर

**प्रस्तावित विशेष** संचारी नियंत्रण अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के एनसीसी कैडेटों, स्काउट्स और छात्रों ने रैली निकाली। इस दौरान जनमानस को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. नरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर ने विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर मोहम्मद इमरान, सत्येंद्र मौर्य, अभिषेक यादव, सत्येंद्र गुप्ता, अंडर ऑफिसर अंकुर श्रीवास्तव, शुभम चौधरी, सौरभ वर्मा, मोहित कुमार वर्मा, विशाल श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।



सीतापुर-रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स

## आजाद हिन्द भगत संगठन ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**आजाद हिन्द** भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट अमित भट्ट को ज्ञापन देकर आरएमपी कॉलेज मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। नगर अध्यक्ष प्रभात ने कहा कि षाम होते ही मार्ग अंधेरे में डूब जाता है। इस मौके पर आजाद हिन्द भगत संगठन के वैभव, शिव कुमार, शोभित, राहुल, सौरभ, पियूष, सत्यम, सूरज, ईशान, दीपक, शरद, ऋषभ, रमाकांत, अश्वनी, अमन, प्रतीक आदि मौजूद थे।


सीतापुर-एसडीएम को ज्ञापन देते आजाद हिन्द भगत संगठन के पदाधिकारी

### मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को किया जागरूक

**सीतापुर।** श्री गांधी डिग्री कॉलेज सिधौली में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने छात्राओं को जागरूक किया। सदस्या ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा व उत्पीड़न के प्रति बेहतर कार्य कर रही है, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार का मिशन शक्ति अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। इसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में जनसुनवाई की। यहां महिलाओं की संख्या कम देख सदस्या ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई। इस मौके पर डीडीओ राकेश कुमार पाण्डेय, एसडीएम संतोश राय, जिला प्रोबेसन अधिकारी अश्वनी कुमार, सीओ रविशंकर प्रसाद, महिला थाना प्रभारी मधु सिंह, रुपाली शुक्ला, काजल राय, शिप्रा सक्सेना आदि मौजूद थे।

## अराजकतत्वों सावधानः रोडवेज एरिया पर तीसरी आंख का पहरा


सीतापुर-बस स्टाप पर बने सीसीटीवी के कंट्रोल रूम शुभारम्भ मौके पर मौजूद एसडीएम, सीओ

**रोडवेज से पीएसी चौराहे तक लगाए गए 8 सीसीटीवी कैमरे, पुलिस चौकी रोडवेज में बनाया गया है कंट्रोल रूम**

**सीतापुर ।** शहर के रोडवेज बस स्टॉप और आसपास पांच सौ मीटर के दायरे में आपराधिक व अवांछित हरकत करने वाले सावधान हो जाएं। गलती करना अब उन्हें महंगा पड़ेगा। संदिग्ध दिखाई देने वाले शख्स पर पलक झपकते ही कानून का पंजा झपट पड़ेगा। इस इलाके पर अब तीसरी आंख का पहरा है। कानून को ठेंगा दिखाने वाले बच नहीं सकेंगे। यातायात के नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी तीसरी आखं का पहरा रहेगा। रोडवेज पुलिस चौकी से लेकर पीएसी चौराहा तक विभिन्न जगहों पर आठ सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। कंट्रोल रूम रोडवेज पुलिस चौकी में बनाया गया है। एसडीएम सदर अमित भट्ट और सीओ सिटी पीयूश कुमार सिंह ने बुधवार को रोडवेज चौराहे का मुआयना किया। कंट्रोल रूम में स्क्रीन पर सड़क पर खड़ी नजर आने वाली रोडवेज बसों का चालान किया। जाम की समस्या को देखते हुए सड़क के किनारे लगे ठेलों को हटवा दिया गया। एसडीएम सदर अमित भट्ट ने बताया कि सीओ सिटी पीयूश कुमार सिंह के प्रयासों से यह अच्छी पहल हुई है। इसके बाद अब काषीराम कालोनी के प्रवेश द्वार व आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की कवायद चल रही है।

## रेलवे के अफसरों ने जंक्शन पर परखीं यात्री सुविधाएं

- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के एडीआरएम ने किया दौरा

संवाददाता। सीतापुर

**पूर्वोत्तर रेलवे** गोरखपुर के महाप्रबंधक के पांच मार्च को प्रस्तावित सीतापुर दौरे को लेकर बुधवार को लखनऊ मंडल के एडीआरएम ने सीतापुर जंक्शन पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जंक्शन स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के साथ ही रनिंग रूम, पैनल, लॉबी, हॉस्पिटल, आरपीएफ पोस्ट और बैरकों का गहनता से निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इसके अलावा उन्होंने थामसनगंज मालगोदाम जाकर निर्माणाधीन कार्यों का भी अवलोकन किया। आपको बता दें कि पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर मंडल के महाप्रबंधक वीके त्रिपाठी पांच मार्च को सीतापुर दौरे पर आएंगे। उनके दौरे को लेकर रेल महकमा काफी समय तैयारियों में जुटा है। जीएम के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने को लखनऊ मंडल के अपर रेल प्रबंधक परिचालन शिशिर कुमार सोमवंशी बुधवार को स्पेशल ट्रेन से सीतापुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने स्टेशन यार्ड में यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। बाद में उन्होंने रनिंग रूम, पैनल, लॉबी, हॉस्टिल, आरपीएफ पोस्ट, बैरक का भी जायजा लिया। इसके अलावा थामसनगंज मालगोदाम में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को देखा। मुआयने में उनहोंने संबंधित को जीएम के दौरे से पहले सारी तैयारियां पूर्ण करने की हिदायत भी दी। मुआयने में उनके साथ सीनियर डीओएम डॉ. हरीश रणतोरिया, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अजय प्रताप, सीनियर डीईएन द्वितीय, सीतापुर जंक्शन के अधीक्षक एके शुक्ला आदि कर्मचारी थे।


सीतापुर-निरीक्षण करते रेल अधिकारी

## शिक्षा के क्षेत्र में जामिया सुफ्फा समिति लाएगी क्रांतिकारी बदलाव



सम्बोधित करते वक्ता

- पाँच भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने वाला जिले के पहले मदरसे का आगाज, हाफिज मोहम्मद अकरम के हौसलों को सलाम कर रही आवाम

**सीतापुर।** शहर के सिटी स्टेशन सलेमपुर अलीरजा के निकट बुधवार को जामिया सुफ्फा समिति ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त मदरसे का शुभारम्भ किया। हाफिज मो.अकरम की शिक्षापरक सोंच और हौसले को इलाके की आवाम सलाम कर रही है। यह मदरसा इस लिये भी खास है, क्योंकि यहॉ बच्चों को पॉच भाषाओं में शिक्षा दिलाये जाने का प्राविधान है। विद्यार्थी अपनी मनचाही भाषा का विकल्प चुन कर शिक्षा ग्रहण कर सकेगा। इस मौके पर इजहार नदवतुल उल्मा के सदर मुफ्ती अतीक अहमद बस्तवी, की राह जामिया सुफ्फा समिति के प्रबन्धक हाफिज मो.अकरम, सूफी मौलाना शाह अफ्जाल रहमान कासमी, नपा पैतेपुर चेयरमैन मौलाना अफ्जल, मो.हारिश, सहारनपुरी मौलाना एहतिशाम-उल-हक, मुफ्ती सफ्वान, मस्त हफीज रहमानी, मो.जुबैर, मो.उमैर, मो.उबैद, मो.शादाब आदि मौजूद रहे।

## हमेशा याद रहेगा सैनिकों का बलिदानः डीएम

- पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-सैनिक को सम्मानित करते डीएम विशाल भारद्वाज

**पूर्व सैनिक** पुनर्मिलन समारोह का आयोजन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय परिसर सीतापुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आँखों का कैम्प, ई.सी.एच.एस. योजना की जानकारी, स्वतः रोजगार से सम्बन्धित जानकारी, विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आर्थिक सहायता आदि के अतिरिक्त कम्बल एवं शॉल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किये गये देशभक्ति गीतों ने सभी के भीतर देशभक्ति की भावना का संचार किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाएं उन कुछ संस्थाओं में से हैं जिन पर हर भारतवासी बहुत फक्र करता है। सन् 1947 के बाद जब हम स्वतंत्र हुये तब से हमारी सीमाओं की रक्षा, आंतकवाद से लड़ाई और विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा अन्य अनेकों अवसरों पर हमारे सैन्य बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त सदस्यों ने राष्ट्र की चुनौतियों को हल करने में पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग किया है इसलिये देश सदा उनका ऋणी है। जिलाधिकारी ने सभी सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों के परिजनों को जिला प्रशासन एवं सरकार की ओर से हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान एडिशनल डायरेक्टर सैनिक कल्याण, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर प्रेम देव गिरि (अ.प्रा.) सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं सैनिकों के परिजन उपस्थित रहे।

खालेगढ़ी गांव में धूमधाम से मनाई गई जयंती

## संत रविदास के विचार समता मूलक समाज बनाने में कारगरः रामकुमार


सिधौली-सम्बोधित करते बसपा नेता रामकुमार कुरील

- जन्मोत्सव समारोह शोभा यात्रा में रविदास की आकर्षक झाकियों ने लोगों का मन मोहा

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली के खालेगढ़ी गांव में रविदास जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। बहुजन समाज पार्टी के लखनऊ मण्डल के मुख्य सेक्टर प्रभारी व पूर्व विधायक राम कुमार कुरील ने कहा कि संत रविदास के संदेश पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहे हैं। इस मौके पर बसपा विधान सभा क्षेत्र प्रभारी लालजी भार्गव, राजेश सिद्धार्थ, हेमनाथ गौतम, बुद्ध प्रकाश, नत्थाराम वकील, मुन्नूलाल मौर्या, मनोज रावत, मनीराम गौतम, जय कुमार यादव, रामऔतार भारती, महेन्द्र कुमार चौधरी, आशीष कुमार गौतम, मनाली चौधरी, दिनेश प्रताप गौतम, बुद्ध प्रकाश, सतीश चंद्र भारती, विशुन कुमार, छंगा लाल गौतम, श्रीकेसन, रामलोटन, मनेश्वर, सुंदर लाल, विनोद कुमार गौतम आदि मौजूद थे।

## सिधौली विधायक को सुनाई गई सजा

- एमपी-एमएलए न्यायालय की विशेष न्यायाधीश पूर्णिमा पाठक ने सुनाया फैसला

**सीतापुर।** फास्ट ट्रैक कोर्ट (ओएडब्लू ) व एमपी-एमएलए न्यायालय की विशेष न्यायाधीश पूर्णिमा पाठक ने बसपा से निलंबित सिधौली विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव व समर्थक राशिद खान, राम लखन गौतम, डब्लू गुप्ता को चुनाव आचार संहिता के मामले में दोषी करार दिया है। दस दिन के साधारण कारावास व दो-दो सौ रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वर्ष 2017 में हुए असेंबली चुनाव में सिधौली कोतवाली इलाके में सभी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मुकदमा सिधौली के एसएसआई सचिन कुमार सिंह ने दर्ज कराया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गिरिंद्र पाल सिंह यादव ने मुकदमे की पैरवी की है।


सीतापुर-कचेहरी में मौजूद सिधौली विधायक हरगोविन्द भार्गव

## जस्ट-फॉर-फिट के कोच ने दी बधाई

- पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ी हुए थे विजयी

**सीतापुर।** शहर के आरएमपी कॉलेज मैदान पर आयोजित पावर लिटिंग में मेडल पाने वाले खिलाड़ियों को जस्ट फॉर जिम में सम्मानित किया गया है। कोच दीप वर्मा ने रजत, सानिया शाहनी, मारिया अनीस, अंतिका सिंह और ईशू चौहान को उपहार देकर सम्मानित किया।


सीतापुर-प्रशस्ति पत्र दिखाते जस्ट-फॉर-फिट जिम के प्रतिभागी

# बाघ की हड्डियों व असलहों के साथ पांच गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**पुलिस व** वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पांच शातिर वन्यजीव तस्करों को बाघ की हड्डियों व अवैध शस्त्र कारतूस सहित पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। विगत माह थाना सिंगाही क्षेत्रांतर्गत वन विभाग व एसएसबी की टीम द्वारा बाघ की खाल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था।

घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल के निर्देशन में अभियुक्तों से लाभप्रद जानकारी व सूचना एकत्रित कर टीमों का गठन कर वन माफिया वन्य जीव तस्कर के विरुद्ध संपूर्ण जनपद में अभियान चलाया जा रहा था। इसके क्रम में आज थाना सिंगाही पुलिस, अपराध शाखा व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना सिंगाही क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरद्वाही से मुखबिर की सूचना पर पांच अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से बाघ की 20 हड्डियां व अवैध शस्त्र कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जिनके विरूद्ध पूर्व से भारतीय दण्ड संहिता व वन संरक्षण अधिनियम के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार किए गए वन्य जीव तस्करों ने अपने नाम दिलीप पुत्र टीकाराम, गुड्डू पुत्र नौखे, टीकाराम पुत्र स्वर्गीय पोथी, इतवारी पुत्र बालकराम, मंजीत पुत्र हरद्वारी सर्व निवासीगण ग्राम तकियापुरवा थाना तिकुनियां बताए।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रदीप सिंह थानाध्यक्ष सिंगाही, उप निरीक्षक बाबूराम, उप निरीक्षक अनिल सिंह अपराध शाखा, उप निरीक्षक शिव कुमार अपराध शाखा, कांस्टेबल योगेश कुमार, कांस्टेबल सुशील, कांस्टेबल हरीकेश, कांस्टेबल देवेन्द्र, चंद्रभाल क्षेत्रीय वनाधिकारी बेलरायां रेंज, मनोज कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, जगदीश प्रसाद वन उप निरीक्षक, अरविन्द चौरसिया वन रक्षक व विरेन्द्र प्रताप वन जीव रक्षक आदि शामिल रहे।

## चार मार्च से लगेगी आम जनता को वैक्सीन

**मोहम्मदी-खीरी।** सरकार के निर्देश पर कल से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क करोना वैक्सीन की डोज दी जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कल 4 मार्च, 8 मार्च, 11 और 12 मार्च को 60 वर्ष की आयु से ऊपर वाले महिला और पुरुष लोगों को कोरोना वैक्सीन के इंजेक्शन लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया जो गंभीर रूप से व्यक्ति बीमार है और उसकी उम्र 45 साल से ऊपर है। उसके भी करौना वैक्सीन की डोज दी जाएगी। डाक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कल से सीएससी सहित मुड़ा गालिब, पिपरिया कलान, हरना जाट, मियांपुर और इक्करा केंद्रों पर भी इसकी सुविधा मौजूद रहेगी। कोरोना वैक्सीन की डोज लेने वालों को अपना रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा तथा रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जाएगा। इसकी सुविधा अस्पताल में भी रहेगी परंतु असुविधा से बचने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आरोग्य सेतु तथा कोविड ऐप पर जरूर करा दें। कोरोना वैक्सीन लगवाने वालों के लिए आईडी के रूप में पैन कार्ड, आधार कार्ड या बैंक की किताब लाना आवश्यक है।

# सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में निराशा फेसबुक पर छलका दर्द

- आरक्षण लिस्ट जारी
- मतदाताओं का है कहना कच्ची पिलाओ कच्ची बात, पक्की पिलाओ-पक्की बात

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**शासन स्तर से** प्रधानी जिला पंचायत ब्लाक प्रमुख और बीडीसी के आरक्षण की सीटों की घोषणा कर दी गई है संभावित प्रत्याशी अभी से वोटरों की परिक्रमा करने लगे हैं पुलिस और प्रशासन तथा आबकारी विभाग के लिए यह चुनाव बेहद अहम और संवेदनशील है सभी संभावित प्रत्याशी अभी से सभी हथकंडे अपनाने लगे हैं और गांव के वोटर यह कहते नहीं थक रहे हैं कच्ची पिलाओ कच्ची बात पक्की पिलाओ पक्की बातए उतर जाए तो फिर से बात की का नारा लगाने लगे हैं। आबकारी विभाग के लिए कच्ची शराब का रोक पाना बेहद मुश्किल और असंभव सा लग रहा है क्योंकि गांव गांव अभी से संरक्षण प्राप्त शराब व्यवसाई अपने अपने तरीके से इस खेल में सक्रिय हो गए हैं तथा संभावित प्रत्याशी की ओर से शराब की अभी से मांग जोर पकड़ने लगी है यह चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है सत्ता पक्ष जहां ज्यादा से ज्यादा जिला पंचायत सदस्य एजिला पचायत अध्यक्षएऔर ब्लॉक प्रमुख बनाने के लिए अभी सेण् रणनीत बनाने लगे हैं वहीं विपक्ष के लोग भी लामबंद हो चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आतुर हैं वहीं जहां वर्तमान में प्रधान थे और उनकी सीट आरक्षण में बदल गई है वहीं सामान्य वर्ग के संभावित प्रत्याशियों को कहीं कहीं निराशा हाथ लगी है तथा उनका दर्द फेसबुक के माध्यम से सामने आ रहा है उनके अरमा भी आंसुओं में बह गए तथा डमी प्रत्याशी के रूप में अभी से अपने निजी प्रत्याशी की तलाश में गणित लगाने में वयस्त हो अपनी पीडा दबाने का काम कर रहे है।

## कुश्ती प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी।

**मिर्जागंज में** ऐतिहासिक कुश्ती का आयोजन किया गया। उद्घाटन सपा नेता हिमांशु पटेल ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती का शुभारंभ करते हुए सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल ने कहा कि कुश्ती भारत का प्राचीन खेल है। यह हमारे देश की धरोहर भी है। खेल और व्यायाम से ही हमारा देश विश्वगुरु रहा है। कुश्ती में काठमांडू के देवा थापा ने रजिस्थान के तोतला को पटखनी दी। वहीं कलियर के मो रिज़वान ने रजिस्थान के शमसेर को चित कर वाहवाही बटोरी इसके अलावा कुश्ती में कई पहलवानों ने दमखम दिखाया। आयोजक हकीउल्ला खां अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# बशीर बने संघर्ष समिति के कोषाध्यक्ष



**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति की एक अति आवश्यक बैठक मंडलीय समन्वयक शमशुल हसन सिद्दीकी के लखीमपुर महराजनगर स्थित कैंप कार्यालय में जिला संयोजक एसपी अवस्थी के संचालन में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति में काफी दिनों से रिक्त चले आ रहे कोषाध्यक्ष पर बशीर अहमद सेवा निवृत्त परिवहन निगम के नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा की गई। ज्ञातव्य हो कि लखीमपुर हेतु जिलाध्यक्ष पद पर पुतान एवं जिला सचिव के पद हेतु एसपी मिश्रा का मनोनयन पूर्व में ही किया जा चुका हैं। राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक में मंडलीय समन्वयक सिद्दीकी द्वारा इपीएस 95 पेंशनर को अत्यंत अल्प पेंशन प्राप्त होने पर गहरा रोष वक्तव्य करते हुए कहा गया कि अब भी कुछ पेंशनर्स को एक हजार से भी कम पेंशन प्राप्त होती है। आज जब महंगाई चरम सीमा पर है। इपीएस 95 पेंशनर अपने भाग्य पर और ईपीएफओ की मनमानेपन पर आंसू बहा रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता मंडलीय समन्वयक शमशुल हसन सिद्दीकी एवं संचालन एसपी अवस्थी सेवा निवृत्त भारतीय खाद्य निगम ने की। इस बैठक में विभिन्न निगमों के इपीएस 95 पेंशनर भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान



**लखीमपुर-खीरी।** सड़क सुरक्षा के मद्देनजर शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में सामाजिक संगठन सेंट पाल जूनियर हाई स्कूल लखनऊ द्वारा नाटक कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा लखीमपुर जिले में जगह.जगह पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय को सड़क सुरक्षा के बारे में नाटक के माध्यम से अभिनय करके जागरूक किया गया एवं जगह-जगह शिविर लगाकर पंपलेट बांटे गए। लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना एवं दो पहिया वाहन पर टिपल सवारी न बैठालना व पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना के प्रति जागरूक किया गया। फोर व्हीलर गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना आदि के बारे में बखूबी अभिनय करके समझाया गया। सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जाता है यह कार्यक्रम आज एलआरपी चौराहा लखीमपुर एवं राजापुर पुलिस चौकी पर किया गया।

# डीएम ने पंचायत चुनाव आरक्षण की दी जानकारी



**लखीमपुर-खीरी।** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आरक्षण सूची जारी की। सूची जारी करने से पहले तमाम अहम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आरक्षण सूची जारी की गयी। पत्रकारों से रूबरू होते हुए डीएम श्री सिंह ने कहा कि आगामी जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ग्राम प्रधानों की आरक्षण सूची जारी कर दी गयी। इस दौरान पूर्ववर्ती चुनावों में मिले आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ये नई आरक्षण सूची जारी की गयी है। कहा कि डीपीआरओ सहित अन्य तमाम लोगों ने इस सूची में अपनी अहम भूमिका निभायी है। वहीं पारदर्शिता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। डीपीआरओ ने बताया कि जहां ग्राम प्रधान की आरक्षण सूची बनाने के लिए जनसंख्या की गणना करायी गयी थी वहीं ब्लाक प्रमुख सहित अन्य पदों के लिए परिवारों की गणना के आधार पर सूची बनायी गयी है। कहा कि विभागीय टीम के अलावा कुछ स्वतंत्र टीमों को भी लगाया गया था जो तीन चरणों में अपनी रिपोर्ट सौंपी। इन टीमों को लगाने का महज एक यही कारण था कि आरक्षण सूची में पारदर्शिता बनी रही। बताया कि सूची जारी होने के बाद गुरुवार से ही सूची में अपात्तियां स्वीकार की जायेगीं जोकि आठ फरवरी तक निरंतर ली जायेगी हैं। आपत्ति करने वाले युवक को विभाग की तरफसे एक रसीद भी दी जायेगी। कहा कि यदि आपत्ति सही पायी जायेगी तो सुधार का प्रयास होगा। 1165 सीटों पर ग्राम प्रधान किस्मत आजमायेंगे। सूची जारी होने के बाद ऊहापोह की स्थिति पर विराम लग गया है। इधर पत्रकारों से रूबरू एसपी विजय ढुल ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान शांति बनी रहे इसको लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर रखी है। कहीं से कोई भी अशांति की खबर दिखे तो तत्काल पुलिस को इस बात की सूचना दें जिससे पहले ही स्थिति को कंट्रोल कर लिया जाये। बताते हैं कि प्रधानी चुनाव के लिए तमाम पूर्व प्रत्याशियों ने कुछ महीने पहले से ही अपनी तैयारी करनी शुरू कर दी थी लेकिन आरक्षण सूची जारी होने के बाद उनकी तैयारी धरी की धरी ही रह गयी हैं।

# अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं: सदस्य



संवाददाता। बिंदकी (फ्तेहपुर)

**महिलाओं को** अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा घरेलू हिंसा से बचने की कोशिश करना चाहिए। यह बात उ0प्र0 शासन के महिला आयोग की सदस्य अनीता सचान ने नगर के तहसील परिसर में आयोग द्वारा आयोजित महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल में कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। स्वविवेक का इस्तेमाल करना चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहारा भी लेना चाहिए। उन्होंने कहा अपराधी द्वारा किए गए अपराध को बर्दाश्त करना अपराध को बढ़ावा देना है इसलिए निश्चित रूप से आत्मबल मजबूत कर अपराध और अपराधी के खिलाफ खड़े होना चाहिए। ऐसा ना करने पर अपराधी के हौसले और बढ़ते हैं और वह और अधिक बड़ी अपराधिक घटना कर सकता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग की मंशा रहती है कि पारिवारिक मामले आपस में ही सुलझ सकें। परिवार बिखरने से बच सकें। आपसी बातचीत के माध्यम से छोटे-मोटे घरेलू मामले में सुलह समझौते कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए वूमेन पावर लाइन 1090/महिला हेल्पलाइन 181/चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 तथा आपातकालीन 112 का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने कहा की महिलाओं को अभी और अधिक जागरूक होने की जरूरत है। महिलाएं किसी से कम नहीं है। उन्हें किसी भी तरह पीछे रहने की जरूरत नहीं है लेकिन बहुत अधिक स्वच्छंदता खराब बात भी होती है। ज्यादा आधुनिकता होने में परिवार तबाह भी होते हैं। ऐसी स्थिति में महिलाओं को समाज में आगे भी बढ़ना चाहिए लेकिन मर्यादाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बहकावे में आकर लोग निर्दोष लोगों के खिलाफ भी महिलाएं बेवजह मुकदमा दर्ज कराती हैं। ऐसे कारणों से बचना चाहिए लेकिन यदि कोई अपराध करता है तो उससे डरने की कोई जरूरत नहीं है महिला आयोग उनके साथ है। पुलिस उनके साथ है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रियंका, पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेंद्र सिंह मलिक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सैकड़ों की संख्या में नगर क्षेत्र की महिलाएं आदि भी मौजूद रहीं।

# एनएसएस की छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व करो योग रहो निरोग का दिया नारा

**बिंदकी (फ्तेहपुर)।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्राओं ने शिविर के तीसरे दिन बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओ पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया। वहीं करो योग, रहो निरोग का नारा देकर योग सीखा और किया। मलवा ब्लाक क्षेत्र के खिदिरपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में पहुंचे अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बल दिया। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने यह दिखाया कि बेटा बेटी एक समान है इसलिए बेटियों को बचाने की जरूरत है। उन्हें पढ़ लिख कर बड़ा करने तथा अधिकारी बनाने का भी काम होना चाहिए। समाज में बिना बेटियों बिना महिलाओं के समाज का अस्तित्व पूरी तरह से बेकार साबित होता है इसलिए बेटियों को पूरी तरह से सम्मान देना चाहिए। वही एनएसएस शिविर में करो योग रहो निरोग के तहत एनएसएस की छात्राओं ने योग के प्रशिक्षकों के माध्यम से योग सीखा योग किया। इस मौके पर महिला योग प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को योग के फायदे बताएं और बताया कि योग करने से आयु बढ़ती है, व्यक्ति स्वस्थ रहता है और सख्त शरीर में ही अच्छे व्यक्तित्व का विकास होता है। इस मौके पर अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 सत्येंद्र सिंह, डॉ0 निशांत श्रीवास्तव, उप प्राचार्य विनय शुक्ला, प्रवक्ता सूरज तिवारी, प्रवक्ता मुक्ता शर्मा, सोनम सिंह, अर्चना दीक्षित, हिमांशी दीक्षित, श्रद्धा देवी, बबलू, अनिल आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मूसा के उपदेश वाले शिलापट स्थल पर फिर सत्ताई अलंबरदार की टिकी नजर

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी डाक बंगले के ठीक सामने स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने मूसा के उपदेश वाले शिला पट्ट स्थल पर फिर एक सत्ताई अलंबर दार की नजर टिक गईं है। कई बीघा भू-भाग में काफी गहरे गड़े इन शिला पट्टो को उखाड़कर इस कीमती भू-भाग पर कब्जा करने की योजना सत्तारूढ़ दल से जुड़े एक अलम्बरदार ने बनाईं थी किन्तु समय रहते मीडिया में मामला लीक हो जानें पर उस समय सदर तहसील के कुछ जिम्मेदारो को भी मुहकी खानी पड़ी थी किन्तु एक बार फिर अलम्बरदार के गुर्गे सक्रिय हो गए हैं। दोपहर तहसील के एक अधिकारी के साथ उक्त गुर्गों ने मौका मुआयना भी किया और आने वाली चुनौतियों का सलीके से आकलन भी करते देखे गए। इन संभावनाओं से कतई इन्कार नहीं किया जा सकता कि अगर प्रशासनिक जिम्मेदारों ने इस मद में गंभीरता नहीं दिखाई तो आने वाले कुछ महीनों में मूसा के उपदेश वाले शिलापट्ट कहीं नदारद मिलेंगे।

### पंचायत चुनाव लड़ने वालों को देना होगा नोड्यूज

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक एवं सहकारी समितियों के बकाएदारों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रत्याशियो के नामांकन पत्र इन दोनों बैंकिंग इकाईयों द्वारा निर्गत नोड्यूज (अदेय प्रमाण पत्र) के बगैर प्राप्त न करने के निर्देश दिए हैं।

### ऋतुराज डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

**फतेहपुर।** ऋतुराज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय स्तर पर किया गया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं ने इसके बचाव एवं सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम अधिकारी निशा मौर्य ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं कोरोना महामारी से बचने के लिए सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने अन्य संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। इस मौके पर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 उमाकांत वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने का भरोसा दिलाया।

### सहकारी बैंकों में मिशन शक्तिअभियान चलाने के निर्देश

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के प्रबन्ध निदेशक भूपेन्द्र कुमार ने सूबे के सभी सहकारी बैंकों के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारियो को पत्र भेजकर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रत्येक सोमवार को प्रगति रिपोर्ट भी भेजने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि मिशन शक्ति के सम्बंध में जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत एक कार्य योजना बनाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को अल्पकालीन एवं विविधीकरण तथा रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण हेतु लक्ष्य एवं उसकी पूर्ति तथा शाखाओं में योजना के प्रारम्भ से महिलाओंध् बालिकाओं के निक्षेप खाते खोलने हेतु लक्ष्य एवं उसकी पूर्ति के सम्बंध में वांछित सूचना संलग्न निर्धारित प्रारूप पर साप्ताहिक आधार पर प्रत्येक सोमवार को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### एसडीएम ने पकड़े 21 ओवरलोड मोरम भरे ट्रक

**बिंदकी (फतेहपुर)।** उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में मोरंग भरे ओवरलोड ट्रकों के खिलाफकार्रवाई की गई। जिसके चलते हड़कंप मचा रहा। 21 ओवरलोड भरे ट्रक पकड़े गए। जिनका ऑनलाइन चालान किया गया। एसडीएम प्रियंका के नेतृत्व में रात को ओवरलोड मोरंग भरे ट्रकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। नगर के ललौली चौराहा, कुंवरपुर रोड, बाईपास, महरहा रोड, बाईपास के अलावा, ललौली रोड, भवानीपुर तथा जोनिहा तक अधिकारियों ने मोरम भरे ओवरलोड ट्रक पकड़े। जिसके चलते हड़कंप मचा रहा। कुल 21 मोरम भरे ओवरलोड ट्रक पकड़े गए। जिनके खिलाफ ऑनलाइन चालान किया गया। इस मामले में एसडीएम ने कहा कि मोरम भरे ओवरलोड ट्रकों के खिलाफलगातार अभियान चलता रहेगा। जो लोग भी ओवरलोड मोरंग भरे ट्रक लेकर निकलेंगे। उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी और कड़ी से कड़ी सजा भी दी जाएगी।

### आवेदन पत्र भरने की तिथि बढ़ी

**बरेली** ।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी वर्गों के दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु छात्रध्छात्राओं की सुविधा हेतु जारी की गयी नवीन समय सारणी अनुसार संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, संस्था एवं कल्याण अधिकारियों पर लागइन पर प्रदर्शित किया जाना एवं आंनलाइन आवेदन पत्र में की गयी त्रटियों को छात्र द्वारा ठीक करके पुनः आवेदन आंनलाइन सबमिट किये जाने की तिथि 13 मार्च से 15 मार्च 2021 तक निर्धारित की गयी है।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, भाई समेत दो लोग घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर के समीप एनएच-2 में मंगलवार की देर शाम कंटेनर की चपेट में आ जाने से 23 वर्षीय एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गयी जबकि भाई समेत दो लोग बुरी तरह घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव निवासी राम सजीवन का पुत्र दिनेश कुमार अपने भाई राम विलास 35 वर्ष व थरियांव थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी अमरपाल के साथ मोटरसाइकिल से मंगलवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे किशनपुर से आलमपुर गांव आ रहे थे। जैसे ही बाइक आंबापुर के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे कन्टेनर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दिनेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसका भाई राम विलास व अमरपाल घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, भांजा घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गयी वहीं उसका भांजा मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के खदरा गांव निवासी रामपाल का पुत्र राजू अपनी बहन की ससुराल कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव आया था बताते हैं कि देर शाम वह अपने भांजे विपिन के साथ वापस गांव जा रहा था जैसे ही बाइक चौडगरा के समीप पहुंची तभी ट्रक की चपेट में आ जाने से राजू की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि विपिन मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# क्विज व फ्लोरल कम्पटीशन का हुआ आयोजन

संवाददाता। बरेली



**महाराजा अग्रसेन** महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (क्विज कम्पटीशन) व फ्लोरल कम्पटीशन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर व सरस्वती वन्दना द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन मे महानिदेशक डॉ. डी. के. गुप्ता ने छात्रो को आशीष बचन दिये व प्रस्तुति के गुर सिखाये। इसी क्रम मे कार्यक्रम के समन्वयक व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिन्हाल ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की एवं प्रतियोगिता का उददेश्य बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण वर्तमान समय मे जीवन की मुख्य आवश्यकता है अगर मानव सभ्यता को बचाना है तो वृक्षारोपण को अपनाना ही होगा। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय ने सेमिनार मे प्रस्तुति के लिए छात्रो को बधाई दी साथ ही वृक्षारोपण के लिए सभी से अपील की। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष धर्म प्रकाश अग्रवाल ने सेमिनार के लिए छात्रो को शुभकॉमनाए प्रेषित की। निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी एव छात्रो को राष्ट्रहित मे कार्य करने की सीख दी। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने जीवन मे पेड पौधो का महत्व बताया। पादप-पुष्प प्रतियोगिता मे बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की मीनाक्षी शर्मा को प्रथम, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की अन्तिमा गंगवार व हिमानी अग्रवाल को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार व अंजलि गंगवार को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की नाजिया, अंकित, प्रीति बडोला, अमनदीप व लवी शर्मा को सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त हुए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के चार चरण हुए जिसमे आलोक व आकांक्षा की टीम को प्रथम, हिमानी व अनुश्री की टीम को द्वितीय व अंजलि व अंतिमा की टीम को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। सेमिनार मे उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए संजय कुमार, हिमानी अग्रवाल, अंतिमा, अंजलि, अभिषेक कुमार, प्रीति वडोला, नाजिया व रमीजा को विशेष पुरस्कार दिये गये। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. के. के. अग्रवाल, डॉ. रेशु जौहरी व डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा आदि सम्मिलित थे। संचालन संयुक्त रूप से छात्रा प्रीति वडोला व नाजिया परवीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे प्रस्तुति का दिशा निर्देशन डॉ. रितिका मिश्रा ने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का निर्देशन डॉ. नाजो बी ने किया। कार्यक्रम के अन्त मे डॉ रितिका मिश्रा ने वृक्षारोपण के लिये सभी को शपथ दिलायी की हम सभी एक पौधा लगाएंगे व उसके वृक्ष बनने तक उसकी सेवा करेंगे। डॉ. जितेन्द्र कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी चन्द्रा, डीन अंकुर गुप्ता, चीफप्रॉक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. के. के. मेहरोत्रा, शोभित अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, प्रथमेश कुमार, संचित कक्कड, डॉ. राजपाल वर्मा, कु0 निशा परवीन, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, प्रगति राज, राशि, आदि शिक्षको का विशेष योगदान रहा।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 4 मार्च 2021



# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**उत्तर** प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने आज अपने 2 दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत कायमगंज तहसील सभागार में चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याओं को सुना तथा उन्हें जागरूक करते हुए समस्या निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जनसुनवाई हेतु लगाई चौपाल में गांव फतेहपुर परौली से आई गुंजन शाक्य पुत्री रामबरन ने अपनी पीड़ा बताते हुए । एक शिकायती पत्र सौंपा . इसमें कहा है कि उसकी शादी हुए 8 वर्ष बीत चुके हैं । वर्तमान में उसके संतान के रूप में दो पुत्रियां हैं । किंतु मेरे पति धीरज, सास नन्ही देवी व ससुर मुझे आए दिन प्रताड़ित कर बेहद परेशान करते हैं । उसका कहना था कि उसने इस मामले की शिकायत थाना मऊ दरवाजा में 15 अक्टूबर 2020 को की थी । परंतु पुलिस ने अब तक न कोई कार्यवाही की और नहीं उसे किसी तरह की मदद मिली है । जन चौपाल में कस्बा कायमगंज के पड़ोसी गांव मुवारकनगर की रहने वाली साहिबा पुत्री रामआसरे ने आयोग सदस्य को पत्र सौंपकर बताया कि इसी माह की 1 तारीख को जब वह घर पर अकेली थी । समय लगभग 7:30 बजे सायं मेरे ही पड़ोस में रहने वाला जयवीर घर में घुस आया । इसने मुझे वदनियती से दबोच कर मेरे कपड़े फाड़ डाले । मैंने जब सीखने की कोशिश की तो इस दरिंदे ने मेरा मुंह दबाकर चीखने से भी रोक दिया । पीडिता का कहना था कि वह किसी तरह उसके चंगुल से छूटी प् जब उसके भाई और पिता घर पर आए प् यही लोग मुझे संभाल कर अंदर ले गए ।

थोड़ी ही देर बाद जयवीर अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मेरे घर पर आ धमका । उसने बेरहमी से मारपीट कर मुझे लहूलुहान कर दिया । अपनी पीड़ा बताते हुए साहिबा ने कहा कि शिकायत लेकर कोतवाली गई । किंतु पुलिस ने सही मामले को दबाते हुए मामूली सी एनसीआर दर्ज कर मुझे टरका दिया । आरोप है कि इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। शायद इसीलिए आरोपी के विरुद्ध आज तक सुसंगत धाराओं में कार्यवाही होना संभव नहीं हो सका है । इसी तरह इस कार्यक्रम में कुल 6शिकायती पत्र प्राप्त हुए । जिन्हें आयोग सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने का निर्देश दे सौंप दिए ।

इस कार्यक्रम आयोजन अवसर पर तहसीलदार प्रदीप सिंह ,जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रसाद, संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ,जिला महिला कल्याण अधिकारी नेहा मिश्रा, जिला समन्वयक कुमुदिनी रमन , फतेहगढ़ महिला थाना प्रभारी विनीता सारथी , एसएचओ डॉ विनय प्रकाश राय सहित बहुत से गणमान्य एवं भाजपा महिला संगठन की पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

### कस्तूरबा विद्यालय में हुआ महिला आयोग सदस्य का स्वागत

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । नारी जागरूकता एवं जन चौपाल कार्यक्रम के बाद उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ मिथिलेश अग्रवाल कुबेरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंची । यहां पहुंचते ही विद्यालय स्टाफ ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया । जबकि विद्यालय की छात्राओं ने मधुरध्वनि के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत कर आथित्यसत्कार का उदाहरण प्रस्तुत किया । इस अवसर पर आयोजन में शामिल विद्यालय स्टाफस्कूली छात्राओं तथा महिलाओं एवंअन्य नागरिकों को मिशन शक्ति योजना नारी सुरक्षा योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि सरकार द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के बारे में डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दी।

# भाई की ससुराल गए युवक की मिली लाश

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**कोतवाली** कायमगंज क्षेत्र के गांव शिवरई मठ निवासी किशन का बेटा उपेंद्र अपनी भाभी तथा भाभी की बहिन के साथ भाई की ससुराल जनपद कासगंज थाना सहावर के गांव गणेशपुर होली की त्योहारी रस्म करने गया था। परिवारी जनों के अनुसार वहां पहुंचकर उपेंद्र ने चाय पी। इसके थोड़ी देर बाद उनके फोन पर कॉल आई । कॉल आने के तुरंत बाद वह भाई की ससुराल के घर से निकल गया । कुछ देर बाद फोन करने पर उपेंद्र ने बताया कि वह पड़ोसी गांव रामकिलोनी में है । किंतु बहुत समय बीत जाने के बावजूद भी जब वह वापस नहीं लौटा । तो खोज खबर करने पर उसका शव गांव सेलमपुर के सामने नहर के किनारे पड़ा मिला।

मृतक की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी । उसके अनन्या नाम की 1 वर्षीय बेटी भी है । मौत की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई । रोते बिलखते परिवारीजन सहावर के लिए रवाना हो गए थे । उधर पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपेंद्र के फोन पर जो कॉल आई थी । वह उसी के गांव के संगमपाल तथा संजीवकुमार के फोन से आना बताई जा रही है । बताया गया कि यह विवरण सर्विलांस द्वारा मिले फोन कॉल डिटेल से प्राप्त हुआ है । मृतक के शरीर पर ऐसी चोटें नहीं थी जिससे कि मौत हो जाती । मौत कैसे हुई ए संभवत रू इस बात का पता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल सकेगा ।

# तीन हत्यारोपी किए गए गिरफ्तार

संवाददाता। कानपुर देहात

**पुलिस** अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद के नेतृत्व में थाना रसूलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 98।2021 धारा 302।506 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण 1ण् रामबाबू पुत्र फुन्नू लाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नारखुर्द थाना रसूलाबाद का0दे0 2ण् श्यामबाबू पुत्र फुन्नूलाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नारखुर्द थाना रसूलाबाद का0दे0 3ण् अमर सिंह उर्फ छोटे पुत्र राम सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नारखुर्द थाना रसूलाबाद का0दे0 को मुकदमा उपरोक्त मे बरामद आला कत्ल एक अदद लकडी का मूसरए एक अदद बांस का डण्डा व एक अदद लकडी का चैला के साथ मॅगलवार की रात्रि 9 बजे मिण्डाकुंआ नहर पुल से पहले नारखास की ओर से गिरफ्तार किया गया पूछतांछ पर अभि0 रामबाबू द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी पूजा का बदन सिंह पुत्र रज्जन सिंह से अवैध सम्बन्ध था व अक्सर मेरी पत्नी से मिलने आया करता था जिस सम्बन्ध मे मैने दिनांक 28 फरवरी को समय 9 बजे रात्रि मे बदन सिंह मेरी पत्नी से मिलने आया था जिसको मैने देख लिया था मैने बदन सिंह को पकडने की कोशिश की तो बाउण्ड्री पकड कर छोटे उर्फअमर सिंह के घर मे कूद गया जिसके पीछे मैने एक अदद लकडी का मूसर से बदन सिंह के ऊपर वार किया था और मेरे भाई श्यामबाबू ने बांस के डण्डे से वार किया था व छोटे उर्फ अमर सिंह ने लकडी के चैले से अपनी पीछे वाली कोठरी मे जहां बदन सिंह छिपा था उस पर वार कर दिया था व मूसर से मैने बदन सिंह के ऊपर वार किया था। जिससे उस की मृत्यु हो गयी थी। अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायलय माती का0दे0 भेजा जा रहा है ।

### एक गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद के नेतृत्व में थाना रसूलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99।2021 धारा 302।120 बी भादवि0 में अभियक्त बड़े उर्फ शिवपाल पुत्र राम गोपाल उर्फमिजाजी निवासी लक्ष्मनपुर थाना रसूलाबाद कानपुर देहात को कहिजंरी शिवली मार्ग पर विद्युत फीडर और भट्टे के बीच में बन्द पड़े भट्टे से गिरफ्तार किया गया। पुछतांछ पर अभि0 द्वारा बताया गया कि मेरी बेटी लक्ष्मी का मुकेश पुत्र स्व0 रामस्वरूप से प्रेम सम्बन्ध था। मुकेश मेरी बेटी का काफी समय से शोषण कर रहा था। मेरी बेटी व मेरा परिवार उससे परेशान हो गया था। मैंने अपनी बेटी का रिश्ता वीरू निवासी मेघनीपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर के साथ तय कर दिया था। उसकी जल्द ही शादी होने वाली थी। मुकेश धमकी देता था कि तुम्हारी बेटी का जो रिश्ता तय हुआ है मैं उसको तुड़वा दूंगा।

## आपराधिक गतिविधियों वालों को पाबन्द करने के निर्देश

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें चौपाल लाकर सर्वाधिकअपराधिक गति विधियों वाले लोगों को अधिक से अधिक पाबन्द करनें के निर्देश दिये।थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में डीएम नें चुनाव सम्बंधित चौपाल लगाकर अपराधियों को चेतावनी जारी की। उन्होंने थानाध्यक्ष जसबंत सिंह से कहा कि कुल कितने लोगों को गाँव में पाबन्द किया है जिस पर उन्होंने कहा कि एक टॉप-10 अपराधी सहित कुल 20 को पाबन्द किया है। डीएम नें अधिक लोगों को पाबंद करनें के निर्देश दिये। डीएम नें कहा की उन्हें गाँव की पूरी जन्म कुंडली पता है। ग्रामीणों नें गाँव में कच्ची शराब और जुआ को बंद कराने की अपील की। जिस पर डीएम नें पुलिस को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। डीएम नें कहा हरसिंहपुर गलवार व कुम्हरौर अति सम्बेदनशील बूथ होंगे। जिस पर प्रशासन की सीधी निगाह होगी। कानून तोड़नें वालो से सख्ती से निपटा जायेगा।इस दौरान एसडीएम विजेंद्र कुमार, सीओ अमृतपुर अजेय शर्मा, हलका इंचार्ज बृजेश तिवारी, बीडीओ श्री प्रकाश उपाध्याय, एबीएसए रमेश चंद जौहर आदि रहे।

### मवेशी ले जा रहे तीन ट्रक पकड़े

**फर्रुखाबाद।** भूसे की तरह भरकर मबेशी ले जाये तीन ट्रकों को पुलिस नें पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही की तैयारी कर रही है।थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद मार्ग पर अबैध रूप से मबेशी भरकर जा रहे तीन ट्रकों को थानाध्यक्ष पूनम जादौन के नेतृत्व में पुलिस नें रोंक लिया। जिसमे भूसे की तरफ भरे मबेशियों को देखकर थानाध्यक्ष आक्रोशित हो गयीं। उन्होंने तीनों ट्रकों की गिनती करायी। जिसमे एक में कुल 18, दूसरे में 33 व तीसरे में 25 मबेशी मिले। जिन्हें ठूस-ठूंस कर रस्सी के द्वारा बांधकर भरा गया था। पुलिस नें तीनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करनें की तैयारी कर रही है। थानाध्यक्ष पूनम जादौन नें बताया कि पकड़ें गये ट्रकों के मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# प्रेरणा ओजस के तहत सीडीओ ने भेंट किया छात्राओं को सोलर स्टडी लैम्प



संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी महोदया सौम्या पाण्डेय जी द्वारा जनपद कानपुर देहात के विकास खंड.मैथा की ग्राम.पंचायत टोडरपुर में स्थित पूर्व माध्यमिक विध्यालय में जाकर शिक्षा ले रही बालिकों को सोलर लैम्प देकर बालिकाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के साथ.साथ उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही साथ महोदया द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि महिलाओं द्वारा छत्स्ड विभाग के सहयोग से लैम्प असेम्बली का कार्य किया जा रहा है जो कि 500 रुपये का लैम्प सब्सिडी द्वारा 100 रुपये का उपलब्ध कराया जायेगा एवं लैम्प में खराबी आने पर 28 फ़रवरी 2021 तक की वारंटी है। महिलाएं जो असेम्बली का कार्य कर रही है उन्हें 12 रुपये प्रति लैम्प दिया जाता है साथ ही जिन महिलाओं द्वारा सोलर डिस्ट्रीब्युशन का कार्य किया जाता है उन्हें 17 रुपये प्रति लैम्प दिए जाता है। इस प्रकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रही है। इस कार्य के लिए फण्ड ब्त् मदद से भ्क्थ्ब् बैंक और फाइंटियर कंपनी दे रही है

# हत्यारोपी को गिफ्तार कर भेजा जेल

**अकबरपुर थाना क्षेत्र के सभासद की पत्नी व बच्चों को जलाकर मार डालने का मामला**




संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रभारी** निरीक्षक अकबरपुर की संयुक्त टीम ने तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अवनीश प्रजापति पुत्र स्व0 छोटेलाल नि0 प्यारेपुर थाना सरांय इनायत जनपद प्रयागराज को वुधवार की शाम को करीब 5 बजे जैनपुर गजनेर मोड़ के पास से अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। रविवार को सभासद मकान मालिक श्री जीतेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री कैलाश नाथ नि0 वार्ड नं0 14 नेहरू नगर कस्बा व थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के मकान में करीब 08 माह पूर्व से किराये पर रह रही म0का0 उषा प्रजापति थाना अकबरपुर कानपुर देहात के पति अवनीश प्रजापति जो मकान में कूड़ा करकट व पान मसाला थूंकने के विवाद को लेकर मकान मालकिन अर्चना यादव से कहासुनी हो गयी थी जिस बात को लेकर अभियुक्त अवनीश प्रजापति द्वारा अर्चना यादवए उनके दोनो बच्चों पुत्री अक्षिता उम्र 05 वर्ष एवं पुत्र हनु उम्र 15 माह पर पेट्रोल डालकर निर्मम हत्या कर दी थी। फलस्वरूप समाज में दहशत व भय का माहौल उत्पन्न हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा था। अभियुक्त शातिर किस्म का आपराधिक प्रवृत्ति का हैं। अभियुक्त अवनीश अपनी पत्नी उषा प्रजापति के साथ करीब 8 माह पूर्व वार्ड नं0 14 नेहरूनगर कस्बा अकबरपुर मे मकान मालिक जितेन्द्र प्रताप के मकान के प्रथम तल मे एक कमरा व एक किचन किराए पर लेकर रहते थे अवनीश कोई काम नही करता था मकान मालिक जितेन्द्र प्रताप की पत्नी अर्चना यादव सरकारी स्कूल मे अध्यापिका थी जो मकान के नीचे तल मे अपने ससुर पति व एक पुत्री अक्षिता व पुत्र हनु के साथ रहती थी मकान मालिक का प्रथम तल उषा प्रजापति के किचन के बगल बने किचन मे अर्चना खाना बनाती थी अर्चना मुझे कूड़ा डालने व पान मसाला थूकने को लेकर मना करती थी करीब तीन दिन पूर्व इसी बात को लेकर अवनीश प्रजापति व मकान मालकिन अर्चना से कहासुनी हो गयी। तभी अवनीश ने मन बना लिया कि अर्चना व उसके दोनो बच्चो को रास्ते से हटा देना है। रविवार को उषा प्रजापति दोपहर 2 बजे ड्यूटी पर चली गयी थी। अर्चना अपने लड़की अक्षिता व हनु को करीब 08ण्00 बजे रात अपने किचन मे खाना खिला रही थी तभी अवनीश एक बोतल मे पेट्रोल को लेकर उसके किचन मे घुसकर अर्चना व दोनो बच्चो के उपर डाल दिया और माचिस से तीनो को आग लगाकर हत्या कर दी। अकबरपुर कोतवाल के नेत्त्व में पुलिस बल ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### बाइक की टक्कर से होमगार्ड घायल

**घाटमपुर।** तहसील से डियुटी कर गांव जा रहे साइकिल सवार होमगार्ड वाइक की टक्कर से घायल हो गया। ये हादसा कोतवाली के गांव गोपालपुर के पास हुआ है। सजेती थाने के गांव चपरेटा निवासी होमगार्ड राजाराम की तहसील में तैनाती बतायी जाती है, राजाराम डियुटी करके बीती शांम गांव लौट रहा था कि जैसे ही वह गांव गोपालपुर के आगे पंहुचा की तभी पीछे से आ रहे वाइक सवारों ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वो घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है।

### कार्रवाई करना करें सुनिश्चित

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में सभी वर्गों के दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना अंतर्गत संस्थान स्तर पर अग्रसारित करने हेतु अवशेष आवेदनों के अग्रसारण जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर पर अवशेष रह गए।

# सीएससी केन्द्रों के माध्यम से विद्युत बिल में एक मुश्त समाधान योजना शुरू

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रदेश** सरकार द्वारा विद्युत बिल जमा करने हेतु एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ किया गया है। जिसके द्वारा एलएमवी.1 घरेलू एवं एलएमवी निजी नलकूप श्रेणी के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के विलम्बित भुगतान अधिभार की 100 प्रतिशत छूट हेतु एकमुश्त समाधान योजना् कॉमन सर्विस सेन्टरों ; सी एस सी केन्द्रों के माध्यम से शुरू की गयी है। जो कि जनपद में स्थिति सभी सी एस सी केंद्रों पर उपलब्ध है।

एकमुश्त समधान योजना में ग्रामीण के सभी घरेलू और निजी नलकूप के बकायेदारों को उनके दिनांक 31-01-2021 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रुप में लगायी गयी धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह योजना मे पंजीकरण दिनांक: 01 मार्च 2021 से 15 मार्च 2021 तक लागू रहेगा। सभी विद्युत बकायेदार इस अवधि में अपने नजदीकी किसी भी कॉमन सर्विस केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराकर छूट का लाभ लेते हुये अपना बकाया विद्युत बिल जमा कर सकते हैं।

उक्त योजना का लाभ पाने हेतु उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं का योजना के अंतर्गत सबसे पहले ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। योजना में उपभोक्ता के ऑनलाइन पंजीकरण के समय खाता संख्या फीड करते ही उपभोक्ता का समस्त विवरण यथा पंजीकरण हेतु देय धनराषिए मूल बिल धनराशिए सरचार्ज मे छूटए भुगतान की स्थिति इत्यादि परिलक्षित होंगी। पजीकरण के समय उपभोक्ता का फोन नम्बर एवं बिल संशोधन का विकल्प अवष्य लिया जाएगा। पंजीकरण के समय उपभोक्ताओ को उनके माह जनवरी 2021 तक के विद्युत बिल में प्रदर्षित मूल धनराषि का 30 प्रतिषत एवंदिनांक 31 जनवरी 2021 के उपरान्त के वर्तमान देयों को एकसाथ जमा करना होगाए जिसके बाद ही उपभोक्ता का पंजीकरण पूर्ण होगा। पंजीकरण के बाद यदि उपभोक्ता बिल संषोधन का विकल्प चुनता है तो सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड के अधिषासी अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह 07 दिन के अन्दर उपभोक्ता का बिल ऑनलाइन संषोधन करेए जिसकी सूचना उपभोक्ता को तत्कालएसएमएस के माध्यम से संषोधित बिल की सूचना प्रेशित हो जाएगीए जनपदमें मौजूद लगभग सी एस सी केंद्रों पर विद्युत उपभोक्ता इस योजना में अपना पंजीकरण कराकर सरचार्ज में 100 प्रतिषत छूट के साथ अपना बकाया विद्युत बिल संषोधन कराकर जमा कर सकते हैं।

# हाईटेंशन करंट से राज मिस्त्री की मौत

संवाददाता। कंपिल फर्रुखाबाद

**गाँव** भागीपुर उमराह में हाईटेंशन लाइन कि चपेट में आने से राज मिस्त्री कि मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गयाए सूचना पर डायल 112 थाना पुलिस व राजस्व कर्मी मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।थाना क्षेत्र के गाँव देवरैया निवासी फूल सिंह पुत्र राजाराम राज मिस्त्री का कार्य करता है। बुधवार दोपहर को गाँव भागीपुर उमराह निवासी होमगार्ड रामवीर सिंह के मकान का निर्माण कर रहा था। वही मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। निर्माण के दौरान राज मिस्त्री लाइन कि चपेट में आ गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गइ। मजदूर बाल बाल बच गयाए ग्रामीणों कि भीड़ एकत्र हो गई। घटना कि जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुँचेए राज मिस्त्री कि मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर डायल 112 थाना पुलिस व राजस्व कर्मी मौके पहुँचे। दरोगा मोहन सिंह ने घटना के सम्बंध में परिजनों से जानकारी लीए वही लेखपाल सुबोध गुप्ताए कानूनगों मावेंद्र सिंह ने हाईटेंशन लाइन कि वीडियो ग्राफी कराई राज मिस्त्री के पुत्र कि तहरीर पर दरोगा मोहन सिंह ने शव का पँचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।मृतक राज मिस्त्री का कार्य कर परिवार का पालन पोषण करता थाए पत्नी मीना कि मौत कई वर्ष पूर्व हो चुकी हैए मृतक के बेटा सुधीर 20 वर्षए बेटीए रामरती 22 वर्ष, नीला 18 वर्ष है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश ने बताया कि पुत्र कि तहरीर पर शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है।

### सरकारी योजनाओं का गुणगान करेगी एलईडी

**फर्रुखाबाद।** वर्तमान सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों का जनपद स्तर पर प्रचार के लिए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की एलईडी वेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।डीएम नें हरी झंडी दिखाकर कहा कि एलईडी वेन द्वारा जनपद स्तर पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण, महिला हित एवं जनसामान्य हित में चलाई गई जनकल्याणकारी योजना का बेहतर प्रचार प्रसार हो। एलईडी वेन द्वारा लगातार 15 दिनों तक समस्त नगर पंचायत,समस्त ब्लाक, समस्त तहसील, जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लाइव प्रसारण कराकर जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार कर जनसामान्य को जागरूक किया जाएगा। सुनील कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी, वीरेन्द्र कटियार प्रशासनिक अधिकारी, सुरजीत गौतम एवं ओमवीर सिंह उपस्थित रहे।

### एम अरुन्मोली नयी सीडीओ

**फर्रुखाबाद।** सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया का तबादला शासन नें कर दिया है। जिला विकास अधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया का फर्रुखाबाद से आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर किया गया। वह चार्ज लेनें के लिए रवाना भी हो गये। डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया का बीते 28 फरवरी 2019 को मथुरा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद से फर्रुखाबाद में सीडीओ के पद पर तबादला हुआ था।

## कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** अनियंत्रित कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक 20 निवासी बिधूना अपनी मौसेरी बहन जिसका अभी इसी 10 मार्च को बिल्हौर के समीप किसी गांव में विवाह तय हुआ था।किसी मांगलिक कार्य से वर पक्ष के यंहा जा रहा था। की असालतगंज के समीप वैगनआर कार से टक्कर हो गयी। जिससे अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुहुचे अभिषेक के परिजनों ने किसी तरह घायल अभिषेक को अपने साथ इलाज के लिए ले गए

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** बुधवार को जनपद की रसूलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत रतनपुर में समाजसेवी नागेंद्र सिंह राजावत द्वारा नि: शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान करीब 500 मरीजों ने आंखों का परीक्षण कराया। समाजसेवी नागेंद्र सिंह राजावत ने अपने हाथों से लोगों को नि:शुल्क चश्मे व सिरप वितरित की। साथ ही उन्होंने कहा कि 25 से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ है। जिनका ऑपरेशन नि:शुल्क उनके द्वारा कराया जाएगा। गौरतलब हो कि समाजसेवी नागेंद्र सिंह राजावत रतनपुर ग्राम पंचायत के निवासी हैं और नियमित समाज सेवा के कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में आए लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए। नागेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरे के दर्द को बांटने में उन्हें अच्छा लगता है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के लिए हमेशा आगे रहूंगा। वही नि: शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डॉ प्रदीप सिंहए डॉ रमन द्विवेदीएडॉ अशवनीए शिवेंद्रए रामनरेश सिंहएबबलू सिंहए सत्येंद्र कुमारएअमित कुमार सहित हजारों मरीज रहे।

# तीस लीटर शराब और आठ कुंतल लहन बरामद, एक को किया पुलिस ने गिरफ्तार





**संवाददाता घाटमपुर**- कोतवाली के कस्बा रेवना में आबकारी और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रुप से छापा मार कर 30 लीटर कच्ची दारु तथा करीब 8 कुन्टल लाहन बरामद कर एक ब्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जबकि पत्नी भाग निकली। आबकारी निरीक्षक साहब सिंह ने बताया कि सहायक आबकारी आयुक्त और जिला आबकारी अधिकारी के अलावा कोतवाली पुलिस ने की टीम ने कस्बा रेवना में कैलाश नामक एक ब्यक्ति के घर छापा मर कर 30 लीटर कच्ची शराब और बिभिन्न बर्तनों में रखा करीब 8 कुन्टल लहन बरामद किया है। इस संवंन्ध में कैलाश पुत्र बिन्दा नामक एक ब्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जबकि पत्नी बिद्यावती भाग निकली। आबकारी निरीक्षक का कहना है ये बरामदगी होने वाले पंचायत चुनाब को देखते हुए चलाये जा रहे अभियान के दौर हुई है।

### विश्व वन्य जीव दिवस मनाया

**कानपुर देहात** खतरे में पड़ते वन्य जीवों पर हो रहे अपराध के बारे में अब गम्भीर होने का समय है सारी जमीन मानव ने लिखा ली बाकी जीव कहाँ जाएँ अस्सी प्रतिशत वन्य जीवों का विनाश वन उजड़ने से हो चुका है उक्त बातें पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने विश्व वन्य जीव दिवस पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिठमरा के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही आगे उन्होंने कि वन्यजीवों के शिकार या उन्हें जाल में बांधना पच्चीस हजार रुपए जुर्माना और सात साल जेल से दण्ड का प्राविधान है कूड़ा न जलाएं और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें जिससे वाष्पीकरण कम हो।

**ममता हुई शर्मसार**

# प्रेमी से मिलकर की बेटे की हत्या

● **शव बोरे में भर कर छिपाया**

संवाददाता। (कन्नौज)

'**पूत** कपूत सुने बहुतेरे माता सुनी न कुमाता, किंतु उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में एक माँ ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया जिसने उक्त सूक्ति को गलत साबित कर दिया। कलयुगी माँ ने अपने अवैध सम्बंध छिपाने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर अपने सगे बेटे की हत्या करवा दी, माँ की ममता यहाँ भी न पसीजी हत्या के बाद अपने ही बेटे के शव को भूसे के ढ़ेर में छिपाकर बचने के लिए गुमशुदगी की सूचना दर्ज करा दी। मामले का खुलासा आज पुलिस अधीक्षक ने किया तो कलयुगी ममता का हत्यारा चेहरा बेनकाब हो गया।

विदित हो कि विगत 28 फरवरी को ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर खैरनगर मे 15 वर्षीय हिमांशू पुत्र दशरथ का शव भूसे के ढ़ेर में मिला था। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना ठठिया जनपद कन्नौज पर वादी द्वारा गाव के ही 02 नामित अभियुक्तों के विरुद्ध हत्या कर शव को छुपाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त घटना को चूनौतीपूर्ण मानते घटना के सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा उपरोक्त मुकदमें के विवेचक क्षेत्राधिकारी तिर्वा दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी सर्विलांस सेल निरीक्षक शैलेंद्र सिंह व प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 राकेश कुमार सिह एवं थानाध्यक्ष ठठिया राजकुमार सिह को लगाया गया। दिनाक 03.03.2021 को प्रकाश में आये अभियुक्त कन्हैया तिर्वा खैरनगर रोड से पूछताछ हेतु लाया गया। बाद पूछताछ अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म इकबाल करने पर गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त की पूछताछ से घटना में सम्मिलित मृतक की मां पूनम को ग्राम जलालपुर से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त ईंट एवं शव को छुपाकर फेकने वाला बोरा अभियुक्त की निशादेही पर बरामद किया गया। अभियुक्त सुशील कुमार उर्फकन्हैया ने बताया कि हमारे मृतक हिमांशू की माँ पूनम से मेरे पिछले 03 वर्ष से अवैध सम्बन्ध हैं पूनम मुझे फोन करके बुलाया था, 26 फरवरी को अपने गाँव जलालपुर रात्रि लगभग 10 बजे आ गया था और पूरी रात मृतक के घर पूनम के साथ रुका और सुबह करीब 11 बजे पूनम को मीटिंग के लिये जाना था तो वह मुझे घर में ही रोककर चली गयी इसी दौरान मृतक हिमांशू घर में आ गया और उसने मुझे देख लिया और मेरे साथ गाली गलौज करने लगा हिमांशु पूर्व में भी हम लोगों को देख चुका था जिसकी शिकायत वह अपने पापा व चाचा से कर चुका था। इसी के चलते दुबारा शिकायत न हो इसी भय से मैने हिमाशू की ईंट से कुचलकर हत्या करदी इसी दौरान पूनम मीटिंग से वापस आ गयी उसे बताया कि उसके बेटे हिमांशु की हत्या कर दी जिस पर उसकी मां ने कहा ठीक किया किसी को पता तो नहीं चला, इसी को छुपाने के लिये मुतक के शव को बोरे में भरकर पास में ही भूसे के कूप में छुपा दिया और सभी को भ्रमित करने के लिये पूनम ने बेटे के गुमशुदगी की झूठी अफवाह उड़ा दी ताकि हम लोगों पर किसी का शक न हो। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा घटना का सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिफ्तारी किये जाने पर पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए पॉच हजार रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# कर्ज के मकड़जाल में उलझे अधेड़ ने लगा ली फांसी

● **सूदखोरों से ले रखा था कर्ज, जुआ खेलने का लती था ग्रामीण**

संवाददाता। एट (जालौन)

**कोटरा** थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट में सूदखोरों का कर्ज न चुका पाने के चलते खेत पर लगे नीम के पेड़ पर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह वहां से गुजर रहे उसके भाई ने यह नजारा देखा तो वह हक्का-बक्का रह गया और इसकी सूचना स्वजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटरा थाना क्षेत्र के धुरट गांव निवासी बल्लू पत्र रामपाल उम्र करीब 40 वर्ष ने सुबह तड़के खेत पर लगे नीम के पेड़ पर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह रात्रि में खेत पर ही रुककर खेतों की रखवाली करता था सुबह जैसे ही स्वजनो को जानकारी हुई तो वह बदहवास हालत में खेत पर पहुंचे बताया जाता है कि मृतक जुए का लती था जिसके चलते उसने सूदखोरों से करीब 5 लाख रुपए ले रखा था जिससे उसे आए दिन सूदखोरों द्वारा धमकी भी मिलती थी जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। मृतक के पिता रामपाल का कहना है कि 1 वर्ष पूर्व किसान क्रेडिट कार्ड से 2 लाख का कर्ज लेकर उसने सूदखोरों का चुकाया था इसके बाद उसकी बगैर जानकारी में किससे कर्जा लिया उसे जानकारी नहीं हो सकी। वही बलकट पर ली हुई जमीन की फसल भी आवारा मवेशियों द्वारा उजाड़ दी गई थी जिससे वह डिप्रेशन में रहता था मृतक की एक पुत्री निशा थी जिसकी शादी हो चुकी है दोनों पति पत्नी साथ रहते थे मौत की खबर सुनकर पत्नी जय देवी तथा पुत्री निशा का रो रो कर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर न मिलने पर पीड़ित करेगा आत्मदाह

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के सोनेपुर रोड़ पासी तिराहा के सुरेश सिंह पुत्र रामऔतार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में ट्राली समेत ट्रैक्टर चोरी होने की सूचना दी है। चेताया है कि ट्रैक्टर ट्राली बरामद न होने पर पीड़ित आत्मदाह कर लेगा। बुधवार को कोतवाली कर्वी के सोनेपुर रोड़ पासी तिराहा के सुरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि 27 फरवरी की रात 2.10 बजे ट्राली समेत ट्रैक्टर दरवाजे पर खड़ा था। उसे चोर चुरा ले गये। रात 2.21 बजे सीसीटीवी फुटेज में कलेक्टेऊट रोड व हनुमानधारा बाईपास के पास देखा गया। सीसीटीवी फुटेज में पिंडरा सतना मप्र में 3.32 बजे ट्रैक्टर देखा गया। कोतवाली कर्वी में ट्रैक्टर चोरी की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कहा कि पांच दिन होने के बाद भी इलाका पुलिस ट्रैक्टर व ट्राली के चोर को नहीं पकड़ सकी। पीड़ित ने चेताया कि ट्रैक्टर ट्राली न बरामद होने पर वह आत्मदाह कर लेगा।

### ससुर ने बहू के साथ की मारपीट, कोतवाली में मामला दर्ज

**माधौगढ़ ( जालौन )।** ससुर द्वारा बहू के साथ मारपीट करने को लेकर कोतवाली में दी गयी तहरीर लिखित तहरीर के आधार पर मामला हुआ दर्ज। महिला डौली ने अपने ससुर के लिखाफप्रार्थना देकर न्याय की गुहार लगायी है जिसमें महिला ने बताया कि महिला अपने बच्चों के लिये खाना बना रही थी तभी ससुर बाहर से आकर गाली गलौच कर अभद्र व्यवहार करने लगे व महिला के साथ मारपीट कर दी जिसमें प्रभारी निरीक्षक बीएल यादव ने प्रार्थना के आधार पर मामला दर्ज कर लिया व मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का किया परीक्षण

**उरई ( जालौन )।** डॉ. आरके राजपूत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी छिरिया सलेमपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत छिरिया सलेमपुर आरबीएसके टीम बीके द्वारा प्राथमिक विद्यालय रनवा में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आयरन टेबलेट को खिलाने और फायदे के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई बाद में बच्चों को हाथ धुलने की प्रक्रिया समझायी गई। टीम में डॉ. देव वर्धन दौदेरिया, डॉ. मोहसिन खान, आमिर उद्दीन, राजेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बिना सुरक्षा कवच निकले तो भरना होगा जुर्माना

**माधौगढ़ ( जालौन )।** कस्बा इंचार्ज माधौगढ़ योगेन्द्र सिंह ने यातायात पर दिखाई सख्ती बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट पहने निकले वाहन चालक तो भरना होगा जुर्माना।प्रभारी निरीक्षक बीएल यादव के कुशल नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज योगेन्द्र सिंह ने यातायात वाहन चौकिंग के दौरान हेल्मेट, सीट बेल्ट, लाइसेंस, दस्तावेजों को चौक किया व हिदायत के तौर पर बताया कि बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट लगाये वाहन चालकों के लिये सड़क दुर्घटना प्रभावी है इसके बचाव के लिये हमें सुरक्षा कवच पहने की बहुत आवश्यकता है व बिना हेल्टमेट लगाये वाहन चालकों के चालान भी काटे गये वाहन चैकिंग के दौरान सिपाही कपिल व अन्य स्टाफमौजूद रहा।

### भंडारे में लोगों की उमड़ी भीड़

**कोंच ( जालौन )।** कोंच नगर के पड़री बालों के मंदिर नई बस्ती तिराहे के पास श्री रामप्रताप पटेल पचीपुरा बालों के सामने अखंड श्री रामचरित मानस पाठ के पश्चात हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें महिला बुजुर्गों व युवाओं ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया ओर प्रसाद चखा इसकी दौरान आयोजक कमेटी व्यवस्था में लगी रही।

### शार्ट सर्किट की आग से लाखों का नुकसान

**मौदहा।** बड़ी आबादी वाले करहिया गांव में बीती रात बाद जब पूरा परिवार सो रहा था कभी बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी जिससे सोते हुए लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया शोर-शराबे के बाद आग में फंसे परिजनों को तो सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन सोना, नगदी, गृहस्थी जलकर खाक हो गए जिससे लाखों का नुकसान हो गया यहां तक कि अप्रैल माह में होने वाली भाई की शादी के लिए एकत्र दुल्हन का सामान व अन्य चीजें जलकर खाक हो गई और वही फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी वह नहीं पहुंची और गांव के नलों को भी चालू नहीं किया जा सका। गांव निवासी बालेंद्र सिंह के घर आधी रात बाद शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी यह जानकारी गृह स्वामी ने दी उसने बताया कि भाई लोकेंद्र सिंह की माह अप्रैल में शादी तय की थी जिसके लिए धीरे-धीरे समान एकत्र कर रहे थे बहू के लिए पैसे साड़ी सहित लाखों के जेवर भी खरीदे थे जो जलकर स्वाहा हो गए। गांव के लोगों ने मजबूर होकर तालाब से पानी लाकर कई घंटों की मशक्कत के बाद आज में काबू पाया।

### शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** हमराह सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक अरुण कुमार ने बीती शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुटैयाखेड़ा तिराहे पर एक युवक को 10 लीटर अवैध शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया। जब युवक कच्ची शराब को बिक्री के लिए कहीं ले जा रहा था। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम अखिलेश पुत्र राम बहादुर निवासी गुटैयाखेड़ा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### दबंगों ने युवती से की छेड़छाड़ व मारपीट

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पुराने विवाद को लेकर युवती से युवक ने अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ की। जिसका विरोध करने पर युवक सहित उसके परिजनों ने युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़िता युवती द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की दोपहर वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय पुराने विवाद को लेकर गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर युवक सहित उसके परिजनों ने उसे लात घूसों से सरेआम मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व कोंच चौराहे हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे शाहरुख मंसूरी निवासी तोपखाना को पुलिस ने पकड़ लिया है।

### शराब पीकर दो लोगों ने महिला को पीटा

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा में 2 लोगों ने शराब पीकर महिला के गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। सींगपुरा निवासी नीलम पत्नी जयसिंह ने बताया कि गांव के नरेश कुमार तथा हरी ने शराब पीकर मंगलवार की रात को गाली-गलौज कर मारपीट कर तथा जान से मारने की धमकी दी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### कैथी से युवक हुआ गायब, पुलिस जांच में जुटी

**कोंच ( जालौन )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथी से 24 वर्षीय युवक घर से कही चला गया और वह लापता हो गया है। ग्राम कैथी निवासी प्रहलाद पुत्र हीरा लाल ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका 24 वर्षीय पुत्र मुलायम 28 फरवरी को उसका पुत्र घर मे उरई की कह कर चला गया और अभी तक घर वापिस नहीं लौटा है काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही हैं।

# कर्ज से बोझिल किसान की अटैक से मौत, सात लाख का ले रखा था कर्ज

**सुमेरपुर( हमीरपुर )** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर में एक किसान की अटैक पड़ जाने से मौत हो गई किसान के ऊपर करीब 7 लाख का कर्ज था, जिसकी भरपाई नहीं कर पा रहा था, किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, किसान रामपाल वर्मा 50 वर्ष के पास मात्र दो बीघे जमीन है उसी से परिवार का भरण पोषण हो रहा था उसने खेती के लिए ट्रेक्टर भी ले रक्खा था, मृतक किसान के पुत्र पंकज वर्मा ने बताया कि उसके पिता के ऊपर इंडियन बैंक इगोहटा का करीब चार लाख का कर्ज था इसके अलावा साहू कारों का करीब 3 लाख का कर्ज था इस कर्ज के कारण वह चिंतित रहते थे,कर्ज के कारण पुत्र और पुत्रियों की शादी नहीं हो पा रही थी, साहू कार कर्ज अदायगी के लिए दबाव बना रहे थे, उसने बताया बुधवार की सुबह खेत में खड़ी फसल देखने गए थे फसल अच्छी नहीं है तो यह देख वहां से लौटकर घर आए और घर में कर्ज को लेकर चर्चा करते करते करीब 11 बजे अटैक पड़ गया, आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, किसान की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है, मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी ग्यानवती पुत्र पंकज, सात्विक, पुत्री मधु, खुशबू तथा पूजा को रोते बिलखते छोड़ गया है किसान का अंतिम संस्कार गांव मे कर दिया गया है।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कुठौंद** पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पूर्व ग्राम दौन में घर में हुई चोरी एवं कुठौंद में दो मोबाइल छीनने के मामले में आरोपी 5 लोगों को चोरी के सामान व मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सीओ ने घटना का खुलासा किया एवं गिरफ्तार हुए पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। आरोपियों के पास से 2 तमंचा व 5 जिंदा कारतूस समेत एक चोरी की बाइक भी फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई बरामद की है। सीओ कार्यालय में सीओ विजय आनंद ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम दौन में 25 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने मंगल सिंह पुत्र पातीराम के घर में घुसकर लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। वहीं, कुठौंद में 28 फरवरी को मनोज कुमार की पुत्रवधू डोली पत्नी अभिमन्यु व माही पुत्री राजेश के मोबाइल सड़क पर जाते समय एक युवक ने छीन लिए थे। उक्त दोनों मामले में थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी व हदरूख चौकी प्रभारी गोकुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि चोरी के मामले में आरोपी अंकित कुमार उर्फ शीलू पुत्र भीखम काछी, श्रीपाल पुत्र स्व. मुहर सिंह, कमल प्रताप उर्फ करन पुत्र स्व. शंकर सिंह निवासीगण ग्राम दौन थाना कुठौंद व रवीकांत पुत्र रामकुमार काछी निवासी डबरापुर थाना मंगलपुर कानपुर देहात मड़ोरी मार्ग पर खेत में बनी एक कोठी में कहीं बाहर भागने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा व 3 जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं, पुलिस को चोरी की बाइक फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई भी मिली। पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। जहां आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए गहनों में मंगलसूत्र, अंगूठी, बिछिया, हाय, सिक्के समेत 7780 रुपये बरामद कर लिए। उधर, पुलिस ने माधौगढ़ तिराहे से विश्नू पुत्र मूलचंद्र नागर निवासी रोशनपुर थाना अयाना जिला औरैया को माधौगढ़ तिराहे से गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने डोली व माही के छीने गए मोबाइल फोन को बरामद किया है। उक्त सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# राजस्वकर्मी के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**बिवार( हमीरपुर )** बिवार क्षेत्र में राजस्व कर्मी की हत्या के बाद आज चौथे दिन पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है, तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के निवादा गांव में बीते रविवार को राजस्वकर्मी पंकज तिवारी की हत्या करने वाला आरोपी निवादा का ही विनय सिंह को आज एसओजी टीम ने जोल्हूपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद बाँदा जनपद के खुरहण्ड में अपने बहनोई विजय के घर पहुँचा ,लेकिन उसने घटना की जानकारी होते ही अपने घर से भगा दिया ,जिसके बाद वह अपने ननिहाल कंचनपुर पहुंचा।वहाँ से भी उसके मामा ने जानकारी होते ही उसे जोल्हूपुर मोड़ छोड़ दिया जहाँ से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पूँछतांछ के दौरान आरोपी ने बताया कि गोली मारने के बाद उसने गाँव के ही चक्रपाल को अपना तमन्चा दे दिया और बिना कुछ बताए भाग निकला ,जिसके चलते पुलिस ने चक्रपाल को भी पूँछतांछ के हिरासत में लिया जिसके पास से वह 315 बोर का तमन्चा भी बरामद हुआ है।वहीं पुलिस ने गाँव के तीन युवकों राहुल ,गणेश ,व प्रमोद को भी पूँछतांछ के लिए गिरफ्तार किया गया है।चारों युवकों से मौदहा सीओ सौम्या पाण्डेय पूँछतांछ कर रहीं थीं।सीओ ने पहले ही बताया था कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाई गईं थी।इसी दौरान गाँव के लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया था जिन्हें बुधवार के दिन छोड़ दिया गया।वही थानाध्यक्ष बिवाँर ओमप्रकाश यादव आरोपी को हवालात में तो बन्द किये हैं लेकिन उन्होंने बुधवार को उसे दाखिल भी नही किया और न ही उसकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी दे रहे हैं। इतनी बड़ी घटनाओं के बावजूद भी बिवाँर इंस्पेक्टर की कार्यशैली में कोई सुधार नही हो रहा है।

# महाविद्यालय के छात्रों ने साफ सफाई कर पेश की मिसाल



संबाददाता। हमीरपुर

**आज** स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के हरिजन बस्ती मे संचालित प्राथमिक विद्यालय गहरौली में राष्ट्रीयसेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है मुख्य अतिथि के रूप मे महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विभाग के प्रवक्ता अजीत द्विवेदी द्वारा माँ सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. आज तृतीय दिवस विशेष शिविर मे छात्र छात्राओं द्वारा ग्राम गहरौली के ही निकट सिजोरा हनुमान मंदिर मे साफ सफाई अभियान चलाया गया तथा सभी के सहयोग से पुरे मंदिर परिसर को साफ किया गया उन्होने कहा कि सफाई एक ऐसा मंत्र है जिससे समस्त बीमारिया दूर भागती है, सभी लोग यदि अपने घर के सामने साफसफाई करने लगे तो लोगों को अस्पताल जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी। सम्पूर्ण कार्यक्रम मे रास्ट्रीय स्वम सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष द्विवेदी जी का मार्गदर्शन रहा और सभी छात्र छात्रओं को आगे भी इसी तरह साफ सफाई का संकल्प दिलाया. महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता डॉ दिलीप गुप्ता श्री शेष नाथ गुप्ता श्री शैलेन्द्र राजपूत अखिलेश गुप्ता कुलदीप द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, एवं रास्ट्रीय सेवा योजना के लिपिक धर्मेंद्र राजपूत ,राम सहोदर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज सैनी आदि उपस्थित रहे.

# परिक्रमा पथ से प्रशासन ने हटवा दिया अतिक्रमण



संवाददाता। चित्रकूट

**कामदगिरि** परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण हटाने को एसडीएम सदर रामप्रकाश, वन विभाग के डीएफओ कैलाश प्रकाश व पुलिस टीम जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। पुलिस, राजस्व व वन विभाग की टीम ने परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण सख्ती से हटवाया। बुधवार को अतिक्रमण हटाओ टीम जेसीबी मशीन लेकर परिक्रमा मार्ग पहुंची। अतिक्रमणकारियों पर जेसीबी मशीन जमकर गरजी। जिसने भी अतिक्रमण हटाओ का विरोध किया उसकी प्रशासन ने एक नहीं सुनी। बिना भेदभावपूर्ण ढंग से अतिक्रमण हटाया गया। वन विभाग की भूमि पर कब्जा किये लोगों को बेदखल किया गया। कामदगिरि पर्वत के किनारे तमाम अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर अपने घर व मन्दिर बना लिए थे। सभी अतिक्रमणकारियों को प्रशासन ने सख्ती से हटवाया। इस दौरान कुछ लोगों ने अतिक्रमण का विरोध जताया तो पुलिस ने उन्हें डपटकर चुप करा दिया। इससे प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलता पूर्वक चला।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अटकलों का दौर खत्म

**चित्रकूट।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण की सूची जारी होने से अटकलों का दौर खत्म हो गया। बड़े पैमाने पर आरक्षण में फेरबदल से चुनाव की पहले से तैयारियां कर रहे प्रत्याशियों की धडकनें थम गई हैं। सम्भावित प्रत्याशियों के अनुमान के मुताबिक आरक्षण में फेरबदल नहीं हुआ। जिला पंचायत, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत की तैयारियां कर चुके प्रत्याशियों के मनसूबों पर आरक्षण सूची ने पानी फेर दिया है। प्रत्याशियों के अनुमान के मुताबिक आंकडे फेल होने से तमाम प्रत्याशी मायूस हो गये हैं। बुधवार को जिला पंचायत, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत की सूची देखने को ब्लाक व जिला पंचायत कार्यालय में सम्भावित प्रत्याशियों की खासी भीड़ जमा रही। जिन लोगों के मुताबिक आरक्षण हुआ है, उनके चेहरे तो खुशी से लबरेज रहे, जिनके मुताबिक आरक्षण नहीं हुआ वे खासे मायूस दिखे। कुल मिलाकर अटकलों का दौर अब खत्म हो गया है।

# कई महारथियों के अरमानों पर फिरा पानी

संवाददाता। सुमेरपुर (हमीरपुर)

**पंचायत** चुनाव के लिए ग्राम प्रधान पद के लिए आरक्षण सूची जारी होते ही गांवों की राजनीति में उबाल आ गया है, सम्भावित प्रत्याशी चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं, वहीं आरक्षण के कारण कई प्रत्याशियों को झटका भी लगा है, इस बार प्रशासन द्वारा 29 सीटें अनारक्षित की गई हैं, 16 सीटें पिछड़ा वर्ग के लिए तथा 12 सीट अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित की गई हैं, इस बार 19 महिलाओं को प्रधान बनने का सुअवसर मिलेगा,

महिलाओं के लिए चंदौखी, बड़ागांव, सौंखर,बरुआ, पचखुरा खुर्द, पारा रैपूरा, भौनिया, कल्ला, मौहर गांव अनारक्षित किए गए हैं, पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए दरियापुर, कलौलीतीर, नदेहरा, अतरार, उजनेड़ी, कलौलीजार गांव आरक्षित किए गए हैं, जबकि अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए पलरा, कुन्डौरा, धनपुरा और बिलहडी 4 गांव आरक्षित किए गए हैं, इस तरह महिलाओ के लिए कुल 19 सीटें निर्धारित की गई हैं, इगोहटा, बांक, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, बंडा, सहूरापुर, सिमनौडी, टेढ़ा,पचखुरा बुजुर्ग, जलाला गांव जहां पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुए हैं वहीं धुंधपुर, पौथिया, भौंरा, छानी बुजुर्ग, मोराकान्दर, कैथी, देवगाँव, चंदपुरवा अनुसूचित पुरुष के लिए सुरक्षित किए गए हैं, जबकि बिदोखर पुरई, विदोखर मेदनी, बांकी, टिकरौली,पाराओझी, बरदहा सहजना, हेलापुर, अमिरता, मवइजार, मुंडेरा, बिरखेरा, अतरैया, मिहुना, बदनपुर,सुरौली, पत्योरा, पंधरी, छानी खुर्द, खड़ेहीजार,कुम्हऊपुर कुल 20 ग्राम पंचायतों को अनारक्षित किया गया है, इस तरह से अनारक्षित महिला के 9 पद, पिछड़ा महिला के 6 तथा अनुसूचित जाति की महिला के लिए 4 कुल 19 पद महिलाओं के लिए तथा पुरुषों के लिए 20 पद अनारक्षित किए गए हैं, पिछड़ा वर्ग पुरुष के लिए 10 तथा अनुसूचित जाति पुरुष के लिए 8 पद मिलाकर 38 पद पुरुष वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं, आरक्षण प्रक्रिया सार्वजानिक होने के बाद गांव की राजनीति में उछाल देखने को मिल रहा है, सम्भावित उम्मीदवार अब ताल ठोकने लगे हैं, चुनाव की तैयारी में लगे उन लोगों को धक्का लगा है जो लंबे समय से चुनाव की अंदर ही अंदर तैयारी कर रहे थे किंतु आरक्षण से उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिल पाएगा, 2015 के ग्राम पंचायत चुनाव में 20 पद अनारक्षित किए गए थे, 10 पद पिछड़ा वर्ग के लिए तथा 8 पद अनुसूचित वर्ग को दिए गए थे, गत चुनाव 58 सीटों के लिए हुआ था किंतु इस बार 57 सीटों के चुनाव होगा द्य

जिला पंचायत चुनाव के लिए सुमेरपुर ब्लॉक की चार सीटों में इगोहटा और पौथिया को अनारक्षित तथा टेढ़ा और छानी सीट को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया है, तो अनारक्षित सीटों में घमासान होने की संभावना है, आरक्षण घोषित होते ही भावी उम्मीदवारों ने चुनावी गणित बैठाना शुरू कर दिया है, जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट अनारक्षित महिला के खाते में होने से चुनाव में दिग्गजों के उतरने की प्रबल संभावना है, सुमेरपुर ब्लॉक प्रमुख का पद अनारक्षित होने से बीडीसी का चुनाव भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# एटीएम खुलने से नागरिकों को जमा निकासी में सहूलियत मिलेगी: गुप्ता



संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**कस्बे में** व्यापारिक प्रतिष्ठान व कम्पनियां भी हैं जिससे स्थानीय बैंकों में आए दिन भीड़ भाड़ का माहौल और जमा निकासी में उपभोक्ताओं को विभिन्न समस्याओं से रूबरू होना पड़ता है। इतना ही नहीं घंटों भीड़ का हिस्सा बनने के बाद भी लोगों की धनराशि जमा और निकासी नहीं हो पाती। इस एटीएम से उपभोक्ताओं को जमा निकासी में सहूलियत मिलेगी तथा समय की बचत होगी।

यह बात बुधवार को नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक रामसागर तिवारी, एसबीए सेवा संस्थान के निदेशक प्रभा शंकर पाठक प्रभाकर के साथ संयुक्त रूप से हिटाची कंपनी के एटीएम का फीता काटकर शुभारंभ करने के उपरांत कहीं। कहा कि एटीएम मशीन स्थापित होने से स्थानीय नागरिकों सहित क्षेत्रीय लोगों को फायदा मिलेगा। इससे पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी का आयोजकों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर हरिओम शाक्य, मनोज तिवारी, अवनीश यादव, आलोक तिवारी, धीरज पाण्डेय, पुष्पेंद्र सिंह, अजय दीक्षित, गंगा सिंह कुशवाहा, जीशान खान, मनोज गुप्ता, नीरज दुबे, इरशाद खान, संजीव शाक्य, रानू गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाह, दीपक सिंह, नवल गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज

## ● उलट-फेर होने से धराशायी हुए कई दिग्गज

संवाददाता। सुलतानपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव के लिए आरक्षण की सूची मंगलवार को आधी रात बाद जारी कर दी गई। जबकि अन्य जनपदों में सूची दोपहर बाद जारी कर दी गई थी, लेकिन सुलतानपुर में देर रात माथा पच्ची के बाद लिस्ट जारी की गई। वहीं गांवों में हुए उलटफेर से कई दिग्गजों की राजनीतिक जमीन खिसक गई हैं। पहले से चुनाव प्रचार में जुटे नेताओं को चुनावी मैदान खोजे नहीं मिल रहा है।

जिले में प्रधान, जिला पंचायत सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया होगी। शासन से निर्देश पर आरक्षण की प्रक्रिया को सोमवार की शाम तक पूरा कर लिया गया था। जिसकी निगरानी डीएम रवीश गुप्ता स्वयं कर रहे थे। मंगलवार को दोपहर बाद सूची जारी होने की आशा थी। सुबह से ही बडी संख्या में लोगों का जमावडा जिला मुख्यालय पर हो गया था। शाम तक सूची नहीं चस्पा हुई तो लोगों की धड़कनें बढ़ गई, लेकिन लगातार बैठकों के बाद भी रात एक बजे तक जिला प्रशासन की ओर से सूची को जारी नहीं किया गया। लोगों को शांत कराने के लिए डीएम और डीपीआरओ ने रात में ही सूची जारी किए जाने की बात बताते रहें। करीब दो बजे के बाद रात में अधिकारियों ने डीएम की संस्तुति पर लिस्ट जारी की।मेरा गांव ओबीसी, सामान्य, अनुसूचित जाति अथवा महिलाओं के लिए सुरक्षित किया गया, यह जानने की उत्सकुता हर किसी में देखी गई। संबंधित अधिकारियों, मीडिया कर्मियों को लोगों ने दोपहर बाद से लेकर देर रात तक फोन किया। अंत में दूसरे दिन बुधवार को सुबह स्थिति क्लियर होने की जानकारी पर माने। उधर, गांवों में प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए ताल ठोंकने वालों ने प्रचार प्रचार तेज कर दिया है।जिला प्रशासन की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद खंड विकास कार्यालयों में गांवों की लिस्ट चस्पा होनी है। ऐसे में कार्यालयों पर दोपहर से लेकर देर शाम तक लोग डटे रहे। चांदा प्रतिनिधि के अनुसार, विकास खंड प्रतापपुर कमैंचा में कुल 65 गांव पंचायते है। जिसमे 15 पंचायते अनुसूचित जाति तथा 17 गांव पंचायते अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित की गई है। हालाकि पिछले चुनाव में अन्य पिछडे वर्ग के लिए 18 पंचायते आरक्षित थी। शासनादेश के आलोक में गलहिता, मदारडीह, घरवासपुर, शफीपुर, घमहा, रामगढ़ को अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित होना चाहिए था। इसके विपरीत मौजूदा सूची में भी गलहिता, शफीपुर सामान्य, मदरडीह महिला वर्ग के लिये आरक्षित है। इसी तरह 65 पंचायतों में से पांच पंचायते परिगना, खानपुर, आनापुर नारायणगंज, गौरा, सिहौली अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित की जानी चाहिए थी। इसके बावजूद जारी सूची में परिगना को महिला वर्ग में डाल गया है। उलट फेर होने से उम्मीदवार हलकान में है। साथ ही सूची पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे हैं। कई उम्मीदवार तो सूची को शासनादेश के विपरीत सत्ता का दुरुपयोग बता रहे हैं।शासनादेश क्रमांक 7.2 में स्पष्ट है कि जो पंचायते 1995 से 2015 तक अनुसूचित जातियों या अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित नहीं रही है उन्हें पहले उस वर्ग के लिए आरक्षित किया जाय।इस बाबत खन्ड विकास अधिकारी प्रतापपुर कमैचा आलोक आर्य ने बताया कि आरक्षित सीटों का निर्धारण रोटेशन के क्रम में किया जाता है।

# आग से हजारों की सम्पत्ति स्वाहा



**सुल्तानपुर।** अज्ञात कारणों से आवासीय छप्पर में आग लगने गृहस्थी के सामान समेत हजारों का नुकसान हो गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है। बुधवार को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली राम तिलक के आवासीय छप्पर में दिन में करीब एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई।

आग लगने की सूचना पर एकत्रित ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते, तब तक राम तिलक का आवासीय छप्पर जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित के मुताबिक आवासीय छप्पर में खाद्य सामाग्री व गृहस्थी का अन्य सामान रखा हुआ था। जो आग की लपटों में जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल कपिल देव सिंह ने आग से हुए नुकसान का आंकलन कर अहेतुक सहायता राशि दिलाए जाने हेतु रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी है। उधर वार्ड नंबर 14 के जिला पंचायत पद के उम्मीदवार नन्दन चौबे ने पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## क्विक न्यूज

### छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**लालगंज रायबरेली।** घर से स्कूल के लिये निकला छात्र रहस्मय ढंग से लापता हो गया है। इस घटना से छात्र के परिवार में हडकम्प मचा हुआ है। परिवारीजनो ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराकर बालक को खोजने की गुहार लगाई है। यह घटना बुधवार सुबह की है। सरेनी थाना क्षेत्र के बेनमाधवगंज बाजार निवासी पवन गुप्ता का 15 वर्षीय पुत्र ऋषि अपनी बहन के साथ पढने के लिये लालगंज स्थित गंगाराम बरातीला विद्या मंदिर इंटर कालेज निकला था। लालगंज तक भाई बहन साथ आये और बाद में बहन दूसरे स्कूल चली गई। उसके बाद से ऋषि स्कूल नही पहुंचा। बहन जब अकेले घर पहुंची तो घर में हडकम्प मच गया। परिवारीजन गंगाराम बरातीलाल स्कूल पहुंचे तो वहा पता चला कि छात्र ऋषि स्कूल ही नही पहुंचा था। देर सायं तक लालगंज व आसपास छात्र की खोजबीन की गई लेकिन परिजनो को सफलता नही मिली। ऋषि के भाई अनुज गुप्ता ने बताया कि उसने घटना की तहरीर लालगंज पुलिस को दी है।

### कलाकारों ने लोकनृत्य से दर्शकों का मनमोहा

**सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय कविवर पं0 राम नरेश त्रिपाठी संगीत कला महोत्सव का आयोजन पं0 राम आसरे मिश्र शिक्षण संस्थान (पारम्परिक लोक नाट्य कला केंद्र) द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव के द्वितीय दिवस की सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ मा0 अध्यक्ष नगर पंचायत कोइरीपुर श्री सुधीर साहू जी के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन से किया गया। सुधीर साहू ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह संस्था विलुप्त हो रही लोक कलाओ को जीवन्त करने का कार्य रही है। जो सराहनीय कार्य है इससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओ को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।कलागुरु श्री विजय शंकर शुक्ल द्वारा सरस्वती वंदना ष्तेरी दा तू वीणा की तार, हे मइया करा न अबेर हो की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। विभिन्न प्रकार के लोक नृत्यों के साथ-साथ ग्राम गीत ष्बड़ा नीक लागे ननद तोर गउँवा पर सामूहिक लोक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकगण ताली बजाने के लिए मजबूर हो गयी। संचालन प्रभारी श्री राकेश मिश्रा जी द्वारा मुक्तक छंदों एवं अलंकारिक शब्दों द्वारा कियागया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रामकांत मिश्रा, सचिव दिनेश शुक्ला, सर्वजीत मिश्रा, जयशंकर बरनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सनातन धर्म ही मानव कल्याण की राह सिखाता हैः महराज

**लालगंज रायबरेली।** नगर के सुभाष पैलेस मे चल रही श्रीमदभागवत कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक पं0 झिलमिल जी महराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये कहा कि जीवन मे गरीबी महा अभिषाप है।गरीबी के कारण मानव को आये दिन ठोकरें खानी पडती है। परमात्मा किसी को गरीबी न दे।भागवतकथा मे कुंती चरित्र का उल्लेख करते हुये कहा कि महादेवी कुंती ने भगवान कृष्ण से जीवन मे दुख मांगा था क्योंकि दुख मे मानव जीवन हर हाल मे भगवत भजन करता है। धर्मो की व्याख्या करते हुये कथा व्यास ने कहा कि मानव का सबसे बडा धर्म सनातम धर्म है। सनातन धर्म मानव के कल्याण की चाह रखता है एवं विष्व बंधुत्व की भावना को प्रकट करता है। भागवतकथा के सप्तम दिवस पर भाजपा नेता दीपप्रकाष शुक्ला ने व्यास गद्दी पर विराजमान पं0 झिलमिल जी महराज व अन्य विद्वतजनों का सम्मान भी किया। इसके साथ ही पं0 झिलमिल जी महराज ने भक्तों से भगवान श्रीराम के आदर्शो से प्रेरणा लेकर समाज कार्य करने का आहवान किया।आज गुरूवार को यज्ञ व भंडारा भी होगा। इस अवसर पर मनोज पाण्डेय, केसी गुप्ता, सत्यम मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, नीरज गुप्ता, अशोक शुक्ला, ओमप्रकाश सिंह, कैलाश बाजपेयी, आशीष बाजपेयी आदि भक्तगणी जान गंवा रहे है।

### ग्रामीणों ने प्रतिबंधित मांस ले जा रहे बाइक सवार को रोका

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना अंतर्गत कटकुइया कला गाँव के पास बुधवार को बाइक पर प्रतिबंधित पशु का मांस लेकर जा रहे युवक को जंगल मे मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने देख लिया। जब ग्रामीणों ने उसे रोका तो वह बाइक व मांस को छोड़कर भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर सीओ हौसला प्रसाद ने पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। आरोपी के घर पुलिस ने दबिश दिया तो उसके घर से पशु के अवशेष भी मिले। सिरसिया थाना अंतर्गत बेचुआ नथुनिया मोड़ निवासी इरफान पुत्र जान मोहम्मद मंगलवार शाम को बाइक पर बोरे में प्रतिबंधित पशु का मांस रख कर मांस जंगल की ओर जा रहा था । इसी दौरान जंगल मे मवेशी चरा रहे चरवाहों ने उसे कटकुइया गाँव के पास उसे रोका तो वह बाइक व मांस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और बाइक को कब्जे में लेकर मांस को जमीन में गड़वा दिया। बुधवार को ग्रामीणों ने इरफान के घर में पशु के अवशेष होने की जानकारी पुलिस को दी। सीओ हौसला प्रसाद प्रभारी निरीक्षक राम समुझ प्रभाकर के साथ मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने उसके घर से पशु का अवशेष भी बरामद किया। पशु चिकित्सक को बुलाया गया व बरामद अवशेष की जांच कराई गई। इसके बाद जांच के लिए विसरा लेकर उसे मथुरा भेज दिया गया।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**सुलतानपुर।** कस्बे में श्रीमदभागवत महापुराण कथा सफ्ताह यज्ञ ज्ञान को लेकर बुधवार की सुबह कस्बे में भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी के कलश यात्रा के साथ भब्य शोभा यात्रा निकली गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। कस्बे में कथा के आयोजन श्रीगया जगन्नाथ स्वामी के चारो धाम के दर्शन उपरांत कस्बे के घेर्राऊ प्रसाद कसौधन एवं उनकी धर्म पत्नी जनकदुलारी के द्वारा होना सुनिश्चित है। कथा प्रारम्भ के प्रथम दिन बुधवार को भब्य कलश एवं शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ श्री हनुमानगढ़ी, माँ दुर्गा मंदिर, भगवान भोलेनाथ मन्दिर से होकर घर पहुंचकर समापन हुआ। कस्बे में निकली शोभा यात्रा का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। कथा व्यास आचार्य महेश त्रिपाठी जी महाराज जी एवं आयोजक घेर्राऊ प्रसाद कसौधन एवं उनकी धर्म पत्नी जनकदुलारी, आयोजक पुत्र प्रदीप कुमार कसौधन, भाई जेठूराम व राकेश कुमार, स्वाजातीय चौधरी रामजी कसौधन, मंत्री गोमती कसौधन, छोटेलाल कसौधन, डॉ.राजेश कुमार, विनोद कुमार कसौधन सुरेश कसौधन, संदीप कुमार कसौधन, सुजीत कसौधन, किरन देबी, रमेश कुमार, नीरज देवी, सूरज लाल, शीतला प्रसाद, सदानन्द, नन्द किशोर सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# 2536 लाभार्थियों को मुफ्त में मिलेंगे सहायक उपकरण

## ● सांसद मेनका संजय गांधी की पहल पर वितरण की तैयारियां हुईं शुरू

**सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी की पहल पर राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत पूर्व चिन्हित 1661 वरिष्ठ लाभार्थियों एवं एडिप योजना के तहत पूर्व चिन्हित 875 दिव्यांग लाभार्थियों कुल 2536 लाभार्थियों को लगभग 1 करोड़ 85 लाख रूपए के 5792 सहायक उपकरण 5 मार्च से 20 मार्च के बीच जिला पंचायत परिसर एवं विकासखंडों में वितरण शिविर आयोजित कर वितरित किये जायेंगे। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 मार्च 2021को विकास खण्ड दूबेपुर एवं सुलतानपुर नगर क्षेत्र के लाभार्थियों को जिला पंचायत परिसर में 10.30 बजे से सहायक उपकरण वितरित होंगा। 7 मार्च को 10.30 बजे से विकास खण्ड परिसर ब्लदीराय, 8 मार्च विकासखण्ड परिसर धनपतगंज, 9 मार्च विकासखण्ड परिसर कूरेभार, 10 मार्च विकास खण्ड कुड़वार, 13 मार्च लंभुआ, 14 मार्च पीपी कमैचा, 15 मार्च करौंदीकला, 16 मार्च अखण्डनगर, 17 मार्च दोस्तपुर, 18 मार्च कादीपुर,19 मार्च मोतिगरपुर एवं 20 मार्च को विकासखण्ड परिसर जयसिंहपुर में पूर्व चिन्हित वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत वरिष्ठ एवं दिव्यांग लाभार्थियों को 10.30 बजे से सहायक उपकरण वितरित किया जायेगा। इन वितरण शिविर में 622 ट्राई साइकिल, 381 फोल्डिंग चेयर, 934 श्रवण यंत्र, 804 नजर चश्मा, 654 कृत्रिम दांत, 113 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स, 5 स्मार्ट फोन, 1 सेल फोन सहित 1058 वाकिंग स्टिक, ब्रेल केन, वैसाखी, ब्रेल किट, रोलेटर आदि वितरित होगे। यह उपकरण जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं एलिमको कानपुर की टीम के देखरेख एवं संयोजन में वितरित किये जायेंगे। सांसद मेनका संजय गांधी ने सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग एवं वरिष्ठ लाभार्थियों को स्वावलंबी व सशक्त करने के उद्देश्य से दिसम्बर 2019 में अपने संसदीय क्षेत्र में शिविर आयोजित कराकर लाभार्थियों का चयन कराया था।

# पुरानी रंजिश में बृद्ध दम्पत्ति पर सोते समय धारदार हथियार से हमला

**श्रावस्ती, भिनगा।** कोतवाली भिनगा के ग्राम नकही मे पुरानी रंजिश को लेकर घर मे सो रहे वृद्ध दंपति पर गांव के ही 3 लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर फरार गये जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में भिनगा कोतवाली में दंपति के पुत्र की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम नकहीं धर्मनगर निवासी मेवा लाल मिश्रा व उनकी पत्नी मधुमति घर मे सो रहे थे इसी दौरान रात लगभग 1 बजे गांव के ही भूखन व बुझारत उनके घर मे घुस गये। और दंपति पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया जिसमे वृद्ध दंपति गम्भीर रूप से घायल हो गए। ओमप्रकाश की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। घायलों का इलाज संयुक्त चिकित्सालय भिनगा में चल रहा है।

# आखिर कब तक उपेक्षा का शिकार होता रहेगा बछरावां बस स्टॉप!



**बछरावां रायबरेली।** जहां एक ओर देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ को उत्तम प्रदेश बनाते हुए गड्ढा मुक्त सड़कों तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपए की योजनाओ से उप्र को हर सुविधाओं से सुसज्जित कर रहे हैं। दूसरी ओर कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण बछरावां का बस स्टॉप अपनी बदहाल अवस्था के लिए दिन प्रति दिन आंसू बहा रहा है। न बस स्टॉप पर शौचालय की व्यवस्था है और न ही यात्रियों के बैठने की सही व्यवस्था है, बस स्टॉप के आसपास अतिक्रमण इस कदर फैला हुआ है कि जब चार-पांच बसें इकट्ठे बस स्टॉप पर पहुंच जाती हैं तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जाम के कारण अन्य यात्रियों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। इन संबंधित समस्याओ को लेकर जब संवाददाता ने 1 माह पूर्व संबंधित विभाग के एआरएम से बातचीत की थी तो उन्होंने एक सप्ताह के अंदर इन समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था परंतु 1 माह से अधिक समय हो चुका है तक संबंधित अधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुनः इस समस्या को लेकर जब संवाददाता ने आज फिर संबंधित अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से बात करनी चाही तो उन्होंने एक बार फोन रिसीव किया लेकिन नेटवर्क प्रॉब्लम होने के कारण सही से बात नहीं हो पाई। पुनः जब संवाददाता ने दोबारा फोन के माध्यम से बात करनी चाही तो उन्होंने संवाददाता के फोन को अहमियत न देते हुए नकार दिया। अब ऐसे में अधिकारियों की कार्यशैली को देखते हुए यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि आखिरकार करोड़ों रुपए की लागत से चलाई जा रही स्वच्छ भारत मिशन जैसे सरकारी योजनाएं कब तक साकार होती नजर आएंगी या फिर अधिकारियों का मनमाना रवैया ऐसी कल्याणकारी सरकारी योजनाओं पर पानी फेरता नजर आएगा।

# मांगों को लेकर शिक्षक, अनुदेशक व शिक्षामित्रों का जारी रहा प्रदर्शन

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**21 सूत्रीय मांगों** को लेकर तीसरे दिन भी अध्यापकों का काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विदित है कि क्षेत्र में 23 कंपोजिट विद्यालय ,114 प्राथमिक विद्यालय व 10 जूनियर हाई स्कूल है। जिनमें 1 मार्च से विद्यालय के अध्यापक, शिक्षा मित्र व अनुदेशक 21 सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अध्यापकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों का कहना है कि सरकार द्वारा गोपनीय आख्या के आधार पर जो प्रमोशन करने की बात कही गई है उससे इस बिंदु को हटाया जाए, 2015 के बाद से पदोन्नति नही हुई है, 2015 के बाद नियुक्त अध्यापकों का प्रधानाध्यापक के पद पर प्रमोशन किया जाए। शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की जाए,शिक्षकों,अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को मेडिकल सुविधाएं दी जाए। मोबाइल जियो टैगिंग के आदेश पर रोक सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 मार्च से क्षेत्र के अध्यापक काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए विद्यालय का पठन-पाठन कर रहे हैं। इस विषय में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश वर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 500 से अधिक शिक्षामित्र, अध्यापक व अनुदेशक हैं। सभी पठन-पाठन करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। यह प्रदर्शन 5 मार्च तक यूं ही चलता रहेगा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा प्राथमिक शिक्षक संघ संयोजक कुलदीप सिंह, डॉक्टर चंद्रप्रकाश, शिक्षामित्र गायत्री मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, कहना है कि विगत 3 दिन से 21 सूत्रीय मांगों को लेकर हम अध्यापक लोग काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं किया विरोध 5 मार्च तक चलेगा।

# मस्जिद से तेज आवाज में अजान पढ़ने का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**मस्जिद** में लाउडस्पीकर लगाकर तेज आवाज में अजान पढ़ने का ग्रामीणों ने विरोध शुरू किया तो प्रशासन सजग हो गया। आनन फानन दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को शांत कराया। दोनो पक्षो में लिखित रूप से समझौता कराया गया है। क्षेत्र के पूरेओरी गांव में स्थित मस्जिद से लाउडस्पीकर के माध्यम से तेज आवाज में अजान पढ़े जाने का हिंदू पक्ष के ग्रामीण विरोध कर रहे थे। बुधवार को दोनों पक्ष कोतवाली बुलाए गए जहां एसडीएम,सीओ व कोतवाल ने दोनों पक्षों को सुना। हिंदू पक्ष से ग्रामीणों का कहना था कि मस्जिद में कई लाउडस्पीकर बांध कर प्रतिदिन तेज आवाज में पांच बार अजान पढी जाती है जबकि उच्च न्यायालय ने इसके लिए स्पष्ट आदेश जारी कर रखे हैं कि अजान इस्लाम धर्म का हिस्सा है लेकिन लाउडस्पीकर से अजान पढ़ना धर्म का हिस्सा नहीं है। तेज आवाज में सुबह से अजान पढ़नें के चलते बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, लोगों की नींद खराब होती है वहीं बीमार लोग भी परेशान हो रहे हैं। उनकी इस बात पर प्रशासन ने दूसरे पक्ष को भी सुना और उच्च न्यायालय के आदेशों को ध्यान में रखते हुए मामले का समझौता कराया गया जिसमें एक लाउडस्पीकर को मस्जिद से उतारने,रात दस बजे से सुबह 6 बजे के मध्य लाउडस्पीकर बंद कर अजान पढ़ने तथा अन्य बार की अजान सीमित आवाज में लाउडस्पीकर बजाकर पढ़ने पर सहमति बनी। इस मौके पर सुंदर तिवारी, अनूप कुमार, संतोष, देशराज, पवन, टिंकू, आसिफ अनवर, मेहर्रम अली, सेराज, नजर अली आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क एक वर्षीय कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी करें आवेदन

संवाददाता। रायबरेली

**जिला सेवायोजन** कार्यालय, रायबरेली के अधीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के अप्रैल-2021 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यक्रम में प्रवेशअनुसूचित जातिध्जनजाति एवं पिछड़ी जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यनूतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (दिनांक 01 अप्रैल 2021 को) होनी चाहिए। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आशुलिपि, टकंण, हिन्दी, अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, तर्कशक्ति सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एवं एकाउन्टेंसी, कम्प्यूटर परिचालन आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित फोटों एवं प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित विलम्बतम् 20 मार्च 2021 तक जमा कर सकते हैं। उक्त वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु साक्षात्कार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिये 22 मार्च 2021 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 23 मार्च 2021 को प्रातः 10 बजे से सेवायोजन कार्यालय प्रांगण में होगा। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली से सम्पर्क करें। प्रशिक्षण की अवधि में अभ्यर्थी को कहीं भी अध्ययनरत अथवा नियोजित नही होना चाहि

# ...तो अब एक ही पेपर पर मिलेगा दस रुपए से करोड़ों तक का स्टांप

## ● नई व्यवस्था से अभिलेखों की सुरक्षा में होगी अधिक आसानी

संवाददाता। सुलतानपुर

**सहायक महानिरीक्षक** निबंधन पंकज कुमार सिंह ने बताया कि स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की ओर से आमजन की सुविधा के लिये अब 10 रूपये से लेकर करोड़ों रूपये की धनराशि का स्टाम्प शुल्क मात्र एक पेपर पर प्राप्त किया जा सकता है, जिससे पक्षकारों को अपने अभिलेखों की सुरक्षा में अधिक आसानी होगी। नई व्यवस्था से ई-स्टाम्प वेण्डरों को भी लाभ मिलेगा, वेंडरों को ढेरों स्टांप पेपर संभालने से छुटकारा मिलेगा। जनपद में कार्यरत समस्त स्टाम्प विक्रेताओं में से इच्छुक स्टाम्प विक्रेताओं को एसीसी (प्राधिकृत संग्रह केन्द्र) बनाया गया है और आगे भी बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जनसामान्य द्वारा बैंकों, एनबीएफसी संस्थाओं द्वारा 100 रूपये और 100 रूपये से कम धनराशि के स्टाम्प पेपरों का प्रयोग बहुत अधिक संख्या में बैंक ऋण, समान्य अनुबन्ध एवं शपथ पत्र हेतु किया जाता है। जिसके सम्बन्ध में जन-सामान्य को सरलता पूर्वक 100 रूपये एवं 100 रूपये से कम धनराशि के ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र में उल्लिखित स्टाम्प शुल्क की धनराशि (फेस वैल्यू) प्रदर्शित मूल्य पर उपलब्ध है। जनपद में यदि कोई भी स्टाम्प वेण्डर फिजकली या ई-स्टाम्प में उल्लिखित स्टाम्प शुल्क की धनराशि प्रदर्शित मूल्य से अधिक वसूल करेगा तो दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित स्टाम्प वेण्डर का लाइसेन्स निरस्त करते हुये उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद की सभी तहसीलों के अधिकृत संग्रह केन्द्रो पर 100 रूपये या 100 रूपये से नीचे के ई-स्टाम्प सरलता से उपलब्ध है।

500 रूपये तक ई- स्टाम्प कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से लोड कर प्रिन्ट निकाल सकता है। इस सम्बन्ध में आदेश महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा जारी किये जा चुके है। नोटरी के लिये स्टाम्प, स्टाम्प अधिनियम की अनुसूची एक-खा- 42 के अन्तर्गत एसीसी द्वारा जारी किया जा सकता है। 10 रूपये का स्टाम्प सभी एसीसी केन्द्रों पर उपलब्ध है। संग्रहण केन्द्र के लिये इच्छुक लोग स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया लि0, लखनऊ को प्रार्थना पत्र देकर अभिकर्ता बन सकते है। संग्रहण केन्द्र के लिये स्टाम्प वेण्डर का लाइसेन्स होना अनिवार्य है।


# सात अंतजरनपदीय बाइक चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 16 मोटरसाइकिलें बरामद



**श्रावस्ती।** पुलिस ने अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोरी करने वाले गैंग के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है इनकी निशानदेही पर 16 बाइके बरामद हुयी है जिन्हें प्रदेश के अलग अलग जिलो से चुराई गयी थी। इस मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अरबिंद कुमार मौर्य द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर किया गया है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक सोनवा देवेंद्र पाण्डे को मुखबिर से सूचना मिली कि दामू पुरवा कटिलिया पेट्रोल पंप के निकट 4 मोटर साइकिलो पर बैठे 7 लोग बाइको को नेपाल में बेचने की बात कर रहे हैंए प्रभारी निरीक्षक द्वारा ततपरता दिखाते हुए उन लोगो के पास मौजूद 4 बाइको के पेपर मांगे गये जिन्हें दिखाने के बजाय उन सभी के द्वारा भागने की कोशिश की गई जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान क्रमशः अमरीश यादव पुत्र साबितराम निवासी चिरैया, मैकू पुत्र सोमईराम निवासी महिपतपुरवा बैजनाथपुर, ओमप्रकाश यादव पुत्र वंशराज यादव निवासी चिरैयाए मकशूद उर्फमहमूद पुत्र खलील अहमद निवासी बदला बैजनाथपुर, टिर्री उर्फ दोष मोहम्मद पुत्र बहिर उर्फ तहौवर अली निवासी बेगमपुर, जगदीश पुत्र पटेशर निवासी बेगमपुरए दरोगा पुत्र कोयली निवासी चिरैया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के रूप में हुयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सोनवा पर मुअसं. 29/2021 धारा 379, 411, 413, 414, 420, 482 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें जेलभेज दिया है।

# पीएम अवास की दूसरी किश्त जल्दः ब्रजेश

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**प्रधानमंत्री** की महत्त्वकांक्षी योजनाओ मे शामिल प्रधानमंत्री अवास योजना के अंतर्गत दूसरी किश्त की अदायगी का रास्ता साफहो गया हालांकि इस प्रयास के दौरान तीन जिलाधिकारियों के स्थांतरण से प्रक्रिया पर व्यवधान आते रहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर की निरंतर प्रयास से लगभग दो वर्षो से बाधित दूसरी किश्त जल्द ही लाभार्थीयो के खातों में पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है इसमे नगर पंचायत क्षेत्र के मुराई बाग के चार वार्डो के 226 आवासों मे 86 व डलमऊ में छह वार्डो के 130 आवासों की दूसरी किश्त जारी की जा रही है प्रधानमंत्री आवास पर लगातार लग रहे व्यवधानों व अटकलों पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर की मेहनत ही है जिन्होने सभी व्यवधानों को समाप्त करते हुए गरीबों के लिए आवास का सपना पूरा करने में महत्वपूर्ण कदम है। नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर क नगर अध्यक्ष के प्रयासों के चलते ही राजा राकेश प्रताप सिंह ने गरीबों के आवास के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देते हुए गरीबों के घर के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई गयी फिर भी प्रधानमंत्री आवास योजना पर विभागीय रार थमने का नाम नहीं ले रही थी एक के बाद एक कागजों का सफर डलमऊ से लेकर जिले तक जारी रहा जिनपर लगातार जाँच होती रही आख्याये लगती रही पर संबंधित ऊपजिलाधिकारी डलमऊ कार्यालय व पीओ कार्यालय अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे थे इस प्रकरण पर नगर अध्यक्ष ने पूर्व जिलाधिकारी से मुलाकात कर गरीबों की व्यथा कि ओर आकृष्ठ कराया था जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मामले पर जारी आपत्ति के निस्तारण का आश्वासन देते हुए कार्यवाहियों के क्रम को आगे बढ़ा दिया पर पूर्व जिलाधिकारी के स्थांतरण के बाद जांच व कागजी कार्यवाही का खेल फिर शुरू हो गया जिस पर अंतिम रिपोर्ट बुधवार को प्रेषित करते हुए ऊपजिलाधिकारी विजय कुमार ने आश्वस्त किया कि इसी सप्ताह दूसरी किश्त खातों में

# आरक्षण जारी होने के साथ ही बढ़ गई चुनावी सरगर्मी

संवाददाता। बस्ती

- बीती रात से ही चुनाव लड़ने और जीतने की बनने लगी रणनीति
- डोर टू डोर संपर्क और लुभाने का सिलसिला जारी
- शराब और कबाब की पार्टियों पर अधिक जोर
- मरीजों की दवा कराने और उन्हें अस्पताल ले जाने का दौर प्रारंभ

**बीती रात** ग्राम पंचायतों का आरक्षण जारी हो गया। सूची जारी होने के आधी रात के बाद से ही चुनाव लड़ने और जीतने की रणनीति बनने लगी। रात से ही डोर टू डोर सम्पर्क शुरु हो गया, जो कभी किसी से बात नहीं करता था, आज वह उस आदमी का हालचाल और आवश्यकता पूछ रहा है। कोई किसी को आवास तो किसी को षौचालय देने का लालच दे रहा है। बीमारों की दवा और उन्हें अस्पताल तक पहुंचाए जा रहें हैं। सबसे अधिक दलितों को लुभाने का प्रयास हो रहा है। चौक चौराहों पर जीताने हराने की चर्चा होने लगी। षराब और कबाब की पार्टी पर सबसे अधिक जोर और धन खर्च करने की योजना बन रही है। चुनाव जीतने के लिए जमीन तक बेचने या फिर गिरवी रखने पर विचार हो रहा है। हर कोई आर्थिक स्थित सुधारने के लिए प्रधानी का चुनाव जीतना चाहता है। कोई सेवा भावना को लेकर चुनाव नहीं लड़ता चाहता। हर किसी को मनरेगा दिखाई दे रहा है। ब्लॉकों पर भी गहमा गहमी शुरु हो चुकी है। प्रधानी की दावेदारी मजबूत करने के लिए हर हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। चुनाव लड़ाने वाले दंबगों की भी कमी नहीं है। इस बार के चुनाव में प्रधान प्रत्याशियों की संख्या सबसे अधिक होने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारों की माने तो इस बार का पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराना प्रषासन के लिए आसान नहीं होगा। कारण, जिस तरह फर्जी वोटरों की संख्या बढ़ी है, उससे विवाद होने का खतरा सताने लगा है। तहसील प्रशासन पर फर्जी वोटरों के मामले में पारदर्शी व्यवस्था न देने का आरोप लग रहा है। आपत्तियों के निस्तारण में भी पारदर्शिता नहीं दिखी। बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों का नाम होना यह साबित करता है कि इन्हीं फर्जी वोटरों के सहारे चुनाव जीतना चाहते है, अब जरा अंदाजा लगाइए, जिस प्रधान के चुनाव में एक-एक अपने वोटरों अपने खर्चे पर विदेश से बुलाया जा सकता है, अगर वहां पर फर्जी वोट पड़ने लगेंगे तो माहौल कैसा होगा। बहरहाल मीडिया और जनता के सावधान करने के बावजूद तहसील प्रशासन ने इस मामले उतना ध्यान नहीं दिया, जितना देना चाहिए था, जिसका खामियाजा गांव गढ़ी की जनता को भुगतना पड़ सकता है।

# काम एक-भुगतान कई, प्रधान और सेक्रेटरी ने किया गोलमाल

- कभी पिता तो कभी पुत्र के नाम पर सड़क निर्माण दिखा किया लाखों का गोलमाल
- पीएम, सीएम और डीएम को शपथपत्र के साथ की गई प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बस्ती**। फर्जी मतदाताओं का गढ़ विकास खंड विक्रमजोत के ग्राम पंचायत वीरपुर खरहरा में एक ही काम को दो-तीन बार दिखा निवर्तमान प्रधान संगीता देवी और उनके पति सुरेंद्र कुमार सहित सेक्रेटरी पर लाखों रुपये का गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों नें की है। पीएम, सीएम, कमिष्नर और डीएम को शपथ-पत्र देकर प्रमोद तिवारी ने कहा है कि प्रधान और उनके पति सहित सचिव ने बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरुपयोग्र किया। ऐसे कामों पर भी धन निकाल लिया जो करायाही नहीं गया। कभी पिता के घर से तो कभी पुत्र के घर से सड़क निर्माण के नाम पर धन का बंदरबांट किया गया। बीडीओ को भी घपलेबाजों को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। कहा कि जिस तरह गांव के विकास के नाम पर सरकारी धन को लूटने का काम किया गया, उसे लेकर ग्रामीणों में सरकार को लेकर काफी नाराजगी है, और गांव वाले कह रहे हैं भ्रष्टाचारमुक्त का दावा करने वाले भाजपा के लोग खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इस लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि सरकार के प्रति गांव वालों का विश्वास बना रहे।

जिन कामों पर धन का बंदरबांट करने का आरोप लगाया गया, उनमें हरीराम मिश्र के घर से जयकरन के घर तक नाली मरम्मत और ढक्कन का निर्माण, काम हुआ नहीं और 14हजार निकाल लिया गया। फिर इसी नाम पर नाली निर्माण के लिए सामग्री मद में 48 हजार निकाल लिया, दोनों भुगतान सात अगस्त 18 को किया गया। अब जरा खेल देखिए इसी काम को हरीराम के स्थान पर राजबहादुर के घर से जयकरन के घर तक फर्जी तरीके से 28 जून 19 को एक लाख 13 हजार का बंदरबांट कर लिया गया। पुनः इसी काम को दिखाकर 24972 रुपये का भुगतान 28 जून 19 को कर दिया। इसी तरह अलगू चौहान के घर से प्रधानमंत्री सड़क तक पक्कर नाली और ढक्कन निर्माण में 16 अगस्त 18 को एक लाख चार हजार और 25900 निकाल लिया, जबहिक काम ही नहीं हुआ। वीरेंद्र वर्मा के घर से नहर तक पक्की नाली और ढक्कल सामग्री के नाम पर एक लाख 38 हजार का बंदरबांट कर लिया गया, जबकि वर्तमान नाली का वजूद ही नहीं है।

## राज्यपाल ने किया माँ विन्ध्यवासिनी का चरण पूजन

**विन्ध्याचल, मीरजापुर**। महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने माँ विन्ध्यवासिनी का विधिवत चरण पूजन किया। अष्टभुजा डाकबंगले से करीब पौने चार बजे माँ के दर्शन को पहुँची राज्यपाल महोदया ने करीब दस मिनट तक माँ विन्ध्यवासिनी मंदिर में समय व्यतीत किया ए ततपश्चात पूर्व से तय कार्यक्रम में शिरकत करने लोहिया तालाब स्थित एक निजी स्कूल के लिए प्रस्थान कर गई। विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुँचने का निर्धारित समय दो बजकर पैतीस मिनट था। करीब एक घण्टा दस मिनट बिलम्ब होने से अन्य दर्शनार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। दोपहर बारह बजे से सायं चार बजे तक दर्शनार्थियों के प्रवेश को पूर्णतया बन्द कर दिया गया था। कार्यक्रम में बिलम्ब होने की स्थिति में कई दर्शनार्थियों को बगैर दर्शन ही लौटना पड़ा। दर्शन पूजन का कार्य नगरविधायक व तीर्थपुरोहित रत्नाकार मिश्र ने कराया। पण्डा समाज की तरफसे उनका अभिनंदन सम्मान भी माँ विन्ध्यवासिनी के चित्र के साथ किया गया। पण्डा समाज के पदाधिकारियों ने कॉरिडोर के सम्बंध में एक पत्रक भी सौंपा ए जिसमे मुआवजे की बढोत्तरी व पण्डा समाज का चुनाव अविलम्ब करने की बात लिखी हुई थी।

## विधायक ने उठाया जिला सहकारी बैंक सहारा में जमा धन के भुगतान का मामला

**बस्ती**। रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने नियम 301 के तहत विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र देकर जिला सहकारी बैंक, सहारा बैंक ऑफइण्डिया में किसानों, व्यापारियों, गरीब, मेहनतकश मजदूरों की जमा धनराशि का भुगतान दिलाए जाने का आग्रह सरकार से किया है। विधायक मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि पत्र में विधायक ने कहा है कि रूधौली विधानसभा क्षेत्र के हजारों लघु एवं मध्यमवर्गीय किसानों, छोटे व्यापारियों, मेहनतकश मजदूरों का पैसा जिला सहकारी बैंक एवं सहारा बैंक ऑफइण्डिया में जमा है, उनकी एफडी भी है किन्तु अवधि पूरा होने के बाद भी उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। जमाकर्ताओं को बैंक लगातार दौडा रहे है और बिना उपभोक्ताओं की सहमति के उनका धन अन्य योजनाओं में जमाकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। पत्र के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा है कि जमाकर्ताओं के धन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। डीएम को पत्र लिखकर विधायक ने केसीसी की आरसी एवं विद्युत बकाया की वसूली में किसानों एवं उपभोक्ताओं का उत्पीड़न रोके जाने की मांग की है।

## दूसरे के नाम पर नौकरी कर रही फर्जी शिक्षिका पर मुकदमा

**बस्ती**। दूसरे के नाम पर नौकरी करने वाली एक षिक्षिका के विरूद्ध हर्रैया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीईओ हर्रैया सुभाष चन्द्र की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आरोपी षिक्षिका रिंकी सिंह ने धोखाधड़ी से नौकरी हासिल कर लिया। शैक्षणिक अभिलेखों और प्रपत्रों की जांच के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया। प्राथमिक विद्यालय पूरे अवधी में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत रिंकी सिंह के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## पंचायत चुनाव जीत व संगठन को मजबूत के लिए हुई बैठक

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)**। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ब्लॉक सभागार में बैठक कर वार्ड-9 में पंचायत चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने और संगठन को मजबूत करने के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को बताकर जागरूक करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वार्ड प्रभारी मदन नारायण सिंह ने कहा कि कुछ ही दिनों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने वाला है जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ता अभी से जमीनी मजबूती के लिए लग जाए तथा सभी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अवश्य लाभान्वित कराए। मंडल अध्यक्ष रामसागर चौधरी ने कहा कि आज हमारा देश विश्व में नाम रोशन किया कोरोना महामारी के दौर में जहाँ मानवता का संदेश देकर हर स्तर पर साथ दिया वही देश के हर नागरिक के स्वस्थ का चिंता कर सभी को सुरक्षित किया। आज सरकार के योजनाओं का लाभ हर किसी को मिल रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि सबका साथ सबका विकास के फार्मूला पर चलकर पार्टी के मजबूती के लिए लग जाए। इस मौके पर गोविन्द जायसवाल, राम पुरुषोत्तम गुप्ता, चंद्रशेखर प्रजापति, कमलेश यादव, गिरीश जयसवाल, ध्रुव चंद गुप्ता, दिनेश कुमार, सोनू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# त्रृटि को सही करने के लिए समय सारिणी की गयी जारी

**सोनभद्र**। जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2020-21 में अन्य पिछड़ावर्ग के दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जनपद में संचालित संस्थान स्तर पर अग्रसारित करने के लिए अवशेष आवेदनों के अग्रसारण एवं विश्वविद्यालय एफीलियेटिंग एजेन्सी एवं छात्र छात्राओं की त्रृटि को सही करने के लिए समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि 05 मार्च, 2021 से 10 मार्च, 2021 तक प्रदेश के अन्दर व बाहर सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा लॉक करने से अवशेष रह गये शिक्षण संस्था पाठ्यक्रम का प्रकार एवं फीस आदि का अंकन करना तथा उसकी प्रमाणिकता को आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित करना केवल अवशेष रह गयी संस्थाओं हेतु निर्धारित है। इसी प्रकार से 04 मार्च से 08 मार्च, 2021 तक छात्र छात्रा द्वारा आनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं संलग्न अभिलेखों छात्र छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना सत्यापित एवं अग्रसारित करना। 13 मार्च से 15 मार्च,2021 तक सन्देहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र,संस्था एवं समाज कल्याण अधिकारियों के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना एवं आनलाईन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक करके पुनः आवेदन आनलाईन सबमिट किया जाना।

# गुरुजनों का सम्मान सर्वोपरिः सविता



**संतकबीरनगर**। सूर्या एकेडमी की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि गुरूजनो का सम्मान सर्वोपरी है। शिक्षक समाज को सुधारने में एक बड़ी भूमिका निभाते है। उक्त विचार बुधवार को सूर्या एकेडमी कार्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबन्ध निदेशिका ने कही। उन्होंने कहा कि सूर्या एकेडमी में पिछले दिनो सूर्या अस्पताल एवं टैब वितरण समारोह कार्यक्रम को सकुशल पूरे सूर्या परिवार के सभी कर्मयोगियो के सहयोग से सकुशल सम्पन्न हुआ। यह एक चुनौती भरा कार्यक्रम था। जिसको स्वीकार करते हुए सभी लोगो ने अपने-अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुए हजारो-हजारो की भीड़ को अपने नजरो से नियन्त्रण कर सम्पन्न कराया। प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने प्रधानाचार्य रविन्द्र श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, अशोक चौबे, तपस्या रानी सिंह, बबिता त्रिपाठी, रूचि अग्रहरि, अर्चना त्रिपाठी, खुर्शीद फातिमा, मरियम खान, गरिमा उपाध्याय, नितेश द्विवेदी, अनिल मिश्रा, घनश्याम त्रिपाठी, बलराम उपाध्याय, पवन मिश्रा, अविनाश श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, बृजेश गुप्ता सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओ को अंग वस्त्र बुक्के व फूल का माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सभी शिक्षको ने उनके प्रति आभार प्रकट किया। सूर्या एकेडमी के प्रबन्धक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि कोरोना काल में अभिभावको के पास आर्थिक समस्या है नये सत्र में नये पंजीकरण में आगामी 3 माह का शुल्क माफ रहेगा जिससे अभिभावको को आर्थिक समस्या से निजात मिले।

# फैजाबाद ने ट्राफी जीती



**सेमरियावां (संतकबीरनगर)**। विगत ग्यारह दिनों से सेमरियावां में चल रहे उजियार नाइट दुक्की कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मैच में फैजाबाद ने फ्यूचर स्टार सेमरियावां की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। इस दौरान विजेता टीम को अल हिदायह पब्लिक टीम के एचआर द्वारा पुरस्कृत किया गया। देर रात्रि तक चले सेमरियावां स्थित शहीद महीबुल्लाह स्टेडियम में चले रोमांचक मैच में फ्यूचर स्टार सेमरियावां ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया बैटिंग करने उतरी फैजाबाद की टीम के ओपनर बल्लेबाज रितेश ने सात चौके के साथ 32 रन बनाये तो वहीं मोती ने तीन चौके के साथ 16 ताबड़तोड़ रन बनाते हुए टीम को 6 ओवर में एक विकेट खोकर 74 बनायें। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी फ्यूचर स्टार सेमरियावां की टीम को फैजाबाद के घातक गेंदबाज रितेश ने पहले ओवर में 2 रन देकर 2 विकेट चटकाए तो वहीं गेंदबाज पुनीत ने भी 2 विकेट चटकाये फ्यूचर स्टार सेमरियावां की टीम 6 ओवरो में 4 विकेट पर महज 30 रन ही बना सकी।और फैजाबाद की टीम ने आसानी के साथ फाईनल मैच 44 रनो जीतकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। इस दौरान अलहिदाय पब्लिक स्कूल सेमरियावां के एचआर अर्शी अहमद व दुर्गेश जयसवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# स्टाक मिलान में कमी पाये जाने पर उर्वरक विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई

**संतकबीरनगर**। किसानो को समस्त प्रकार के उर्वरक की बिक्री पी ओ एस मशीन से किये जाने के निर्देश फरवरी 2018 से लागू किया गया है। इस व्यवस्था से जहाँ किसानो को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक बिक्री होनी संभव हो गया है, साथ ही किसानों को पी ओ मशीन से कटी रसीद प्राप्त हो जाती है। इसके साथ ही उर्वरक बिक्री केंद्र पर उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जनकारी आन लाइन हो जाती है। किसानों को गुणवत्ता युक्त समस्त प्रकार के उर्वरक निर्धारित मूल्य पर शत प्रतिशत पी ओ एस मशीन से सुनिश्चित कराने हेतु शासन के निर्देश पर गत 24 फरवरी 2021 को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के द्वारा गठित संयुक्त टीम के द्वारा तहसील मेहदावल में उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी एवं जिला कृषि अधिकारी पी सी विश्वकर्मा की संयुक्त टीम ने मेहदावल क्षेत्र के एग्री जंक्शन बीमा पार पर औचक छापा की कार्यवाही की गयी। कार्रवाई के समय गौरव सिंह प्रोपराइटर एग्री जंक्शन बीमा पार उपस्थित मिलें, पीओएस मशीन से प्राप्त इफ्को यूरिया उर्वरक के स्टॉक 229 बोरी के सापेक्ष मौके पर 63 बोरी इफ्को यूरीया पायी गयी। इस प्रकार स्टॉक में 166 बोरी कम इफ्को यूरिया पाई गई। प्रोपराइटर के द्वारा स्पष्टीकरण में बताया गया कि इफ्को यूरिया किसानों को बिक्री की गयी। परंतु उर्वरक क्रय करने वाले किसानों को रसीद नहीं मिल पाई। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के प्रस्तर 5 के अनुसार उर्वरक क्रय करने वाले समस्त किसानों को रसीद दिया जाना अनिवार्य है, साथ ही पीओएस मशीन से उर्वरक की शत प्रतिशत बिक्री किया जाना अनिवार्य हो गया है। विक्रेता द्वारा किसानों को रसीद न दिए जाने एवं उर्वरक की पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत वितरित नहीं किए जाने के कारण आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मेहदावल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। भविष्य में भी जिन उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा बिना पी ओ एस मशीन से उर्वरक बिक्री की जाएगी अथवा किसानों को उर्वरक खरीद की रसीद नहीं दी जाएगी अथवा पी ओ एस मशीन के स्टॉक एवं गोदाम में भौतिक रूप में उपलब्ध उर्वरक स्टॉक में अंतर आएगा तो उनके विरुद्ध भी कठोरतम कार्रवाई नियमानुसार सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रशासन, विकास और राजस्व की कमान 'आधी आबादी' के हाथ

**डीएम, सीडीओ और सीआरओ के पद पर काबिज हैं महिलाएं**
**विकास के साथ ही नारी उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी महिला अधिकारी**
**डीएम रोशन जैकब, मथुशालिनी और माला श्रीवास्तवा का कार्यकाल शानदार और यादगार रहा, नेताओं को महिला डीएम का होना रास नहीं आता**

**बस्ती**। महिला सशक्तीकरण का ज्वंलत उदाहरण देखना हो, तो बस्ती चले आइए। इस तरह का उदाहरण शायद ही कभी जिले में देखने को मिले। प्रशासन, विकास, राजस्व की कमान, अब 'आधी आबादी' के हाथ में है। पहली बार डीएम सौम्या अग्रवाल, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका और सीआरओ नीता यादव का त्रिवेणी संगम को बस्ती में प्रवाहित करने का कार्य सरकार ने किया। सरकार का यह प्रयोग अगर सफल रहा है तो महिला सशक्तीकरण और अधिक मजबूत होगा। इससे पहले भी डीएम की कुर्सी की षोभा डा. रोषन जैकब, मथु षालिनी और माला श्रीवास्तवा जैसी आईएएस अधिकारी बढ़ा चुकी हैं। आज भी इन महिला अधिकारियों के शानदार और उनके यादगार कार्यकाल को जिले की जनता याद करती है। वैसे नेताओं को महिला डीएम का होना रास नहीं आता। बावजूद जिले के सामाजिक, राजनैतिक एवं महिला संगठनों से आगे आकर इस सशक्तीकरण को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा की जा रही है।

पहली बार प्रशसन, विकास और राजस्व की मुखिया की कुर्सी पर महिलांए विराजमान हैं। माना जा रहा है कि विकास के साथ ही साथ नारी उत्थान की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। कामों और जरुरतमंदों के प्रति महिला अधिकारियों का संवेदनषील होने का लाभ जिले के लोगों को मिलता रहा। पहली बार ऐसा होगा कि किसी बैठक में डीएम के अगल-बगल महिला सीडीओ और सीआरओ को बैठते देखा जा सकेगा। जिले के लोगों और मीडिया ने हमेशा से महिला अधिकारियों का बढ़चढ़ कर स्वागत किया है। मीडिया और आम जनता के प्रति महिला अधिकारियों का जो संबध अब तक रहा वह काफी सहयोगात्मक और मधुर रहा है। जिले की महिलाएं और स्कूली बच्चे महिला डीएम के होने पर खुशी महसूस करती हैं। उन्हें अपने बीच पाकर एक अजीब सी अनूभूति होती। डा. रोशन जैकब के पास स्कूली बच्चे इसलिए उनसे अधिक मिलने जाती थी, कि उन्हें खाने को चाकलेट मिलता। डीएम के दराज में हमेशा चाकलेट और टाफी का डिब्बा रहता था।

# गौर में प्रमुखी इनकी जागीर!

**पिछले तीस साल से एक ही परिवार का इस ब्लॉक पर अधिकार रहा**
**कभी पिता तो कभी पुत्र तो कभी अपने लोगों के हाथ में रही प्रमुखी**
**इस परिवार पर आरक्षण का कोई प्रभाव नहीं पड़ता**
**विकास को लेकर कम और घोटाले को लेकर अधिक चर्चा में रहा ब्लॉक**

**बस्ती**। गौर में प्रमुखी की बागडोर एक बार फिर महेश सिंह के परिवार के हाथ में रहने की संभावना जताई जा रही है। इस ब्लॉक की बागडोर पिछले तीस सालों से एक ही परिवार के हाथों में रही। कभी पिता तो कभी पुत्र तो कभी इनके लोगों का राज रहा। इस परिवार के लोगों पर आरक्षण का कोई फर्क नहीं पड़ता। पिछले चुनाव में यह ब्लॉक सामान्य था, और इस बार भी सामान्य रहा। एक ही परिवार के हाथ में बागडोर रहने का खामियाजा क्षेत्र की जनता को विकास के रुप में भुगतना पड़ा। यह ब्लॉक विकास के मामले में कम और घोटाले के मामले में अधिक जाना जाता रहा। एक ही परिवार या फिर उनके लोगों के हाथों में गौर ब्लॉक की प्रमुखी की बागडोर होने की चर्चा पूरे प्रदेश में होती रही है। चूंकि यह ब्लॉक जनपद गोंडा का बार्डर हैं, इस लिए अधिक चर्चा में रहता है। इस परिवार के वर्चस्व का आलम यह है कि अधिकतर प्रधानी का पद उन्हीं को लोगों को मिलता हैं, जिसे यह परिवार चाहता है। यही कारण है कि आज सबसे अधिक निवर्तमान प्रधान इन्हीं परिवार के खेमें के है। जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य भी इसी परिवार के सदस्य रहे है। इस परिवार के खेमें में विधायकी जाना अवशेष हैं, हालांकि इसके लिए प्रयास हो चुका है, मगर कामयाबी नहीं मिली। अगर पूरे जिले में किसी ब्लॉक के प्रमुखी को जीतना पक्का माना जाता है, तो वह है गौर ब्लॉक की प्रमुखी।

# निर्देशों के अनुसार करें कार्रवाई

**सोनभद्र**। अपर जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराय जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक की स्क्रीनिंग कमेटी गठित करने तथा लाइसेंस धारकों के प्रकरणों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में 17 फरवरी, 2021 के द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी गठित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार 25 फरवरी, 2021 की प्रति एवं गठित कमेटी के आदेश के अनुपालन में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाय।

# सदर विधायक के प्रश्नों पर विधानसभा में चर्चा



**सोनभद्र**। सदर विधायक भूपेश चौबे व सदर विधानसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज के लिए बुधवार का दिन काफी अहम रहा। विधान सभा में सदर विधायक श्री चौबे द्वारा पूछे गए चार प्रश्नों पर बुधवार को सदन में व्यापक चर्चा हुई। इसमें कुछ भ्रष्टाचार के मामलें थे तो कुछ विकास से संबंधित रहे। सबसे महत्वपूर्ण रहा करही बंधी के उच्चीकरण के धन की मांग की चर्चा। बुधवार को सदन में वित्तीय वर्ष 2020-2021 पर साधारण चर्चा के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नों का दौर चला प्रश्न काल में चर्चा के लिये सोनभद्र के सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा चार प्रश्न क्षेत्रीय जनता की शिकायतों के आधार पर रखे गये। इसमें दो प्रश्न सड़क निर्माण में खराब कार्य को लेकर रहा। नगवां क्षेत्र के डोरिया आमडीह होते हुए सरईगढ़ तक आर पी के रोड व खलीयारी से बलीयरी आर पी के रोड के खराब निर्माण पर चर्चा हुई। इसके अलावा राबर्ट्सगंज विकास खंड के सिरपालपुर से बिठ्गाव गांव तक सड़क निर्माण पर चर्चा हुई। सड़क निर्माण के लिये भाजपा नेता अनूप तिवारी ने पत्र भी दिया था। इन प्रश्नों के अलावा नगवां विकास खंड के खलीयारी से सटे करही बंधी को ऊंचा किए जाने व झरनहवा नाले का पानी करही बंधी तक लाने को लेकर चर्चा हुई। सदर विधायक ने कहा की बंधी के उच्चीकरण से कई हेक्टेयर जमीन की सिंचन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी इससे किसानों की आय में इजाफा होगा। उन्होंने सड़कों के निर्माण में हो रही मानकों की अनदेखी करने वालों पर भी कार्यवाही की मांग किया।

# महिला उत्पीड़न की जानकारी होने पर तत्परता से उठायें जाय कदमः अनीता



**सोनभद्र**। सोनभद्र जिले की महिला बहनों को सुरक्षित रखा जाय महिलाओं के उत्पीड़न की जानकारी होने पर तत्परता से कदम उठायें जाय। हर हाल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाय। महिलाएं भी अपने अपने घर परिवार को देखते हुए समाज की मुख्य धारा से जुड़े और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। महिलाएं अपने लड़के व लड़कियों को हर हाल में स्कूल भेजे और शिक्षा के प्रति भी सजग रहें तभी वे खुद के साथ अपने परिवार का विकास कर आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर हो सकेंगीं। उक्त बातें राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य अनीता सिंह ने बुधवार को विकास खण्ड राबर्ट्सगंज कार्यालय परिसर में आयोजित महिला उत्पीड़न सम्बन्धी महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल के दौरान कहीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी महिला थानाध्यक्ष राबर्ट्सगंज को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहाकि महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करते हुए महिलाओं के मान सम्मान को बनाये रखा जाय। इस मौके पर दूर दराज से आयी महिलाओं ने अपने दुःख दर्द को सुनाया जिस पर सम्बन्धितों को प्रकरणों की जॉच कर न्याय दिलाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिया गया। महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल के दौरान सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि महिला उत्पीड़न की जानकारी होने पर तत्काल कदम उठायें जायं। इस अवसर पर सदस्य श्रीमती सिंह ने राबर्ट्सगंज ब्लाक क्षेत्र के उपस्थित ग्रामीण महिलाओं व काफी संख्या में एनआरएलएम के समूह के सदस्यों से उनके गांवों में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है के बारे में भी बारी बारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने साफ सफाई के प्रति महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शौचालय का नियमित उपयोग करें तथा उसे स्वच्छ रखें और अपने परिवार को बीमारी से बचायें। महिलाओं को उन्होंने सचेत किया कि बच्चें व बच्चियां अगर स्कूल जायेंगीं शिक्षा स्तर सुधर सुधरेगा जिससे विकास अपने आप होना तय है इसलिए आप सभी अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजें उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा

# हनक और तेवर की कार्यशैली रही डीएम आशुतोष निरंजन की पहचान

संवाददाता। बस्ती

- नेताओं, अधिकारियों और खुद को हद में रहने की सीख दे गए
- कोविड-19, टाउन क्लब, अमहट पुल, नेताओं का बंगला, जिला पंचायत पर शिकंजा
- नेताओं से नोंक-झोंक और तालमेल दोनों इनकी कार्यशैली में शामिल रहा

**बस्ती से** देवरिया के डीएम बनाए गए आशुतोष निरंजन अपनी बेबाकी और मिलनसार छवि के लिए याद किए जाएंगे। हालांकि जब भी किसी डीएम का तबादला होता है, तो उसके पीछे राजनीति को जोड़ दिया जाता है। इसे काफी हद तक सही भी माना जा रहा है, क्यों कि जिले की जनता डीएम माला श्रीवास्तवा के मामले में करीब से देख चुकी है। कुछ नेता इसी को ही अपनी उपलब्धि मानकर जिले भर में ढ़ोलक बजाते हैं, इसी बहाने वह आने वाले अधिकारियों को अपनी ताकत का एहसास कराते हुए यह जताना चाहते हैं कि अगर उनके हितों में कोई अधिकारी बाधक बनेगा तो वह टिक नहीं पाएगा। जिस तरह डीएम ने राजनेताओं, अधिकारियों और खुद को हदों में रहना सिखाया, यह उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। नेताओं से नोंकझोंक और तालमेल दोनों इनकी विशेषता रही। सत्ता प्रतिष्ठान से तालमेल के बावजूद तालमेल का अभाव रहा। टाउन क्लब और नेताओं के बंगले को खाली करवाकर इन्होंने एक कड़क प्रशासक के होने का एहसास कराया। जहां आडिटोरिएम में आने वाले बाधाओं को दूर किया, वहीं जिला पंचायत में चाबुक चलाकर यह बता दिया कि उनके लिए शासन की मंशा को पूरा करना अधिक महत्वपूर्ण है। डीएम के तबादले से अगर कोई विभाग सबसे अधिक खुश है तो वह जिला पंचायत के अधिकारी और वहां के ठेकेदार। कोविड-19 के दौरान उनके जज्बे को कौन भूल सकता है। जबकि उनका पूरा परिवार कोविड-19 से प्रभावित रहा। इसके लिए जिले के प्रभारी मंत्री खुद डीएम की पीठ थपथपा चुके है। बीडीए को भ्रष्टाचार और लूटखसोट से मुक्त कराने का मलाल अवष्य लेकर जा रहे होंगे, अब उसी अधूरे काम को पूरा करने की जनता नए डीएम से उम्मीद कर रही है।

सौ मीटर का तिरंगा फहरा कर कीर्तिमान स्थापित करना और अमहट पुल को नया आयाम देना इनकी विशेष उपलब्धियों में रहा। कलेक्ट्रेट को नए आकार देने के स्वप्न को पूरा न कर पाने का मलाल इन्हें अवश्य रहेगा। अमहट पार्क के अस्तित्व को लाने के इनके प्रयास को पूरा करने की जिम्मेदारी नए डीएम पर होगी। कुछ लोगों ने कुछ लोगों के नाम से भी डीएम का नाम जोड़ने का फायदा उठाया। शास्त्री चौक से पकौड़ी चौराहे तक अतिक्रमण हटाने का काम कष्टकारी रहा, मगर कभी-कभी सेहत के लिए कड़वी दवा का इस्तेमाल जरुरी हो जाता है।

# भारतीय जनता पार्टी हर वार्ड में अपने प्रत्याशी उतारेगी: त्रिवेदी

### पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बढ़ी सक्रियता

संवाददाता। जौनपुर

**भारतीय** जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एव जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा हर वार्ड में अपने आगामी पंचायत चुनाव में प्रत्याशी को उतारेगी, पार्टी पूरी ताकत से प्रत्याशी के साथ खड़ी होगीए हम सब पूरे समाज को अपने साथ जोड़ेंगे। यह चुनाव अगले विधानसभा का भविष्य निर्धारित करेगा। जनता हमारी सरकार की व्यवस्था से संतुष्ट हैए बस हम सब को घर-घर संपर्क करके जनता को बताना है। हम योजनाबद्ध ढंग से चुनाव लड़ेंगे तो हर हाल में हम चुनाव जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के लाखों लोगों की छत पक्की हो गई है, गांव के अंदर पक्की सड़क जा रही है, पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल रही हैए किसान क्रेडिट कार्ड से लाखों किसानों ने लाभ उठाया हैए आयुष्मान भारत योजना से देश के करोड़ों लोगों ने लाभ उठाया है। भाजपा की सरकार हर तरह की योजना लागू कर रही है जो देश की जनता के लिए आवश्यक है। इस बार पंचायत चुनाव में मात्र कोई व्यक्ति नहीं बल्कि पार्टी लड़ेगी उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों, उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी सक्रियता बढ़ा दीजिए। ग्राम सभाओं में चुनावी मंथन,जिला पंचायत वार्डों में बैठकों के बाद ग्राम सभाओं में चुनावी मंथन किया जाएगा। पांच से 10 मार्च तक भाजपा ग्राम सभा स्तर पर बैठकें करेगीए 10 मार्च से 18 मार्च तक ग्राम चौपालों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गांव की बैठकों में भाजपा के दिग्गज होंगे शामिल सरकार के मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों का बैठकों में रहना अनिवार्य होगाए सरकार कृषि कानून के साथ ही भाजपा की चार साल की उपलब्धियों को गिनाएगी।

विधानसभा चुनाव पंचायत चुनाव को लेकर हुई चर्चा बैठक में पंचायत चुनाव और आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच जनप्रतिनिधियों को पहुंचने को लेकर चर्चा की गई। संगठन के लोगों की बैठक की गई जिसमें बूथ को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, अशोक मौर्या, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानियां, संतोष सिंह, सुनील तिवारी, किरण श्रीवास्तव, ओमप्रकाश निषाद, जिला मंत्री राजू दादा, उमाशंकर सिंह, राज पटेल, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा,सरदार सिंह, पाणिनि सिंह, सतीश सिंह, पंकज मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, धनन्जय सिंह, भूपेंद्र सिंह, अंजना श्रीवास्तव, पीयूष वर्धन सिंह, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## योग से होता है सम्पूर्ण शरीर का विकास: राज

**जौनपुर**। श्री राज राजेश्वरी महिला महाविद्यालय हुसेपूर कबूलपुर में बीएड विभाग के छात्रा-अध्यापिकाओं के लिये आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन योग प्रशिक्षक राज यादव जिला महाविद्यालय प्रभारी युवा भारत पतंजलि जौनपुर ने योगिंग जागिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोनासन, वज्रासन, मंडूकासन, शशकासन, भस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भांति, वाह्य प्राणायाम एवं अनुलोम विलोम का प्राणायाम का क्रियात्मक अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. बृजेश पांडेय, शिवम उपाध्याय, अमित गुप्ता, जगदीप सिंह, दिनेश दुबे, सच्चिदानंद तिवारी, राजेश उपाध्याय, राहुल यादव, महेंद्र यादव, जय प्रकाश मौर्या सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## चाकू से हमला कर हत्या करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

### शहर कोतवाली क्षेत्र के भरहूपुरा में देर रात हुई थी घटना

### हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

संवाददाता। मऊ

**शहर** कोतवाली क्षेत्र के भरहूपुरा में मंगलवार की देर रात चाकू से हमलाकर करके युवक की हत्या करने में मामले में पुलिस टीम ने बुधवार को हत्यारोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही साथ उसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी हत्यारोपित की निशानदेही पर शीतला माता मंदिर के बगल स्थित झाड़ी से बरामद कर लिया। वहीं घटना के बाबत पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। साथ ही साथ सुरक्षा की दृष्टि से भरहूपुरा मुहल्ले में सुरक्षा व्यवस्था काफी चौकस कर दिया गया है। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के भरहूपुरा में मंगलवार की देर रात 10 बजे के करीब 35 वर्षीय जावेद व जमशेद उर्फ मिस्टर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद काफी बढ़ गया और जमशेद उर्फमिस्टर ने चाकू से जावेद के ऊपर हमला कर दिया। चाकू से हमले में जावेद की गर्दन में गहरा जख्म आ गया और वह घटना स्थल पर ही लहूलुहान होकर तड़पने लगा। इस बीच काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से लहूलुहान जावेद को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गयाए जहां चिकित्सकों ने उसके मृत घोषित कर दिया। जबकि हमलावर घटना स्थल से फरार हो गया था। घटना के बाबत मृतक के परिजनों द्वारा हत्यारोपित के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस टीम ने हत्यारोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया।

## छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर छात्रों का हंगामा

सकलडीह ( **चन्दौली** )। सकलडीहा पीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव की तिथि की घोषणा नही होने पर छात्रों में आक्रोश है। बुधवार को छात्रों ने जमकर हो हल्ला मचाया। अंत में प्राचार्य से मिलकर चुनाव की तिथि की घोषणा कराने की मांग किया। उधर चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन से अनुमति मिलने पर चुनाव कराया जायेगा।

सकलडीहा पीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव कई बार से स्थगित हो जा रहा है। इस बार छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र नेता लामबंद है। छात्र नेता मुकेश सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों ने जमकर हो हल्ला मचाया। छात्रों ने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी द्वारा छात्र संघ चुनाव को लेकर टालमटोल किया जा रहा है। पूर्व में निर्धारित तिथि पर चुनाव नही होने पर छात्र उग्र आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। छात्रों ने शीध्र चुनाव की तिथि व चुनाव आचार संहिता जारी करने की मांग उठाया।

## सुनील अस्थाना बनाए गए राष्ट्रीय महासचिव

**जौनपुर**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. हरीश मोहन निगम ने पेशे से अधिवक्ता सुनील अस्थाना को महासभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया। ज्ञातव्य हो कि सुनील अस्थाना स्थानीय दीवानी न्यायालय में विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी के पद पर कार्यरत हैं। कायस्थ हित के लिए छात्र जीवन से ही सक्रिय रहे हैं। आपने स्थानीय स्तर पर कायस्थ कल्याण समिति की स्थापना की है जो लगातार 28 वर्षों से जनपद में कायस्थों के लिए कार्यरत है।

श्री अस्थाना के मनोनयन पर आरडी श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव डीओ, प्रदीप श्रीवास्तव आडिटर, राकेश श्रीवास्तव असलहा बाबू, श्याम रतन श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, प्रदीप अस्थाना, प्रदीप श्रीवास्तव, डा. अशोक अस्थाना, डा. रवि श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, ज्ञानचंद श्रीवास्तव, अभिषेक अस्थाना, अखिलेश श्रीवास्तव आदि ने बधाई दी।

## सकलडीहा ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की आरक्षण सूची जारी

संवाददाता। सकलडीहा ( **चन्दौली** )

**सकलडीहा** ब्लॉक में 104 ग्राम प्रधानों की आरक्षण सूची बुधवार को जारी किया गया। जिसमें 16 गांव सुरक्षितए आठ गांव सुरक्षित महिलाए 19 गांव पिछड़ाए 10 गांव पिछड़ा महिलाए 34 गांव सामान्य और 17 गांव सभी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। जो निम्न प्रकार से है। सुरक्षित सीट पर 16 गांव नोनार, फुल्ली, जलालपुर, पीथापुर, दिवाकरपुर, पिपरी, आलमपुर, सरेसर, महेसुआ, बथावर, नरायनपुर, शिवपुर, डैना, नसीरपुरपट्टन, रैपुरा, लेहरा को किया गया है। वहीं महिला सुरक्षित सीट पर आठ गांव रेवसा घूस, खोर, टिमिलपुरा, तारापुर, सरेहुआ खुद, सैदपुरा, बसारिकपुर, नसीरपुर हुआ है। पिछड़ा सीट पर 19 गांव रानेपुर, सरायपकवान, मनियारपुर, बर्थरा कला, बसंतपुर, सदलपुरा, कोड़रिया, बढ़वलखास, बसनी, उकनी बीरम राय, घूसखास, झांसी, सहरोई, बहबलपुर, कटसिल, केशवपुर, कम्हारी, बरडीहा, दरियापुर पिछड़ी के लिए आरक्षित किया गया है। पिछड़ी महिला पर 10 गांव ओनावल, जमुनीपुर, सकलडीहा, तेनुवट, संघती, बसिला, सलेमपुर, दुदौली, राउतपुर, बलारपुर किया गया है। अनारक्षित सीट पर 34 गांव फगुईया, फेसुड़ा, विसुंधरी, डिग्घी,कोरी, धनउर, मनिहर, धरहरा, बरठी, फरसंडमोहनपुर, महादेवपुर, ताजपुर,पंचदेवरा, जीवनपुर, पटपरा,विशुनपुरा, मधुबन, नरैना, नागेपुर, दिघवट, भोजापुर, ईटवा, पौरा, वर्थराखुर्द,सरेहुआ कला, चांदपुरए रेवसा , चतुर्भुजपुर गंजख्वाजा, बहरवानी नागनपुरए नईकोट, अमड़ा हुआ है। 17 गांव सभी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित है। घरचित, खुचमा, डेढ़ावल, डेवढ़ील, चंदौली खुर्द, अमावल, डेढ़गांवा, खगवल, दुर्गापुर, बरंगा, सेवखर कला, सेवखर खुर्द, कटेहरा, तेन्दुई, इब्राहिमपुर, रामपुर उर्फकरनपुर, पदुमनाथपुर, आरक्षित किया गया है।

## रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**जौनपुर**। राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं का 5 दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कैप्टन अखिलेश्वर शुक्ला ने उद्घाटन किया। साथ ही कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राएं सेवाभाव का गुर सीखते हैं। आगे चलकर यही छात्र समाज सेवा का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि डा. श्याम सुन्दर उपाध्याय ने उपस्थित छात्र.छात्राओं को पठन-पाठन में अभिरूचि बनाने के साथ सेवभाव हेतु प्रोत्साहित किया। लेखाकार सुधाकर मौर्य ने रोवर्स रेंजर्स को समाजोपयोगी बताते हुए संयम बरतने पर बल दिया। अन्त में रोवर्स रेन्जर्स प्रभारी डाण् मनोज तिवारी ने अतिथियों व छात्रों को प्रशिक्षण प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर सुधाकर शुक्ल, संजय सिंह, विनय यादव, अजय चौहान, नितेश प्रजापति, खुशबू मौय, करिश्मा यादव, अभिलाषा यादव, प्रगति मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति के लिए त्रुटि सही करने को समय सारणी जारी

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्षध्शैक्षिक सत्र 2020-21 में सभी वर्गों के दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत संस्थान स्तर पर अग्रसारित करने हेतु अवशेष आवेदनों के अग्रसारण एवं विश्वविद्यालय,फिलियेटिंग एजेन्सी एवं छात्र-छात्राओं को त्रुटि सही करने हेतु समय-सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि प्रक्रियात्मक कार्यवाही हेतु प्रदेश के अन्दर के बाहर सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा लॉक करने से अवशेष रह गये शिक्षण संस्थाए पाठ्यक्रमए पाठ्यकम का प्रकार एवं फीस आदि का अंकन करना तथा उसकी प्रमाणिकता को ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित कराने की तिथि (केवल अवशेष रह गयी संस्थाओं हेतु) पांच से 10 मार्च तक निर्धारित है। इसी प्रकार छात्र-छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों छात्र- छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करनाए सत्यापित एवं अग्रसारित करनाए आठ मार्च तक, सन्देहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्रए संस्था एवं कल्याण सेक्टर के अधिकारियों के लांगिन पर प्रदर्शित किया जाना एवं आनलाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक करके पुन आवेदन आनलाइन सबमिट किया जाना 13 मार्च से 15 मार्च तक, आनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक करके छात्र.छात्राओं द्वारा समस्त वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना आवेदन पत्र भरने के एक दिन के अन्दर विलम्बवत 16 मार्च तक छात्र-छात्रा द्वारा सही किये गये आनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्नक अभिलेखों से छात्रध्छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान करने की तिथि 14 से 17 मार्च तक कक्षा 11.12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु निर्धारित है।

## मन्दिर निर्माण के लिए सवा 39 लाख रुपये एकत्र: प्रदीप



शाहगंज ( **जौनपुर** )। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं शाहगंज नगर पालिका की चेयरमैन गीता जायसवाल के प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि ऐतिहासिक श्री राम मंदिर निर्माण में सहयोग की जो जिम्मेदारी मुझे श्री राममंदिर निर्माण समर्पण निधि अभियान के नगर पालक के रूप में दी गई थीए उसका मैं पूरी कर्मठता एवं निष्ठा से निर्वहन किया। श्री जायसवाल ने बताया कि श्री राम मंदिर समर्पण निधि में सहयोग राशि 39 लाख 20 हजार 934 रुपये एकत्रित हुये। इसके लिए शाहगंज नगर की जनता सहित इस अभियान में लगे सभी बस्ती व टोली प्रमुख के प्रति मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

### पंडित रामकवल पांडेय की मूर्ति के लिए भूमि पूजन

सकलडीहा (चन्दौली)। अखिल विद्यार्थी परिषद के आन्दोलन समाप्त होने के दूसरे दिन सकलडीहा पीजी कॉलेज में संस्थापक प्राचार्य स्वण्पंडित रामकवल पांडेय की मूर्ति स्थापना के लिये भूमि पूजन किया गया। 21 साल बाद संस्थापक प्राचार्य की मूर्ति स्थापना पर शिक्षक और छात्रों में हर्ष है। सकलडीहा पीजी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य पंडित स्वण् रामकवल पांडेय तेनुवट गांव के निवासी थे। 1965 से 1982 तक सकलडीहा पीजी कॉलेज में संस्थापक प्राचार्य के रूप में कार्यरत रहे।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने रुद्रपुर में लगाई चौपाल

संवाददाता। देवरिया।

**राज्य** महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी ने रुद्रपुर में महिला जन सुनवाई की और चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होने महिलाओं की समस्याओं की जानकारी कर उसके निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिए, वही महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम सहित विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने महिलाओं के सशक्त एवं स्वालम्बन की दिशा में बढ़-चढ़कर कार्य किये जाने एवं संचालित योजनाओं की जानकारी रखने के साथ ही उसका लाभ उठाये जाने को कहा। उपाध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने कहा कि महिलाओं के स्वालम्बनए सम्मानए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिये सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम संचालित किये गये है। मिशन शक्ति कार्यक्रम भी इसी उददेश्यों से संचालित है। उन्होने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन की भी व्यवस्था है। ऐसे किसी समस्याओं में इसका उपयोग करना चाहिये। उन्होने यह भी कहा कि बच्चो को संस्कारी बनायें। उन्हे अच्छी शिक्षा दें। बेटी और बहू में कोई भेदभाव ना रखें। बेटों को महिलाओं की सम्मान सुरक्षा करने की सिख देंए जो हमारी संस्कृति है। उन्होने स्वयं सहायता समूह के जुडने एवं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढने को कहा। इस दौरान सुकन्या योजनाए महिला सुरक्षाए स्वयं सहायता समूहए वन स्टाप सेन्टरए चाईल्ड लाइन सहित अनेक कार्यक्रमों एवं योजनाओ की जानकारी दी इस मौके पर उप जिलाधिकारी रुद्रपुर संजीव कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी अम्बिका राम, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, एसीएमओ डा संजय चन्द, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऋचा पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर कान्तिकेय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आम आदमी के साथ दगाबाजी कर रही सरकार: श्रवण जायसवाल

### व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। जौनपुर



**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल की अगुवाई में व्यापारियों ने सदभावना पुल से पैदल मार्च निकालकर बेतहाशा बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए किया। आक्रोशित व्यापारी नेताओं ने सदभावना पुल जाम कर वहीं सड़क पर बैठ गये जिसके चलते पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के दखल से किसी तरह मामला शांत हुआ। इस दौरान व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग किया कि बेतहाशा बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थ के दामों में कमी लायी जाए तथा पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाया जाय। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि देश की सरकार के वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री हमारी उक्त मांगों को मान लेते हैं तो पेट्रोलियम पदार्थों से निर्मित उत्पादों की कीमत में 25 प्रतिशत की कमी आ जायेगी। क्योंकि जीएसटी में 28 प्रतिशत अधिकतम दर लगाई गई है। केन्द्र सरकार आम आदमी के साथ दगाबाजी कर रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री ने जीएसटी का कानून बनते समय नारा दिया था कि एक देश एक टैक्स परन्तु सरकार अपने वादे पर खरा उतर नहीं रही है। युवा जिलाध्यक्ष संजीव साहू व नगर महामंत्री अमरनाथ मोदनवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि यह सरकार व्यापारियों की सरकार कही जाती है परंतु इस सरकार में व्यापारियों का बहुत शोषण हो रहा है।

## देवरिया में किसान पाठशाला का अयोजन आज से

**देवरिया**। उप कृषि निदेशक डा. एके मिश्र ने बताया है कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु मिशन शक्ति अन्तर्गत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवसष के दृष्टिगत यह अभियान जनपद स्तरीय विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होने बताया है कि किसान पाठशाला का आयोजन 4 छह मार्च तक किया जाएगा। कार्यक्रम में रबी सत्र 2021-21 के प्रथम मॉड्यूल के अन्तर्गत तीन दिवसीय किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 30 प्रतिशत महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। आठ मार्च को प्रात: 11 से दो बजे तक वैज्ञानिकों की बात महिलाओं के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें महिला कृषकों के जागरुक अभियान उपयोग की दशा में लाइव स्ट्रीमिंग भी किया जायेगा।

## छात्र नेताओं की मांग पर झुका विश्वविद्यालय प्रशासन

संवाददाता। जौनपुर

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बीएड व एमएड के छात्रों की समस्याओं को लेकर कल से चल रहा प्रदर्शन परीक्षा नियंत्रक व मुख्य अनुशास्ता के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला संगठन मंत्री धीरेन्द्र व जिला संयोजक उद्देश्य सिंह व कौतुक उपाध्याय ने कहा कि छात्रों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। परीक्षा नियमावली के तहत यदि छात्र किसी कारण तृतीय सेमेस्टर में फॉर्म नहीं भर सकता तो उसे एक मौका अवश्य देना चाहिए।यह सरासर अन्याय है।यदि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल नियमावली ने परिवर्तन नहीं किया जाता है तो छात्र आगे व्यापक आंदोलन को बाध्य होंगे।

बता दें कि कल देर रात्रि तक छात्रों का प्रदर्शन परीक्षा नियंत्रक के आवास के सामने चलता रहा जिसके बाद मुख्य अनुशास्ता संतोष कुमारए चीफवार्डन राजकुमार सोनी व सीओ रणविजय सिंह व विश्विद्यालय चौकी प्रभारी के आश्वासन के बाद छात्र वहा से उठकर वार्ता के लिए तैयार हुए। छात्रों का आरोप था कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने तानाशाही रवैए के कारण छात्रहित को नजरंदाज कर रहा है। विदित हो कि मंगलवार को अभाविप का प्रतिनिधिमंडल मुख्य अनुशास्ता व चीफ वार्डन के मौजूदगी में परीक्षा नियंत्रक व कार्यवाहक कुलसचिव व्यास नारायण सिंह से मुलाकात किया। हालांकि छात्रों की ज़िद्द थी कि वे बिना कुलपति के वार्ता के प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। ऐसे में काफी मशक्कत के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को लिखित आश्वासन देने पर राजी हुआ और यह भरोसा दिलाया की छात्रों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। तब जाकर छात्र नेताओं का विरोध समाप्त हुआ।

## नगर में विकास की रफ्तार और तेज करेंगे: नगर पालिका अध्यक्ष

### 3.66 लाख रुपए से निर्मित खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल का लोकार्पण

संवाददाता। मऊ



**नगरपालिका** क्षेत्र स्थित मुहल्ला खीरीबाग में लगभग 3.66 लाख रुपये की लागत से निर्मित खीरीबाग प्रतीक्षा स्थल सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण नगर पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी ने किया। इस दौरान लोगों ने पालिकाध्यक्ष का ढोल-बाजे व फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों से नगर की तस्वीर बदल रही है। नगर का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां पर विकास कार्य ना कराये जा रहे हों। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर नगर का सुन्दरीकरण किया जा रहा है। आज का यह लोकार्पण भी नगर के सुन्दरीकरण की कड़ी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अवाम को आश्वस्त कर कहा कि नगर का पूर्ण रूप से सुन्दरीकरण हमारी प्राथमिकता है। हम इसे क्रिया रूप देने के लिये प्रत्येक सम्भावित विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। श्री पालकी ने विकास एवं सफाई के प्रति आम लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि शहर हमारा है और हम सब मिलकर मऊ नगर की उन्नति एवं समृद्धि के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रुप से अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा, जेई निर्माण सीपी दूबे, सभासद जावेद अहमद यार्न, अजहर कमाल फैजी आदि लोग उपस्थित रहे।

## योगी देवनाथ की जयंती पर मरीजों को बांटे फल



संवाददाता। जौनपुर

**जनसंत** योगी देवनाथ की जयंती पर जिला चिकित्सालय में फल वितरण एवं वृद्धाश्रम में भोजन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन और वरिष्ठ अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष राधेरमण जयसवाल व जिला महासचिव रामकुमार साहू रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय के उप चिकित्सा अधिकारी एवं डाक्टर, स्टाफआदि का बहुत ही सहयोग रहा। इस अवसर पर विजय मौर्या, कृष्ण कुमार यादव, उत्कर्ष, उद्धव, संजीव शाह, गोपाल, राजन जायसवाल, वीरेंद्र, अजय साहू, संतलाल मद्धेशिया, पीयूष चतुर्वेदी, संजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## चौरा माई के दरबार बड़ा प्यारा ई नजारा बड़ा नीक लागेला

संवाददाता। फतेहगंज ( **जौनपुर** )

**स्थानीय** क्षेत्र के कुंवरदा के बगल कूकरिहांव बिरहदपुर गांव में भव्य भजन संध्या का आयोजन गांव में स्थित चौरा माता मन्दिर के स्थापना दिवस पर हुआ। इस मौके पर देवी गीत गायक आशीष पाठक अमृत की एक से बढ़कर एक गीतों पर श्रोता रात भर भक्ति रस में डुबकी लगाते रहे। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत नवदुर्गा शिव मन्दिर नखास न्यासी निखिलेश सिंह व समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने श्री पाठक को चुनरी पहनाकर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अरविन्द पाठक, साहब लाल सोनकर, छोटे लाल पाठक, शिव कुमार पाठक, गोपी तिवारी, हिन्दू भगवा वाहिनी वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



### शारदा शक्तिपीठ का 28वां स्थापना समारोह शुरू

**जौनपुर**। नगर में शास्त्री नगर (परमानतपुर) स्थित मां शारदा शक्तिपीठ का दो दिवसीय 28वां स्थापना समारोह श्री मां शारदा श्रृंगार महोत्सव के नाम से आयोजन किया गया। सन्त राधेश्याम गुप्त एवं शक्ति स्वरूपा माता मिथिलेश कुमारी के त्याग.तप व भक्ति से सराबोर शक्तिपीठ भक्त वत्सल व करूणा का आधार आस्था एवं परम्पराओं का उत्सव के प्रथम दिन माता का श्रृंगार व पूजन के बाद गौरी, गणेश पूजन व कलश स्थापना कर श्रीराम चरित मानस अखण्ड पाठ के दूसरे दिन समाप्ति के बाद विशाल भण्डारा का आयोजन होगा।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशनए आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# चार लाख रुपये व 21 मोबाइल बरामद, शातिर बदमाश गिरफ्तार



संवाददाता। अमेठी

**जिले** की पुलिस ने लाखों की कीमत के करीब दो दर्जन मोबाइल फोन के साथ अंतर्जनपदीय शातिर बदमाश गिरफ्तार करने में कामयाब हुए प् इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष कमरौली शिवाकान्त पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्लैटिना मोटरसाइकिल पर सवार अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी ग्राम बेलन का पुरवा मजरे कुड़वा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को अंग्रेजी शराब का ठेका कठौरा के पास से समय करीब 07रू10 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया । एक अन्य व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचाए 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर व प्लास्टिक के झोले से 21 अदद चोरी व लूट के एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन तथा लूट के 600 रुपये बरामद हुआ । प्लैटिना मोटरसाइकिल बिना नम्बर के बारे में पूछने व कागज मांगने पर दिखा न सका । थाना कमरौली द्वारा विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को जेल भेजा गया है प् अभियुक्त ने भागने वाले का नाम अरुण पुत्र तेजबहादुर उर्फकट्टू निवासी गोसाईं का पुरवा मजरे टिकरहुआ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी बताया है।

## क्विक न्यूज

### दिग्गजों ने शुरू की प्रत्याशियों की तलाश

**जगदीशपुर अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने जैसे ही आरक्षण की स्थित साफ की वैसे ही दिग्गजों के चेहरे पर मायूसी का रंग छा गया और अपने अपने प्रत्याशियों को ढूंढने में जुटे ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित 71 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत सदस्य चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सीटों में ऐसा आरक्षण किया कि दिग्गजों का समीकरण ध्वस्त हो गया और उनके चेहरे पर मायूसी साफ झलकने लगी है जो कल तक स्वयं की दावेदारी को लेकर जगह जगह ताल ठोकते थे आज वहीं दिग्गजों व मठाधीशों ने चुनाव लड़ने व लड़ाने की रणनीति शुरू कर दी। इतना ही नही बल्कि कुछ लोगों ने जन सम्पर्क कर लोगों का हाल चाल जानने के लिए गली मोहल्लों में पहुंच रहे हैं और तो और दावेदारियों को लेकर जगह.जगह लोगों के दरवाजे पर पहुंच कर ऐसे लोग बैठक में भी भाग लेने लगे हैं तो वही लोगों को रिझाने व वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए बडे अभियान की श्रीगणेश भी कर दी गई है ।पंचायती चुनाव को लेकर जहाँ चौराहो और होटलों पर चुनावी चर्चाएं होने लगी है। जो लोग पिछले चुनाव में उप विजेता रहे उन्होंने इस बार पूरी ऐडी चोटी का जोर लगा कर मैदान में आ चुके हैं। तो वही चुनावी मंथन के बाद इस बार कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। परन्तु माथे की लकीरों की सलवटों को देखते हुए ऐसा भी प्रतीत होता है कि कुछ मठाधीशों की सीट बदल जाने के कारण अपनी दाबेदारी को लेकर काफी परेशान नजर आ रहे हैं तो वही दूसरी तरफ कुछ लोग दूसरी सीटों पर अपनी दबेदारी पेश कर चुनाव लड़ने की फिराक में भी जुट गए है। सौ बात की एक बात प्रत्येक प्रत्याशी अपनी खोई हुई जमीन को तलाश करने में जुट गया हैं।

### चार लुटेरे गिरफ्तार, नकदी व बाइक बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने चार बदमाशों को पकड़ा। उनके पास अवैध तमंचा, कारतूस, लूट की बाइक, मोबाइल फोन व रुपये बरामद हुए। सभी को जेल भेज दिया गया ।पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह के अनुसार मंगलवार रात कल्यानपुर नहर पुलिया के पास पकड़े गए बदमाशों की पहचान इरशाद, मो. कलीम, रजनीश उर्फ ऋषि निवासीगण पूर्वी सहोदरपुर थाना नगर कोतवाली एवं नन्हे उर्फ अरमान राइन निवासी रायपुर थाना पट्टी के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास चार तमंचा, चार कारतूस व लूट की घटनाओं में प्रयुक्त चार बाइक, आधा दर्जन मोबाइल फोन व 37 हजार 810 रुपये बरामद किए।

### सियासी सरगर्मियां तेज

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन ने बीती देर रात जिला पंचायत सदस्य, प्रमुख पद और प्रधानों की सीटों की आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। हालांकि यह अंतिम सूची नहीं है। इस पर आपत्ति भी मांगी गई है। इसलिए परिवर्तन संभव है। 4 मार्च से 8 मार्च तक क्षेत्र पंचायत कार्यालय में आपत्ति की जा सकती है। 9 मार्च को जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय पर आपत्तियों को एकत्र किया जाएगा। 10 मार्च से 12 मार्च के बीच आपत्तियों का परीक्षण करने के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। सूची जारी होने के साथ ही जिले में सियासी सरगर्मियां भी अब बढ़ गईं हैं। आरक्षण सूची को लेकर पूरे दिन गहमागहमी रही। कुल 57 सीटों में 19 सीटें अनारक्षित हैं। बाकी सीटें ओबीसी, ओबीसी महिला, एससी, एससी महिला व महिला वर्ग में आरक्षित की गई है। इसी तरह जारी ब्लॉक प्रमुख की सीटों के आरक्षण में इस बार कुल 17 सीटों में 6 अनारक्षित हैं।

### शारदा नहर में मिला युवक का शव

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को शारदा नहर में एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र भगौली चौकी इलाके से निकली शारदा नहर में रायपुर बड्डूपुर निवासी महेश प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र आकाश विश्वकर्मा मंगलवार को घर से कार्यवश निकला था और उसकी बाइक नदी के किनारे संदिग्ध हालत में मिली थी उसके बाद नहर में आकाश की तलाश परिजनों ने कराई परन्तु कुछ भी न मिलने के बाद पुलिस ने नहर के रेगुलेटर को बंद करवाया तो क्षेत्र के सुर्जनभारी गांव से गुजरी शारदा नहर से आकाश का शव मिला जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया एसओ बड्डूपुर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम द्रष्टया सड़क हादसा लग रहा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

### दम्पति घायल, इलाज के दौरान पत्नी की मौत

**बाराबंकी।** घर में लगे मधुमक्खी के छत्ते ने एक दम्पत्ति पर हमला कर दिया जिसके बाद दम्पति बुरी तरह से जख्मी हो गये और दम्पति की हालत गम्भीर होने पर आसपास के लोगों ने दम्पति को उपचार के लिये सीएचसी टिकैतनगर गए लेकिन बुरी तरह जख्मी पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई और गम्भीर रूप से घायल पति कैलाश कौशल;52द्ध का इलाज जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकैतनगर थानाक्षेत्र के कस्बे में ही स्थित मोहल्ला रायसाहब निवासी कैलाश कौशल के घर की छत पर काफी दिनों से मधुमक्खी ने अपना छत्ता लगा रखा था बुधवार को उनकी पत्नी छत पर काम से चढ़ी थी उसी दौरान उनकी पत्नी पर मधुमखियों ने हमला कर दिया और उनकी आवाज़ सुनकर पति भी दौड़कर छत पर पँहुचे और तब तक उनकी पत्नी को मधुमखियों ने बुरी तरह से काट लिया बचाने आये पति पर मधुमखियों ने हमला कर दिया जिससे वो भी जख्मी हो गए घटना देख मोहल्ले वालों ने तत्काल ही दम्पति को इलाज के लिये कस्बे में स्थित सीएचसी टिकैतनगर लेकर गए लेकिन उनकी पत्नी ने सीएचसी पंहुचते ही दम तोड़ दिया।

### दो पक्षों में मारपीट, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**फतेहपुर बाराबंकी** क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ दोनों पक्षों के 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद निवासी परशुराम व राजकुमार के बीच काफी दिनों से भूमि पर कब्जे दारी का विवाद चल रहा है। बुधवार को परशुराम व राजकुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के तमाम लोग एकत्रित हो गए और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान परशुराम राजेंद्र कुमार व राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है। इस संबंध में कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि एक पक्ष के परशुरामए राजेंद्रए अजय कुमारए अनिरुद्ध व दूसरे पक्ष के रामचंद्रए रामु राजकुमारए अनिल कुमार व संदीप के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### ट्रांसफार्मर से चिपका मिला युवक का शव

**मसौली बाराबंकी।** रात्रि 2 बजे के बाद घर से निकले 19 वर्षीय युवक का शव घर से 12 किमी0 दूर एक बिजली के ट्रांसफार्मर से चिपका मिला। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मामला मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम डढ़ियामऊ में वुधवार की सुबह उस समय हड़कम्प मच गया जब प्राथमिक विद्यालय के निकट विद्युत पोल पर रखे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर पर एक 19 वर्षीय युवक का शव चिपका मिला। विद्युत पोल के ही नीचे मृतक की साइकिल खड़ी थी जिसका ताला बंद था ।ग्रामीणों द्वारा दी गयी सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर श्रीप्रकाश सिंह ने शव को पोल से नीचे उतरवा कर शिनाख्त की परन्तु काफी देर तक शिनाख्त के बाद फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामपहपटपुर से पहुँचे मदनचन्द्र गौतम ने अपने भाई दीपक कुमार पुत्र इन्द्रपाल के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मृतक के भाई मदनचन्द्र गौतम ने बताया कि मृतकदीपक कस्बा फतेहपुर स्थित सरस्वती ज्ञान मन्दिर का कक्षा 9 का छात्र है। मंगलवार की रात्रि करीब 2 बजे पढ़ाई किया इसके बाद शौच के लिए घर से निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर तलाश की परन्तु पता नही चला दोपहर में सोशल मीडिया पर भाई का फोटो देखकर घटना स्थल पर पहुंचा जहाँ दीपक मृत्यु अवस्था मे मिला। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मृत्यु के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# अनुबंधित बस मालिकों ने बस संचालन किया ठप, भटकने को मजबूर रहे य़ात्री

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग के कई बसों का चालान करने के बाद बुधवार को अनुबंधित बस मालिको का गुस्सा बुधवार को सातवे आसमान पर पहुच गया । संगठन के बैनर तले बसों का चक्का जाम कर प्रर्दशन किया और एआरटीओ के विरुद्ध नारेबाजी की । बसो का संचालन बंद रहने से यात्रियों को भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा ।दरसल बीते दिनोपुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने देवा तिराहे बस रुकने से लग रहे जाम के मददेनजर एक आदेश जारी किया जिसमे कहा गया कि सडक पर बस खडी करने पर कारवाई की जाय किसी भी कीमत पर बस सडक पर न रोकी जाय बस स्टाप से ही बसो का संचालन किया जाय । जिसको लेकर यातायात विभाग सक्रिय हो गया और देवा तिराहे पर बस रोककर सवारियां उतार रही अनुबंधित बस का चालान एआरटीओ के द्वारा करके कोतवाली नगर में खड़ी करवा दिया गया जिससे बस मालिको मे आक्रोश फैल गया । बुधवार को उसी के विरोध मे बस मालिको ने सुबह से ही चक्का जाम कर संचालन ठप्प कर दिया तब अफरा तफरी का माहौल ब्याप्त हो गया तब लखनऊ सहित जनपद के अन्य इलाको मे आवागमन के लिये य़ात्री भटकते को मजबूर हुए । अन्त मे प्राइवेट वाहनो का सहारा लेना पडा वहीं संगठन के नेताओ ने कहा कि जब तक उत्पीडन बंद नही होगा चक्काजाम जारी रहेगा जबकि पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी यमुना प्रसाद ने कहा कि इस तरह चक्का जाम करना गलत है और उनकी मांग भी गलत है जहां बस अड्डा है वहां बस नही रुकेगी तो हमेशा चालान किया जाएगा फिर चाहे जितने दिन ही क्यों न इनके संगठन का विरोध प्रदर्शन करे ।वहीं चक्का जाम के बाद लखनऊ व अन्य इलाकों के लिये प्रतिदिन सफर करने वाले तमाम यात्रियों को काफी समस्या का सामना भी करना पड़ा वो सब निजि वाहनों व टैक्सी से अपने गंतव्य की ओर निकले।

# घंटों लगे रहे कतार में फिर भी खाली हाथ

संवाददाता। सिद्धौर बाराबंकी

**आधार** कार्ड बनवाने को लेकर डाकघर में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। भीड़ के चलते कई दिनों तक घंटों लाइन लगाने के बाद भी लोगों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन न जनप्रतिनिधि उदासीन हैं। आधार बनवाने के लिए लोग शारीरिक दूरी के नियम को भी भूल बैठे हैं। यही नहीं ज्यादातर लोग मास्क भी नहीं लगा रहे हैं। महामारी के इस दौर में इस तरह की भीड़ बड़े खतरे का संकेत है। तो वही आधार कार्ड बनवाने आये लोगों ने बताया कि डाकघर के कर्मचारियों की लचर कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आधार कार्ड बनवाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन में मात्र 20 टोकन ही दिए जा रहे है। जिसमे 10 महिलाएं व 10 पुरुष शामिल होते है। लेकिन वही अगर महिला व पुरूष की कुल संख्या की बात करे तो करीब 50 से ज्यादा लोग प्रतिदिन सुबह से शाम तक लाइन लगाकर खड़े हो रहे है। साथ ही लोगों का कहना कि यदि अगर कार्य मे तेजी लाई जाएं तो क्षेत्र के सभी का आधार कार्ड जल्द हो बन जायेगा। और सभी अपने अपने कार्यों के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। तो वही पोस्टमास्टर ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने में सबसे बड़ी मुश्किल सीमित संसाधन है। यहां आधार बनाने के लिए सिर्फ एक मशीन है। जिससे लोगों को समस्या हो रही है। यहां मशीन बढ़ जाएं तो काम में तेजी आ जाएगी। छात्रवृत्ति फार्म भरने के लिए आधार कार्ड में मोबाइल नंबर फीड होने एवं कॉलेज अभिलेखों तथा आधार कार्ड में नाम एवं जन्मतिथि एक ही होने की शर्त के चलते छात्र.छात्राओं के साथ अभिभावक परेशान हैं। बिना संशोधन के कोई काम नहीं हो पा रहा हैए इसलिए नगर पंचायत जैदपुर के डाकघर पर आधार कार्ड के लिए छात्र.छात्राओं और उनके अभिभावकों की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार सुबह भी डाकघर पर छात्र.छात्राओं व अभिभावकों की काफी भीड़ उमड़ी। कई.कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी लोगों का नंबर नहीं आ रहा है। कोरोना महामारी के तहत जारी सरकारी गाइडलाइन सिर्फ दीवार पर नजर आती है। लोग मास्क लगाना भी जरूरी नहीं समझ रहे हैं।

सलामुद्दीन ने बताया कि पिछले सप्ताह से अपनी लड़की का आधार कार्ड बनवाने के लिए डाकघर आ रहा हूं। भारी भीड़ के चलते टोकन नहीं मिल पा रहा है। जिसके लिए मंगलवार को सुबह 3 बजे ही आना पड़ा है। आधार कार्ड न बनने पर कई कार्य रुका हुआ है। नरेंद्र कुमार का आधार में नाम गलत हो गया है। इसके लिए आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए कई बार डाकघर आ चुके है। जिसके लिए सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगे है। लेकिन उसके बाद भी आधार कार्ड में संशोधन नहीं हुआ है। राफिया ने बताया कि आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए सुबह छः बजे से लाइन में लगी है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी टोकन नहीं मिल पा रहा है।

# टॉपर तीन छात्रों को किया गया सम्मानित

**मसौली बाराबंकी।** गत वर्ष सम्पन हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में टॉपर तीन छात्रों को सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल की प्रबन्ध कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया तथा छात्रों को आशीर्वाद वचन देते हुए मेहनत एव लगन से पढ़ाई करने का आहवान किया ।बताते चले कि कोरोना के कारण गत वर्ष टॉपर छात्र. छात्राओं का सम्मान नही हो सका था गुरुवार को गत वर्ष सम्पन हुई सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 98ण्6 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र मुहम्मद अदनान मोहसिन को स्पोर्ट्स साईकिलए 97ण्8 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र अक्षत राज को सुटकेश एव 96ण्6 प्रतिशत अंक पाने वाली छात्रा प्रज्ञा गुप्ता को घड़ी एव मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चैयरमैन पीपी सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद वचन देते हुए कहा कि आगे भी मंजिल तय करनी है। इसलिए अपनी मेहनत और लगन में कोई कमी नहीं आने दें।

# युवतियों व महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस

**प्रतापगढ़।** एआरटीओ कार्यालय में मिशन शक्ति के तहत बुधवार को एआरटीओ दफ्तर में युवतियों व महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया। ड्राइविंग लाइसेंस के पटल से जुड़े कर्मचारी सुबह दस बजे से अपनी ड्यूटी पर तैनात दिखे, लेकिन लाइसेंस बनवाने वाली युवतियां व महिलाएं नजर नहीं आ रही थीं। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस लाइन में रहने वाली रिचा यादव पहुंचीं। उन्हें लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन में जून की तिथि मिली थी। विशेष व्यवस्था के तहत कर्मचारी अमित पांडेय ने रिचा के आवेदन की स्क्रूटनी की। इसके बाद उन्हें फोटो कराने के लिए काउंटर पर भेजा गया। फोटो होने के बाद लाइसेंस का ऑनलाइन टेस्ट कराया गया। टेस्ट पास करने के बाद एआरटीओ सुशील कुमार मिश्र ने उन्हें 12रू40 बजे लर्निंग लाइसेंस की प्रति सौंपी। इसके बाद कुंडा की अर्चना लाइसेंस बनवाने कार्यालय पहुंचीं।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में मनेगा राष्ट्रीय एकता महोत्सवः डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिले** के बाबा घुइसरनाथ धाम मे होने वाले छब्बीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारी को लेकर बुधवार को डीएम के कैम्प कार्यालय पर हुई बैठक मे विचारविमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने आगामी दस, ग्यारह एवं बारह मार्च को घुइसरनाथ धाम मे होने वाले एकता महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था गतिशील बनाए जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि महोत्सव को लेकर बाबा धाम में सीसी कैमरे के जरिए मेला स्थल पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। वहीं तीन दिवसीय महोत्सव मे सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं पीएसी बलों की भी डीएम ने विशेष तैनाती के निर्देश दिये। डीएम डा. नितिन ने मेला क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवाओं तथा शासन व प्रशासन की लोक-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रदर्शनी तथा मेला क्षेत्र मे साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्धों को लेकर भी विभागीय अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये। डीएम ने मेला क्षेत्र मे विद्युत व्यवस्था तथा कलाकारों के ठहरने आदि के प्रबन्ध व सई नदी घाट से लेकर मुख्य मंदिर परिसर तक बैरीकेटिंग एवं लालगंज-घुइसरनाथ हाइवे तथा सांगीपुर से जुड़ी सड़कों को दुरूस्त किये जाने के भी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश प्रदान किये। जिलाधिकारी ने महोत्सव मे कोरोना प्रोटोकॉल के भी शत प्रतिशत पालन कराए जाने पर खासा जोर दिया। डीएम ने महोत्सव मे आने वाले नागरिकों के लिए पीने के पानी के समुचित प्रबन्ध तथा मेला क्षेत्र मे बिकने वाली खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर भी एहतियात बरतनें को कहा। इससे पूर्व महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महोत्सव के आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर बिंदुवार प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने महोत्सव मे आने वाले चोटी के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए राष्ट्रीय एकता की मजबूती को लेकर अब तक की उपलब्धियों को भी बैठक मे साझा किया। श्री तिवारी ने जिला प्रशासन को बाबा धाम मे होने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं की रूपरेखा से भी अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी पाण्डेय ने विकास विभाग तथा एडीएम शत्रोहन वैश्य ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की तैयारियों की डीएम को जानकारियां प्रदान की। वहीं बैठक मे शामिल अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दिनेश द्विवेदी ने पुलिस व सुरक्षा के बाबत प्रबन्धों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक मे महोत्सव प्रभारी एवं एसडीएम लालगंज राम नारायण, बीडीओ सांगीपुर समा सिंह, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख सुरेंद्र सिंह ददन, आशीष उपाध्याय समेत कई विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# निःशुल्क रक्तदान शिविर में जमा हुआ बाइस यूनिट ब्लड

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के परिसर मे राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेना स्थापना दिवस पर हुए रक्तदान शिविर मे करणी सैनिकों एवं पदाधिकारियों द्वारा बाइस यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया। शिविर मे प्रयागराज के टीवीसप्रू अस्पताल का निर्देशन रहा। जिले के रक्तदान संस्थान प्रतापगढ़ ने भी सराहनीय भूमिका निभाई। रक्तदान करने वालों मे जिलाध्यक्ष विनोद सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, संगठन सचिव राकेश सिंह, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह प्रमुख रहे। इस मौके पर आकाश सिंह, विवेक विक्रम सिंह, अशोक सिंह, अमित सिंह, सौरभ सिंह, पंकज सिंह, शिवम सिंह, हृदय शुक्ल, विवेक मिश्र, विजय तिवारी, प्रांजल शुक्ल, सोनू वर्मा, सुजीत पाठक आदि रहे।

# वित्त मंत्री को व्यापार मंडल ने भेजा ज्ञापन

संवाददाता। ललितपुर



**जिला** उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी से संबंधित एक ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया सीतारमण को संबोधित अपर जिलाधिकारी महोदय लवकुश त्रिपाठी को सौंपा जिसमें बताया गया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 17 को जीएसटी कर कानून लागू कर दिया था जिस पर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री की प्रशंसा की थी और प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा था एक टैक्स एक देश मैं कानून लागू होगा लेकिन अभी तक यह नियम लागू नहीं हुआ है जबकि लगभग 36 माह जीएसटी कानून को लगे हुए हो गए हैं और हजारों कानून बनकर परिवर्तित चुके हैं 33 34 काउंसलिंग मीटिंग हो चुकी है लेकिन अभी तक जीएसटी में सरलता नहीं आई बल्कि जटिलता उत्पन्न हो रही है जिससे करोड़ों व्यापारी काफी परेशानी में आ गए हैं और करदाता कर एवं कर प्रशासन दोनों ही अभी तक जीएसटी के सरल होने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन जीएसटी अभी तक प्रतीकात्मक उलझनो लेट फीस को लेकर विवाद इनपुट क्रेडिट से जुड़े और व्यवहारिक प्रावधानों और नियमित रूप से जारी होने वाली अधिसूचना एवं नेटवर्क में भारी अनियमितताएं हैं वैसे जीएसटी भारत अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्यता है पूरी अर्थव्यवस्था व्यावहारिक रूप से जीएसटी की सफलता पर निर्भर है भारत सरकार द्वारा जो भी कदम उठाए हैं उससे व्यापारियों की स्थिति खराब हो गई है और उनकी परेशानियां अब बढ़ती जा रही हैं इसलिए भारत सरकार से चाहिए कि इन समस्याओं पर ध्यान दें और उसके लिए सुधारात्मक कदम उठाएं अन्यथा जीएसटी भारतीय उद्योग एवं व्यापार के लिए एक दीर्घकालिक समस्या बनकर व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचाएगी इसके सुझाव के लिए व्यापारी नेताओं एवं जीएसटी कानून को जानने वाले अधिवक्ताओं को साथ बैठक करके सुधार का प्रयास करना चाहिएयदि विक्रेता व्यापारी क्रेता व्यापारी से लिया गया टैक्स जीएसटी विभाग में जमा नहीं करता है तो वर्तमान कानून के अनुसार टैक्स खरीददार को देना होगा यह नियम सरासर गलत है इसे ठीक किया जाए और टैक्स वसूल करने की जिम्मेदारी केवल विक्रेता व्यापारी पर ही डाली जाए खरीददार व्यापारी जो पहले विक्रेता को टैक्स दे चुका है उससे सरकार को द्वारा टैक्स हरगिज़ नहीं लेना चाहिए यह कानून दोषपूर्ण है इसमें सुधार किया जाए जीएसटी में रिटर्न भरने में यदि कोई गलती हो जाती है तो उसमें सुधार का कोई प्रोविजन नहीं है सुधार के प्रोविजन में कोई व्यवस्था कानून में अवश्य की जाए जिससे गलती को सुधारा जाए माह के अंतिम दिनों में सरवर काम करना बंद कर देते हैं जिसके कारण समय पर रिटर्न दाखिल नहीं हो पाता है फल स्वरूप दो सौ रुपये प्रतिदिन की दर से पेनल्टी देनी पड़ती है यह सरासर गलत है अत ऑनलाइन के साथ मैनुअल की भी व्यवस्था की जाए जीएसटी विभाग छोटी.छोटी देनदारियों पर व्यापारियों का खाता सीज कर देते हैं जो गलत है इस पर रोक लगाई जाए पूर्ण लॉक डाउन के समय 13 मार्च से 5 मई तक सरकार ने बाजार बंद रखवाया जिससे लॉकडाउन की अवधि में कोई व्यापार नहीं हुआ सरकार उस समय का व्यापारियों का बिजली बिल बैंक ऋण का ब्याज और कई तरह के टैक्स वसूल कर रही है इस पर रोक लगाई जाए।

# डीएम ने एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूमए प्रभारी सर्विलांसए प्रभारी सैम्पलिंगए प्रभारी स्टोरए प्रभारी टीकाकरणए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए अपर पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 व उसके टीकाकरण के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 310635 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 3719 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 3679 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैंए वर्तमान में 05 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 36 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है। कोविड टीकाकरण को लेकर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में हेल्थ केयर वर्कर के पश्चात फ्रंटलाइन वर्करों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दो समूहए पहले 45 वर्ष से 59 वर्ष के जो गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति होंगे उनको अपनी बीमारी का प्रमाण पत्र लेकर आना होगाए दूसरे 60 वर्ष से अधिक के वृद्धजन जिनकी आयु 01 जनवरी को मानी जाएगी उनका टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट हॉस्पिटल में वैक्सीन निशुल्क मिलेगी तथा प्राइवेट हॉस्पिटल में वैक्सीन 150 में दी जाएगी।